महाकवि यशःकीर्ति विरचित

चंदप्पह-चरिउ

(अपभ्रंश-भाषा का महत्वपूर्ण चरित-काव्य)

सम्पादक

डॉ. भागचन्द्र जैन भास्कर डी. लिट्.
अध्यक्ष, पालि-प्राकृत विभाग, नागपुर
विश्वविद्यालय, नागपुर

वीरसेवा मन्दिर ट्रस्ट प्रकाशन

ग्रन्थमाला-सम्पादक व नियामक

डॉ० दरबारीलाल कोठिया
मानद मंत्री, वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट

चंदप्पह-चरिउ (चन्द्रप्रभ-चरितम्)

रचयिता . महाकवि यश कीर्ति

सम्पादक
डॉ० भागचन्द्र जैन भास्कर
अध्यक्ष, पालि-प्राकृत विभाग, नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर

ट्रस्ट-संस्थापक
आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार 'युगवीर'

प्रकाशक
मंत्री, वीर सेवा-मन्दिर-ट्रस्ट,
C/o पं बंशीधर व्याकरणाचार्य,
बीना (सागर), म. प्र

प्रथम संस्करण 1986

~~मूल्य : बीस रुपये~~
परिवर्धित

प्राप्ति स्थान
व्यवस्थापक, वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट,
बी 32/13 बी. नरिया,
वाराणसी–5, (उ०प्र०)

मुद्रक : **शीतल प्रिन्टर्स**, फिल्म कालोनी, जयपुर–3

प्रकाशकीय

1985 मे 'भाग्य और पुरुषार्थ एक नया अनुचिन्तन' को प्रकाशित करते हुए उसके प्रकाशकीय मे हमने लिखा था कि आगामी वर्ष के प्रकाशनो मे प्रस्तुत 'भाग्य और पुरुषार्थ एक नया अनुचिन्तन' के अतिरिक्त निम्न प्रकाशन भी हैं—

1 सम्यग्ज्ञान-चिन्तामणि ' डॉ प पन्नालाल जैन साहित्याचार्य
2 यापनीय सघ और उसका साहित्य डॉ कुसुम पटोरिया
3 देवागम-हिन्दी पद्यानुवाद आचार्य विद्यासागर
4 चदप्पह-चरिउ डॉ भागचन्द्र जैन, भास्कर
5. पत्र-परीक्षा आ विद्यानन्द . सम्पादन—डॉ दरबारीलाल कोठिया
6 समन्तभद्र-ग्रन्थावली सकलन—डॉ गोकुलचन्द्र जैन

इन ग्रन्थो मे प्रथम और तृतीय न. के ग्रन्थ प्रकाशित होकर पाठको के समक्ष आ गये है। पचम और षष्ठ नम्बर के ग्रन्थ छप तो गये हैं किन्तु उनकी प्रस्तावनादि सामग्री अवशेष है। मेरे बनारस मे स्थिर न रहने के कारण द्वितीय सख्यक ग्रन्थ अब तक प्रेस मे नही दिया जा सका।

आज प्रसन्नता है कि चतुर्थ सख्यक 'चदप्पह-चरिउ' ग्रन्थ छपकर सामने आ रहा है। इसके रचयिता महाकवि यश कीर्ति "महाकइजसकित्तिविरइए · · " समाप्तिपुष्पिका वाक्य, सन्धि 11, कडवक 29, पृ 168) हैं। यह अपभ्र श भाषा का चरित-महाकाव्य ग्रन्थ है। इसमे महाकवि ने लोकप्रिय अष्टम तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का चरित बडे सुन्दर ढग से गुम्फित किया है। अपभ्र श-भाषा प्राकृत की उत्तर कालीन और हिन्दी की जन्मदात्री तत्कालीन लोक-भाषा है। इस भाषा मे स्वयम्भू, पुष्पदन्त आदि जैन कवियो ने कथा-साहित्य का सृजन करके उसे जन सामान्य की प्रिय भाषा बनाया है।

इसके सुयोग्य सम्पादक डॉ भागचन्द्र जैन, भास्कर हैं, जिन्होने इसका सम्पादन बडी योग्यता, परिश्रम और लगन के साथ किया है। उन्होने इस भाष्य का वैशिष्ट्य अपनी अंग्रेजी और हिन्दी मे लिखी प्रस्तावनाओ मे प्रतिपादित किया है तथा पूरे ग्रन्थ का हिन्दी सार, महत्वपूर्ण शब्द-सूची आदि देकर ग्रन्थ को अनुसन्धित्सुओ एव जन-सामान्य के योग्य बना दिया है। उन्हे इसके प्रकाशन मे अनेक कठिनाइयाँ झेलनी पडी हैं। उनके लगातार बाहर रहने के कारण मुद्रण की अशुद्धियां भी रह गई है और प्रकाशन मे विलब भी हुआ है। उन्हे हम शुभाशीर्वाद के साथ धन्यवाद देते है। आशा है हिन्दी-प्रेमी इस कृति को समादृत करेंगे।

बीना (सागर), म० प्र०
15 अगस्त, 1986

डॉ० दरबारीलाल कोठिया
मानद मंत्री, वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट

समर्पण

मस्कृत, प्राकृत, अपभ्र श एव हिन्दी—
साहित्य के मर्मज्ञ मनीषि-
विद्वान साहित्यकार,
'अनेकान्त' के मूर्धन्य सपादक
स्वर्गीय पण्डित परमानन्द शास्त्री
को सादर समर्पित

विषय - सूची

प्रथम सधि

विषय	पृष्ठ
भ चन्द्र प्रभु के गुणो के वर्णन की प्रतिज्ञा	1
सज्जन-दुर्जन वर्णन	1
रत्न सचय नगर का वर्णन	2
कनकप्रभ राजा एव कनकमाला का सौन्दर्य वर्णन	3
पद्मनाथ का जन्म वर्णन	3
कीचड मे फसे बैल को देखकर कनकप्रभ को वैराग्य उत्पत्ति	4
ससार की ग्रसारता	4
पद्मनाभ का राज्याभिषेक ग्रौर कनकप्रभ का श्रीधर मुनि के पास दीक्षा धारण ।	5

द्वितीय सन्धि

श्रीधर मुनि के ग्रागमन की सूचना	6
उद्यान की महिमा ग्रौर श्रीधर मुनि को वहा बैठे देखना	6
पद्मनाभ द्वारा मुनि स्तुति	7
श्रावक के पचाणुव्रतो का उपदेश	8
सुगन्धि देश एव श्रीपुर नगर का वर्णन ।	8
श्रीषेण राजा का वर्णन	8
श्रीषेण की रानी श्रीकान्ता का सौन्दर्य वर्णन ग्रौर उसकी खेद-खिन्नता का कारण पूछना	9
चारण ऋद्धि मुनियो का ग्रागमन	10
मुनिराज द्वारा धर्मोपदेश	11
राजा को पुत्रजन्म का ज्ञान ग्रौर सागारधर्म का पालन	11
गुणव्रत शिक्षाव्रतो का वर्णन	11

श्रीकान्ता का गर्भाहरण 12
श्रीधर्म नामक पुत्र का जन्म
प्रभावती के साथ विवाह फिर
राज्याभिषेक 12

तृतीय सन्धि

श्रीषेण को वैराग्योत्पत्ति 13
ससारी का वर्णन 14
पुत्र की शिक्षा दीक्षा 14
श्रीधर्म का राज्याभिषेक, दिग्विजय, मुक्ति 15
घातकी खण्डवर्ती अलकादेश तथा कोशला नगरी का वर्णन 16
राजा अजितेजय, रानी रजित सेना तथा पुत्र
अजितसेन का वर्णन 17
अजितसेन का राज्याभिषेक 18
पुत्र का अपहरण तथा राजा का विलाप 19
तपोभूषण मुनि का आगमन और पुत्र के अपहरण का वृत्तान्त 20

चतुर्थ सन्धि

अजितसेन का दिग्विजय वर्णन तथा श्रावक व्रत ग्रहण 21–28

पञ्चम सन्धि

अजितसेन का दिग्विजय प्रयाण
वस तऋतु, कामकेलि, वैराग्य तथा स्वर्गगमन वर्णन 29–35

षष्ठ सन्धि

पद्नभ द्वारा गणराज को वश मे करना तथा पृथ्वीपाल के
दूत का आगमन 36
दूत का कथन 37
स्वर्णनाभ युवराज द्वारा उत्तर 37
पद्मनाभ का कथन 38
पुरुभूति मत्री तथा युवराज की वार्ता 39

रात की रंगरेलियों का वर्णन 39
युद्ध वर्णन 40–41
वैराग्य वर्णन 41
बारकषाय एवं सोलहकारण भावना 42–43
अनुत्तर विमान गमन 44–45

सप्तम सन्धि

पूर्व देश का वर्णन 46
चन्द्रपुरी नगरी, महासेन एवं लक्ष्मणा का वर्णन 47
गर्भ पूर्व का वर्णन 48
स्वर्ग का वर्णन 49–50

अष्टम सन्धि

सुमेरु पर्वत पर जाना, चन्द्रपुरी नगरी वापिस आना एवं जन्मकल्याणक महोत्सव का वर्णन 50–58

नवम सन्धि

दीक्षाकल्याण महोत्सव वर्णन 59–67

दशम सन्धि

केवलज्ञान कल्याण वर्णन 68–73

एकादश सन्धि

धर्मप्रवचन एवं निर्वाणकल्याणक महोत्सव वर्णन 74–88

Introduction

The present Apabhran.a text of the Candappahacariu (CPC) critically edited for the first time is based on the material from the following Manuscripts —

MS KA (क)

It was received, with thanks, from late Pt Paramanand Shastri, the well-known scholar of Jain literature in 1974 It has folios 6 , the first being written on only one side It measures 27 C M X 12 C M , lines per page about 12, letters in each line about 50, margin right and left 3 C M , top 2 C M and bottom 1½ C M Handwriting is beautiful and uniform One particular sign with red ink spot is made in the middle of each page The Ms starts with the Granthasankhyā It has eleven Sandhis (Sargas) and all the Sandhis end with ' Iya siri Candappahacarie Mahākai Jasakitti viraie sandhi samatto " From it's colophon we understand that the MS was completed in Samvat 1530 (1493 A D) the 5th of the bright fortnight of Phālagun on a request made by Sidhapāla, the son of Kumvar Singh belonging to Humbaḍkula The copy was made down by Brahmavisa belonging to Gangawāl Gotra The MS indicates the following ascetic genealogy of the author —Prabhācandra—Padmanandi—Jinacandra—Bhuvanakīrti The peculiarities of the Ms are as follows —

1. It has Na in beginning but in middle the joint NNa becomes NNAU, such as Nisannu, Visannau
2. The use of ya and i in place of i and ya respectively
3. There is no difference between va and ba.
4. The use of ccha in place of ttha

MS KA (ख)

This Ms belongs to Amera Shastra Bhandar preserved by the Jain Vidyā Sansthān, Mahāviraji, Jaipur. Folios are 117, size 26 CM X 11 C M , lines per page 9, letters per line about 40, margin

right and left 2 C.M. The colophon throws the light that the MS. was copied down in Sambat 1583 (1526 A D.) on Wednesday, the 3rd of the bright fortnight of Āṣāḍa at Campāvatī Nagarī during the reign of Rāṇā Sangrām. It was written at the instance of Maṇḍalāchārya Dharmachandra, the co disciple of Abhayachandra who has been referred to in the manuscript of Nāyakumāracariu It was written for a layman of the Khandelawāla family Sahagotri The spiritual line of teachers is as follows:—Kundakundacharyāmnāya—Padmanandī—Śruta candra—Jinacandra— Prabhācandra— Mandalācārya Dharamacandra

The peculiarities of the MS are as follows:—

1. Nasal Na (ण) occurs instead of Na throughout
2. Ya in place of i (इ)—Yasruti
3. Hu instead of ho
4. Anusvāra tendencies
5. The portions which are left out in the Ka MS. are available here

MS GA (ग)

The MS Ga belongs to Amer Shastra Bhandara, Jaipur It has folios 120, size 25 C M X 12 C M, lines per page vary from 10 to 11, letters in each line about 35, margin right and left 3 C M, top and bottom 2 C.M, Ghattā and number of verses are written in red ink. It bears glosses on the margin The Ms begins with "Oma Namaḥ Si dhebhyaḥ ' Its colophon indicates that the Ms. was completed in Samvat 1603 (1546 A D) on Saturday, the 10th of the Bright fortnight of Śrāvaṇa during the reign of Rāva Śuritāna, the son of Hāḍā Couhānavanshī Sūryamāla It was written for a layman of the Khandelawalānvayi Saha Vothitha The peculiarities of the MS are as follows.—

1. It is based perhaps on the MS Kha.
2. a (अ) and i (इ) are used in place of ya (Yasruti).
3. a, ya, u and ma are used in place of va.
4. Anusvāra.
5. Glosses on the margin.

MS GHA (घ)

This Ms also belongs to Amer Shastra Bhandar, Jaipur which is kept with the Jain Vidya Sansthan, Shrimahaviraji. It bears folios 108, size 27 C M, lines per page 10, letters per line about 33, margin all 2-2 C M It ends with the colophon which informs that the MS was completed in Samvat 1611 (1554 A D) on Thursday, the 5th of the date fortnight of Chaitra at Alhadpur in the Mallinath temple It was copied down by a disciple of Dharmachandra belonging to Khandelavālānvayī popalyagotra The peculiarties of the MS are as follows —

1 The uses of Yasruti and ekāra
2 Use of vakāra
3 Use of Hu
4 Anusvāra
5 Glosses in the margin
6 Similarties with the Ms Kha

1 PRINCIPLES OF TEXT CONSTITUTION

The following principles in present editing work have been adopted with all considerations —

1, The proposed edition of the Candappahacariu is mainly based on the MS Ka which is the oldest one Other Mss are utilized for justifying the readings in the text and the readings are mentioned accordingly in the footnotes.
2 Na (न) has been changed into N_a (ण) initially, medially and in a conjunct group
3 Va and ba have been used according to Sanskrit or varnacular usages
4 Ccha(च्छ) and ttha (त्थ) are included according to the meaning
5 Anusvāra has been sometimes ignored
6 U (उ) is retained.

2 THE AUTHOR AND HIS PATRON

The history of Jain tradition indicates that there have b en a number of Ācharyas by name of Yaśahkirti such as the author of Candappahacariu, author of Pāndavapurāṇa (Samvat 1497), disciple of Ratnakirti (Samvat 1693), the Bhattarak of Jorahat, branch (17th C,A D), the Bha of Mathuragaccha (18th C AD.), Vijayasena's

disciple, the disciple of Vimalakīrti, disciple of Rāmakīrti and so on Of these, the controversy exists with the first two Yaśaḥkīrtis who are quite independent personalities in my opinion. On the basis of literary evidence it can be said that the author of the CPC belongs to the period of Siddhapāla who may be placed around 1173 A D. Secondly, the poet has himself said as Puskaraganī He must have been, therefore, from Puṣkara area of Ajmer (Rajasthan)

The poet has remembered his predecessors like Kundakunda, Samantabhadra, Akalanka, Jinasena, Siddhasena with all honour of appreciation The author of the present epic is silent about his biographical details It is, therefore, difficult to fix any certain period of his existence However, it can be decided approximately on other grounds The oldest Ms of the CPC is available of Samv 1530 He cannot, therefore, be placed beyond this period, i e 1473 A D. The poet has, of course, indicated at the concluding part (Puṣpikā) that he had composed the proposed work at the instance of Sidhapāla the son of Kumarasinh belonging to Humbadakula Siddhapāla must be onnected with Cālukya king Kumārapāla The poet has also referred in his eulogy (Prasasti) to the name of a village Ummattagāma of Gujarat state. As we kn w, the last period of Kumārpāla is V Sam 1230 (1173 A D) Therefore, Siddhapāla can easily be placed around this period

Yasahkīrti appears to have a great influence of Vīranandī's Candraprabhacaritam which belongs to the 11th Century A D This point has been elebroted in detail in the Hindi Introduction to the CPC On these grounds it can be infursed that Yasahkīrti of the CPC should have been earlier than that of Yaṣḥkīrti of Pāṇḍavpurāna Consequently, his existence can be proved in the 13th Century A D Śrīdhar, Madankīrti, Bhāvasen Traivedya, Āsādhara, Narendrakīrti, Arhaddāsa etc might have been his contemperory scholars.

3 CONTENTS OF CANDAPPAHACARIU

The subject matter of the CPC. is to narrate the seven Bhavas of Candraprabha, the eighth Tīrthankar of Jain tradition It is based on the Padmapurāṇa, Harivansapurāṇa and Uttarpurāṇa in general and Candraprabhacaritam of Vīranandi in Particular. The Mahākāvya is divided into eleven Sandhis

1. The auther, to begin with, directs salution to Chandraprabha and then Pañca Parameṣṭhis with an oath to write an epic CPC. He then refers respectfully to a numbur of Āchāryas like Kundakunda, Samantabhadra, Akalanka, Devanandī, jinasen and Siddhasen He discussed traditionally the qualities and defects of a gentle man and malicious person respectively, and then started the story of the Tīrthankara

In the second Dhātakīkhand Dwīpa, there is a country Mangalāvatī by name. There lived Kanakaprabha king with his queen Svarnamālā and prince Padmanābha One day Kanakaprabhā, conceived the transiency of world as soon as he happened to vasualise an old bullock fallen in mud then renounced the world by coronating his son to his kingdom

2. While Padmanābha was seated in the inner assembly, the door-keeper left an exciting news that Srīdhar, a Jain Muni came down to the city and consequently, the garden flowered untimely The king with a great enthuism visitted the place, got the sermon from him and enquired about his own past births Śrīdhar described them and said "There is a city Śrīpur by name in the west Videh Its king Śrīsena and queen Śrīkāntā were not happy as they had no issues The reason was that looking to a pregnant lady, Śrīkāntā prayed that she should not have any child This Nidāna has been put to an end and now the time is nearer when she would be begeting a nice child " The queen got accordingly pregnancy and gave birth to a son Śrīdharma by name. He was afterwards married with princess Prabhāvatī

3 Śrisena handed over the kingdom to Śrīdharma and became Muni Śrīdharma then proceeded to attain victory over rullers and came back to the city with a great success He also finally renounced the world, died and became Śrīdharadeva by name in the Saudharma Svarga Śrīdhara then took a birth to Ajitasenā, the queen of Ajitañjaya and got name Ajitasena

4 One day Ajitasena was unfortunately planderred and thrown away in Manoramā lake by Caṇḍaruci Ajitasena somehow reached to the bank of Parusā forest and then climbed to Añjanagiri There he had to fight with Hiranyadeva who did so just to test his courage and power He then appeared and requested for having his cooper-

ation at any critical moment. Narrating an event occurred in previous birth he stated that you were a king of Śrīpur where a quarrel had started between Śaśi and Sūrya Śaśi had stolen the wealth of Sūrya You rested with a justice, managed to get return the wealth to Sūrya and declared capital punishment to Śaśi Śaśi has been by the name of Caṇḍaruci who had thrown you in the lake and Sūrya by name of Hiraṇyadeva, myself.

Prince Ajitasena then came out of the forest and entered into the country Ariñjaya. At the same time, its king Jayavarmā had decided to have an engagement of his daughter Śasiprabhā with king Mahendra, but acknowledging the fact from astrologers that Mahendra had a short span of life, he relinguished the idea Hence, the battle started between Jayavarmā and Mahendra Ajitasena supported Jayavarmā and defeated Mahendra

Another sub-story starts from this point There is situated a city Ādityapur by name in south of Vijayārdha mountain. Dharaṇīdhvaja was its king. One day Priyadharma Brahmacārī reached to him and said that his life would be extinguished by such a person who was married to Śasiprabhā Dharaṇīdhvaja then asked Jayavarmā to marry his daughter with him. Jayavarmā refused to do so and hence war started between them. Prince Ajitasena jumped in between. He remembered immidiately Hiraṇyadeva who helped him all the while Both together defeated Dharanīdhavaja Consequently as a token of gratefulness, Jayavarmā arranged the marriage of his daughter Śasiprabhā with Ajitasena. Subsequently, Ajitasena came back to his father who handed over his responsibility to him Meanwhile, Ajitañjaya met with Svayamprabha Tīrthaṅkara who preached him the conception of Dharma and Karma.

5 After returned to Ayodhyā from a successful military operations against all the kings, Ajitasena was greatly and affectionately welcomed by the people. In morning while he was seated in the Sabhābhavan, a report reached to him that an elphant had killed a person. Having been disguished with the event he relinquished the worldliness, accepted Jinadīkṣā, died and took birth in the sixteenth heaven Acyuta.

6. Concluding his talk Śrīdhara Muni said that from Acyuta heaven you usherred into abdomen of Suvarnamālā, the queen of

Kanakaprabha and reborn as prince Padmanabha He also said that this can be varified if after ten days an elephant comes to you leaving his own group The incident accordingly occurred and the king capture the elephant Vanakeli One day Prathvipala conveyed a massage to him that had he did not release the elephant within thirty days, he would have to face the battle Padmanabha opted the second alternate Prathvipala was defeated, Padmanabha then gave up the worldliness, accepted Jinadīksā, passed away and took birth in Vaijayanta heaven

7–8 From this Sandhi, the story of Tīrthankara Candraprabha is started Mahāsen was a king of Candrapurī During seventh month of pregenency period, queen Laksmanā saw the sixteen dreams and begot a son Chandraprabha by name who was taken away by Devas to Sumeru for the Abhiseka

9 The story moves fastly Candraprabha was very brilliant, industrious, couragious and powerful He was married and coronated at the appropriate time One day an old man reached to him with a request to save his life and then became invisible He was, as a matter of fact, Dharmarucideva who instructed and diverted the mind o Candraprabha to the spiritual life Consequently, Chandraprabha handed over his kingdom to son Varacandra and renounced the world

10–11 The tenth Sandhi describes the way of spiritual life, penance and meditaion of Candraprabha who attained finally Kevalihood The eleventh Sandhi submits the detailed account of the Samavasarana and Atisayas and penance At the last, the Tīrthankara attained Nirvāna from Sammedācala in the month of Bhādrapada The men and Devas celebrated the Moksakalyānaka with a great zeal

4 CRITICAL REMARKS

Yaśahkīrti's CPC is mainly based on the Candraprabhacaritam of Mahākavi Vīranandi Both the epics run on parallel lines with slight changes regarding the arrangement of Sandhis and Sargas Vīranandi divided his work into eighteen Sargas whereas Yaśahkīrti completed his CPC in eleven Sandhis On our critical study, we easily observe that Yashkirti has arranged the story in more systame-

tic and impressive way, though with fast movement This point has been dealt with in detail in Hindi introduction to the CPC.

Yaṣahkīrti has enriched his work with vast informations and inherited from other earlier works directly or indirectly For poetic imgines, the author of the CPC appears to have immense impect of Kālidāsa, Bhavabhūti, Māgha and Śrīharsa, in addition to Somadeva and Viranandi The religious and philosophical impect can also be observed from the works of Ācharya Kundakunda, Umāsvāmī, Samantabhadra, Siddhasena, Akalanka, Jinasena and so on.

The CPC is undoubtedly an eminent epic written in Apabhransa. All the Puspikās refer to the author as Mahākavi Yasaḥkīrti who ha followed all the norms and objects of Mahākāvya as directed by Sanskrit Acharyas He utilized his radiance to make the story more popular with applying all the Rases, Alankāras and other specific characteristics For instance, in the context of amusement of Ajitasena and others, the poet has utilized his geniusness the seasons for Śrangārarasa, the battles for Vīrarasa and the introduction to Ta'tvas for Shāntaras The Karunarasa and Vātsalyarasa can also be seen at the time of distress and childish pranks respectively He also appears to have a view that the inclusion of Viśmitarasa and Adhyātmarasa (11 28) should be made to the Rasasankyā.

Practically all the Alankāras like Yamak, Upamā, Rūpak, Utpreksā, Ślesa, Visesokti etc have been used in natural way in the work The Mādhurya, Oja and Prasāda Gunas have also their due place in the epic So far as concerned with metres, the poet has used Padhaḍiyā, Adillada, Trotaka, Tripadī, Mātrik, Dohak, D .ru-vak, Ghat'ā etc according to the contexts

The socio-cultural material is not very much used in the work The poet, of course, followed Ācharya Kundakunda in context of Guṇavratas by mentioning Dikparimāṇa, Bhogopabhogaparimāṇa and Anarthadaṇḍa He also payed an honour to the Kundakunda tradition by accepting the inclusion of Sāmāyika, Proṣadhopavāsa and Sallekhanā and also to Somadeva by replacing Atithisamvibhāga to Dāna into Śikṣāvratas.

The Candappahacariu is written in Pāscimī Apabhransa which has a credit to originate the Rajasthani language/dilect Its main peculiarities can be seen through out the entire work as follows.

1 A अ) becomes U (उ —Puharu.

2 Initial A (अ) is retained—Acchai.

3 Availability of e (ए) and (ऍ) in short and long vowel

4 E (ए) becomes i (इ)

5 Anusvāra and Anunāsikatā

6 Use of Hi, him, hum (हि, हिं, हु)

This is the brief introduction to the present edition of the Candappahacariu. The detailed account can be studied through the Hindi introduction The importance of the present work lies with the linguistic standpoint which may be useful to decide the different stages of the dilectical forms of Hindi or say Rajasthani

The editing work was completed in 1978 on the basis of two MSS In subsequent years two more MSS Were utilized for deciding the readings On its complition the question was to get it published It is a pleasure for me to record my sense of gratitudes to Professor Darwari Lal Kothia, my teacher, who has shown keen interest in getting it published from the Vir Seva Mandir Trust He has a great zeal to enrich and publish the Jain literāture I, therefore, dedicate the present work to him as a token of honour

A vast Apabhransa literature is still waiting for publication The scholars should come forward to edit the unpublished work and the institutions should take Keen interest in in this regard it is a matter of pleasure that the Ministry of Education, Government of India has menifested its inclination in making available easily this lliteralare

I should mention here at the last that the printing of the Candappahacariu was completed in October, 1985 The English intoduction was only remained In November 1985, I have to attend the Assembly of world's Religions at New Jersy, U S. A and hence I could not write Introduction in time The fault is thus on my part for which I make an appology As soon as I went through the printed text, I found that a number of printing mistakes have been occured there in The main reason is that the correction made in the proofs were not inserted properly by the Press However, I am sorry for the inconvinience caused.

New Extension Are. — Bhagchandra Jain Bhaskar
Sadar, Nagpur-440001 — Head of the Department of Pali & Prakrit,
Dt 14-4-86 — Nagpur University, Nāgpur

प्रस्तावना

1. जैन चरित काव्य-परम्परा

जम्बूसामि चरिउ एक पौराणिक अपभ्रंश चरित महाकाव्य है। यह पौराणिक चरित काव्य परम्परा जैन साहित्य मे प्राकृत आगम ग्रन्थो से प्रारम्भ होती है। जैनाचार्यों ने शलाका महापुरुषो पर प्रारम्भिक रचनाए कीं। ये रचनाए सक्षिप्त पर सामग्री बहुल थी। तिलोयपण्णत्ति, कल्पसूत्र आदि मे जो कुछ भी चरितो का आकलन किया गया है वह महाकाव्यत्व की दृष्टि से खरा नही उतरता। इसलिए उसे आद्य परम्परा का रूप माना जा सकता है। इसके बीजो को भी खोजना चाहे तो आचारांग, सूत्रकृताग आदि आगम ग्रन्थो मे वीर स्तुति के रूप मे द्रष्टव्य हैं जहा यथारूप की प्रस्तुति की गई है।

धीरे-धीरे कल्पनात्मक तत्त्व का विकास हुआ और चरित काव्यो का आकार बढने लगा। चरित नायको का आधार लेकर धार्मिक तत्त्वो को उपस्थित करना ही प्रमुख लक्ष्य था। ससार की स्थिति का यथार्थ चित्रणकर पाप-पुण्य की प्रकृति का लेखा-जोखा करना तथा भेदविज्ञान होने पर वैराग्य भावना भाना और उसे दृढतर बनाये रखने के लिए कर्मफल योजना को एक अ ग के रूप मे स्वीकार कर लेना उस लक्ष्य की पूर्ति का साधन बना लिया गया। सामाजिक तत्त्वो तथा मूल्यो की उपेक्षा कवि कभी कर नही सकता। उन्हे वह अवातर कथाओ के माध्यम से प्रस्तुत करता है। पर हाँ, कही-कही लोक तत्वो की बहुतायत हो जाने से कथा-प्रवाह मे शैथिल्य अवश्य आ जाता है।

जैन चरित काव्यो का एक अपना ढाचा है। शास्त्रीय नियमो के अनुसार वे महाकाव्यो की श्रेणि मे तो आ ही जाते हैं पर उनकी विशेषताओ को उदरस्थ कर उनपर जैन सस्कृति को आरोपितकर चरित लिखना-लिखाना जैनाचार्यों की एक अपनी विशेषता रही है। स्तुति, पूर्व कवियो का स्मरण, सज्जन-दुर्जन चर्चा, देश-नगर आदि का वर्णन, नगर के बाह्योद्यान मे मुनि का पहुँचना और उनके उपदेश श्रवण के लिए राजा तथा प्रजा का जाना तथा अन्त मे राजा को वैराग्य हो जाना ये ऐसे तत्त्व हैं जो सभी जैन चरित काव्य मे मिलते हैं। इसी के साथ विद्याधर,

यक्ष, राक्षस, गन्धर्व आदि दिव्य पात्रों के माध्यम से कथा मे रोचकता लाना, प्रेम, मिलन, दूतप्रेषण, युद्ध, विवाह, उपदेश, पूर्वभव, कर्मफल आदि तत्त्वो से कथा तत्त्व को विकसित करना तथा अन्त मे तपस्या के माध्यम से निर्वाण प्राप्ति का चित्रण करना चरित काव्यो की अन्तिम परिणति रही है । इस दृष्टि से पौराणिकता और धार्मिकता का यहां सुन्दर समन्वय हुआ है ।

2 चन्द्रप्रभ चरित पर निर्मित साहित्य

जैनाचार्यो ने इस ढांचे पर पौराणिक आख्यानो का भरपूर उपयोग कर लगभग हर भारतीय भाषा मे साहित्य सृजन किया है । इन आख्यानो का उपयोग जैन साहित्य के क्षेत्र मे करीब पाचवी शताब्दी से प्रारम्भ हुआ । कदाचित् विमल सूरि (वि स 530) प्राकृत के प्रथम कवि थे जिन्होने इस परम्परा का प्रवर्तन 'पउमचरियम्' के माध्यम से किया । उत्तरकाल मे रामायण और महाभारत के आख्यानो पर अनेक महाकाव्य लिखे गये ।

इनके अतिरिक्त त्रेसठ शलाका महापुरुष-विषयक पौराणिक महाकाव्य उपलब्ध होते है । जिनसेन (सन् 763–843) का आदिपुराण और गुणभद्र का उत्तर पुराण (समाप्ति काल सन् 908) इस सन्दर्भ मे मानक काव्य रहे है । श्रीचन्द्र का पुराणसार (वि स 1080), दामनन्दी का पुराणसार सग्रह (लगभग 12वी शती), मुनि मल्लिषेण का महापुराण (शक स 969), आशाधर का त्रिषष्टिस्मृति शास्त्र (वि स 1292), हेमचन्द्र का त्रिषष्टिशलाका महापुरुष चरित (वि स 1261-28), अमरचन्द्र सूरि का चतुर्विशतिजिनेन्द्र सक्षिप्त चरित (सन् 1238 के पूर्व), पद्म सुन्दर का रायमल्लाभ्युदय (वि स, 1622), मेघ विजय उपाध्याय का लघु त्रिषष्टिशलाका पुरुषचरित (वि स 1760) आदि कुछ ऐसी सस्कृत रचनाए हैं जिनमे भ चन्द्रप्रभ का चरित निबद्ध किया गया है । प्राकृत मे भी शीलाचार्य का चउप्पन्न महापुरिस चरिय (वि स 925) और आम्रकवि (12वीं शती) का चउप्पन्न महापुरिस चरिय प्रसिद्ध ग्रन्थ माने जाते है । इनमे चन्द्रप्रभ स्वामी का चरित अत्यन्त सक्षिप्त मे उपलब्ध होता है ।

कुछ स्वतन्त्र काव्य लिखे गये है जिनमे चन्द्रप्रभ का चरित विस्तार से आकलित हुआ है । ऐसी रचनाओ मे वीर सूरि (स 1138), जिनेश्वर सूरि (स 1175) यशोदेव अपरनाम धनदेव (स 1178), हरिभद्र सूरि (12–13वी शती), व जिनवर्धन सूरि (स 1461), द्वारा लिखित प्राकृत चन्दप्पह चरियम् विशेष उल्लेखनीय है । सस्कृत प्राकृत उभय मिश्र भाषा मे भी चन्द्रप्रभ पर एक काव्य मिलता है जिसे देवेन्द्रगणि ने स 1264 मे लिखा था ।

चन्द्रप्रभ पर कुछ संस्कृत काव्य भी उपलब्ध हैं । प्रथम काव्य आचार्य वीर-नन्दि (11वीं शती का प्रारम्भ) कृत चन्द्रप्रभ महाकाव्य है जिसे यश कीर्ति ने अपने चन्दप्पह चरिउ महाकाव्य का आधार बनाया है । दूसरी रचना असग कवि (स 1045 के लगभग) कृत का उल्लेख मिलता है । तीसरी रचना देवेन्द्र सूरि (स 1260) की है जिसका उत्तर भाग नाटक शैली मे लिखा गया है । चौथी रचना सर्वानन्द सूरि (स 1302) की 6141 श्लोक प्रमाण है जो अभी तक अप्रकाशित है । पचम कृति भट्टारक शुभचन्द्रकृत (16–17वीं शती) बारह सर्गात्मक है । अन्य कवियो द्वारा लिखित उक्त काव्य के जो उल्लेख मिलते है उनमे पण्डिताचार्य, आचलिकगच्छ के एक सूरि, प शिवाभिराम (17वीं शती) तथा दामोदर (स 1727) के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं ।

अपभ्र श मे चन्द्रप्रभ पर अभी तक कुल तीन कृतियां ज्ञात हैं । प्रथम कृति भ यश कीर्ति की है जिसकी प्रतिया आमेर शास्त्र भण्डर जयपुर, दि जैन पाटोदी मन्दिर जयपुर, सरस्वती भवन नागौर व राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान चित्तौड-गढ मे सुरक्षित हे । इसी की एक प्रति स्व प परामानन्द जी के पास भी रही है । दूसरी कृति कवि दामोदर की है जिसकी प्रतिया ए प सरस्वती भवन ब्यावर मे है । तथा तीसरी कृति कवि श्रीचन्द्र की है जिसकी प्रति कोटडियो का दि जैन, मन्दिर, डूगरपुर मे रखी हुई है । ये सभी ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित हैं । इनमे चदप्पह चरिउ प्रथमत सपादित होकर प्रकाश मे आ रहा है ।

3 संपादन परिचय

प्रति परिचय

यश कीर्ति द्वारा रचित इस "चदप्पह चरिउ" के सपादन मे निम्नलिखित प्रतियो का उपयोग किया गया है—

1 'क' प्रति

यह प्रति श्री स्व प परमानन्द शास्त्री, दिल्ली के सौजन्य से प्राप्त हुई थी । प्रति मे कुल 67 पत्र है जिनमे प्रथम पत्र एक ओर लिखा गया है । आकार 27 से मी. × 12 से मी पक्तियां प्रति पृष्ठ 12, अक्षर प्रति पंक्ति प्राय 50, हाशिया दोनो पार्श्वों मे 3 से मी, ऊपर 2 से मी और नीचे $1\frac{1}{2}$ से मी । लिखावट समान और सुन्दर है । प्रति के मध्य मे पांच पक्तियों के बीच एक विशिष्ट आकार का चिन्ह

जिनरत्नकोश पृ 119

बना हुआ है और छूटी हुई जगह मे लाल स्याही से बड़ा शून्य रख दिया गया है। पत्र की दूसरी ओर दोनो ओर के हाशियो मे भी लाल स्याही से इसी प्रकार बड़ा शून्य बना दिया गया है। इससे प्रति अधिक सुन्दर दिखने लगी। घत्ता और पद्य क्रमाक भी लाल स्याही से लिखा हुआ है।

प्रति का प्रारम्भ 'नम सर्व्वनाय' मे होता है। कुल ग्यारह सधियाँ है और प्रत्येक सधि के अन्त मे "इय सिरि चदप्पह चरिए महाकइ जसकित्ति विरहिए" ' 'सधी समत्तो" लिखा है। हर सधि के अन्त मे ग्रन्थ सख्या भी लिखी हुई है।

प्रति के अन्त मे प्रशस्ति इस प्रकार है—

सवत् 1530 वर्षे फाल्गुण सुदि 5 भरणि नक्षत्रे श्री मूलसघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे भट्टारक श्री कु दकु दाचार्यान्वये, तस्यानुक्रमेण भट्टारक श्री प्रभाचन्द्र देवान् तत्पट्टे भट्टारक श्री पद्मनदिदेवान्, तत्पट्टे भट्टारक श्री शुभचन्द्रदेवान्, तत्पट्टे भट्टारक श्री जिनचन्द्रदेवान्, तत्सिस्य मुनि श्री भुवनकीर्ति देवान्, तत्सिस्य ब्र बीसा, खण्डेलवालान्वये गगवालगोत्रे स साधू भार्या नउखी, तस्य पुत्र डालू, चाचा पीपा, द्वितीयक सा आसू, तस्य भार्या दामा, तस्य पुत्र डीडा, तस्य भार्या हेमी, तृतीइक सा लाखा, भार्या गाभा, तस्य पुत्र ताल्हू, फल्हू, इद स्वास्त्र चद्रप्रभ चरित्र दामा ब्रह्म वीसा योग्य कर्म्मक्षय निमित घटापित, (स्वहस्तेन दत्त। श्री चद्र प्रभ चैत्यालये लिखी। सा कुमरीमहा निधानालु।

याहश पुस्तक दृष्ट्वा ताहश लिखित मया।
यदि सुद्धमसुद्ध वा मम दोसो न दीयते ॥
भग्न पृष्टिक ग्रीवा वद्धदृष्टि अधोमुख।
कुष्टेन लिखित सा च पत्रेन प्रतिपालिता ॥
तैलरक्ष जले रक्ष रक्षेसि थलबधन।
पर हस्ते न दातव्य, एव वदति पुस्तकम् ॥ चिर जीवात्
पडित देवा लिखित।

इस प्रशस्ति से निम्नलिखित जानकारी मिलती है—

1 यह प्रति स 1530 मे फाल्गुन सुदी 5 भरणि नक्षत्र मे चन्द्रप्रभ चैत्यालय मे लिखी गई। इसके अनुसार गुरु परम्परा इस प्रकार है—

मूलसघ, बलात्कारगण, सरस्वतीगच्छ, कु दकु दाचार्यान्वय—

भ प्रभाचन्द्र
|
भ पद्मनन्दि
|

भ शुभचन्द्र
|
भ जिनचन्द्र
|
भ भुवनकीर्ति

2 महाकवि ने यह ग्रन्थ हुबडकुल भूषण कु वरसिंह के सुपुत्र सिद्धपाल के अनुरोध पर रचा।

3 भुवनकीर्ति के शिष्य ब्रह्म वीसा खडेलवालान्वय मे गगवाल गोत्री थे। उनकी श्रावक शिष्य परम्परा मे ताल्हू, फल्हू ने इस 'चन्द्रप्रभ चरित्र' को वीसा के कर्मक्षय निमित्त लिखवाकर अपने हाथो से ही प्रदान किया। इस श्रावक परिवार का वक्ष इस प्रकार है—

सा सामू–भार्या नउखी
|
सा डालू
|
आसू–भार्या दामा
|
डीडा–भार्या हेमी
|
लाखाभार्या गागा

(1) लाल्लू

(11) फलहू

इस प्रति की निम्नलिखित विशेषताए द्रष्टव्य हैं—

1 आदि 'न' का प्राय सुरक्षित रहना। नकार बहुला होना।

2 मध्यवर्ती एव पदान्त असयुक्त तथा क्वचित् सयुक्त 'न्न' के स्थान पर 'ण' का प्रयोग होना, जैसे कण, विसण्णु, जिण आदि।

3 मध्यवर्ती सयुक्त 'न्न' के स्थान पर प्राय 'ण्ण' का प्रयोग होना, जैसे णिसण्णिउ, अण्णु, सपवण्णु।

4 'इ' के स्थान पर 'य' श्रुति का तथा 'य' श्रुति के स्थान पर 'इ' का प्रयोग मिलना।

5 'ब' के स्थान पर ब तथा 'ब' के स्थान पर 'ब' का प्रयोग करना। इसमे बकार का प्रयोग अधिक हुआ है।

6 'व' के स्थान पर कहीं-कहीं 'म' का प्रयोग मिलना ।

7 'त्थ' के स्थान पर 'च्छ' का प्रयोग–सत्थु > सच्छु ।

2 'ख' प्रति

यह प्रति श्री ग्रामेर शास्त्र भण्डार, जयपुर की है । इसमे कुल 117 पत्र है । ग्राकार 26 से मी × 11 से मी है । हाशिया दोनो पार्श्वों मे तथा ऊपर नीचे 2 से मी , प्रत्येक पत्र मे 9 पक्तिया ग्रौर प्रत्येक पक्ति मे प्राय 40 ग्रक्षर है, ग्रक्षर सुन्दर ग्रौर स्पष्ट है । लाल स्याही से घत्ता, पद्य सख्या तथा सधि समाप्ति सूचक पक्ति लिखी गई है ।

इस प्रति का प्रारम्भ 'ॐ नमो वीतरागाय' से हुग्रा है । ग्रन्तिम प्रशस्ति ग्रधूरी है, जो इस प्रकार है—

सवतु 1583 वर्षे ग्राषाढ सुदी बुद्धवासरे पुष्यनक्षत्रे राणा श्री सग्राम राज्ये चपावती नगरे राव श्री रामचन्द्र प्रतापे श्री मूलसघे, नद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्री कु दकु दाचार्यान्वियेन भट्टारक श्री पद्मनदीदेवास्तत्पट्टे भ श्री श्रुतचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ श्री जिनचद्रदेवा स्तत्पट्टे भ प्रतापचन्द्रदेव तत्शिष्य मण्डलाचार्य श्री धर्मचन्द्र सदुपदेशात् खण्डेलवालान्वये साहगोत्रे सा काधिल' भार्या कावलदे तत्पुत्रा सा गूजर, द्वितीय मा राधौ, तृतीय मा वाच्छा, सा राधौ भार्या रयणादि, तत्पुत्रा चत्वार प्र सा रामदास, तत्भार्या रायवाडे, द्वि सा साथू, भार्या हरिखमदे, तत्पुत्री द्वौ सापासा भार्या पाटमदे, द्वितीय गूजरि तत्पुत्र हरराज सा ग्रामा भार्या ग्रहकारदे, तृतीय सा दासा, तद्भार्या दाडिमदे, तत्पुत्रो प्र भीखसी, तत्भार्या बलदे, तत्पुत्रौ नानू-दादू, द्वितीय धर्मसी, तद्भार्या धारादे, चतुर्थ सा घाटम तद्भार्या घाटमदे' तत्पुत्रौ द्वौ देवसी, तद्भार्या देवलदे ।

इस ग्रधूरी प्रशस्ति से निम्नलिखित बातो की जानकारी मिलती है—

1, इस प्रति का लेखन सा 1583 ग्राषाढ सुदी 3 बुधवार को पुष्य नक्षत्र मे मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र के सद्उपदेश से राणा सग्राम के राज्य मे चपावती नगरी मे राव रामचन्द्र के काल मे सपन्न हुग्रा ।

2 इसके ग्रनुसार गुरु परम्परा इस प्रकार है—

मूलसघ-नद्याम्नाय–बलात्कारगण–सरस्वतीगच्छ—

कुन्दकुन्दाचार्याम्नाय

|

भ. पद्मनन्दि देव
|
भ श्रुतचन्द्र देव
|
भ जिनचन्द्र देव
|
भ. प्रभाचन्द्र देव
|
मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र

मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र के आम्नाय मे खण्डेलवालान्वयी साहगोत्र था जिसका वशवृक्ष इस प्रकार है—

इस प्रति की विशेषताएँ इस प्रकार हैं—

1. आद्यवर्ती 'न' सुरक्षित है पर कहीं-कहीं उसे 'ण' भी कर दिया गया है। णकार प्रवृत्ति अधिक मिलती है।

2 मध्यवर्ती सयुक्त 'न्न' भी सुरक्षित है पर इसके भी अपवाद मिल जाते हैं।

3 कुल मिलाकार इसमे णकार प्रवृत्ति अधिक है।

4 'इ' के स्थान पर य श्रुति का प्रयोग अधिक हुआ है।

5 शब्दात अथवा मध्यवर्ती 'हो' के स्थान पर 'हु' का प्रयोग अधिक हुआ है।

6 कुछ पद्यांश जो 'क' प्रति मे छूट गये है, यहा मिल जाते हैं।

7 'ह' के स्थान पर प्राय 'य' तथा ब के स्थान पर व मिलता है।

8 अनुस्वार बहुलता तथा व के स्थान पर ब का प्रयोग अधिक है। पाठान्तर मे इसे हमने छोड दिया है।

'ग' प्रति

यह भी आमेर शास्त्र भण्डार, जयपुर की प्रति है। इसमे कुल 120 पन्ने हैं जिनमे प्रथम और अन्तिम पत्र एक ओर लिखा हुआ है। आकार 25 से मी × 12 से मी पंक्तिया प्रतिपृष्ठ 10–11 तथा अक्षत्र प्रति पंक्ति लगभग 35, हाशिया दोनो पार्श्वों मे 3–3 से मी तथा ऊपर–नीचे 2–2 से मी है। लिखावट सुन्दर और समान है। घत्ता और पद सख्या मे लाल स्याही का प्रयोग हुआ है। लिखने के बाद प्रति को किसी सफेद पदार्थ से काफी सुधारा गया है। हाशियो मे जहा कही कठिन शब्दो के अर्थ भी द्योतित किये गये हैं।

प्रति का प्रारम्भ "सिधि" "ऊ नम' सिद्धेभ्य" से इस प्रकार हुआ है। अन्तिम प्रशस्ति इस प्रकार है—

सवत् 1603 वर्षे शाके 1468 षष्ठयाब्दयो मध्ये प्रमाथिनाम सवत्सरे दक्षणायने मासनौ वर्ष ग्तौ महामाग्ल्य श्रावणमासे शुक्लपक्षे दसम्या तिथौ शनिवारे घटीप्परत एका 11 दश्या तिथौ मूलनक्षत्रे घटी 39 विकुभ नामयोगे घटी 9 परत प्रीत्यनामयोगे, मध्यान्हवेलाया, वृदावतीठाणात् हाडा चौहाणान्वये, राव श्री सूर्यामल, तत्पुत्र राव श्री सुरीताण राज्य पवर्तते। अथ जबूदीते सरस्वतीगच्छे श्री कुदकुदाचार्यान्वये तदगच्छे तदाम्नाये श्रीनत्पट्टे भटारीग श्री पद्मनन्दी देवा तत्पटे भ श्री शुभचन्द्र देवा तत्पटे भ श्रीजिनचन्द्र देवा तत्पटे भ श्री प्रभाचन्द्र देवा तत्शिष्य मण्डलाचार्य श्री धर्मचन्द्र तदाम्नाये खण्डेलवालान्वये, जीवदयाव्रत पालणा सह श्री वोट्टीथान्याती गगवालान्वये साह वोट्टीथा भाया डोडी तयो पुत्र प्रथम जिणदास भार्या नेमी, द्वितीय भार्या लाछी, तृतीय भार्या गुजरी द्वितीय साहु मेला, भार्या ल्हौककना, तयो पुत्र प्रथम उदा द्वितीय भोज्या। गगवाल साहु बोहीथा तस्य गृहे भार्या डोडी तयो पुत्र साह। जीणदास भार्या गुर्जरी, तयो पुत्र प्रथम नीनीगाद, भार्या

नारंगवा, द्वितीय जालय कर्मक्षयार्थे लिखाइत्त वहुगुजरी। इदं चंदप्रभा सम्पूर्णं समाप्त । वाइयो ल्हीवीखा उपदेश दातव्य । जोसी गैया । ततपुत्र जोसी लिखित । ज्योसी गणेस । इद चंदप्रभ शास्त्र ।।........

इस प्रशस्ति से निम्नलिखित जानकारी मिलती है—

1 यह प्रति सवत् 1603 मे श्रवणमासीय शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि की मध्यान्ह वेला मे समाप्त हुई। इस समय हाडा चौहाणवशी सूर्यमल के पुत्र राव सुरीताण का राज्य था।

2 इसके अनुसार गुरु पम्परा इस प्रकार है—

कुन्दकुन्दाचार्य
|
भ पद्मनन्दि देव
|
भ शुभचन्द्र देव
|
भ जिनचन्द्र देव
|
भ प्रभाचन्द्र देव
|
मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र देव

3 मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र के शिष्य खण्डेलवालान्वयी साह वोहीथ की वंश परम्परा इस प्रकार है

4 इस प्रति की निम्नलिखित विशेषताए' द्रष्टव्य हैं—

1 इस प्रति का आधार 'ख' प्रति रहा होगा । विशेषता यह है कि इसे किसी विद्वान ने बाद मे सुधारा है और जो सुधार हुआ है वह प्रायः ठीक है ।

2 अ तथा इ के स्थान पर प्राय य श्रुति का प्रयोग हुआ है ।

3. व के स्थान पर अ, य, उ तथा म भी किया गया है ।

4. शब्दो मे इकार का प्रयोग अधिक हुआ है ।

5 अनुस्वार बहुल है ।

6 यत्र तत्र शब्दार्थ भी दिये गये हैं हाशियो मे ।

'घ' प्रति

यह भी आमेर शास्त्र भण्डार, जयपुर की प्रति है जो आज जैन विद्या संस्थान, महावीर जी के ग्रन्थ भण्डार मे सुरक्षित है । इसमे कुल पन्ने 108 हैं जिनमे प्रथम पत्र एक ओर लिखा हुआ है । आकार 27 से मी × 11 से मी । पक्तियां प्रति पृष्ठ 10 तथा अक्षर प्रति पक्ति लगभग 33 है । हाशिया चारो पार्श्वों मे 2–2 से मी है लिखावट सुन्दर और समान है, घत्ता और पद सख्या लाल स्याही से अकित हैं । इस प्रति को भी यथावश्यक किसी सफेद पदार्थ से सुधारा गया है । हाशिये मे जहा कही कठिन शब्दार्थ भी लिख दिये गये है ।

प्रति का प्रारम्भ "ॐ नमो वीतरागाय" से हुआ है । अन्तिम प्रशस्ति लिपिकार की इस प्रकार है—

ॐ नम सवत् 1611 वर्षे चैत्र वदि 5 बिसपतिवारे स्वातिनक्षत्रे अल्हादपुर नगरे श्री मल्लिनाथ चैत्यालये श्री मूलसघे कुन्दकुन्दा (?) म्नाये बलात्कारगणे सरस्वती गच्छे श्री कुन्कुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्री पद्मनन्दि देवा स्तत्पट्टे भट्टारक श्री शुभचन्द्रदेवा स्तत्पट्टे भट्टारक श्री जिणचन्द्र देवा स्तत्पट्टे भट्टारक श्री प्रभाचन्द्र देवास्तत् शिष्य मण्डलाचार्य श्री धर्मचन्द्र देवास्तदाम्नाये खण्डेलवालान्वये पोपल्य गोत्रे सभाला तद्भार्या पुसिरि तत्पुत्र व्रतारि प्रथम पुत्र सानह, द्वितीय णामल तृतीय सकान्हा, चतुर्थ सजालपन तद्भार्या नोलादे तत्पुत्र सहेम भार्या हीरादे सरणामल भार्या रईदे, द्वितीय गुजरि तत्पुत्रे चय प्रथम पुसमसमताद्युति अरहूाचिति विरदा समला भार्या व्रतिद्या तत्पुत्र तेजपाल भार्याद्विय प्रथम भवनदे द्वितीय सकतादे तत्पुत्र विरजा प्रेमराज अरट्टा भार्या अकरदे ।

यह प्रशस्ति अधूरी, अस्पष्ट और भाषागत गल्तियो से आपूर है । फिर भी जो कुछ जानकारी मिलती है, वह इस प्रकार है—

1 यह प्रति स 1611 में चैत्रवदि 5 बृहस्पतिवार को आल्हादपुर नगर वर्ती श्री मल्लिनाथ चैत्यालय मे समाप्त हुई।

2 इसके अनुसार गुरु परम्परा इस प्रकार है—

कुन्दकुन्दाचार्य
|
पद्मनन्दि देव
|
शुभचन्द्र देव
|
जिणचन्द्र देव
|
प्रभाचन्द्र देव
|
मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र

3 मण्डलाचार्य धर्मचन्द्र के शिष्य खण्डेलवालान्वयी पोपल्य गोत्री किसी विद्वान ने यह प्रतिलिपि की। प्रशस्ति कदाचित् बाद मे जोड़ी गई है। अधूरी होने से लिपिकार का नाम अज्ञात है।

4 इस प्रति की विशेषताए इस प्रकार हैं—

1 प्राय यश्रुति का उपयोग हुआ है। एकार भी मिलता है।

2 व का प्रयोग अधिक हैं।

3 अनुस्वार बहुल है।

4 'हु' का प्रयोग अधिक हुआ है।

5 हाशियो मे शब्दार्थ जहाँ कहीं दे दिये गये हैं।

6 'ख' प्रति से यह प्रति अधिक मिलती है।

पाठ संपादन की पद्धति

1 प्रस्तुत ग्रन्थ का संपादन पूर्वोक्त चार प्रतियों के आधार पर किया गया हैं। उनमे 'क' प्रति प्राचीनतम और कदाचित् सुन्दर व शुद्धतम है। अत इसी को सामान्यत आदर्श प्रति के रूप में स्वीकार किया गया है। जहा कहीं पाठ को निश्चित करने के लिए 'ख', 'ग' अथवा 'घ' प्रति को भी आदर्श मान लिया गया है।

2 आदि 'न' को 'ण' कर दिया गया है।

3. मध्यवर्ती 'न' की सुरक्षा, पर कहीं-कहीं उसके स्थान पर 'ण' की भी स्वीकृति।

4 यथावश्यक व के स्थान पर ब तथा ब के स्थान पर व का प्रयोग।

5 य श्रुति एव व श्रुति के प्रयोग मे एकरूपता नहीं।

6. यथास्थान 'उ' का प्रयोग सुरक्षित रखा गया है।

7 शब्दो मे विद्यमान इकार की स्वीकृति।

8 तृतिया एव सप्तमी विभक्तियो के कारक प्रत्ययो तथा पूर्व कालिक कृदन्त शब्दो मे इ तथा ए को स्वीकार किया गया है।

9 ख तथा ग प्रति अनुस्वार बहुला हैं। क प्रति मे आगत अनुस्वरों को भी स्वीकार किया है।

4 ग्रन्थकार परिचय

यश कीर्ति नाम के अनेक आचार्य हुए है–

1 चन्द्रप्पह चरिउ के रचयिता
2 पाण्डव पुराण के रचयिता (वि स 1497)
3. रत्नकीर्ति के शिष्य (वि स 1613 मे स्वर्गवास)
4 पद्मनन्दि के शिष्य जोरहट शाखा के भट्टारक (17वी शती)
5 पद्मनन्दि के शिष्य माथुरगच्छ के भट्टारक (18वी शती)
6 विजयसेन के शिष्य
7 विमल कीर्ति के शिष्य
8 रामकीर्ति के शिष्य (19वीं शती)–ईडर शाखा के भट्टारक

यश कीर्ति नाम के इन आचार्यों के बीच प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता कौन है, यह प्रथम दो आचार्गों के बीच विवाद का विषय हैं। ग्रन्थकार ने ग्रन्थ के किसी भी भाग में न तो कोई विशेष परिचय दिया है और न ही ग्रन्थ रचना काल का उल्लेख किया है अत. उनकी स्थिति के विषय मे निश्चित रूप से कहा जाना कठिन हो गया है।

चंदप्पह चरिउ की अद्यावधि उपलब्ध प्रतियों मे सं 1530 की लिखी प्राचीनतम प्रति हमारे सामने है। इसलिए इतना निष्कर्ष तो निकाला ही जा सकता है कि कवि वि स 1530 के पूर्व हुए होंगे।

कवि ने अपने एक मात्र ग्रन्थ चदप्पह चरिउ मे आचार्य कुन्दकुन्द, समन्तभद्र अकलक, देवनन्दि, जिनसेन और सिद्धसेन के नाम पूर्ववर्ती आचार्यों के रूप मे उल्लिखित किया है। अत. इस आधार पर उनका समय जिनसेन के बाद का होना चाहिए। पर यह कालावधि बडी लम्बी प्रतीत होती है।

पाण्डव पुराण के रचयिता भट्टारक यश.कीर्ति काष्ठासघीय माथुर गच्छ तथा पुष्कर गण के भट्टारक गुणकीर्ति के लघुभ्राता और पट्टधर थे, यह उनकी हरिवश पुराण की प्रशस्ति से स्पष्ट हो जाता है। ये ग्वालियर के शासक तोमरवशीय राजा डू गरसिंह के समकालीन है। महाकवि रइधू ने इन्हें अपने गुरु के रूप मे उल्लिखित किया है। परन्तु आश्चर्य है कि 'चदप्पह चरिउ' मे इस प्रकार का कोई उल्लेख नही मिलता। अत यह निष्कर्ष निकालना स्वाभाविक-सा लगता है कि चदप्पहचरिउ के रचयिता और पाण्डव पुराण के रचयिता मे व्यक्तित्व भेद होना चाहिए।[1] दोनो ग्रन्थों की पुष्पिकाओ मे भी अन्तर दिखाई देता है। पाण्डव पुराण के कर्त्ता ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख भी नही किया। इतना ही नही, भाषा प्राञ्जल्य की दृष्टि से भी चदप्पह चरिउ और पाण्डव पुराण के कर्त्ताओ को पृथक्-पृथक् माना जा सकता है।

महाकवि यश कीर्ति ने अपने ग्रन्थ की रचना हुवड कुल भूषण कुमरसिंह के पुत्र सिद्धपाल के अनुरोध पर की है। यह ग्रन्थ की प्रत्येक पुष्पिका से पता चलता है।

इय सिरि चदप्पह चरिउ महाकइ जसकित्ति विरइए महाभव्व-सिद्धपाल-सवण भूसणे सिरि चन्दप्पह सामिणि वण गमणो एयारहमो नाम सधी परिच्छेओ सम्मत्तो।

सिद्धपाल का सम्बन्ध चालुक्यवशीय राजा कुमारपाल से सम्भावित है। कवि ने ग्रन्थ की अन्तिम प्रशस्ति मे गुर्जर देश के 'उम्मत्तगाम' का उल्लेख भी किया है। अत कवि का समय कुमारपाल के बाद का तो निश्चित हो ही जाता है। कुमारपाल का अन्तिम समय वि स 1230 (ई सन् 1173) है। पश्चिमी चालुक्यवश का यह अन्तिम समय था। सिद्धपाल इन्ही के वश के रहे होंगे। प्रशस्ति का भाग यह है—

गुज्जरदेसहं उम्मत्तगामु, तहि छड्डा सुअ हुअ दोण णामु।
सिद्धउ तो णदणु भव्ववधु, जिणधम्म भारि जें दिण्णखधु।

---

1. परमानन्द शास्त्री, जैन ग्रन्थ प्रशस्ति सग्रह, पृ. 80–81

तहु हुम्र जिहउ वहुदेवभव्वु, जें धम्मकज्जि विवकलिउ दव्वु ।
तहु लहु जायउ सिरि कुमारसिंहु, कलिकाल करिंदहो हणण सीहु ।
तहो हुम्र सजायउ सिद्धपालु, जिणपुज्जदाण-गुणगण रमालु ।
तहो उवरेहि इह कियउ गथु, हउ णमु णमि किंपिवि सत्थु गथु ।

जहा तक जन्म स्थान का प्रश्न है, कवि ने यद्यपि इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है पर पुष्कर गणी होने के कारण उसे अजमेर के आसपास का होना चाहिए ।

यशःकीर्ति के 'चंदप्पह चरिउ' पर वीरनन्दि के चन्द्रप्रभ चरितम् का पर्याप्त प्रभाव दिखाई देता है । वीरनन्दि का समय विक्रम का ग्यारहवी शताब्दी का पूर्वार्ध माना जाना चाहिए । यद्यपि उन्होने अपनी एक मात्र कृति 'चन्द्रप्रभचरितम्' मे न अपने विषय मे कुछ लिखा है और न ग्रन्थ रचनाकाल का ही उल्लेख किया है । आचार्य वादिराज ने अपने पार्श्वनाथ चरित शक स 947 सन् 1025 तथा नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने अपने कर्मकाण्ड मे वीरनन्दि का उल्लेख किया ।

अत इन प्रमाणो के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि 'चन्दप्पह चरिउ' के रचयिता यश कीर्ति पाण्डव पुराण के रचयिता यश कीर्ति के पूर्ववर्ती होगे और उनका समय लगभग 13 वीं शताब्दी माना जा सकता है ।

पूर्ववर्ती और समकालीन कवि

जैसा हम पहले कह चुके हैं, कवि ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों मे आचार्य कुन्दकुन्द, समन्तभद्र, अकलक, देवनन्दि, जिनसेन और सिद्धसेन का उल्लेख किया है । ये आचार्य अत्यन्त प्रसिद्ध आचार्य हैं अत इनके विषय मे लिखने की आवश्यकता नही । हाँ, यहा यह अवश्य उल्लेखनीय है कि यश.कीर्ति ने समन्तभद्र के जीवन मे घटने वाली उस घटना का उल्लेख बडी श्रद्धा के साथ किया है जब आठवें तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का स्तवन करने पर शिव पिण्डि फट गई और उसमे चन्द्रप्रभ की भव्य मूर्ति प्रकट हुई ।

कवि के समकालीन आचार्यों मे श्रीधर मदनकीर्ति, भावसेन त्रैवेद्य, आशाधर, नरेन्द्रकीर्ति, व अर्हद्दास के नामो का उल्लेख किया जा सकता है । इनमे कुछ आचार्य यश कीर्ति के कुछ पूर्ववर्ती और कुछ परवर्ती भी हो हकते हैं ।

5 कथावस्तु

प्रस्तुत ग्रन्थ का अभिधेय अष्टम तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का जीवनवृत्त है । चन्द्र-

प्रभ की कथावस्तु का आधार पद्मपुराण हरिवंश पुराण और उत्तर पुराण (महा-पुराण) मे उपलब्ध कथा है जिसे महाकवि ने अपनी प्रतिभा से पल्लवित किया है। पद्मपुराण और हरिवंश की अपेक्षा उत्तरपुराण मे कथा का विस्तार अधिक मिलता है। उत्तरपुराण के चतुःपचाशतम् पर्व (पृष्ठ 44 से पृष्ठ 65 तक) में चन्द्रप्रभ का जीवन चरित अंकित किया गया है। उत्तरकालीन कवियो ने अपनी रचनायें इसी ग्रन्थ पर आधारित रखी हैं।

यश कीर्ति के चदप्पह चरिउ पर वीरनन्दि के चंदप्रभचरितम् का प्रभाव अधिक है। इस तथ्य को हम साराश के माध्यम से देख सकते हैं। चदप्पह चरिउ ग्यारह सधियो मे विभक्त है।

1 प्रथम सधि

प्रारम्भ मे महाकवि यश कीर्ति ने चन्द्रप्रभस्वामी को नमस्कार किया और त्रैकालिक परमेष्ठियो को प्रणामकर 'चदप्पह चरिउ' की रचना करने की प्रतिज्ञा की। इसके बाद चदप्पह चरिउ की रचना-पृष्ठभूमि को बताते हुए आचार्य कुन्दकुन्द समन्तभद्र, अकलक, देवनन्दि, जिनसेन और सिद्धसेन को पूर्वाचार्यों के नामो के रूप मे उल्लिखित किया। तदनन्तर सज्जन-दुर्जन के गुण-दोषो का वर्णन करते हुए कथा का प्रारम्भ किया है।

द्वितीय धातकीखण्ड द्वीप मे पूर्व विदेह मे मगलावती नामक देश है। उसमे रत्नसचय (मणिसचउ) नामका नगर है। इस नगर का प्रशासक कनकप्रभ नामक राजा था। और उसकी स्वर्णमाला नामकी महिषि थी। उनके पुत्र का नाम पद्मनाभ था। कनकप्रभ बडी दूरदर्शिता पूर्वक राज्य करता रहा। एक दिन कीचड मे फसे बूढे बैल को देखकर उसे वैराग्य हो गया। फलत उसका मन ससार की क्षणभगुरता से भर गया और पद्मनाभ को राज्याभिषिक्त करके स्वय ने श्रीधर मुनि से जिनदीक्षा ग्रहण कर ली।

2 द्वितीय सधि

एक दिन पद्मनाभ राजसभा मे बैठा था। इतने मे ही द्वारपाल ने वनमाली के आने का समाचार दिया। उसने बताया कि नगर के बाह्योद्यान मे श्रीधर नामक जैन मुनि पधारे हुए हैं। उनके प्रताप से सारा उद्यान पुष्पित हो गया है। राजा पद्मनाभ यह समाचार सुनकर प्रसन्न हो गया और सपरिकर मुनि के दर्शन करने चल पड़ा। उद्यान मे पहुचकर मुनि को भक्ति भाव से प्रणाम किया और 'शुभधर्म' का

लक्षण पूछा । मुनि ने शुभ धर्म अर्थात् श्रावक धर्म का प्रतिपादन करते हुए बारह व्रतों तथा अष्ट मूलगुणों के परिपालन की आवश्यकता बताई ।

इसके बाद पद्मनाभ के पूछने पर मुनि श्रीधर ने उसके भवान्तर का वर्णन किया ।

तृतीय द्वीप पुष्करार्ध के पूर्व मे स्थित मेरु (पूर्व मन्दर) के पश्चिम विदेह मे शीतोदा नामक नदी के उत्तरी तट पर सुगन्धि नाम का देश है । यह देश ग्राम शोभा से विभूषित है । इस देश मे श्रीपुर नामक नगर है जो परिखा तथा कामनियो से सुशोभित है । इस नगर के राजा श्रीषेण तथा रानी श्रीकान्ता का जीवन अधूरा सा लगता था ।

एक दिन रानी ने छत पर से कुछ धनिको के बालको को गेंद खेलते हुए देखा । तब से उसके मन मे पुत्र प्राप्ति की आकाक्षा जागी । यह बात उसकी सखी ने राजा को बता दी । राजा ने समझाया कि तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ के समय अनेक केवलज्ञानी और अवधिज्ञानी मुनि हैं । उनमे इसका कारण और उपाय पूछेंगे ।

इतने मे वनमाली ने आकाश से एक चारण ऋद्धिधारी मुनि को आते हुए देखने की बात कही । राजा ने उनके पास जाकर वन्दना की तथा पूछा कि उसका मन ससार से विरक्त क्यो नही हो रहा है ? मुनि ने इसका कारण जानकर कहा कि पुत्र-प्राप्ति के बिना तुम्हारा मन शान्त नही होगा । पुत्र-प्राप्ति भी जल्दी ही होगी । अभी तक पुत्र न होने का एक कारण था ।

तुम्हारी यह पत्नी श्रीकान्ता पूर्वजन्म मे उसी नगर के वणिक् देवागद तथा उनकी पत्नी श्री की सुपुत्री सुनन्दा थी । उसने अपनी तरुणावस्था मे किसी गर्भालस तरुणी को देखकर निदान बाधा कि उसे इस प्रकार का दुख सहन न करना पड़े । उसी का यह फल है । अब जल्दी ही यह पुत्रवती होगी । राजा ने श्रावक व्रत ग्रहण किये तथा आष्टान्हिका-नन्दीश्वर पूजा की । फिर कुछ दिनो बाद रानी ने गर्भ धारण किया । बाद मे पुत्र जन्म हुआ जिसका नाम श्रीधर्म (श्रीवर्म) रखा गया । पुत्र बडा पराक्रमी और सर्वगुण सपन्न था । तरुण होने पर राजाने उसे युवराज पद पर अभिषिक्त किया तथा उसका विवाह प्रभावती राजकुमारी से कर दिया ।

तृतीय सधि

एक दिन उल्कापात देखकर श्रीषेण को वैराग्य हो गया । संसार की असारता का चिन्तन करते हुए उसने पुत्र को सम्बोधित किया और यह समझाया

कि उसे राज्य किस प्रकार चलाना चाहिए। इस सदर्भ मे राजनीति को प्रस्तुत किया गया है। राज्य सचालन मे गुप्तचर प्रमुख अग हैं। किसी को भी अकारण कष्ट मत दो। कभी विधर्मी न बनो, कामी न बनो। अधिक कर ग्रहण न करो। मन्त्रियो से सलाह लेकर काम करो। बाद मे श्रीषेण ने श्रीप्रभ मुनि से जिनदीक्षा ग्रहण की और वे ससार से मुक्त हो गये।

इधर श्रीधर्म (श्रीवर्म) दिग्विजय के लिए निकला। उस समय अनुकूल वायु चल रही थी राजा की चतुरगणी सेना शत्रु राजाओ के मन को आतंकित करने वाली थी। कुछ राजा शरणाकांक्षी होकर भेट देने आये। जिन्होने युद्ध किया वे मृत्युमुख मे पहुचे। माडलिक और द्वीपिक राजा उनके अनुयायी हो गये। दिग्विजय कर श्रीधर्म समुद्र तट का आनन्द लेते हुए अपने नगर श्रीपुर वापिस आ गया और सासारिक भोगो मे आसक्त हो गया।

एक दिन शरत्कालीन मेघ को देखकर ससार की क्षणभगुरता का आभास हो गया। फलत उसने अपने पुत्र श्रीकान्त को राज्य भार सौंप दिया और स्वयं ने श्रीप्रभ से दिगम्बर दीक्षा ले ली। तपश्चरण करते हुए वे सौधर्म स्वर्ग मे श्रीधर नामक देव हुए।

इसके बाद श्रीधर्म से सम्बद्ध कथा का सूत्र सचालन होता है। द्वितीय द्वीप धातकीखण्ड की दक्षिण दिशा मे एक इषुकार गिरि है जिसके पूर्व 'अलका' नामक देश है। सरोवरो के लिए वह देश प्रसिद्ध है। अलका देश मे कौशल नाम की एक सुन्दर नगरी है जो अत्यन्त वैभवशाली है। उसका राजा अजितजय और उसकी पत्नी अजितसेना थी। उनके श्रीधर का जीव अजितसेन नामक पुत्र हुआ। अजित-सेन बाल्यावस्था से ही सर्वकलाओ मे निपुण था। गुणवान पुत्र को पाकर कौन प्रसन्न नही होता ?

एक दिन की बात है कि चण्डरुचि नामक कुख्यात असुर,जो राजकुमार का पूर्व जन्म का वैरी था, राजसभा मे आया और सारी सभा को मूर्छित कर युवराज को हर ले गया। चेतना आने पर दम्पति हृदय विदारक विलाप करते हैं। यहा करुण रस प्रधान वर्णन मिलता है। कुछ समय बाद तपोभूषण नामक चारण मुनि आये और उन्होने बताया कि तुम्हारा पुत्र सकुशल वापिस आ जायगा। चिन्ता मत करो। राजा प्रसन्न होकर पूर्ववत् काम करने लगा।

चतुर्थ सधि

क्रोधी चण्डरुचि असुर ने अजितसेन को मनोरम नामक सरोबर मे फेंक

दिया । वह मगर-मच्छ से जूझता हुआ किनारे आ गया । पास ही 'परुपा' नाम की गहन अटवी थी । उसमे उमने प्रवेश किया । थोडी ही देर बाद अंजण गिरि शिखर दिखा । उस पर वह चढ गया । वहा पहुचते ही उसे एक आमिष पिण्ड सदृश नेत्र वाला क्रोधी पुरुष दिखाई दिया । उसने अजितसेन को ललकारा । बाद मे दोनो में भीषण युद्ध हुआ । अन्त मे अजितसेन ने अपने दोनो हाथो से उसे ऊपर उठाकर ज्यो ही उसे फेका, उसने अपना दिव्य रूप प्रगट कर दिया । उसने कहा कि उसका वास्तविक नाम हिरण्य है । वह उत्तम ऋद्धि-सपन्न देव है । जिन मन्दिर के दर्शन करते हुए यहा क्रीडा करने के लिए चला आया । अपना रूप बदल कर तुम्हारे साहस की परीक्षा की । अब जब भी मेरी आवश्यकता प्रतीत हो, स्मरण कर लेना ।

हाँ पूर्व जन्म की भी बात बताये देता हूँ । पिछले तीसरे जन्म मे तुम सुगन्धि नामक देश के श्रीपुर नामक नगर के राजा थे । वहा नगर मे दो गृहस्थ किसान थे-शशि और सूर्य । शशि ने सूर्य के घर सेंध लगाकर सारा धन चुरा लिया । तुमने उसका पता लगाकर धन वापिस दिला दिया और सूर्य को फासी की सजा द दी । वही शशि चण्डरुचि नामक असुर हुआ और मै ही पहले सूर्य था । चण्ड-रुचि ही तुम्हे हरकर सरोवर मे फेक गया । मै तुम्हारा मित्र हूं । इतना कहकर वह सूर्य अदृश्य हो गया ।

राजकुमार बाद मे बडी सरलता पूर्वक अटवी से बाहर आ गया । आगे उसने अरिंजय नामक देश म प्रवेश किया जहा राजा जयवर्मा अपनी महिषी चन्द्र-मुखी जयश्री के साथ राज्य करता था । उनकी शशिप्रभा कन्या थी जिसका विवाह महेन्द्र राजा के साथ निश्चित हो गया । परन्तु निमित्त ज्ञानियो से उसकी अल्पायु का पता हो जान पर यह निश्चय छोड दिया गया । फलत महेन्द्र के साथ युद्ध छिड गया । इधर अजितसेन उस देश मे पहुच गया और सघर्ष महेन्द्र से हो गया । चतुरगणी सेना के साथ अकेले अजितसेन का युद्ध दर्शनीय था । अजितसेन ने अपनी वीरता से महेन्द्र की सेना को पराजित किया । इस प्रसग मे वीर रस का सुन्दर प्रयोग हुआ है । महेन्द्र को पराजित करने पर राजकुमार कुछ समय जयवर्मा का अतिथि रहा । बाद मे शशिप्रभा का सम्बन्ध अजितसेन के साथ कर दिया गया । इस प्रसग मे विप्रलम्भ श्रृङ्गार रस का प्रयोग द्रष्टव्य है ।

इसके बाद उपकथा प्रारम्भ होती है । विजयार्ध पर्वत के दक्षिण मे आदित्य-पुर (रविपुर) नगर है । वहा धरणीध्वज नाम का राजा राज्य करता था । वह विद्याधरो का स्वामी था । एक दिन राजसभा मे उन्होने प्रियधर्म ब्रह्मचारी के

दर्शन किये। ब्रह्मचारी ने कहा, यद्यपि वे योगी और निर्मोही हैं पर मुनि से तुम्हारे विषय मे जो वृत्तान्त सुना है उसे तुम्हे बताना चाहता हूँ।

अरिंजय नामक देश मे एक विपुल नामक नगर है। वहा का प्रशासक जय वर्मा है। उसकी मृगनयनी पुत्री शशिप्रभा का जिसके भी साथ सम्बन्ध होगा वह तुम्हारा प्राणघातक होगा। यह जानकर धरणीध्वज चिंतित हो गया। फिर भी अपने मनोभाव को गुप्त रखकर उद्धत नामक दूत को जयवर्मा के पास भेजा, यह सदेश लेकर कि या तो वह शशिप्रभा का सम्बन्ध उसके साथ कर दे अन्यथा युद्ध के लिए तैयार रहे। जयवर्मा ने युद्ध को स्वीकार कर लिया। यह बात अजितसेन को भी बता दी गई। फलत धरणीध्वज का युद्ध जयवर्मा के साथ प्रारम्भ हो गया। इधर अजितसेन ने हिरण्य देव का स्मरण किया। स्मरण करते ही हिरण्य देव दिव्यास्त्रो से सुसज्जित रथ लेकर उपस्थित हो गया। हिरण्य ने सारथी बनाकर अजितसेन का साथ दिया अजितसेन के साथ विद्याधरो का घनघोर युद्ध हुआ। राजकुमार की प्रचण्ड शक्ति उन्हे असह्य हो गयी। उसके विविध अस्त्र-शस्त्रो ने धरणीध्वज की शक्ति को छिन्न-भिन्न कर दिया। अन्त मे अमोघ शक्ति का प्रहार कर धरणीध्वज की जीवन लीला भी उसने समाप्त कर दी। जयवर्मा की विजय हो गई अजितसेन ने हिरण्य को विदाई दी। विजय यात्रा प्रारम्भ हुई और शशिप्रभा का सम्बन्ध अजितसेन के साथ हो गया। इसके बाद अजितसेन अपने माता-पिता से भेट करने के लिए अपने नगर की ओर चल पडा। अजितसेन के पिता ने अपने पुत्र का आगमन सुनकर बडे उत्सव के साथ उसका नगर प्रवेश कराया।

इसके बाद अजितसेन चक्रवर्ती को चौदह रत्न (चक्र, खड्ग, छत्र, चर्म, दण्ड काकणी, चूडामणी, गज, अश्व, शक्ति, पुरोहित, शिल्प, गृहपति और शशिप्रभा) तथा नव निधिया (पाण्डुक, पिङ्गल, काल, शख, पद्म, महाकाल' माणव, नैसर्प और सर्वरत्न) प्राप्त हुई। इसके बाद अजितजय ने अजितसेन का पट्टाभिषेक किया।

इसी बीच स्वयप्रभ नामक तीर्थंकर राजधानी मे पधारे। यह जानकर अजितजय अपने पुत्र अजितसेन के साथ उनकी वन्दना करने के लिए घर से चल पडा। उनके पास पहुचकर अजितजय ने प्रणाम किया और तीर्थंकर से जिज्ञासा प्रकट की कि जीव शुभाशुभ कार्मों से कैसे बध जाता है और फिर उनसे कैसे मुक्त हो जाता है। उत्तर मे उन्होंने कहा कि मिथ्यात्व, प्रमाद कषाय और योग ये पाच कर्मबन्ध के कारण है। इन कारणो को दूर करने का उपाय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र का सम्यक् परिपालन है। इस प्रसग मे जैन धर्म का अच्छा

वर्णन किया गया है । अजितंजय धर्म और कर्म का इतना सुन्दर विवेचन सुनकर ससार से विरक्त हो गया और राज्य भार अजितसेन को सौंप दिया । अजितसेन ने भी श्रावक व्रत ग्रहण किये ।

पचम संधि

इसके बाद अजितसेन दिग्विजय के लिए निकल पडा । चौदह रत्न और नव निधिया उसके साथ थी । प्रभुशक्ति मन्त्रशक्ति और उत्साह शक्तियो से वह सनद्ध था । पराक्रम और वात्सल्य का वह धनी था । चक्रवर्ती का सारा वैभव उसके पास था । सेना, नाट्य, निधि, रत्न, भोजन, आसन, सेज, पात्र, पुर और वाहन ये दस भोग थे । म्लेच्छखड और आर्यखण्ड को जीतकर वह षड्खण्डाधिपति बन गया । अजितसेन का पराक्रम अप्रतिहत था ।

दिग्विजय करके अजितसेन सम्राट् अयोध्या वापिस पहुच गया । नगर को इस शुभ अवसर पर खूब सजाया गया । तरुणियो की भावभगिमायें इस समय विचित्र हो रही थी । राजप्रासाद मे अजितसेन का स्वागत किया गया समागत राजे-महाराजे वापिस चले गये ।

इसके बाद ऋतुराज वसन्त का आगमन हुआ । युवक-युवतियो को नया वातावरण मिला । इस प्रसग मे प्रकृति वर्णन शृङ्गार रस की समरसता को उत्पन्न करता है । अन्त पुर मे पहुच कर शशिप्रभा के साथ अजितसेन का प्रेमालाप और उसके सदर्भ मे भी इसी प्रकार का मनोहारी वर्णन दृष्टव्य है ।

इस अवसर पर अजितसेन ने वन विहार यात्रा करने का निश्चय किया । पुरवासी भी उनके साथ चल पडे । सभी ने जलाशय मे स्नान किया । काम क्रीडा और जल क्रीडा का बहुत अच्छा वर्णन कवि ने यहाँ प्रस्तुत किया है । जल क्रीड़ा करते-करते सूर्यास्त हो गया । बाद मे चन्द्रोदय भी हो गया । कमल विकसित हुए । कुमुदनी पर भौरे मडराने लगे । रात्रि का प्रहर बीत गया । रागी युवक अपनी प्रेमिकाओ के साथ एकान्त स्थान मे चले गये । रत्नोत्सव बढने पर अजितसेन ने भी शशिप्रभा के साथ सपर्क किया । कवि की कल्पनाये यहाँ उल्लेखनीय बन पडी है ।

प्रात काल होने पर दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर अजितसेन अपने 'सर्वावसर' नामक सभा भवन मे पहुचा उस समय वहां आये हुए गजराज को उसने देखा । यह गजराज युद्ध के अभ्यास के लिए प्रस्तुत किया गया था । संयोग की बात है, उस हाथी ने एक असहाय व्यक्ति को सूड से उठाकर नीचे पटक दिया । वह मर

गया । यह देखकर अजितसेन को ससार से वैराग्य हो गया । ससार की क्षणभगुरता का इस प्रसंग मे अच्छा चित्रण हुआ है ।

इसी अवसर पर वनपाल से अजितसेन को पता चला कि गुणप्रभ आचार्य शिवकर नामक उद्यान मे पधारे हुए हैं । अजितसेन धर्म चर्चा के लिए उनके दर्शनार्थ उद्यान पहुचे । विचार-चर्चा करते हुए अजितसेन ने जिनदीक्षा लेने का संकल्प प्रकट किया । गुणप्रभ ने स्वीकृति दे दी । फलत जितशत्रु को राज्य भार सोप कर अजितसेन ने जिनदीक्षा ग्रहण कर ली । वे घोर तपश्चरण करने लगे । महाव्रतो और समितियो का निरतिचार पालन करने लगे । बारह अनुप्रेक्षाओ का चिन्तन, परीषहो का सहन, समुचित चारित्रो का परिपालन करते हुए अजितसेन की शुभ लेश्याओ मे निखार आ गया । शुभ ध्यान करते हुए समाधिमरण पूर्वक प्राणो का त्याग किया । इसके बाद वे अच्युत नामक सोलहवे स्वर्ग मे जाकर अच्युत स्वर्ग मे इन्द्र हुआ ।

षष्ठ संधि

श्रीधर मुनि ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा कि तुम आयु समाप्त करने पर अच्युत स्वर्ग से च्युत होकर मणिसचयपुर मे कनकप्रभ की महिषि सुवर्णमाला की कुक्षि से पद्मनाभ नामक राजकुमार हुए हो । पद्मनाभ श्रीधर मुनि के वचन (भवान्तर परम्परा) सुनकर रोमाञ्चित हो गया । विश्वस्त हो जाने के लिए श्रीधर मुनि ने यह भी कहा कि आज से दस दिन बाद एक मदोन्मत्त हाथी अपन झुण्ड को छोडकर तुम्हारे नगर की ओर आयेगा । उसे देखकर तुम्हे विश्वास हो जायगा और सारी बातो की सचाई का आभास हो जायगा ।

पद्मनाभ मुनिवर को प्रणामकर राजधानी वापिस आ गया ठीक दसवें दिन कोलाहल शुरू हो गया और बताया गया कि पद्मनाभ ने लोगो को शान्त किया और अपनी प्रतिभा, बल और बुद्धि से उसे वश मे कर लिया । पुरवासी प्रसन्न हो गये । उस हाथी का नाम 'वनकेलि' रखा गया ।

एक दिन की बात है, राजा पद्मनाभ की सभा में राजा पृथ्वीपाल का दूत आया और उसने कहा कि यह 'वनकेलि' हाथी पृथ्वीपाल को सप्रणाम वापिस कर दीजिए अन्यथा समर्थ की तैयारी कर लीजिए । युवराज स्वर्णनाभ ने दूत को उत्तर दिया और कहा कि क्षमा और नीति के कारण तुम्हें बचाया जा रहा है अन्यथा मेरे पिता पद्मनाभ पृथ्वीपाल को कभी बचाने न देते । दूत ने क्रोधित होकर पुन. अपनी बात दोहरायी । सारी सभा उसके कथन पर क्षुब्ध हो उठी । पर पद्मनाभ ने उसे शान्त कर दूत को विदा किया ।

इसके पश्चात् पद्मनाभ ने अपने मन्त्रिमण्डल से विचार-विमर्श किया। और कहा कि पृथ्वीपाल को मेरी राय मे दण्डित किया जाना चाहिए। मन्त्री पुरुभूत ने पृथ्वीपाल के साथ साम नीति का आश्रय लेने की सलाह दी पर स्वर्णनाभ युवराज ने उसे दण्ड देने के विचार का भरपूर अनुमोदन किया। युवराज के मन्तव्य को सदस्यो का समर्थन मिला। तब यह निश्चय किया गया कि दूत को यह कहकर बिदा कर दिया जाय कि "आज से तीसवे दिन निश्चय ही मैं आपको हाथी दूगा, या फिर युद्ध करूगा"।

इसके बाद पद्मनाभ भीमरथ आदि मित्र राजाओ के साथ पृथ्वीपाल से युद्ध करने के लिए उसके नगर की ओर चल पडा। इस प्रसग मे कवि ने सेना-प्रयाण का काव्यात्मक वर्णन प्रस्तुत किया है। सेना ने जलवाहिनी नदी पर पडाव डाला। विश्रामकर वह वहा से आगे बढी।

आगे पद्मनाभ ने एक मणिकूट पर्वत देखा वह किन्नारियो का क्रीडा स्थल था। सभी दृष्टियो से वह रमणीक था। पद्मनाभ की सेना वहा ठहर गई। बाजार, तम्बू, भोजनालय आदि की व्यवस्था वहा पहले से ही हो गई थी। सभी ने यहा विश्राम किया।

प्रात काल होते ही युद्ध की भेरी बज उठी। पद्मनाभ, स्वर्णनाभ आदि सभी योद्धा युद्ध करने चल पडे। इधर पृथ्वीपाल भी अपनी सेना के साथ रणक्षेत्र मे कूद पडा। दोनो ओर से घमासान युद्ध हुआ। अन्त मे पद्मनाभ ने पृथ्वीपाल को अपने वज्रमुष्टि नामक अस्त्र से चूर-चूर कर डाला। यह देखकर पृथ्वीपाल की सेना भाग खडी हुई।

इसके बाद किसी सेवक ने पद्मनाभ के समक्ष पृथ्वीपाल का कटा हुआ सिर लाकर रख दिया। उसे देखते ही पद्मनाभ को वैराग्य उत्पन्न हो गया। वह ससार की असारता का चिन्तन करने लगा। बाद मे स्वर्णनाभ को राज्य भार सौंपकर स्वय ससार से निवृत्त हो गया। श्रीधर मुनि के पास जाकर उस जिनदीक्षा ग्रहण कर ली। तेरह प्रकार के चरित्र का पालन करते हुए सोलह कारण भावनाओ का परि-पालन करने लगा। दर्शन विशुद्धि, विनयसम्पन्नता आदि सोलह कारण भावनाए तीर्थंकर प्राप्ति के मूल कारण है। अन्त मे तपस्या करते हुए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप की आराधना की। और फिर शरीर छोडकर वे अनुत्तर वैजयन्त स्वर्ग मे चले गये। वहा पद्मनाभ अहमिन्द्र हुआ। उसकी आयु तीसरे सागर प्रमाण थी।

सप्तम संधि

इसी जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र मे एक पूर्व देश है जो धन-धान्य से परिपूर्ण है। उस देश की राजधानी का नाम चन्द्रपुरी है। उसके राजा का नाम महासेन और महिषी का नाम लक्ष्मणा है। महासेन के विषयासक्त हो जाने से अधीनस्थ राज्य स्वतन्त्र होने लगे। यह जानकर महासेन का प्रमाद दूर हुआ और वह दिग्विजय के लिए निकल पडा। अपने बाहुबल से अ ग, कलिंग, पाचाल, उद्र, चेदि, आंध्र द्रविड, लाट, कश्मीर आदि राज्यो को विजित कर स्वदेश वापिस आ गया। इसके बाद साम्राज्य सुख भोगते हुए लक्ष्मणा ने गर्भ धारण किया। छह माह तक उनके घर रत्नो की वृष्टि हुई। उसके उपरान्त एक दिन रात्रि के पिछले प्रहर मे लक्ष्मणा ने सोलह स्वप्न देखे। महासेन ने उनके फल को स्पष्ट किया।

अष्टम सधि

लक्ष्मणा का प्रसूति-काल जैसे-जैसे समीप आता गया, जंभाई, आलस आदि गर्भचिन्ह स्पष्टतर होते गये। उसका चन्द्रपान का दोहद भी पूरा हुआ। इसके बाद पौष कृष्णा एकादशी के दिन लक्ष्मणा ने एक सुन्दर पुत्र को जन्म दिया। दिव्य पुष्पो की वर्षा हुई। कल्पवासी, ज्योतिषी, भवनवासी और व्यतर देवो की निवास भूमियो पर दुन्दुभियाँ वजने लगी, सिंहनाद होने लगे। सभी देव तीर्थंकर के जन्म स्थान चन्द्रपुरी चल पडे। इसके बाद इन्द्राणी ने प्रसूतिगृह मे प्रवेश किया। वहा एक सद्योत्पन्न बालक को रखकर वह जिन भगवान को उठा लाई। सौधर्म स्वर्ग के इन्द्र ने जिन बालक को हाथो मे लेकर ऐरावत हाथी पर चढा लिया। देवियां मगलगान करने लगी। भेरियां बजने लगी। सुमेरु पर्वत की पाण्डुक शिला पर स्थित सिंहासन पर जिन बालक को बैठाया। सुमेरु से लेकर क्षीरसागर तक खडी देव पंक्ति ने बालक का अभिषेक किया। फिर चन्द्र की कांति के समान कान्ति संपन्न होने से बालक का नाम चन्द्रप्रभ रखागया। सभी ने उनकी स्तुति की। बाद मे उन्हे चन्द्रपुरी वापिस ले गये। और वहा उन्होने जन्माभिषेक महोत्सव मनाया।

नवम सधि

धीरे-धीरे जिन बालक चन्द्रप्रभ बडा होने लगा। उनका स्वभाव चपल था और क्रीडाये मनोरजक थीं। बाल्यावस्था मे हाथी, घोडो की सवारी की। बाल्य-काल समाप्त होने पर राजा महासेन ने चन्द्रप्रभ का विवाह सस्कार किया और बाद मे पट्टबधन किया। उन्होने राज्य शासन चलाया। सभी प्रसन्न रहे। उस समय अकाल मरण नहीं हुआ और न छह ईतियो से जनपद को कभी नहीं हुई।

एक दिन अत्यधिक वृद्ध व्यक्ति लाठी के सहारे आया। कहने लगा, नाथ!

बचाइये,बचाइये । आज मृत्यु देवता मुझे उठा ले जायगा । यह कहकर वह अदृश्य हो गया । सभासदो के पूछने पर अपने अवधिज्ञान से तीर्थंकर ने बताया कि वह धर्मरुचि नामक देव था । विक्रिया के बल से वह वृद्ध बन गया था । फलत तीर्थंकर का मन सासारिक भोगो से विरक्त हो गया । ससार असार है । हर प्राणी को स्वकृत कर्मों का फल भोगना पडता है । अत अब मे इन कर्मों की निर्जरा करूगा । इतने मे इन्द्र अपने परिकर के साथ आया और उन्हे 'विमल' शिविका मे बैठाया और 'सकलतु' वन मे ले गया । वहा वे अपने पुत्र वरचन्द्र को राज्यभार सौपकर तप करने लगे । पच मुष्टियो से केश लु चन कर उन्हे क्षीरसमुद्र मे प्रवाहित कर दिया गया । फिर सभी ने मिलकर भगवान का दीक्षाकल्याणक महोत्सव मनाया ।

दसम सधि

महाव्रतो और समितियो का पालन करते हुए मूलगुणो व उत्तरगुणो का निरतिचार पूर्वक आचरण किया । वे छयालीस दोष रहित भोजन करते थे । परिषहो को सहन करते थे । उपवास समाप्त होने पर राजा सोमदत्त के घर उनकी पारणा हुई । अन्तरग-बाह्य शत्रुओ को समाप्त किया । कर्म प्रकृतियो को क्षीण करते हुए उसी सकलतु वन मे पहुचे जहा उन्होने जिनदीक्षा ली थी । नागवृक्ष के नीचे आसन लगाकर वे बैठ गये । और शुक्लध्यान का अवलम्बन कर ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय कर्मों का विनाश कर केवलज्ञान प्राप्त कर लिया । भगवान का समवरण 8½ योजन विस्तृत था । उसकी गन्धकुटी मे भगवान विराजमान हुए । सभी जीव उनके समवरण मे धर्मोपदेश सुनने के लिए एकत्रित होते थे ।

एकादशम सधि

इसके पश्चात्, दिव्य ध्वनि प्रारम्भ हुई । भगवान् ने जीवादि सप्त तत्त्वो का सांगोपाग विवेचन किया । जीव भव्य-अभव्य अथवा त्रस और स्थावर के भेद से दो प्रकार का है । अन्य तत्त्वो का भी उन्होने इसी प्रकार विवेचन किया । वे जहा विहार करते थे, उसके 200 योजन तक सुभिक्ष हो जाता था । उनका शरीर छाया रहित था । तथा कवलाहार और उपसर्ग से अछूता था । उनके पलक निष्पलक थे । वे चौदह अतिशयो से सुशोभित थे । आठ प्रातिहार्यों से युक्त थे । उनका धर्म परिवार इस प्रकार था--

गणधर	93
पूर्वधारी	200000
उपाध्याय	200400

अवधिज्ञानी	8000
केवली	10000
विक्रियाऋद्धिधारी साधु	14000
मनःपर्ययज्ञानी	8000
वादी	7600
आर्यिकाएँ	180000
सम्यग्दृष्टि श्रावक	300000
श्राविकाएँ	500000

भगवान चन्द्रप्रभ पृथ्वी पर विहार करते रहे। बाद मे सम्मेदाचल पर्वत के शिखर पर जाकर विराजमान हो गये। वहा उन्होने एक मास पर्यन्त विहार का परित्याग कर मुनि सघ के साथ प्रतिमायोग धारण किया। फिर भाद्रपद शुक्ला सप्तमी को शुक्ल ध्यान के द्वारा समस्त पापो का विनाश कर मुक्ति प्राप्ति की। इसके बाद देवताओ ने अगुरु चन्दन आदि से उनका अन्तिम सस्कार किया और मोक्ष कल्याणक उत्सव मना कर अपने-अपने स्थान चले गये।

6. पूर्ववर्ती कवियों का प्रभाव

यश कीर्ति के चदप्पहचरिउ का उपजीव्य वीरनन्दि का चन्द्रप्रभ चरित रहा है। उत्तरपुराण के कथानक से जो साम्य और वैषम्य 'चन्द्रप्रभ चरितम्' मे देखा जाता है वही साम्य और वैषम्य चन्दप्पह चरिउ मे भी उपलब्ध है।

तीनो ग्रन्थो मे कथानक, भवसख्या, आयु, नाम और धर्म परिवार सख्या समान है। जो वैषम्य है वह अन्तर्कथाओ के कुछ सदर्भों मे। चन्द्रप्रभचरितम् के कथानक, नाम आदि मे तो कोई भेद नही, भेद है उत्तर पुराणगत नामो मे। इसे चन्द्रप्रभचरितम् के सपादकीय वक्तव्य मे श्री प अमृतलाल शास्त्री ने उल्लेख किया है। अत. मुझे यहां उसे दुहराने की आवश्यकता नही है।

वीरनन्दि ने अपने महाकाव्य की कथावस्तु को जिस प्रकार से विभाजित किया है उससे कही अधिक वैज्ञानिक दृष्टि यश कीर्ति की रही है जिसे हम इस प्रकार देख सकते हैं—

चन्द्रप्रभचरितम् (सस्कृत)	चन्दप्पहचरिउ (अपभ्र श)
सर्ग	संधि
1 पद्मनाभ का पट्टाभिषेक	1. पद्मनाभ का पट्टाभिषेक

2	श्रीधर से भवान्तर पूछना और श्रीपुर नगर वापिस आना	2	भवान्तर, श्रीषेण की पत्नी श्रीकान्ता को 'श्रीधर्म' नामक पुत्र की प्राप्ति, उसका प्रभावती से विवाह
3	भवान्तर कथन, पुत्र प्राप्ति न होने का कारण, पुत्र 'श्री वर्मा का उत्पन्न होना ।		
4	राजकुमार श्रीवर्मा के गुणो का वर्णन, विवाह, श्रीषेण का वैराग्य, श्रीप्रभ से जिनदीक्षा श्रीवर्मा की दिग्विजय यात्रा, वैराग्य, श्रीकान्त को राज्यभार, जिनदीक्षा, सौधर्म स्वर्ग मे गमन ।		श्रीषेण द्वारा श्रीधर्म का पट्टाभिषेक 3 श्रीषेण का वैराग्य, जिनदीक्षा, श्रीवर्मा की दिग्विजय यात्रा वैराग्य, जिनदीक्षा, सौधर्म स्वर्ग मे गमन ।
5	अलका देश का कौशल नगर, अजितसेन का हरण, तपोभूषण द्वारा सम्बोधन ।		अजितसेन का हरण, तपोभूषण द्वारा सम्बोधन ।
6	अजितसेम का हिरण्य देव के साथ युद्ध, महेन्द्र से युद्ध, जयवर्मा से मित्रता, धरणीध्वज से युद्ध शशिप्रभा (जयवर्मा की पुत्री) के साथ परिणय, स्वपुर प्रवेश	4	अजितसेम का हिरण्य के साथ युद्ध, शशिप्रभा के साथ सबन्ध, स्वपुर प्रवेश
7	अजितसेन का चक्रवर्ती होना, अजितजय का वैराग्य, जिनदीक्षा, अजितसेन की दिग्विजय यात्रा, स्वपुर प्रवेश, राज्योपभोग		अजितंजय का वैराग्य, अजितसेन का पट्टाभिषेक, अजितसेन द्वारा श्रावक व्रत ग्रहण (चद्रप्रभ चरितम् का 7 56 तक का विषय)
8	वसन्त वर्णन, वन विहार, जलकेलि	5	अजिनसेन द्वारा अनागार धर्म का परिपालन,
9	उपवन यात्रा, जलकेलि		अच्युत स्वर्ग मे गमन, (चद्रप्रभ चरितम् का 11 72 तक का विषय)
10	सायकाल वर्णन, रात्रि-क्रीडा वर्णन, शय्यात्याग		

11 अजितसेन का वैराग्य, जितशत्रु को राज्यभार समर्पण, जिनदीक्षा, अच्युत स्वर्ग गमन, वहा रत्नसञ्चयपुर मे कनकमाला के गर्भ से पद्मनाभ के रूप मे उत्पत्ति, गजप्रवेश, वन क्रीडा	6 पद्मनाभ का अच्युत स्वर्ग मे गमन
12 पद्मनाभ और पृथ्वीपाल के युद्ध की पृष्ठभूमि, मन्त्रियो के साथ चर्चा	
13 पृथ्वीपाल से पद्मनाभ के युद्ध का प्रसग, सेना प्रयाण, 'जलवाहिनी' नदी पर विश्राम	
14 सेना वर्णन, भटो के साथ सग्राम विमर्श	
15 पृथ्वीपाल के साथ युद्ध वर्णन, वैराग्य, जिनदीक्षा, अनुत्तर स्वर्ग गमन	7 तीर्थंकर का गर्भ कल्याणक महोत्सव
16 चन्द्रपुरी वर्णन, महासेन राजा और लक्ष्मण, महारानी के गर्भ मे चन्द्रप्रभ का प्रवेश	8 जन्म कल्याणक महोत्सव 9 दीक्षा कल्याणक महोत्सव
17 चन्द्रप्रभ का जन्माभिषेक, राज्यभार, धर्मरूचि से भेट, वैराग्य, जिनदीक्षा, कल्याण, कैवल्यलाभ, समवशरण वर्णन	10 केवलज्ञान कल्याणक महोत्सव
18. तीर्थंकर द्वारा धर्म-प्रवचन, सप्त तत्त्व विवेचन, अतिशय वर्णन, धर्म परिकर, सम्मेद शिखर से मुक्ति प्राप्ति	11 धर्म प्रवचन निर्वाण महोत्सव

सर्गों और सन्धियो की इस तुलना से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि यश - कीर्ति ने सन्धि विभाजन मे अपनी मौलिकता का प्रदर्शन किया है। महाकवि ने वीरनन्दि के समान श्रृङ्गारिक वर्णन अधिक न करके तीर्थंकर के चरित वर्णन पर अधिक ध्यान दिया है। यही कारण है कि वीरनन्दि ने जिस वर्णन मे लगभग दस सर्ग लगाये हैं वहाँ यश कीर्ति ने उसे दो सधियो मे ही समेट लिया है। इसी प्रकार

यश कीर्ति ने हर कल्याणक के लिए पृथक्-पृथक् सन्धि का नियोजन किया है जबकि वीरनन्दि ऐसा नही कर सके ।

इसके बावजूद, यश कीर्ति पर वीरनन्दि का निश्चित ही बहुत अधिक प्रभाव रहा है । लगता है, वीरनन्दि के चन्द्रप्रभचरितम् को सामने रखकर यश कीर्ति ने अपने ग्रन्थ की रचना की है । प्रकृति वर्णन, युद्ध व श्रागारिक वर्णन के प्रसग मे तो कही-कही यश कीर्ति ने भाव और भाषा, दोनो को वीरनन्दि से ग्रहण किया है ।

हम समूचे कथा भाग की तुलना सक्षेप मे इस प्रकार कर सकते हैं—

प्रथम सधि

	चन्दप्पहचरिउ	चन्द्रप्रभचरितम्
1		1 6
2–3	सज्जन-दुर्जन वर्णन	1 10 सज्जन-दुर्जन वर्णन कम है ।
4–6	मगलावती देश का वर्णन (कल्पनाए समान)	1 11–21
7–8	रत्नसचयपुर का वर्णन	1 22–28
9–10	कनकप्रभ राजा तथा कनक माला का वर्णन (गर्भावस्था का वर्णन अधिक है तथा पद्मनाभ का वर्णन कम है)	1 39,53–57
11	पद्मनाभ का वर्णन है ।	58–63 गर्भावस्था का वर्णन है ही नही ।
12	बैल को मरते देख कनकप्रभ को वैराग्योत्पत्ति	64–65 कनकप्रभ का वैराग्य
13–14	ससार की असारता	67–77 ससार चिन्तन
15–16	पद्मनाभ का राज्याभिषेक और कनकप्रभ का श्रीधर मुनि के पास जाकर दीक्षा लेना	78–85 एक जैसा

द्वितीय संधि

	वनपाल द्वारा श्रीधर मुनि के आगमन की सूचना । यहा मुनि-राज के गुणो की प्रशसा बहुत कम है ।	2 1–23 सूचना, मुनिराज की गुण वर्णन अधिक है ।

2	उद्यान की महिमा और श्रीधर मुनि को वहां बैठे देखना	2 23–36 उद्यान का सुन्दर वर्णन ।
3	पद्मनाभ द्वारा मुनि की स्तुति	2 37–43 कल्पनात्मक वर्णन
4–6	श्रावक व्रतो का वर्णन । यहा साम-यिकता अधिक है, दार्शनिकता कम है ।	2 44–110 आत्मा की अस्तित्व सिद्धि का दार्शनिक विवेचन
7	सुगन्धि देश का वर्णन	2 111–124 कल्पनात्मक वर्णन
8	उसमे श्रीपुर नगर का वर्णन	2 124–143 आलकारिक वर्णन
9	श्रीषेण राजा का वर्णन	3 1–13 श्रीषेण का वर्णन
10-11	श्रीषेण की राज्ञी श्रीकान्ता का सौन्दर्य वर्णन और उसकी खेद-खिन्नता का कारण	3 14–26 वही
12-13	सखि द्वारा स्पष्टीकरण और राजा द्वारा सान्त्वना	3 27–41 वही
14	उद्यान तथा वसत ऋतु का वर्णन तथा मुनिराज का आगमन	3 42–44
15	श्रीकाता का पूर्व जन्म वृत्तान्त	3 45–55
16	राजा को पुत्र-जन्म का ज्ञान और सागार धर्म का पालन । पच व्रतो मे कुछ विशेषता है ।	3 56–58
17	गुण व्रत-शिक्षा व्रत	इसने इनका वर्णन नही किया ।
18	श्रीकान्ता का गर्भाहरण	3 59–68 हाँ
19	श्रीधर्म नामक पुत्र का जन्म । प्रभावती के साथ उसका विवाह, फिर राज्याभिषेक	3 69–76 पुत्र का नाम श्रीवर्मा

तृतीय सधि

1	श्रीषेण की वैराग्योत्पत्ति	4 18–32
2–4	ससारी का वर्णन	
5	पुत्र की शिक्षा दीक्षा । इसमे गंभीरता नहीं ।	4 33–43 राजनीतिक शिक्षा । यहां गम्भीरता अधिक है ।
6–9	श्रीधर्म का राज्याभिषेक, दिग्विजय, मुक्ति	4 44–78 विषय वही

10	धातकी खण्डवर्ती अलका देश तथा उसकी कोशला नगरी का वर्णन	5,1–22 कल्पनाए अच्छी हैं। कुछ का उपयोग वदप्पह चरिउ मे भी हुआ है।
11	राजा अजितजय, रानी अजित-सेना तथा पुत्र अजितसेन का वर्णन	5 23–40
12	अजितसेन का राज्याभिषेक	5 41–49
13–14	पुत्र का अपहरण और राजा का विलाप	5 56 विलाप। यहा मार्मिकता अधिक है
15–16	तपोभूषण मुनि का आगमन और पुत्र के अपहरण की कथा का निर्देशन	5 57–91 वही

चतुर्थ सधि

1–21	अजितसेन का दिग्विजय वर्णन तथा श्रावक व्रत ग्रहण	सर्ग षष्ठ तथा सप्तम के 52 श्लोक तक का विषय

पचम सधि

1–16	अजितसेन का दिग्विजय प्रयाण, बसत ऋतु, कामकेलि, वैराग्य तथा स्वर्ग-गमन वर्णन। यहा आलकारिकता दृष्टव्य है।	यहा तक का विषय वर्णन 11 73 तक समाप्त

षष्ठ सधि

1-2	पद्मनाभ द्वारा गजराज को वश मे किया जाना, तथा पृथ्वीपाल के दूत का आगमन	11 74–92
3	दूत का कथन	12 2–25
4	स्वर्णनाभ युवराज का उत्तर, यहा व्यावहारिकता कम है।	12 26–54
5	पद्मनाभ का कथन	12 55–58

6–8	पुरुभूति और युवराज के तर्क। पृथ्वीपाल से युद्ध के संदर्भ में भवभूति का नाम नहीं। कथा प्रवाह अधिक है।	11 67–111 यहा नीति का वर्णन स्पष्टव्य है। तेरहवा सर्ग समाप्त।
10–11	रात की रगरेलियो का वर्णन	चौदहवां सर्ग समाप्त। यहा यह वर्णन नही है।
12–14	युद्ध वर्णन	
15	वैराग्य वर्णन	
18–25	क्रोध, मान, माया, लोभ तथा सोलह कारण भावना	यह वर्णन चन्द्रप्रभ मे नहीं। यहा पन्द्रहवा सर्ग समाप्त।
26	अनुत्तर बिमान गमन	

सप्तम संधि

1–2	पूर्व देश का वर्णन	16 1–10
3–4	चन्द्रपुरी नगरी का वर्णन	
5–6	महासेन का वर्णन	यहा दिग्विजय का वर्णन नही है।
7–8	लक्ष्मणा का वर्णन	
9–10	गर्भ पूर्व का वर्णन। यहाँ सुर-लोक के आनन्द का वर्णन अधिक है।	
11–17		सोलहवां सर्ग समाप्त

अष्टम संधि

1–24	सुमेरु पर्वत पर जाना तथा चन्द्र-पुरी नगरी मे अभिषेक कर वापिस आना, जन्म कल्याणक महोत्सव	17 1–44 पर समाप्त

नवम संधि

1–07	दीक्षा कल्याणक महोत्सव	इसका वर्णन नाम मात्र है,

दसवीं संधि

1–17 केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव सत्रहवां सर्ग समाप्त

ग्यारहवीं संधि

1–29 धर्म प्रवचन तथा निर्वाण महोत्सव अठारहवां सर्ग समाप्त

इस तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि यश कीर्ति ने कथा प्रवाह को द्रुतगति से बढ़ाया पर समयानुसार उसका निर्वाह भी अपनी प्रतिभा और क्षमता के आधार पर किया। जहां आवश्यक हुआ वहां उन्होने वीरनन्दि से भी अधिक विषय वस्तु का वर्णन किया है। इसमे कभी-कभी बडी सुन्दर कल्पनाए भी दिखाई दे जाती हैं। वसत वर्णन, सौन्दर्य वर्णन जैसे प्रसगो पर यश कीर्ति ने अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया है।

वीरनन्दि के अतिरिक्त महाकवि यश कीर्ति पर कुन्दकुन्दाचार्य, उमास्वामी, पूज्यपाद, अकलक, जिनसेन आदि जैनाचार्यों का तथा कालिदास, भारवि, माघ आदि जैनेतर कवियो का भी प्रभाव दिखाई देता है। पुर प्रवेश तथा सेना-प्रयाण वर्णन मे काम क्रीडा का प्रसग कालिदास, माघ आदि महाकवियो की वर्णन-परम्परा का स्मरण करा देता है। यहा इतना अवश्य दृष्टव्य है कि यश कीर्ति ने अपनी प्रतिभा समय और शक्ति को श्रृङ्गारिक वर्णन मे न लगाकर सभी रसो का समान रूप से प्रयोग किया है। जैन धर्म का विवेचन करते समय भी उन्होंने जैन दर्शन की गम्भीरता को प्रकट न कर सीधा-साधा वर्णन किया है। उदाहरणार्थ वीरनन्दि ने द्वितीय सर्ग मे आत्मा और परमात्मा का दर्शनिक विवेचन किया पर यश कीर्ति ने उसके स्थान पर श्रावक व्रतो को प्रस्तुत किया है। ऐसे प्रसगो मे भाषा भी बोझिल नहीं हुई है।

7 चंदप्पहचरिउ का महाकाव्यत्व

काव्य कवि की अन्तश्चेतना का निष्यन्द है। वह अनुभूति के खरल मे घिसकर शब्दो के माध्यम से रसात्मकता के साथ अभिव्यक्त होता है। यह अभिव्यक्ति चाहे गद्य मे हो या पद्य मे, सर्वत्र कवि का जीवन दर्शन तथा दृष्टि उसमे प्रतिबिम्बित होती रहती है। पद्य विधा मे यह प्रतिबिम्बन महाकाव्य, खण्डकाव्य तथा मुक्तक काव्य के रूप मे होती है। महाकाव्य को ही प्रबन्ध काव्य कहा जाता है जिसमे

पुराण और चरित, दोनो प्रकार की धाराए मिलती है इनमे अन्तर यह है कि प्रबध मे अलौकिकता, आवान्तर कथानको तथा पौराणिक रूढियो को जो विस्तार दिया जाता है वह चरित काव्यो मे नही मिलती। चरित काव्यो में तो सक्षिप्त शैली का उपयोग अधिक होता है। कडवको की सख्या भी अपेक्षाकृत कम रहा करती है। लोक तत्त्वो का विशेष उपयोग भी इसमे किया जाता है। धार्मिक, साम्प्रदायिक तथा उपदेशात्मक दृष्टिकोण इन कथा काव्यो की भूमिका मे मुख्य रहता है।

कवि इन काव्यो मे धार्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक तत्त्वो का आलेखन करता है। साथ ही काव्यात्मक रूढ़ियो का भी परिपालन करता चलता है। जहा देश नगर, हाट के वर्णन मे कवि आत्मविभोर हो जाता है वही स्वयवर और काम-केलि, मे वह रसासक्त हृदय को उडेल देता है। युद्ध के वर्णन मे सम्भावित-असभावित तत्त्वो को दर किनारे रखकर नायक की वीरता की चरमोत्कर्षता को कवि अपने काव्य मे पहुचा देता है। पारिवारिक जीवन मे मान्य सामाजिक उत्सवो को भी वह पर्याप्त स्थान देता चलता है। इन सारे प्रसगो मे आठो-नवो रस यथा-स्थान प्रवाहित होते हुए दिखाई देते रहते हैं। पारम्परिक और नये उपमानो के साथ रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलकारो का प्रयोग भी साथ-साथ चलता रहता है।

यश कीर्ति का चदप्पहचरिउ इन सारी दृष्टियो से एक रसात्मक सुन्दर काव्य सिद्ध होता है। कवि की दृष्टि यद्यपि अपने आराध्य तीर्थंकर चन्द्रप्रभ के चरित को उद्घाटित करने की रही है पर उसने आनुषगिक रूप से जीवन के मर्म को समझाते हुए जैनधर्म के प्रमुख सिद्धान्तो को प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया है। जिन्दगी के मर्म स्थलो को भावुकता से सहलाते हुए कथानायक के जीवन प्रसगो को उपस्थित करता चला जाता है। कथा को अनावश्यक विस्तार देने मे भी वह विश्वास नही करता।

यश कीर्ति ने स्वय को हर पुष्पिका वाक्य मे 'महाकवि' कहा है। इस कथन से सम्भवत कवि का यही भाव रहा होगा कि उसके काव्य को महाकाव्य कहा जाना चाहिए। ग्रन्थ के अन्तरावलोकन से उनका कथन प्रमाणित हो जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ मे महाकाव्य के प्रायः सभी लक्षण मिल जाते हैं। चौदहवी शती के आचार्य विश्वनाथ के समय तक महाकाव्य की परिभाषा लगभग स्थिर हो चुकी थी। उन्होने साहित्य दर्पण में महाकाव्य का निम्नलिखित स्वरूप बताया है—

जो सर्गबद्ध हो वह महाकाव्य है। उस काव्य का नायक देवता होना चाहिए अथवा अच्छे वश का क्षत्रिय, जिसमें धीरोदात्त आदि गुण हो अथवा वश मे उत्पन्न अनेक राजा भी उस काव्य के नायक हो सकते हैं। ऐसे महाकाव्य मे शृङ्गार, वीर,

और शान्त रस मे से एक रस प्रधान होता है तथा अन्य रस गौण रूप से वर्णित होते है। उसमे नाटक की समस्त सधिया होती है। महाकाव्य की कथा किसी ऐसे महान् व्यक्ति पर आश्रित होती है जो लोक प्रसिद्ध अथवा इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति हो। धर्म, अर्थ, नमस्कारादि आशीर्वचन, या वस्तु का निर्देश होता है। महाकाव्य मे कही-कही खलो की निन्दा और सज्जनो के गुणो की प्रशसा रहती है। एक सर्ग मे एक ही वृत्त की प्रधानता रहती है। परन्तु सर्ग के अन्त मे वृत्त भिन्न हो जाता है। सर्ग न बहुत छोटे और न बहुत लम्बे हो। उनकी सख्या आठ से अधिक होती है। सर्ग के अन्त मे आगामी कथा का सकेत मिलना चाहिए। उसमे सन्ध्या, सूर्य, रजनी चन्द्र, प्रदोष, अन्धकार, दिन, प्रात काल, मध्यान्ह, मृगया, शैल, ऋतु, वन, सागर, सभोग, विप्रलम्भ, मुनि, स्वर्ग, यज्ञ, युद्ध, यात्रा, विवाह, मन्त्र, पुत्र, और अम्युदय आदि का सागोपांग वर्णन होता है। इस प्रकार के प्रबन्ध काव्य का नाम कवि, चरित अथवा चरित नायक के नाम पर आधारित होता है। कही-कही इससे भिन्न नाम भी हो सकता है। सर्गों का नाम कथा पर आश्रित होना चहिए।[1]

महाकाव्य की उपर्युक्त परिभाषा 'चन्दप्पहचरिउ' पर पूर्णत घटित होती है। यह एक नायक प्रधान, सर्गबद्ध, शान्त रस प्रधान, ग्यारह सधियो (सर्गों) मे निबद्ध, प्रकृति आदि के वर्णन से सयोजित, चरित नायक पर आधारित महाकाव्य है। तीर्थंकर चन्द्रप्रभ के चरित का वर्णन करना ही महाकवि का मुख्य अभिधेय रहा है।

इसमे चन्द्रप्रभ तीर्थंकर के परम्परागत सात भवो का वर्णन किया गया है– 1 श्रीधर्म (श्रीवर्मा), 2 श्रीधर देव, 3 अजितसेन, 4 अच्युतेन्द्र, 5 पद्मनाभ, 6 वैजयन्तेश्वर, और 7 चन्द्रप्रभ। इस प्रसग मे धातकीखण्ड आदि द्वीपो, तथा मगलावती, रत्नसजयपुर, कोशल आदि नगरो का वर्णन किया गया है। चन्द्रप्रभ को नायक बनाकर उनके चरम उत्कर्ष को उनके जन्म मे बताया गया है चन्द्रप्रभ की जन्म-जन्मान्तर की पत्नियो—सुवर्णमाला, श्रीकान्ता, अजितसेन आदि को नायिकाओ के रूप मे प्रस्तुत किया गया है।

1 अलकार, रस और छन्द योजना—चदप्पहचरिउ रस सिद्ध काव्य है। इसमे ऋतुओ मे विशेष रूप से वसन्त ऋतु का वर्णन किया गया है। अजितसेन की क्रीडा के वर्णन-प्रसग मे ऋतुओ का विशेष आधार लिया गया है इन्ही प्रसगो मे श्रृङ्गार रस का भी अच्छा प्रयोग हुआ है। श्रीवर्मा और अजितसेन की दिग्विजय

---

1 साहित्य दर्पण, विश्वनाथकृत

यात्राओं तथा, महेन्द्र, पृथ्वीपाल आदि राजाओ के साथ उनके युद्ध प्रसगो पर वीररस का सुन्दर प्रयोग हुआ है । ससार चिन्तन और जीवादि तत्त्वो के विवेचन के सदर्भ मे शान्तरस का आधार लिया गया है । प्रस्तुत कृति का यही मुख्य रस है अजितजय का पुत्र शोक करुणरस के लिए तथा चन्द्रप्रभ की बाल लीला वात्सल्य रस के लिए उद्धृत की जा सकती है ।

अलकारो में शब्द और अर्थ, दोनो प्रकार के अलकारों का उपयोग किया गया है । शब्दालकारो मे अनुप्रास और यमक तथा अर्थालकारों मे उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान, अपह्नुति, श्लेष, अप्रस्तुत प्रशसा, विशेषोक्ति, अर्थान्तरन्यास, ससृष्टि, सकर, समासोक्ति, दृष्टान्त आदि अलकारो का सुन्दर सयोजन हुआ है ।

छन्द-योजना की दृष्टि से यह ग्रन्थ वैविध्य लिये हुए अधिक नही है । फिर भी उसका सयोजन मनोहारी हुआ है मात्रिक समवृत्तो मे पद्धडिया, अडिल्लह, त्रोटनक और पादाकुलिक, वर्णिक समवृत्तो मे त्रिपदी, मात्रिक, विषम वृत्तो मे गाथा, दोहउ, तथा ध्रुवक और घत्ता का प्रयोग विशेष रूप से किया गया है कवि ने इन वृत्तो का प्रयोग विषय और सदर्भ के अनुकूल किया है । माधुर्य, प्रसाद और ओज गुणो का भी मणि-काञ्चन सयोग हुआ है ।

चन्दप्पहचरिउ मे ग्यारह सन्धिया है जिनमे कुल पद्य और उनकी श्लोक सख्या (ग्रन्थ सख्या) इस प्रकार है—

सन्धि	पद्य (कडवक)	श्लोक (ग्रन्थ) सख्या
प्रथम	16	162
द्वितीय	19	193
तृतीय	16	165
चतुर्थ	21	214
पचम	16	173
षष्ठ	26	248
सप्तम	17	160
अष्टम	24	264
नवम	24	234
दशम	17	192
एकादशम्	29	300
कुल	225	2305

सन्धि की रचना कडवक छन्दो से होती है और कडवक छन्दों का समुदाय होता है। इन छन्दो मे प्रमुख छन्द चार हैं—पद्धडिका, अडिल्ल, वदनक और पारणक। हर सन्धि घत्ता से समाप्त होती है जिसे धुवा, धुवक या छड्डणिया भी कहा जाता है। यह घत्ता षट्पदी, चतुष्पदी या द्विपदी होता है। इसके भी अनेक भेद-प्रभेद होते है। घत्ता की अन्तिम मात्रा ह्रस्व हो या दीर्घ, इसका कोई निश्चित नियम नही है। कडवक मे कुल आठ यमक या सोलह पक्तियो का होना आवश्यक माना जाता है पर उत्तरकाल मे यह नियम शिथिल होता हुआ दिखाई देता है। यश कीर्ति के चन्दप्पहचरिउ मे भी इस नियम का पालन नही हुआ। सन्धि के प्रारभ मे आने वाले छन्दो को धुवक कहा जाता है। चन्दप्पहचरिउ मे भी ऐसे धुवक मिलते है परन्तु उस परिमाण मे नही जिस परिमाण मे पुष्पदन्त ने दिये है।

9 धार्मिक और सामाजिक संदर्भ

इन सन्धियो मे परम्परानुसार राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक विवेचन यथास्थान किया गया है। दो सस्थानो पर ग्र म वर्णन भी मिलता है। जैन धर्म के विवेचन की दृष्टि से तो यह ग्रन्थ एक अच्छा सग्रह ग्रन्थ है। गुणव्रतो के प्रसग मे कवि ने दिक्परिमाण, भोगोपभोगपरिमाण और अनर्थदण्ड व्रतो का उल्लेख कर आचार्य कु दकु द का अनुकरण किया है। कु दकु द द्वारा ही मान्य शिक्षा-व्रतो मे सामायिक, प्रोषधोपवास और सल्लेखना को तो स्वीकार किया है पर सोमदेव का अनुकरण यश कीर्ति ने अतिथि सविभाग के स्थान पर दान को रख कर किया है (2 6)। अष्टमूल गुणो का उल्लेख अवश्य आया है पर उनको गिनाया नही गया है। उत्तर गुणो अथवा शीलव्रतो के रूप मे इन व्रतो का विभाजन किया गया है। मुनि आचार का भी सक्षिप्त वर्णन मिलता है। इन सारे सदर्भों मे मुझे कोई विशेषता नही दिखी, इसलिए हम उसका पृथक् विवरण नही दे रहे है।

10 भाषा और व्याकरण

चदप्पहचरिउ अपभ्र श का काव्य ग्रन्थ है। अपभ्र श पद भ्रष्ट अर्थात् बिगडे शब्दो का प्रतीक है। ये ऐसे विकृत शब्द होते थे जो लोक भाषा मे प्रचलित थे और जिन्हे शिष्ट प्रयोग की सफल श्रेणी मे नही गिना जाता था। ये शब्द सस्कृत व्याकरण से भ्रष्ट और देशज रहते थे। अपभ्र श शब्द का सर्व प्रथम प्रयोग यद्यपि भर्तृहरि के अनुसार व्याडि ने किया है पर उनका ग्रन्थ उपलब्ध नही होता। उपलब्ध ग्रन्थकारो मे पतजलि (150 A-D) का नामोल्लेख किया जा सकता है जिन्होने महाभाष्य मे इस शब्द को अपभ्रष्ट के अर्थ मे प्रयुक्त किया है और साथ ही

संस्कृत गौ शब्द के अपभ्रष्ट रूप गावी, गोणी, गोता आदि दिये हैं। भरत (ईसा की तृतीय शताब्दी) ने प्राकृत को जाति भाषा मानकर उसे समान शब्द, विभ्रष्ट और देशीगत के रूप मे विभक्त किया है। इसी प्रसंग मे उन्होने सस्कृत को आर्य भाषा माना है जो व्याकरण से परिष्कृत है। जाति भाषा का तात्पर्य उनकी दृष्टि मे ऐसी भाषा से है जो सर्व साधारण जन समाज मे प्रचलित थी और जिसका कोई व्याकरण नही था। भरत ने ऐसी भाषा को उकार बहुला कहा है जो पश्चिम मे प्रचलित थी। और इसी तरह एकार वाली भाषा पूर्व मे प्रयुक्त होती थी। इसके बाद भामह (ई की छठी शती) ने अपभ्र श को सस्कृत और प्राकृत के साथ पृथक् रूप मे गिनाया और दण्डी ने इन तीनो मे मिश्र भेद को और जोड दिया। राजशेखर ने तो अपभ्र श के कुछ नियम भी बना दिये। उनके अनुसार परिचारको को अपभ्र श ही बोलना चाहिए। उन्होंने यह भी लिखा कि मरुभूमि, राजपूताना और पजाब के कवि अपभ्र श का विशेष प्रयोग करते हैं जिसमे टकार, ककार और भकार अधिक होता है। इसी तरह अन्य आलकारिको और वैयाकरणों ने अपभ्र श को समुचित स्थान दिया है। नाटकों मे तो उसका प्रयोग बहुलता से हुआ ही है। दण्डी ने उसे आभीरी भी कहा है। नमिसाधु ने भी उसका समर्थन किया है। यहा आभीरी का तात्पर्य ग्राम्य भाषा से है।

अपभ्र श भाषा-विकास की कथा को द्योतित करती है। वह मध्यकालीन प्राकृत की अन्तिम अवस्था है। बुद्ध और महावीर ने प्राकृत मे ही अपना उपदेश दिया। उन्होंने उसे सस्कृत मे अनुदित करने की अनुमति नही दी। इसका स्पष्ट तात्पर्य यह है कि प्राकृत एक समृद्ध जनभाषा के रूप मे उस समय प्रचलित थी। इसी भाषा का उत्तरकालीन विकसित रूप अशोक के उत्तर-पश्चिम, गिरनार,, गगा यमुना तथा महानदी के बीचवर्ती प्रदेश और दक्षिण मे प्राप्त अभिलेखो मे पाया जाता है। निय प्राकृत का भी उल्लेख इस सदर्भ मे किया जाना आवश्यक है जिसमे खरोष्ठी लिपि मे लिखित धम्मपद उपलब्ध हुआ है। इन भाषाओ से इतना तो स्पष्ट ही है कि प्राकृत एक जाति भाषा के रूप मे समग्र देश मे फैली हुई थी। सस्कृत तो एक विशिष्ट वर्ग की भाषा थी जिसे कवियो और साहित्यकारो ने सवारा था। बुद्ध और महावीर ही प्रथम महापुरुष हुए हैं जिन्होने सर्वप्रथम जनबोली को अपनाया। इसका जनरूप वेदो मे भी खोजा जा सकता है।

अपभ्र श को साधारणत तीन भेदो मे विभक्त किया जाता है–1 पूर्वी अपभ्र श अथवा मागधी अपभ्र श जिससे प वगला, उडिया, भोजपुरी मैथिली आदि भाषाए निकली हैं। 2 दक्षिणी अपभ्र श, और 3. पश्चिमी अपभ्र श जिसे नागर अपभ्र श भी कहा जाता है। वैसे तो अपभ्र श के सैकडो भेद हो सकते है पर मूलत. तीन भेद

ही माने गये हैं—नागर, ब्राचड और उपनागर। नागर (शौरसेनी) अपभ्रंश से ही राजस्थानी, और गुजराती भाषाओं का जन्म हुआ है। इसी तरह अन्य भेदों के विषय मे कहा जाये तो यह भाषा वैज्ञानिक तथ्य स्पष्ट हो जायेगा कि महाराष्ट्री अपभ्रंश से मराठी, मागधी से बगला, बिहारी, आसामी, उड़िया और ब्राचड सेसिन्धी का जन्म हुआ है। उनमे नागर अपभ्रंश मे अधिक साहित्य लिखा जाता रहा है। चद-प्पहचरिउ भी इसी मे लिखा गया है। पूर्वी-पश्चिमी हिन्दी के भेदो के आधार पर भी इस तथ्य की पुष्टि हो जाती है।

अपभ्रंश मे स्वर और व्यञ्जन के सदर्भ मे निम्नलिखित प्रमुख विशेषताए दृष्टव्य हैं—

1 ह्रस्व ए और ह्रस्व ओ स्वर की वृद्धि।
2 ह्रस्व वर्णों का प्रचुर प्रयोग है। अन्त्य स्वर भी ह्रस्व हो जाते हैं।
3 यश्रुति का प्रयोग अधिक है।
4 प्राकृत की सामान्य प्रवृत्तिया स्थिर रही।
5 य के स्थान पर ज का प्रचुर प्रयोग
6 ञ का अभाव

7 दन्त्य न का प्राय अभाव है। उसके स्थान पर ण हो जाता है विशेषत उत्तर-पश्चिमी और प्राच्य क्षेत्र मे प्राय न और ण दोनो हैं।

8 प्राच्य प्रदेश मे व को ब उच्चारण करने की प्रवृत्ति अधिक है। इसके विपरीत पश्चिम मे वकार बहुलता है।

चदप्पहचरिउ वस्तुत भाषा की दृष्टि से भी एक उच्चकोटि का अपभ्रंश काव्य ग्रन्थ सिद्ध होता है। भाषिक अध्ययन करने पर इसमे प्रयुक्त भाषा और उसका व्याकरण सक्षेप मे इस प्रकार है—

प्रयुक्त स्वर—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ,
अनुस्वार एव ँ अनुनासिक।
प्रयुक्त व्यञ्जन—क्, ख्, ग्, घ्
च्, छ्, ज्, झ्,
ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्,
त्, थ्, द्, ध्, न्
प्, फ्, ब्, भ्, म्
य्, व्, र्, ल्, स्, ह

भाषा विज्ञान की दृष्टि से इन्हे हम इस प्रकार विभाजित कर सकते हैं—

(1) खण्डात्मक स्वनिम

(i) स्वर

1 जिह्वावा का व्यवहृत भाग—

(i) अग्र स्वर—इ, ई, ए
(ii) पश्च स्वर—आ, उ, ऊ, ओ
(iii) मध्य स्वर—अ

2 जिह्वावा के व्यवहृट भाग की ऊचाई—

(i) सवृत—इ, ई, उ, ऊ
(ii) अर्ध सवृत—ए, ओ
(iii) अर्ध विवृत—अ
(iv) विवृत आ

3 ओष्ठ की स्थिति—

(i) वर्तुलित—ओ, ऊ,
(ii) अवर्तुलित—इ, ई, ए

मात्राकाल और कोमल तालु की दृष्टि से चदप्पहचरिउ के स्वरो को तीन भागो मे विभाजित किया जा सकता है—

मूल स्वर—(i) ह्रस्व–अ, इ, उ, ह्रस्व ए और ह्रस्व ओ
(ii) दीर्घ–आ, ई, ऊ, ए, ओ
(iii) सयुक्त स्वर–अइ, अउ, एइ, एउ
(iv) अनुनासिक स्वर–अनुनासिकता प्राय सभी स्वरो के साथ उपलब्ध है।

इन स्वरो के लघुतम युग्म शब्द की प्रत्येक स्थिति मे मिल जाते हैं। इनके उपस्वनिम भी खोजे जा सकते हैं। इनमे बलाघात शून्य स्वर को ह्रस्व करने की विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है। इसलिए अन्त्य स्वर ह्रस्व हो जाते हैं।

स्वर विकार

1 अ > इ = कारणि, उप्पत्ति
अ > उ = परिमलु, सम्मुहु
अ > ए = बेल्लि

2 आ > अ = कता, तह, चमर, अप्प, अम्ब
आ > उ = विणु, पुणु, णरवरु
आ > ऊ = विणू
आ > ओ = तहो

3 इ > अ = सिरस
इ > उ = उच्छु
इ > ए = जे, ते

4 ई > आ = आरिस
ई > इ = कित्ति, नइ, रयणि

5 उ > अ = मउड
उ > इ = पुरिस
उ > ई = धीय
उ > ओ = पोग्गल

5 ऊ > उ = पुव्व, मुहुत्त, बहु
ऊ > ए = नेउर
ऊ > ओ = थोर

6 ऋ > अ = पमरिय
ऋ > इ = अमिय, किमि
ऋ > उ – पुहवि
ऋ > ए – गेह
ऋ > रि – रिद्धि
ऋ > अरि – उब्भरिय

7 ए > इ – पचेंदिय

8 ऐ > ए – केलास
ए > अइ – दइव

9 औ > उ – अण्णुण्ण
औ > ए – करेमि

10 ओ > औ – जोव्वणु

11 ह्रस्व स्वर की दीर्घीकरण प्रवृत्ति—सिही, सीस

12 दीर्घ स्वर का ह्रस्वीकरण—अच्छेरअ, परिक्खा, रज्ज

13 ह्रस्व स्वर का अनुस्वारत्व—दसण, असु

14 स्वर लोप

(i) आदि स्वरलोप—हउ हेट्ठिल

(ii) मध्य स्वरलोप—उदिट्ठ

(iii) अन्त्य स्वरलोप—सहावें

15 आदि स्वरागम—इत्थि

16 स्वर भक्ति—आयरिय, किलेस

17 स्वर व्यत्यय—अच्छरिय, वभचरिय

18 स्वरगम—इच्छु/उच्छु, पेक्खिवि, मेल्लिवि ।

संयुक्त स्वर

(i) (अइ) दइअ, अइस

(ii) (अउ) पउर

(iii) (एइ) देइ, लेइ

(iv) (एउ) नेउर

अनुनासिक स्वर

(अँ) भउहँ

(इँ) तहिँ, तुम्हहिँ, सइँ

(उँ) सपत्तउँ, चउहुँ

अनुस्वार स्वर—अनुस्वार के पूर्ववर्ती स्वर प्राय अनुनासिक होते हैं । वर्ग के सभी अन्तिम वर्ण अनुस्वार मे परिवर्तित हो गये । अनुस्वार कही कही बहुवचन का भी द्योतक है । निरनुनासिकता की प्रवृत्ति भी द्रष्टव्य है—जैसे–तीसा, सीह ।

(अ) पयगु, जहु

(इ) तहि, एहि, भणइ

(उ) तणउ, मुहु

स्वर लोप

आदि स्वर लोप—हउ, वलग्ग

मध्य स्वर लोप—पडिलिउ

अन्त्य स्वर लोप—एउ

स्वराघात—गइ, कित्ति, विश्रास । अन्त्याक्षरो पर प्राय बलाघात नहीं रहता ।

व्यञ्जन परिवर्तन और विकार—यश्रुति का प्रयोग विशेष हुआ है । पर व श्रुति का अधिक प्रयोग नही हुआ ।

क > य = लोय, मयरद, अणेय

ख > ह = पमुह, सुह-दुह, साहा

ग > य = कालायरु, सायार, अणुराय

घ > ह = मेह

च > य = वयणाइ, च > अ = लोअण

छ > ञ – अपभ्रंश मे इसका अभाव है ।

ज > य = तेयमडलि

7 ट > ड = कोडि, फाडु, अडविहि, सुहड

8 ठ > ढ = मढ, कीढ

ड > ल = कील

ण – णकार प्रवृत्ति अधिक है ।

9 त > य = निग्गय, इयर, मीलिय, अमय

त > ड = पडिहारु

10 थ > ह = तह, मिहुण, थ > ढ = पढम, थ > ठ = मठिहु

11 द > य = केयार, द > उ = पउमनाहु

12 ध > ह = निहाण, सिरिहरु

13 न > ण = वणवालहो, आणद । यह प्रवृत्ति अधिक है ।

14 प > व = उवरि, तव, रूव, दीव

15 फ > व = गुह

16 भ > ह = चदप्पहु

17 म > व = सवण

य > ज = जस, सजोयवि, जोइ

य > इ = अक्खइ, कोइल

19 र > ड = ढ आविउ

र > •लोप = पउ (प्रिय)

20 व > उ = देउ, भाउ

व > अ = तिहुअण

व > य = तिहुयण

व > म = एमइँ

21 ष > छ = छग्गुण

22 श > ह = दह, श > स = दस

23 पुरोगामी समीकरण—कम्म, धम्म

24 पश्चगामी समीकरण—अग्गि, जोग्ग

संयुक्त व्यञ्जन-परिवर्तन

क्त् > त् = मुत्ता, क्त > त्त = रत्तउ
क्ष् > क्ख् = रक्खरा, उक्खित्त
क्ष् > ख्=खतव्वु, खणि, खरीवहि
ज्ञ् > न्=नाणावरण, ज्ञ=ण्ण = विण्णाण
त्य् > च्च् = सच्च
त्स् > च्छ् = वच्छ, उच्छाह
द्य > ज्ज = उज्जोय
ध्य्, ध्व् > ज्झ = मज्झाण
द्र > द् = समतभद्द
[illegible] ट्ठ = दिट्ठ
ष्ठ > ट्ठ = परमेट्ठिए
ष्ण > ण्ह = उण्ह, ष्ण > ण्ह=तन्हा
ष्क > क्ख = पुक्खरद्ध
स्व > स = सहाव
श्री > सिरि = सिरिफल
स्म > म=विभिय
स्त > थ = थम

(2) अधिखण्डात्मक स्वनिम–इसके अन्तर्गत अनुनासिकता, विवृति, सुरलहर, तथा बलाघात आते हैं। चदप्पहचरिउ मे इनमे प्रथम दो के उदाहरण खोजे जा सकते है।

कारक रूप

संज्ञाएं—चदप्पहचरिउ के संज्ञा कारक रूपों का अध्ययन करने पर निम्न-लिखित प्रत्ययो का पता चलता है इनमे मुख्यत प्रथमा, षष्ठी और सप्तमी विभक्तिया शेष रह गई। उकार बहुला प्रकृति है। निर्विभक्तिक पुल्लिग अकारान्त प्रयोग अधिक मिलते हैं।

	एकवचन	बहुवचन
1	उ, ओ (कम मिलता है)	०
2	उ, ०	०
3	ए, एँ, ण	हिं

4 सु, स्सु हो ०	हुं
5 हु, हे	हुँ
6 सु, स्सु, हो	ह
7 इ, ए	हिं

पुल्लिग इकारान्त तथा उकारान्त आदि और स्त्रीलिंग के इकारान्त, उकारान्त आदि के रूप-प्रत्यय कुछ परिवर्तनों के साथ इसी प्रकार लगाये गये हैं।

सर्वनाम

एकवचन	बहुवचन
1 हु,ऊँ, तुम, सो, इहु	जे, मे
2 मइँ, त, तुम, मम	जाइँ, ताइँ, अम्हे
3 मइँ, तेरा, जेरा	अम्हारिहिं, अम्हेहि
5 मइ, ममाहि	अम्हाहितो
6 मज्झु, मम, मोर, तोर तव, तहो, जासु, मम	तुम्हहँ, अम्हहँ, अम्हारा तारा, जारा
7 अम्हम्मि, मए	अम्हासु, ममेसु
8 सबोधन-तुम	

विशेषरा और अव्यय—

1 (i) परिमाणवाचक विशेषरा—जोवडु, तेवडु, केवडु, एवडु
 (ii) गुणवाचक विशेषरा—एहड, जेहड, अम्हारिस, तेहु, एहु, जेहु
 (iii) रीतिवाचक—जेम, केम, जिह, किह

2, अव्यय–(i) स्थानवाचक—एत्थु, जेत्थु, तेत्थु, केत्थु, इह, कह, कहिं, एत्तहिं,
 (ii) समयवचक—जा, जाम, ताम, जाव, ताव,
 (iii) रीतिवाचक—अह, जह, किह, जेम, तेम
 (iv) सबंधवाचक—सहुँ

संख्या वाचक शब्द—

एक्कु, दो, विण्णि, तिउ, तिण्णि चउ, पच, छ, सत्त, अट्ठ, नव, दस, दह, एयारेह, बारह, तेरह, चउदस, पण्णारह, सोलह, सत्तारह, अट्ठारह, वीस, बावीस, पणवीस, अडवीम, तीस, तेतीस, पचास, सउसठ्ठ, बाहत्तरि, पचासी, सय, सहस, लक्ख, कोडि, कोडाकोडि।

संख्या वाचक विशेषण

पढमु, बीयउ, बीऊ, तइउ, चउत्थो, पचमो, छट्ठो, छहो, सत्तमो, अट्ठमो, नवमो, दसमो, दहमो, एयारहमो ।

तद्धितप्रत्यय—अल्ल, आल, आवण, इक्क, इण, इल, उल्ल, एर,

क्रिया रूप

क्रिया रूपो मे वर्तमान और भविष्य वाचक रूप अधिक मिलते हैं । भूतकाल का काम प्राय कृदन्त शब्दो से निकाला गया है । आत्मनेपद और परस्मैपद का भेद भी यहा समाप्त हो गया है । आज्ञार्थक और विध्यर्थक रूप समान हैं । कर्मणि-प्रयोग के रूप भी मिलते है । धातुओ मे अधिक वैविध्य दिखाई नही देता ।

कृदन्त

(i) वर्तमान कृदन्त अंत और माण प्रत्यय जोडकर बनाये गये हैं—जाणंत, पइसत; वट्टमाण, सोहमाण । (ii) भूतकृदन्त मे अ (हुअ, गअ), इअ इउ (मक्खिअ, दिट्ठउ,) तथा इय (कहिय, छडिड्य) प्रत्यय लगते है । (iii) सम्बन्धक कृदन्त–इ (लहि), इउ–(करिउ), इवि (करिवि, पेक्खिवि), ऊण (णमिऊण, मुत्तूण), प्पिणु (करेप्पिणु, मरेप्पिणु), विणु (देविणु) ।

(iv) हेत्वर्थ कृदन्त—गतु, गतूण

(v) विध्यर्थ कृदन्त—करिव्वउ, सहेव्वउं,

आधुनिक भाषाविज्ञान की शेष प्रणालियो के आधार पर भी चंदप्पहचरिउ का भाषिक अध्ययन किया जा सकता है । शब्दसाधक प्रणाली मे पूर्व प्रत्यय, पर प्रत्यय, समास और पुनरुक्ति तथा रूपसाधक प्रणाली मे सज्ञा, विशेषण, लिंगविधान, सर्वनाम, क्रिया, सयुक्तकाल, अव्यय आदि पर विचार किया जाता है । इसी प्रकार रूप स्वनिमिकी और वाक्य विन्यास पर भी चर्चा की जाती है । विस्तार भय से इसे हम फिलहाल यहा छोड दे रहे है ।

पीछे हमने अपभ्र श के भेदो का उल्लेख किया है । उनकी कतिपय विशेषताए चदप्पहचरिउ की भाषा को समझने के लिए यहा उल्लेखनीय हैं । अपभ्र श के भेद क्षेत्रीय आधार पर किये गये हैं । इसलिए विद्वानो ने दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी ये तीन भेद किये हैं । तगारे के अनुसार ये विशेषताए इस प्रकार हो सकती हैं ।[1]

(1) दक्षिणी अपभ्रंश की सामान्य विशेषताए

1. यहा ष का छ होता है जबकि अन्यत्र-क्ख या-ख होता है ।

2 यहा अकारान्त पु तृ एकवचन मे एण मिलता है जबकि अन्य त्र यह रूप एकारान्त है।

3 उ पु एक. मे यहा-मि जबकि अन्यत्र-उँ आता है।

4 अन्य ब –न्ति परक होता है जबकि अन्यत्र हिं-परक होता है।

5 साम भवि क्रियापद–स-परक होता है जबकि अन्यत्र-ह-परक, जैसे करिसइ-करिहइ।

(2) पूर्वी अपभ्र श की सामान्य विशेषताए —

(i) क्ष > ख–क्ख = खण, अक्खर

(ii) त्व > तु–त्त = तुहु, तत्त

(iii) द्व > दु = दुआर

(iv) ष, स > श

(v) आदि मे महाप्राण ध्वनिया नही आती।

(vi) निर्विभक्ति सज्ञा पदो का प्रयोग

(3) पश्चिमी अपभ्र श की सामान्य विशेषताए —

1 -हि तथा–हिं दोनो प्रत्यय मिलते हैं।

2 ण और न दोनो मिलते है। पर शब्द के प्रारम्भ मे प्राय ण स्वीकार किया गया है।

3 व और ब की अदला-बदली।

4 अन्त्य स्वर का ह्रस्वीकरण

5 आदि-अनादि स्पर्श व्यजनो का महाप्राण हो जाना।

6 य का ज।

7 स का शेष रहना।

8 मध्यवर्ती क, ग, त, द, च, ज का लोप और ख घ फ भ का प्राय ह हो जाना।

9 म का व मे परिवर्तन।

10 नपु सक लिग की प्राय समाप्ति।

11 कारक विभक्तियो के तीन समूह—(i) प्रथमा, द्वितिया, सम्बोधन, (ii) तृतिया, सप्तमी, और (iii) चतुर्थी, पचमी और षष्ठी।

12 लट् लकार के रूपो मे घिसाव, करउँ, करहु, जैसे रूपो का प्रयोग-बाहुल्य।

13 लोट् लकार मे अ, इ, उकारान्त रूपो का प्रयोग। जैसे कर करि करु।

14 लृट् मे -स-ह-रूप। जैसे करिसइ, करिहइ।

---

1 Historical Grammar of Ahabhransa, 18-19 : हिन्दी के बिकास मे अपभ्र श का योगदान, डॉ नामवरसिंह पृ 52–63

15 भूतकालीन क्रियापद तिङन्त नहीं थे ;

16 तुमुन आदि प्रत्ययो के स्थान पर अरण का प्रयोग ।

17 पूर्वकालिक प्रत्ययो मे–इ,–एप्प-एप्पिणु-एव-एविणु आदि शब्दो का प्रयोग ।

18. स्वार्थिक प्रत्यय उ का प्रयोग बाहुल्य ।

इनमें चंदप्पहुचरिउ की भाषा पश्चिमी अपभ्र श है । राजस्थानी भाषा इससे उद्‌भूत हुई है । इसमे पुरानी राजस्थानी के रूप सरलता पूर्वक देखे जा सकते हैं । कवि भी राजस्थानी ही रहा है इसलिए उसकी भाषा मे ये विशेषताए होना स्वाभाविक है । उदाहरणार्थ—

1 अ को उ हो जाना–पुहरु ।
2. आद्य अ का प्राय सुरक्षित रहना–अच्छइ ।
3 इ का अ अथवा य हो जाना–एत्तिउ ।
4 दीर्घ और ह्रस्व दोनो मे ए, ऐं मिलना ।
5 ए का इ होना–अम्हि, बि ।
6 अनुस्वार और अनुनासिकता ।
7 हिं-हिं, हु के प्रयोगो मे आधिक्य ।

अपभ्र श वस्तुत. हिन्दी का पूर्ववर्ती रूप है जिसे हम भाषा के विकास की सीढियो मे खोज सकते हैं । देशज शब्दो के प्रयोग मे भी इसके रूप सहजता पूर्वक प्राप्त हो सकते हैं । इस भाषा का साहित्य-भण्डार विपुल और समृद्ध रहा है । स्वयभू योगीन्दु और हेमचन्द्र की परम्परा को जीवित रखने वाले अपभ्र श कवियो की प्रतिभा से सैकडो ग्रन्थो का सर्जन हुआ है जो आज भी ग्रन्थ-भण्डारो मे अनदेखे और असुरक्षित–से पडे हुए है । इधर साहित्य और भाषा के विकास मे उसका महत्वपूर्ण योगदान है । शोधार्थी इस दिशा मे भी अब आगे बढ रहे हैं । भाषा विकास की भूली कडियो को खोज निकालने के लिए अपभ्र श साहित्य को प्रकाश मे लाने की महती आवश्यकता है । इससे जनबोली के रूप का क्षेत्रीय प्रयोग प्राचीन साहित्य के अध्ययन से सामने आयेगा और उसके विकास की परिधि अभिव्यक्त हो सकेगी ।

प्रस्तुत ग्रन्थ सन् 1978 मे संपादित होकर तैयार हो गया था । श्रद्धेय गुरुवर डॉ दरबारीलाल कोठिया ने इसे वीर सेवा मन्दिर ट्रस्ट से प्रकाशित करने का विचार

व्यक्त किया जिसे मैंने स्वीकार कर लिया। तदर्थ हम उनकी साहित्यिक लगन के प्रति विनयावनत हैं। इधर शिक्षा और संस्कृति मन्त्रालय ने भी इसके प्रकाशन की ओर रुचि दिखाई है। अपभ्रंश साहित्य के प्रति बढते हुए अनुराग का का यह फल है। इस मूल्यवान् साहित्य के प्रकाशन की ओर हमारा ध्यान अधिक आकृष्ट होना चाहिए।

मुद्रण की अशुद्धियाँ पाठक के लिए खलेगी, यह स्वाभाविक है। कुछ मेरा प्रवास और कुछ प्रेस की असुविधा, दोनो कारणो से मुद्रण पर पूरा ध्यान नही दिया जा सका। अनुनासिक तथा ह्रस्व एकार, ओकार का चिह्न भी नही दिया जा सका। इसका हमे खेद है। विस्तार के भय से अनुवाद को हमने शब्दश न रखकर भावात्मक रखा है।

जयपुर का प्रवास, लगता है, अब समाप्ति की ओर आ रहा है। पारिवारिक परिस्थितियाँ जयपुर छोडने के लिए विवश कर रही हैं। नागपुर से इतनी दूर पारिवारिक उत्तरदायित्व से विमुख-सा होकर रहना न तो सभव है और न उपयुक्त ही। जैन संस्कृति की सेवा के लिए जैन केन्द्र का अधिभार स्वीकार किया था, पर उसका समुचित विकास नही कर सका। हर संस्थान की एक सीमा होती है। साधनो, परिस्थितियो और अन्तर्मन से किये गये प्रयत्नो पर उसका विकास निर्भर-करता है। यह विकास मै सारे प्रयत्न करने के बावजूद नही कर सका, इसका हमे अफसोस है। आशा है समाज इस पर विशेष ध्यान देगा। स्वार्थ का दीमक संस्थान को खाये बिना नहीं रहता। त्याग किये बिना संस्थान का निर्माण नहीं होता। और ईमानदार व्यक्ति को जीवित रहने नही दिया जाता। एसी स्थिति मे प्रेम-सहयोग के बिना किसी भी केन्द्र का समुचित विकास करना सम्भव नही हो पाता।

प्राच्य ग्रन्थो का संपादन-प्रकाशन एक ज्ञान-यज्ञ है। इस ज्ञान-यज्ञ मे जिन्होने भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हमारा सहयोग किया है, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। विशेष रूप से प्रो माधव रणदिवे सातारा का सहयोग उल्लेखनीय है जिन्होने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये है। प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रकाशन इस प्रवास मे हो गया, यह प्रसन्नता का विषय है।

पी–3, विश्वविद्यालय निवास
जयपुर–302004
न्यू एक्सटेंशन एरिया
सदर नागपुर–440001

दि 12–8–1985

भागचन्द जैन भास्कर
प्रोफेसर एव निदेशक,
जैन अनुशीलन केन्द्र,
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर

ॐ णमो सुवदेवदाए

सिरिजसकित्तिविरइउ

चंदप्पहचरिउ

पढमो संधि

(1)

णमिऊण[1] विमल[2] केवललच्छी सव्वगदिण्णपरिरम, ।
लोयालोयपयासं, चदप्पह सामिय सिरसा ।।1।।

तिक्कालवट्टमाणं[3], पच वि परमेट्ठिए तिसुद्धो हू ।
तह णमिऊण[1] भणिस्स, चदप्पहसामिणो चरिय ।।2।।

जिणगिरिगुहणिग्गय[4], सिवपहसगय, सरसइसरिसुहकारिणिय[5] ।
महु होउ पसण्णिय गुणहरवण्णिय[6], तिहुवणजणमणहारिणिय ।।
हु बढकुलणहयलि[7] पुप्फयत, बहु देउ कुमरसिह वि[8] महत[9] ।
तहो सुउ णिम्मलु[10] गुणगणविसालु[11] सुपसिद्धउ पभणइ सिद्धपालु[12] ।।
जसकित्तिविबुह[13] करि तुह्[14] पसाउ, महु पूरहि पाइयकव्वभाउ ।।

---

1 क, ष, नमिऊण.
2. क, बिमल०,
3. क, ख, वड्ढमाण,
4. क, ष, ०निग्गय,
5 ख कारणीय, ष कारणिय,
6. गुणहिर०,
7 क ष ०नहयलि,
8 क बि,
9 ख कुमरसिहहो (?) वे महत,
10. ख णिम्मल,
11. क. ० बिसालु,
12. =शांतोदांत इत्यर्थः,
13 घ ० विबुह०,
14 ष. तुहु ,

त णिसुणिवि[1] सो भासेइ-मदु, पगलु तोडेइ केम चदु ॥
इह सुइ बहु गणहर णाणवत, जिणवयण[2] रसायणु वित्थरत ॥
गणिकु दकु दवच्छल्लगुणु,[3], को वण्णिउ [4] सक्कइ इयरु[5] जणु[6] ॥
कलिकालि जेण मसिलिहिउ णामु, सइ[7] दिट्ठउ केवलऽणत धामु ॥
णामि[8] समतभद्द वि मुणिदु, अइणिम्मलु ण[9] पुण्णिमहिं[10] चदु ॥
जिउ[11] रजिउ राया रुद्दकोडि[12], जिणथुत्तिमित्ति[13] सिवपिंडिफोडि ॥
णीहरिउ[14] बिबु चदप्पहासु उज्जोय तउ फुडु दसदिसासु ॥
अकलकु णाइ[15] पच्चक्खु णाणु,[16] जिं तारादेविहि[17] दलिउ[18] माणु ॥
उज्जालिउ सासणु जय पसिद्ध[19], णिद्धाडिवि[20] वल्लिय सयलबुद्ध ॥
सिरिदेवणदि मुणि[21] बहु पहाउ, जसु णाम गहणि णासेइ[22] पाउ ॥
जसु पुज्जिय अबाईए पाय, सभरणमित्ति तक्खणि[23] ण आय ॥
जिणमेण सिद्धसेण वि[24] भयत, परवाइदप्पभजणकयत ॥
इय पमुहहँ जाहि वाणीविलासु,[25] तहि[26] अम्हह कह होई[27] पयासु ॥

घत्ता— जहि [28] थुणइ[29] फणीसरु,बहुजीहाहरु, अह सहसक्खु णिरिक्खइ[30] ।
तहि परु जिणचरणइ, सिवसुहकरणइ, किह सथुणइ सभिक्खइ[31] ॥1॥

1 क घ निसुणिवि,
2 क जिणबयण०,
3 क, ख घ गुणू,
4. क ख घ ०वण्णाण,
5 क ख घ इयर,
6 क ख घ जण,
7 ख घ सइ,
8 क ख घ नामि,
9 क ख घ अइनिम्मलु न,
मह हिमवतु तहो[5] विउणउ गिरिवरु, हरि खित्तु वि तहो विउ णिय वित्थरु ।
णिरवढ महीरहु तहु विउणउ[6] ठिउ, तह विउणउं रुम्मउ विदेहु परिट्ठिउ ।
णीलु वि हुउ तह णिरवघहो समाणु, रुक्कु वि[7] सुखित्तु ठिउ हरि पमाणु ।
रुकमि वि गिरिमह हिमवणु विसालु, हेरण्णु[8] हेमवंतु वि रमालु ।
सिरवरि वि हिमसेलहो धणु सरेह, एइावउ भरहहो कमु धरेइ ।

घत्ता—खित्त चउगुणु, खित्तु तह सेलाह वि सेलु ठिउ ।
दीहत्तणु सव्वहु दो जलरासिहिं सीम किउ ॥19॥

(20)

हिमगिरि मज्झइ पोमु महा दहु[9], जोयण सय पंच जि वित्थरु तहो ।
जोयण सहसु एक्कु दीहत्तणि, दह जोयणि संठिउ उट्ठत्तणि ।
जोयणु पोमु कोसु तह कण्णिय, तहिं सिरिदेवि पल्ल ठिदि वण्णिय ।
महपोमहो तं विउ णउ सव्वु वि, तिम्मि छिहिं महु[10] पुज्जइ पुव्वु वि ।
उत्तर पोम वि इय कमि हवति, हरि धिदि आइय देविए वसति ।
पहिलउ पव्वउ हुइ हेमवण्णु, बीयउ चदुज्जलु रुइर वण्णु ।

---

1 ग वलएव, क. वलयेण
2. क तहो
3. ख. खेत्तु,
4. ख. पयडिय सिरि,
5. ग तहा,
6. क. विरणउ,
7. ग रुम्मउ,
8. ग हेरणु,
9. क. महदेहु
10. महापद्मात्, द्विगुणविस्तारादिति ।

तइयउ पुणु पउमहु प्रणुहरेइ, तुरियउ वेरुलियउ विष्फुरेइ ।
पंचमु धवलउ पीलउ छट्ठउ, कुल पव्वहं वण्णु इहु सिट्ठउ ।
गंगा सिंधु एर्हीहि ज परियरु, विउणु[1] विउणु त लइयहु वित्थरु ।
पुव्वविदेहिं सोलह खेत्तइ[2], तित्तिय[3] अवर विदेहि णिरुत्तइ ।
खित्ति खित्ति[4] वेयट्ठु पहाणउं, सव्वह खेत्तह भरहु पमाणउ ।
धादिगि[5] खडिवि दो मेरु हुति, पुक्कर अद्धिवि तहं दोहुवति ।
मेरु मेरु खित्तइं पडिवद्धइं, चउतीसइं सत्तासु समिद्धइं ।

घत्ता—जे पंच वि मंदर, सुरमण सुदर, तहं बहु सुक्ख समिद्धिय ।
छह छह इक्किक्किहु, महिमगुरुक्कहु, भोयहं भूमि सुसिद्धिय ॥20॥

(21)

तह छण्णवइ कुभोय महीयल, लवणकाल जलणिहि उरि पवि उल ।
कुलगिरि महणइ जलणिहि पवेसि, ठिय भोय धरायल दीवि देसि ।
तहिं सक्कुलिकण्णा सूपकण्ण, अइलविय कण्णा पिहुल कण्ण ।
सूयर मुह हरि मुह पक्खि मुह, सेरह मुह गोमुह वग्घमुह ।
हुहु भोयभूमि अलहय हवति, पल्लोवम जीविउ भवण हुंति ।
जे पुणु तीस सुभोय महीयल, कुलपव्वय अतरि ते अविचल ।
ता हवि उत्तिम मज्झिम जहण्ण, तहि रत्त धवल कणयाह वण्ण ।
बहु भूसण भूसिय सिरिरवण्ण, उपज्जहिं माणुस पुण्ण पुण्ण ।
दह[7] पयार तहिं कप्प महीरुह, दिंति भोय ते मग्गहिं जहि जहि[6] ।
इक्कु दुण्णि तिय पल्लहिं जीवहिं, पच्छा कप्पवास सिरि सेवहिं ।
जे पुणु पण दह[7] कम्मधरायल, अज्ज मिच्छलोयहि ते सकुल ।
जे धम्मा धम्मह णहु मुणंति, ते बहु अभेव मिच्छह[8] हवंति ।

1. क विणुउ विणुउ, 2. ख. घ खेइं,
3. ख घ. तेत्तिय, 4. ख. घ. खेत्ति खेत्ति,
5. ख. धावइ, 6. क. जह जहं
7. ख. दस
8. ख. मिच्छइ

अज्ज लोय दो भेयहिं पउत्त, इट्ठिवि वज्जिय इट्ठियहिं जुत्त ।
ते सट्ठि सजाया पमुह लोय, ते इट्ठिवत पयडिय असोय ।
पच सयइ अहियइ तुगत्त[1], धणु हइ ते हवति गिय गत्तें ।
णिक्किट्ठे ण कुहत्थ पउत्ता, हत्थु एक्कु कालेण णिरुत्ता ।

घत्ता—तहिं जीविउ उत्तउ, एहु णिरुत्तउ, पुब्वकोडि उक्किट्ठउ ।
अह णिय णिय कालें, परिणय[2] सालें अवरु अवरु णिवकट्ठउ ॥21॥

(22)

वाहत्तरि वरिसइ जिण जयति, अहमेण हरिवि सहसिक्कु ठंति ।
सहसा हिउ जीवइ सार हत्थु, सय सत्तइ चक्काउहु[3] कयत्थु ।
इहु एहय जीविउ णिक्किट्ठउ, चउरासी लक्ख पुव्व[4] उक्किट्ठउ ।
पढम यालि[5] तिय दिवसहिं भोयणु, वीयइ दो दिणेहिं[6] छुहु मोहणु ।
तइयइ दिवसतरि होइ मुत्ति, तुरियए[7] पडि दिणु भोयणहु जुत्ति[8] ।
पचमइ[9] दिवसिक्के[10] दुण्णिवार, छट्ठइ भोयणु हुइ वहुयवार[11] ।
पचम कालि अ तं दिवसुल्लइ, धम्मणासु हुइ पहरि पहिल्लइ ।
वीइ[12] पहरि णरवइ तहिं णासइ, णरवइ णासें जलणु पणासइ ।
तहिं माणुस णिद्धम्म णिण्णग्ग, विलवासिय मच्छा[13] मिस लग्ग ।
छट्ठउ कालहु अंतिसु सिट्ठी, सत्त दिणाइ सीय भर विट्ठी ।
सत्त सत्त विस खारह वरिसणु, सत्त सत्त रय अग्गिय वरिसणु ।
इय अवसप्पिणि कालुपयट्टइ, पच्छइ उवसप्पिणि विपलुट्टइ ।

1 क तु गक्मे
2 ख परिणइ
3 ख चक्को
4 ख पुब्बह
5 ख ०कालि
6 क दो हिणेहिं
7 ख तुरिघए
8. क युत्ति
9 ख पचमिति
10 क दिवसके
11 क बहु अवार, ख वहुयवैर
12. ग बीए
13. ख मछ

घत्ता—इय किउ तस वण्णणु, भेयरिण वण्णणु, सखेवेरण रिगरुत्तउ ।
थावरहु समज्जमि[1], वित्थरु वज्जमि, वण्णणु ज जिरण[2] उत्तउ ॥22॥

(23)

ते थावर पच पयार हु ति, घर जल ते आगिल[3] वराइ थलि ।
भूकाय मसूराधार दिट्ठ, ते सुर राइ सारव मुनरिग सिट्ठ ।
भरिग करणय तार व बाइ बाउ, बहु दीव समुद्दे अट्ठिभेउ[4] ।
खर मउ पुढवी जा पचवण्णा[5], ते पुढवि काय सयल वि पवण्ण ।
वारह बावीस सहास वरिस, आउसु मिउखरहु विविगय हरिस[6] ।
जलकाय वि कुस[7] आयार हुति, ते सयलहु जल ठाण हवति ।
सरि सरि हिम ऊसा पमुह णीर, जे किर असख जलरिणहि गहीर ।
ते सयल वि जल काइय मयाइ, जिणवर केवलणाणे कयाइ[8] ।
तहि आउ वरिस सहसाइ सति, केवलणाणिय जिणवर कहति[9] ।
सूई[10] सचय सम अग्गिकाय, बहु भेय जलण विप्फुरिय छाय ।
कुलिसाणल[11] विज्जुल सूरकति, रविकति फुलिगम[12] जालपति ।
अगार पमुह जे अग्गिभेय, ते अग्गिकाय विप्फुरिय तेय ।
पसरिव धयवउ[13] रिगहु वाय देहु, रिगय वाय वलय सठविय गेहु ।
उक्कलिगुजा मडल वाइय, अवरस सहय किय पडिघाइय ।

1. ख पवचमि
2 ख. जो जिरण रगाहें
3 ग यारिगल
4 = पृथ्वीभेद
5 =कृष्ण-पीत-हरित-श्वेत-रक्त
6 क ग. घ. पुस्तकेषुनास्ति पंक्तिरीयम्
7 =दर्भाग्रजलाकार
8 =कथितानि
9 क. ग पुस्तकयो र्नास्ति पक्तिरियम्
10 =सूच्यप्राकार
11. =वज्राग्नि, विद्युत्तग्नि, सूर्यकान्तमरिग
12. =सूर्यकांतफुलिंगपंक्ति
13. =पवनप्रेरिता ध्वजाकारा

दिसि भेए मारुय बहु हवंति, ते वाय काय जिणवर भणंति।
चउ भेय वणप्फय[1] काय हु ति; पचणहि तरु[2] आई हवंति।
दस सहस वरिस ग्राउसु कहति; उच्छेहु सहस जोयण नमंति[3]।
इय जिण उत्तउ गणहर कहति, ...
सव्वह अंतरह मुहुत्त ग्राउ, अंगुलह असखह भाउ काउ।[4]
बारह सहसहिं खर पुढिवि ग्राउ, बावीस सहस मिउ पुढवि काउ[5]।
सतह सहसहि जलकाइ मरहि, दस सहस वण्णफइ जीउधरहि[5]।।

घत्ता—जलणह पउत्तउ, एहु णिरुत्तउ, चउवीसहिं पहरेहिं ठिय।
मारुय सुपयासह वरिस सहासह, सव्वउ तिण्णि परिट्ठिय।।23।।

(24)

जीउ दव्वु सवेवें उत्तउ, पहु अजीउ भणेइ णिरुत्तउ।
होइ अजीउ जि पच पयारउ, णिय णिय गुण पज्जयह्[6] सारउ।
धम्मु अहम्मु कालु आहासु वि, पचमु पुग्गलु पयहु पयासु वि
धम्मु अमुत्तु अखडु पयासिउ, पुग्गल जीवह गमणें भासिउ।
पयह ठिदि कारण हुइ अहम्मु, सो विहु धम्मुहो[7] णिरु सरिसु धम्मु।
पुग्गल परिणामहो ज णिमित्तु, त काल दव्वु भण्णइ णिरुत्तु।
सो ववहारें हुइ तिण्णि भेउ, परमत्थे णिच्चलु णिरु अभेउ।
जं गयणहो एक्किक्कइ पएसि, कालाणुरहिय तिहुवणहु देसि।
तेरय णरासि सण्णिाह हवंति, थिरणिम्बकाल सण्णा लहति।

1. क. वणप्पइ
2. = वृक्ष-विटपि-गुल्म-वल्ली-तृण
3 क. ग. पुस्तकयो र्नास्ति पंक्तिरियम्
4 क. ग. पुस्तकयो र्नास्ति पंक्तिरियम्।
5. क. ख. पुस्तकयो र्न स्त.।
6 ग. पज्जाय
7. =यथा धर्मः तथा धर्म असख्य प्रदेशाः

धम्माधम्महो जीवहु पएस, संखातीय एयहु असेस ।
आयास पएसाणंत हुंति, ते अच्छिकाय णिक्काल कंति ।
पुग्गलु जिणेंहिं छब्भेय दिट्ठु, रस गंध वण्णरव फास सिट्ठु ।
महिजलु तमु गय कम्माणु जाइ, अणयणु[1] चउ इ दिय विसउ थाइ ।
अइ थूलु थूलु महियलु पथुट्ठु, थूलु जि जिणणाहें सलिलु दिट्ठु ।
थूलु सुहमु तमु जुण्हा[2] भासइ, सुहमु थूलु णयाइय सीसइ ।
सुहमु कम्मु अइ सुहमा णिट्ठुउ[3], पुग्गलु इम भेएहिं परिट्ठिउ ।

घत्ता—सो समलु वि पुग्गलु, णिय गुण णिच्चलु, खणु अद्ध, देसु जिट्ठिउ ।
तहो अद्ध, पएसउ, णियलव[4] सेसउ, अणुय विभाउ परिट्ठिउ ।।24।।

(25)

कम्मह पवेसु[5] आसउ कहंति, त पुणु दो भेयहिं वज्जरंति ।
चउ भेउ बंधु भासइ जिणेसु, पडिट्ठिदि अणुभाइय पएसु ।
आसव णिरोहु संवरु पउत्तु, णेज्जर बंधहु अ हवण सत्तु ।
मुक्ख वि अप्पहो अ सयल मुक्खु, इय तच्चइ भासइ णाण चक्खु ।
पडिवाहइ तिहु अणु भव्व संघु, णिण्णासइ तम भरु जग दुलंघु ।
तहो गणहर तिणवइ सजाया, तिहु अण जण संदेह णिवाया ।
पुव्वधरहं दोसहसइं दिट्ठा, विउलय वो लक्खइं मुणि सिट्ठा ।
अवहिणाण धर अट्ठ हहासइ, दह सहसइं केवलि सुहु[6] भासइ ।
विक्किरिया इट्ठिय तहिं थक्का, सहसि जि चउदह दोस विमुक्का ।
अट्ठसहस मणपज्जय णाणहं, सुहमु चराचरु तच्च सुजाणहं ।

---

1. =नेत्ररहित चतुरिन्द्रिय-विषय 2. क. जुण्णा
3. ख. णिट्ठिउ 4. क. तव
5. ख. पएसु 6. ख. फुडु
7 ख. तहिं

अट्ठ सहासय दोसय ऊणा, तहिं वाइय जिण वयण पवीणा ।
असिय सहस लक्खहिं अज्जिय, तिण्णि लक्ख सावयह समज्जिय ।
तहिं णिय साविय जण पचलक्ख, चउभेय देवतहिं ठिय असख ।

घत्ता—इय सघे जुत्तउ, कलिमल चत्तउ, तिहुयण कमल दिणेसरु ।
महि मडलु विहरइ, तमभरु पहरइ, केवल किरणु जिणेसरु ॥25॥

(26)

मासिक्कें जाणिवि प्राउ छेउ, समेदसेलि सपत्तु देउ ।
धम्मोवदेसु अणु समवसरणु, मिल्लिवि पारंभिउ झाण करणु ।
दड कवाड पयर जय पूरणु, तहिं जिणु कुणइ[1] कम्म भउ[2] सूडणु ।
आउ कम्म सम कम्मइ कीरइ, सुहुम किरिय झाणम्मि सुधीरइ ।
जे दद्दरज्जु[3] सारिच्छ कम्म, ते चारि वि णिहाणि वि अवल धम्म ।
भट्टवयहो सत्तमि सुक्ख पक्खि, पडिमाजोए ठिउ परम सुक्खि ।
दह पुव्वलक्ख जीवियहु णासि, तुरियहु सुकहु झाणहो पयासि ।
णिरु अट्ठकम्म सजोय मुक्कु, सच्चेमणु गयगुव तित्थु थक्कु ।
ज दिट्ठउ देहहु इह पभणु, किंचू णु तित्थ ठिउ तासु माणु ।

घत्ता—तिहु अणसिरि सठिउ, मुक्खु परिट्ठिउ, तेजय णाहु परमेसरु ।
ज मुहु सोमाणइ त परियाणइ, सुज्जि देउ सुरकेसरि ॥26॥

(27)

इक्कि समइ सयलु वि सो जाणइ, णत दव्व पज्जाय पमाणइ ।
पयणे विणु[5] सो रूवें पिच्छइ, सवणे विणु सद्दइ णिय सुम्मइ ।

1 ख करइ 2. ख भर
3 = दग्धरज्जु
3 ख रूवइ 4 =वलरहित अवकर्म
5. =नेत्र विना समस्त पदार्थान् अवलोकते
6 रूवइ

रसणें विणु सो रसु परियाणइ, फासें विणु फासइं सजाणइ ।
घाणें विणु गंधइं अणु हुजइ, चिन्तें विणु परुसुहु वहु सजइ ।
भुक्ख तिण्हु[1] णिद्दवि सुखलासिय, रइ अरई दूरेण पणासिय ।
पुव्वभाव सयलेहिं पमुक्कउ, दसण णाण सहावें थक्कइ ।
णाणु देहु णाणु जि ठिउ चेयणु, णाणु णेउ[2] णाणु जि तहो भोयणु ।
णाणु सयणु णाणु जि तहो कीलणु, णाणु सुद्धु तहो णयणउ मीलणु ।
णाणु सहाउ णाणु तहो[3] अप्पउ, णाणु णाणु णाणु जि सवियप्पउ ।
णाणेक्कतु तासु सुफुडु आइउ, णिय दव्वत्थ सहावें भायउ ।।

घत्ता—जो वण्णइ तासु, माणि उहयासु, फुडु सरुम सब्भावें ।
सो सब्बउ मूढउ मोहे, मूढउ हास ठाणु सब्भावें ।।27।।

(28)

ता हरिस सोय सभार मुत्त, तह[4] सुरणिकाय परिवार जुत्त ।
णह रोभइ णाहहं धरणिपत्त, णिक्खि वि विंभिय रसभावसत्त ।
मेलिवि[5] कालागरु चंदणाइं, घणसार पमुहं दव्वइं घणाइं ।
ता जलण कुमारा तहिं णमंति, मउडग्गि सुरकंतइ जलंति ।
जालावलि जलियउ तहिं किसाणु, सोरहि[6] महुमहियउ णह वियाणु ।
सुरणच्चहिं गायहिं सोयभिण्ण, वहुअट्ठभेय अच्चा पवण्ण ।
चउविह सघ वि तहिं समिलंति, जिण णिव्वाणह[7] किरिया कुणंति ।
सुरपभणहिं सामिय तिजयणाहु, पइं विणु लोय विहू अउ भणाहु ।
जय जय परमेसर सुक्खधामु, जय अमय घुं ट्टु सारिस्थ णाम ।
जय जय पाविय सिव मुह णिहाण, जय जय परमेसर सकल णाण ।

1. ग तण्ह, 2. क. णेऊ,
3. ख. तहिं, 4. ख. वहो,
5 क. मलिवि, 6. = सुरभितमन्धैः,
7. ख.० णहिं,

जय दूर मुक्क संसार बंध, जय सिव रस भावण किय पबंध ।
जय जय पर मंगल मंगलाहूं, जय पढम ठाण मंगल कलाहूं[1] ।

घत्ता—इय सयल वि सुरवर, जिण सयुइ वर, भत्तिभेव भरसत्ता ।
पंचम कल्याणहो, सुक्ख[2] णिहाणहो, करिवि ठाण संपत्ता ॥28॥

(29)

ज सुद्ध असुद्धउ गय चारु, जं सारु[3] असारउ बहु[4] पयारु ।
ज जिणवाणी खमउ सव्वु, महु कवि गहि लहो विलसिउ अगव्वु ।
जे परमेसर जाणहिं अपारु, ते सोहि वि सोहि वि कुणहु[5] सारु ।
मुणि अणु पडिय मेल्लि वि कसाउ, सोहतु मुणिवि इह मुह[6] पसाउ ।
गुज्जरदेसह उम्मत्त गामु, तहिं छड्डा सुउ हुउ दोण णामु ।
सिद्धउ तहो णदणु भव्वबंधु, जिणधम्म भारि ज दिण्णु खधु ।
तहु[1] सुय जिट्ठउ बहु[3] देवभव्वु, जिं धम्म कज्जि विवकलिउ दव्वु ।
तहु लहु जाउ सिरि कुमरसिंह, कलिकाल करिंदहो हणण सींहु ।
तहो सुउ संजायउ सिद्धपालु[8], जिणपुज्जदाण गुण गुण रमालु ।
तहो उप्परोहि[8] इह कियउ गंथु, हउ णामु णामु णामि कि पि वि सत्थुगथु ।

घत्ता—जा चंदिवायर, सव्ववि सायर, जा कुलपव्वय भूवलउ ।
ता एहु पयट्टउ ठियइ चहुट्टउ, सरसइ देविहिं मुहि तिलउ ॥29॥

इय सिरिचदप्पहचरिए महाकइ जसकित्तिविरइए
महाभव्व सिद्धपाल सवणभूसणे चदप्पह
सामि णिव्वाणो णाम एयारहमो संधी
परिच्छेउ सम्मतो ॥ इति चंद्रप्रभ चरित्र समाप्त ।

ग्रन्थ संख्या 300

श्लोक संख्या–2406[11]

1 ख. कयाह,
2. ख. सोक्ख,
3. ख. सार,
4. क बहु,
5 ख. कुणहो,
6 ख. महु.
7. =दोणस्य,
8. = पुत्र
9 = श्री कुमारस्य सिद्धपालपुत्रः
10. ख. उवरोहें,
11 ख श्लोक संख्या–2306

प्रथम संधि

संक्षिप्त भावानुवाद

(1)

विमल केवल ज्ञान को प्राप्त करने वाले, लोकालोक को जानने वाले चन्द्रप्रभ तीर्थंकर को प्रणामकर तथा त्रिकालवर्ती पंच परमेष्ठियो की वदनाकर मन-वचन-काय से शुद्ध होकर मैं चन्द्रप्रभ स्वामी के चरित्र का आख्यान करूंगा। जिन रूपी गिरिगुहा से निर्गत, शिवपथ की ओर जाने वाली, शाश्वत सुख की कारणभूत सभी द्वारा प्रशसित, गणधर द्वारा वर्णित और त्रिभुवनवर्ती लोगो के मन को हरने वाली सरस्वती मुझ पर प्रसन्न होवे।

हुवड कुलभूषण कुमरसिंह के पुत्र सिद्धपाल जो, निर्मल गुणो से युक्त है, के अनुरोध पर यश कीर्ति विद्वान ने प्राकृत (अपभ्रंश) भाषा मे इस ग्रन्थ की रचना की। जिन वचनामृत को फैलाने वाले केवलज्ञानी गणधरो ने तथा कुन्दकुन्द जैसे महान् आचार्यों ने जिनकी वन्दना की है उनके चरित्र का वर्णन दूसरा कौन कर सकता है ? एक लगडा व्यक्ति क्या चाद को पकड़ सकता है ? फिर भी चूकि बड़े-बड़े आचार्यों ने वाणी-विलास किया ही है, इस लिए मैं भी प्रयास कर रहा हूँ।

पूर्णिमा के चन्द्र के समान अत्यन्त निर्मल चरित्र वाले समन्तभद्र मुनि को प्रणाम करता हूँ जिनके प्रणाम से क्रोधाविष्ट शिवकोटि की शिव-पिण्डि फूटकर उसमे से तीर्थंकर चन्द्रप्रभ की मनोज्ञ प्रतिमा प्रकट हुई। इसी तरह अकलंकदेव की भी वदना करता हू जिन्होने तारा देवी का मानमर्दनकर बौद्धो को शास्त्रार्थ मे पराजित किया था। श्री देवनन्दि मुनि, जिनसेन, सिद्धसेन आदि जैसे आचार्यों को भी प्रणाम करता हू जिन्होने परवादियो के दर्प का भजन किया है ॥ 1 ॥

(2–3)

ससार-समुद्र से पार होने के लिए धर्मध्यान किया जाता है। सज्जन दूसरो के सद्गुणो की प्रशसा करते हैं और उनके ग्रहण करने का उपदेश या आग्रह भी करते हैं। पर दुर्जन दूसरो के दोषो का ही आख्यान करता है। ठीक भी है।

चन्द्र भी राहू के द्वारा निगल लिया जाता है। इसी तरह दूसरी ओर चदन अपनी सुगध से दूसरो को सुवासित कर देता है। दुर्जन निष्कारण शत्रु और निंदक बन जाता है पर सज्जन मित्र और गुणप्रशसक तथा गुणग्राही रहता है ।।2–3।।

(4–5)

यहाँ जम्बूद्वीप मे दो सूर्य और दो चन्द्रमा हैं। उसके बीच विशाल सुमेरु पर्वत है जो सुगंधित पुष्प और वृक्षो से सुशोभित है। उसका ऊपरी भाग सुनहरे रग का है। उसके पूर्व मे पूर्वविदेह है जहाँ शुक्ल ध्यानी तपस्वी सम्यक् तप और आचरण मे लीन रहते हुए रत्नत्रय का पालन करते हैं। वहा मगलावती नाम का एक देश है जो दिव्य वेश से स्वर्ग के समान शोभित हो रहा है। सरोवरो के अमृत कुण्ड मनभावन हैं। कल्पद्रुम वृक्ष पथिको को फल प्रदान करते हैं, धान्य की खेती अधिक मात्रा मे होती है, सरोवरो मे हस पक्तिया ऐसी चलती हैं कि पनिहारनो की मन्द गति को भी मात कर देती हैं और कृषक अपने खेतो के काम मे व्यस्त हैं। ।।4–5।।

(6)

जहा धान्य की खेती अधिक होती है, गृहपति लक्ष्मीसपन्न हैं, सिंह और महिषी एक साथ पानी पीते हैं, गावो के बाहर खलिहानो मे धान्य राशियाँ इतनी ऊ ची लगी हुई हैं कि लगता है, उनकी शोभा देखने के बहाने कुलाचल ही चले आये हो। चन्द्रकात मणिमय भवनो से रात्रिकाल मे चन्द्रमा का स्पर्श पाते ही जल का प्रवाह बढ जाता है। फलत ग्रीष्मकाल मे भी नदियो का प्रवाह अपने दोनो किनारो से टकराते हुए बहता है। वहा रत्नसचय नामका एक नगर है । उस नगर के बाजारो मे मणियो के ढेर लगे रहते हैं इसलिए वह नगर सार्थक नाम वाला है ।।6।।

(7)

जहाँ गगन के समान ऊ चे धान्य के ढेर लगे हुए हैं जिनके ऊपर सूर्य का रथ दौड लगाता है। जहा के भवनो की छतो पर बैठी स्त्रियो के मुख चन्द्र को देखकर राहु ग्रसने का प्रयत्न करता है पर प्रतिचन्द्र होने के कारण ग्रस नहीं पाता। जहां के प्रासादो मे अकित चित्रकला इतनी सजीव है कि नववधु पर-पुरुषो की उपस्थिति के भ्रम से अपने पति के साथ गाढ आलिंगन नही कर पाती तथा सौतो के उपस्थिति की भ्रम से मुग्धा सयोग के समय अपने नेत्र बद कर लेती है। जहाँ प्रफुल्लित अरविन्द पक्ति से आकाशगगा मे सुरभित वायु सचरित होती है ।। 7 ।।

(8)

जहाँ कालागरु का धु आ गगन मे अधकार व्याप्त कर देता है। लगता है, सूर्य उसी के ऊपर चल रहा हो। जहा की तरुणियो के कपोल तल इतने निर्मल हैं

कि उनमे चन्द्रमा का प्रतिबिंब झलकने लगता है। उनके कपोल मण्डल वाले मुखकमल तथा चन्द्रमण्डल के बीच चन्द्र की पहचान केवल उसकी कलक रेखा से हो पाती है। जहाँ के सज्जनों का दान देने का भाव प्रपूर्ण है। जहा के महलो पर स्वच्छ वस्त्र सूर्य के टुकडो के समान लटक रहे हैं ।। 8 ।।

(9–10)

उस रत्नसचयपुर नगर का राजा कनकप्रभ था जिसे देखकर सुरपति भी ईर्ष्यालु हो जाता था। उसकी कीर्ति चतुर्दिक् फैली हुई थी। ऐसा जगता था जैसे ससार मे घूमते-घूमते कीर्ति वृद्धा जैसी थक गई हो और इस राजा के घर मे स्थिर हो गई हो। जिसमे तेज समुद्र के जल के समान स्थिर हो गया था। सूर्य भी जिसके तेज से कप गया था। उसका रूप काम देव से भी अधिक सुन्दर था। उसके नयनोत्पल मे शोभा का निवास था। उसके धनुष के सामने कोई टिक नही सकता था। बहुत गुणवान था। उसके मुख मे मानो सरस्वती का वास था। तीनो लोको मे उसका प्रतिद्वन्दी कोई दिखता नही था। उस कनकप्रभ राजा की कनकमाल नाम की महाराज्ञी थी जो पूर्ण लावण्यवती, गुणवती और शीलवती थी। हर अग-प्रत्यग अनग का रूप लिये हुए थे। वदन और नयन क्रमश चन्द्र और सारग जैसे थे।9-10।

(11)

कनकप्रभ और कनकमाला दोनो का हृदय परस्पर प्रेम से भरा हुआ था। पचेन्द्रिय सुखो का उपभोग कर रहे थे। सासारिक सुखो मे डूबे हुए अपना समय यापन कर रहे थे। एक दिन कनकमाला मे गर्भ के लक्षण दिखाई दिये। उसका शरीर आलस्य से भरा था, पीलापन लिए हुए था, चूचुको मे कालापन आ गया था। दोहद पूर्ण होते हुए उसके नव मास पूरे हो गये और उसने पुत्र को जन्म दिया। पुत्र का सारा शरीर लक्षणो और अनुव्यजनो से स्फुटित था। धर्म, अर्थ और काम का घर था, कुल का सूरज था। उस पुत्र का नाम रखा गया पद्मनाभ। पद्मनाभ चन्द्र के समान बढ़ने लगा। कालक्रम से तरुण हुआ। तरुणावस्था मे उसके रूप ने रूपगर्वीले लोगो को हतप्रभ कर दिया था। वह अत्यन्त गुणवान था ।।11।।

(12)

एक दिन राजा कनकप्रभ अपने प्रासाद पर बैठे-बैठे राजधानी की शोभा देख रहे थे। इसी बीच उसकी दृष्टि एक ऐसे छोटे सरोवर पर पडी जहां से पानी पीकर बैलो का एक झुण्ड वापिस आ रहा था। समीप मे ही दुर्दम कीचड़ मे क्षीण काय वाला एक बैल फस गया। उसमे से वह निकल नहीं सका और उसका वही प्राणान्त

हो गया । उसे मरते हुए देख कर राजा को वैराग्य हो गया और वह सोचने लगा कि ससारियो की यह दुर्दशा है । वे लोग धन्य हैं जो मोक्ष को प्राप्त कर चुके हैं । यह ससारी जीव विषय भोगो से कभी तृप्त नहीं हुआ । अपने कर्मो से बधा हुआ है ॥12॥

(13)

ससार मे सुख कहीं नही है । यह जीव देव, मनुष्य, तिर्यंच और नरक गतियो मे घूमता रहता है । क्षण भर मे यह आसक्त होता है, क्षण भर मे विरक्त होता है । कभी स्वर्ग और कभी असुरक्रीडा करता है, कभी धनवान् होता है, कभी दरिद्र होता है, कभी रूपवान होता है, कभी कुरूप होता है, कभी दर्प करता है, कभी दीन बनता है, कभी वीर होता है कभी भीरु होता है, कभी दानी होता है कभी भिखारी बनता है, कभी सुखी और कभी दु खी होता है, कभी यश पता है, कभी अपयश हाथ आता है, कभी मधुरभाषी होता है, कभी कटु बोलता है, कभी इष्ट सयोग होता है, कभी इष्ट वियोग होता है, कभी जीतता है कभी पराजित होता है । इस तरह ससार मे प्राणी के लिए एक जैसी स्थिति कभी नही मिलती । उसे इष्ट-अनिष्ट की अवस्थाओ मे सदैव घूमना पडता है ॥13॥

(14)

ससारी प्राणी दुखो से मुक्त होने और सुख पाने के लिए सचेष्ट रहता है। पर उसे अन्तत दु ख ही मिलता है उसी तरह जिस तरह खाज का रोगी क्षण भर के सुख के लिए आग तापता है पर बाद मे उसे दारुण दु ख भोगना पडता है । ज्ञान के स्वभाव का न जानता हुआ चर्मचक्षुओ के आस्वादन को मोहवश मान लेता है । जो वर्जनीय होता है उसे करणीय मानता है और जो करणीय होता है उसे छोड देता है । वह वस्तुत शक्कर की आशा मे बालु-मिट्टी इकट्ठा करता है । धीरे-धीरे उसकी आयु क्षय होती जाती है और वह मरणोन्मुख हो जाता है । मर जाने पर लोग शोक मनाते हैं, रोते हैं और श्मसानघाट पहुँचा देते हैं । वे दु ख भोगने मे सहभागी नही होते । सच तो यह है कि सुख धर्म के बिना नही मिलता । मोहासक्त व्यक्ति इस तथ्य को नही समझ पाता और वह पाप कार्य करता रहता है । फलत: नये नये जन्मो को धारण करता रहता है । इसलिए इस भवचक्र को समाप्त करने के लिए जिन वचनो पर श्रद्धा करनी चाहिए और दयावत होकर सम्यक् चरित्र का पालन करना चाहिए ॥14॥

(15)

यह विचारकर राजाने पद्मनाभ पुत्र को राज्य भार सौंपने का निश्चय किया और उसे बुलाया । सामन्तो और मन्त्रियो को भी बुलाकर अपना मन्तव्य

व्यक्त किया नगर सजाया गया, मणि तोरण लगाये गये। यह सब देखकर पद्मनाभ के आखो से आसू बहने लगे। राजा ने स्वय उन असुओं को अपने हाथ से पोछा और ससार की स्थिति समझाई। एक मन्त्री ने कहा—हे स्वामी! मेरी बातों पर भी विचार कीजिए। जीव देह से पृथक् नही है। जीव और देह मे कोई भेद भी नही है। राजा ने यह सुनकर कहा कि देह और जीव दोनों पृथक् पृथक् हैं। जीव ज्ञानवान है। जीव का अस्तित्व हमारे सुख दुःख के वेदन से होता हैं। तप का आचरण और व्रत-धारण ससार से मुक्त होने का कारण है और घर मे रहना दुःख और भव-भ्रमण का कारण है ।।15।।

(16)

इस प्रकार उस मन्त्री को निरुत्तरकर राजा जगल की ओर चला गया। वहा चारित्र के आधारका श्रीधर नामक मुनि विराजमान थे। उनके चरण कमलो मे प्रणामकर उसने जिनदीक्षा ले ली। इधर नरपति पद्मनाभ पिता के जाने से शोकाकुल हो गया, पर मन्त्रियो के प्रतिबोध से वह स्वस्थ हो गया। जो ज्ञानवान होता है वह पर पदार्थों के मोह से दूर हो जाता है पर जो अज्ञानी होता है वह मोहासक्त बना रहता है जो शोक-दुःख का कारण होता है। पृथ्वीपालन क्षत्रिय धर्म है। यह सोचकर पद्मनाभ प्रजा के पालन मे लग गया। आन्वीक्षिकी, वार्ता, दण्डनीति से युक्त होकर, षट्गुणो (परिवार सरक्षण, विवेकपूर्वक कार्य सचालन, स्वरक्षण, प्रजारक्षण, दुष्टनिग्रह और शिष्ट-पुरस्कार) के आधार पर शासन करने लगा। प्रभुशक्ति, उत्साहशक्ति और मत्रशक्ति से युक्त होकर, सधि, विग्रह, यान, आसन द्वैध और सश्रय का का आधार लेकर प्रजापालन मे दत्तचित्त हो गया। फलत उसका कोई शत्रु नही रहा। स्वामी, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दण्ड, मित्र ये राज्य के सात अग होते है जिनके माध्यम से वह शासन करता रहा। शासन करते हुए भी जो उसमें आसक्त नहीं होता वह निश्चित् रूप से मोह को नष्ट कर देता है। ।।16।।

इस प्रकार महाकवि यशःकीर्ति द्वारा विरचित श्री चन्द्रप्रभ चरित्र मे महाभव्य सिद्धपाल श्रावकभूषण श्री पद्मनाभ राज्याभिषेक नामक प्रथम सधि समाप्त हुई।

द्वितीय संधि

(1)

जिन वचन रूपी कमल की सुगंध से वासित, पूर्वो द्वारा प्राप्त, गणधरो द्वारा संग्रहीत (स्वीकृत) आगम सरस्वती प्रसन्न हो । जिनभक्त और गुणरक्त राजा पद्मनाभ एक दिन राजसभा मे बैठे हुए थे कि कणकदण्ड लिए पिंजर शरीरवान् द्वारपाल ने द्वार पर वनपाल के आने की सूचना दी । राजा ने उसे अन्दर लाने की आज्ञा दी, उसने हाथ जोडकर प्रणामकर कहा कि आपके सुरभित वन (उद्यान) मे श्रीधर नामक मुनिराज पधारे हैं । वे अत्यन्त ज्ञानी-ध्यानी हैं । उनके दर्शन मात्र से प्रसन्नता आ जाती है । वे निर्दोष आचरण, तप और सयम के धारक हैं । उनके गुणो का वर्णन करना मेरी शक्ति के बाहर है । उनके प्रभाव से समय के बिना भी बसन्त ऋतु दिखाई देने लगी । वनपालन के इस मनोहारी सदेश को सुनकर राजा पद्मनाभ ने प्रसन्न होकर उसे अपने कीमती आभरण उतारकर दे दिये ॥ 1 ॥

(2)

इसके बाद राजा पद्मनाभ हर्ष विभोर होकर सिंहासन से उतरा और जिस दिशा मे मुनिराज विराजे थे उस दिशा मे सात कदम आगे चलकर प्रणाम किया । अनन्तर नगर मे आनन्द भेरी बजवा दी और जनता को मुनिराज के दर्शनार्थ चलने के लिए प्रेरित किया । इस समाचार को सुनते ही सारा नगर परिकर इकठ्ठा हो गया और राजा धर्माचरण पूर्वक मुनिराज की वन्दना के लिए चल पडा । उस समय उद्यान की शोभा ही निराली थी । बिना वसन्त ऋतु के केसर वृक्ष पुष्पित हो रहे थे मानो मुनिराज को नमस्कार कर रहे हो । स्त्रियो के पादाघात को सहे बिना अशोक वृक्ष प्रफुल्लित हो रह थे । मौलिसिरी वृक्ष तरुणियो के मद्य कुरलो की अवहेलना कर विकसित हो रहे थे । आम्र वृक्षो मे शीघ्र ही मौर लग गये मानो वे मुनि दर्शन के लिए सचेष्ट हो रहे हो । इस प्रकार सारा वातावरण मुनि के दर्शन के लिए रोमाचित-सा हो रहा था । राजा ने सारे राजकीय परिवेश को छोडकर पैदल ही मुनिराज के दर्शन करने निकल पडा । थोडी दूर उसने उन्हें वृक्ष के नीचे एक निर्मल शिलातल पर बैठे हुए देखा ॥ 2 ॥

(3)

फिर पद्मनाभ ने मुनिराज की तीन बार प्रदक्षिणा की और पंचांगो से तीन बार प्रणाम कर स्तुति की। हे मुनिवर! आपके दर्शन से मेरा जन्म कृतार्थ हो गया। जिन वचन मे आस्था और दृढ़ हो गई, मोक्ष मार्ग प्राप्त हो गया, घर भी स्वर्ग जैसा दिखने लगा, कर्म का बन्धन ढीला हो गया, ससरण नष्ट हो गया, ससारी जीवों को जैसे कल्पवृक्ष मिल गया, वे आसन्न भव्य हो गये। और क्या कहूँ, जितने उपमान दिख रहे हैं वे सब तृणवत् व्यर्थ हो रहे हैं। असख्य किरणो वाला सूर्य आपके तेज के सामने कुछ नहीं, कल्पवृक्ष, कामधेनु, चिन्तामणि आदि भी आपके सामने निरर्थक हो जाते हैं। आपके दर्शन से तो वस्तुत रत्नत्रय हाथ आ गया है। तब मुनिवर श्रीधर ने पद्मनाभ को आशीर्वाद दिया और धर्मवृद्धि कही ॥3॥

(4)

इसके बाद पद्मनाभ ने श्रीधर मुनिराज से प्रार्थना की कि उसे धर्म की व्याख्या समझा दें। मुनिराज ने उसके इस निवेदन को स्वीकार किया और समयोचित श्रावकव्रत (सागार-धर्म) का आख्यान किया। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम व्यक्ति को जीवरक्षा (अहिंसा) करनी चाहिए। यह व्रत बहु सुख का कारण है। नरक और तिर्यञ्च गति के द्वार को बन्द करने वाला है, स्वर्ग और मोक्ष के द्वार को उद्घाटित करने वाला है, सकल सुख का कारणभूत तथा मगलकारी है विजयदायी है, अशुभ-तिमिर को मिटाने मे सूर्य है। दूसरा व्रत है सत्य बोलना। जो भी बोलो, सत्य बोलो। यह व्रत पाप की प्रकर्षता को कम करता है, साधुत्व का कारण है, विजय प्राप्ति का साधन है, सकल लब्धियो का द्वार है, जन्म-ग्रहण की प्रक्रिया के लिए अर्गला है, सकल ज्ञान की उत्पत्ति का कारण है। तृतीय अणुव्रत है अस्तेय (चोरी न करना) जो गुण-रक्षक है, पापकर्मों के रोकने के लिए वज्रदण्ड है, दोष-विषधर को रोकने के लिए करण्डु है। चतुर्थ अणुव्रत है ब्रह्मचर्य अर्थात् शुभ चरित्र का पालन करना और परस्त्री सेवन से दूर रहना। यह व्रत ससरण से मुक्त होने का कारण है ॥ 4 ॥

(5)

पर स्त्री सेवन नरक गति का कारण है सकल दुष्कर्मों की जड है, कलंको का जनक है, बधुओं के बीच शत्रुता पैदा करने वाला है, शीलव्रत के लिए कुक्षकारी है, निर्मल बलिष्ठ देह को शक्तिहीन और निस्तेज करने वाला है, कीर्ति का क्षयकारी

है। पचम अणुव्रत है परिग्रह परमाणुव्रत जो तृष्णा की तरगो के लिए प्रलयभानु है। सतोष के बिना तृष्णा महासमुद्र है, लोभ रक के समान है, वह वस्तुत भुजग है। जो इन पचाणुव्रतों का पालन करता है वह मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त कर लेता है।

(6)

इन पचाणुव्रतो के अतिरिक्त तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतो का भी पालन करना चाहिए। दिग्व्रत मे देश-विदेश गमन की सीमा कर लेने से अधर्म से बच जाते हैं। द्वितीय गुणव्रत भोगोपभोग परिमाणु तथा तृतीय गुणव्रत अनर्थदण्डव्रत है। चार शिक्षाव्रतो मे प्रथम सामायिक है जो प्रात, दोपहर और सायकाल की जानी चाहिए। द्वितीय प्रोषध है जो अष्टमी और चतुर्दशी को किया जाना चाहिए। तृतीय शिक्षाव्रत है दान जो सत्पात्र मे दिया जाना चाहिए और चतुर्थ है सल्लेखना जिसका शरण मरण काल मे लिया जाता है। इन बारह व्रतो का परिपालन निरतिचार पूर्वक किया जाना चाहिए। उन्हे पच्चीस दोषो से मुक्त होना चाहिए। अष्ट मूलगुणो का भी पालन किया जाना चाहिए इन व्रतो के साथ। यह श्रावक क्रिया है जिसके पालने से मुक्ति-पथ प्रशस्त हो जाता है। राजा ने यह उपदेश सावधानतापूर्वक सुना और उसकी अनुशसा की।

(7)

इसके बाद राजा ने अपने पूर्व भव और भविष्य भव के सदर्भ मे जिज्ञासा व्यक्त की। तब मुनिराज ने उसका वर्णन किया—हे राजन्! तीसरे द्वीप का नाम पुष्करार्ध है। उसके पूर्व मे मेरु पर्वत है जिसके पश्चिम विदेह मे शीतोदा नदी के उत्तरी तट पर एक सुगन्धि नाम का देश है। उसका हर प्रान्त कमलो की गध से सुगन्धित है। इसलिए उसका नाम सार्थक है। वहा नागवल्ली जैसी सुन्दर लताएँ हैं, फलभार से झुके हुए सुपारी के वृक्ष हैं, थल कमलो की भी अपनी निराली शोभा है।

(8–9)

उस सुगन्धि देश मे श्रीपुर नाम का एक नगर है। मणि जटित प्रासादों से वह सुशोभित है, कामिनियों के मुख-चन्द्र से प्रकाशित है, चन्द्रकान्त मणियो से निकलने वाली जलधारा मे मानो चन्द्र ही अवभासित होता हो, हर घर के शिखर रगे हुए है इसलिए वे ऐसे दिखते है जैसे उनके ऊपर रविका कलश लग गया हो। उसी श्रीपुर मे श्रीषेण नामका राजा राज्य करता था। वह क्षत्रियधर्म को पौरुष

का प्रतीक समझता था। दान में कर्ण था। सकल विद्याएँ साक्षात् उसमें एकत्रित हो गई थीं। वह अहंकार से दूर था, समुद्र के समान गम्भीर और विशाल था, पर्वत के समान ऊँचा, चन्द्र के समान सुन्दर, बृहस्पति के समान बुद्धिमान था, विरक्त था, इन्द्र की कीर्ति को प्राप्त था, उज्ज्वल गुणों से युक्त था, निर्मल मनोज्ञ शरीरवान था, शत्रु रुपी अन्धकार के लिए सूर्य था, भिक्षार्थियों के लिए कल्पवृक्ष था, कामिनियों के लिए अमृत था। इस प्रकार वह गुणवान राजा अपनी प्रजा का पालन बड़े मनोयोग से कर रहा था।

(10–11)

उस राजा की कीर्ति अमृतरस के समान निर्मल और मुक्ति के समान कल्याणकारी था। उसका एकछत्र राज्य था। श्रीकांता नाम की उसकी महाराज्ञी थी जो अत्यन्त रूपवती थी। राज्ञी का मुख चन्द्र के समान था, स्तन वत्सलता से भरे पीयूष कुंभ थे, कटि भाग पतला था, ऊरु युगल स्थूल थे, सारे अंग रक्त कमल के समान कोमल थे। वह ज्ञान में शक्ति के समान, सुर में कति के समान, तर्क मे युक्ति के समान, सिद्धि में मुक्ति के समान, धर्म में क्षान्ति के समान, शील मे शान्ति के समान दान मे कीर्ति के समान, अर्थ मे युक्ति के समान थी। एक दिन वह खेद-खिन्न हो गई। जब अन्तःपुर में राजा आया तो उसने देखा कि उसके आखों से आंसू बह रहे हैं। उसने कहा—प्रिये! बताओ, किसने तुमसे अपराध किया है, किसने तुम्हारा अपमान किया है। त्रिलोक को जीतने वाले मेरे रहते हुए शक्र भी तुम्हारा कुछ नहीं कर सकता। अतः स्पष्ट कहो, किस कारण से तुम दुःखी हो राजा के बार-बार पूछने पर वह लज्जावश कुछ नहीं बोली और सखि की ओर लीला पूर्वक देखने लगी।

(12–13)

सखि बोली—हे स्वामिन्! आपके रहते हुए इसे विषाद का कारण क्या हो सकता है! सच तो यह है कि सबके ऊपर कर्म है, भाग्य है। बात यह है कि आज यह मेरे साथ नगर की शोभा देखने छत पर गई थी। वहां से इसने बच्चों को खेलते हुए देखा जो हाथ की थपकी दे देकर गेंद खेल रहे थे। उन्हें देखकर इसका मन विषादमय हो गया और सोचने लगी—पुत्र के बिना भी कोई जिन्दगी है? शोक का मूल कारण यही है। राजा यह सुनकर चिन्तित हो गया और सोचने लगा कि सब कुछ होते हुए भी पुत्र के बिना जीवन अधूरा है। बिना किरणों के सूर्य की शोभा ही क्या? पुत्र के बिना राज्य का फल क्या? पुत्र के बिना पुरुष के बल की सार्थकता

क्या ? पुत्र के बिना कुल की गति कैसे हो सकती है ? पुत्र के बिना शोभा ही क्या ? पुत्र के बिना तप भी निर्मल नहीं हो सकता। पर यह सब कर्माधीन है। उसने कहा—प्रिये। पुत्र होना कठिन नहीं है। यदि भाग्य सर्वथा प्रतिकूल न रहा तो तुम्हारी यह इच्छा अवश्य पूरी होगी। तुम्हारा शोक मुझे सतप्त कर रहा है और मेरा सतप्त होना सारी प्रजा और राजाओ के शोक का कारण बन जाता हैं। अतः इस शोक को छोडो। अभी तीर्थ सुपार्श्वनाथ के तीर्थ मे समस्त पदार्थों को युगपद् देखने वाले मुनिराज विराजमान है। उनके पास चलकर कारण पूछेंगे। रानी यह सुनकर प्रसन्न चित्त हो गई। एक दिन वनमाली ने आकर राजा से निवेदन किया।

(14)

हे देव ! वसत आ गया है। चारो दिशाओ मे आम्र मजरिया सुरभित हो रही हैं, कोयल मधुर स्वर मे गा रही हैं, उपवन मे मदनराज बठा हुआ है, मलयानिल बह रही है, हम पक्तियाँ आकाश मे उड रही हैं, अलि पक्तियाँ भी इधर-उधर दौड रही हैं, कामिनियाँ भ्रूवल्लियो रूपी धनुषो को खीचे हुए हैं, उनसे वे तीखे वाण चला रही है। वनपाल की यह सूचना पाकर राजा उद्यान की शोभा का आस्वादन करने चल पडा। वहा उसने देखा कि बहुविध पुष्पो से रसाल शोभित हो रहे हैं, भ्रमर पक्तियाँ चारो ओर घूम रही हैं, कोयल मधुर स्वर से गा रही है और मधुर फल खा रही है, शीतल मलयानिल लीला पूर्वक बह रहा है। पंचेन्द्रिय विषयो से सिक्त वसन्त ऋतु का विशेषताओ को देखकर राजा सतुष्ट हुआ और विषाद छोडकर उद्यान मे बिहार करने लगा। इसी बीच वहा चारण ऋद्धिधारी मुनि आ पहुँचे। वे तप के प्रभाव से तेजस्वी और जन्म-मरण से मुक्ति देने वाले थे। अवधि ज्ञानी थे।

(15)

अस्नान परिषह से उनका शरीर मलीन लगता था जैसे ध्यान के प्रभाव से धूम का लेप लगा लिया हो। बारह महाव्रतो के पालन से उनका शरीर कृश हो गया था। वे मुक्ति-नारि से भी विरक्त थे। राजा ने उनके चरणो मे प्रणामकर बहु विध भक्ति की और कहा कि मैं आपके दर्शन से पवित्र हो गया हू, मुझे आपका चरणलाभ हो गया है उसमे निर्मुक्त होकर मैं अवगाहन कर रहा हूँ, फिर भी मेरा मन विरक्त क्यो नहीं हो रहा है ? राजा के ये वचन सुनकर मुनिराज ने उसकी आन्तरिक वेदना को समझा और बोले—राजन ! जब तक तुम्हे पुत्र की प्राप्ति नहीं होगी तब तक यह चिन्ता मिट नही सकती। पुत्र जन्म के प्रतिषेध का कारण क्या है, इसे भी समझ लेना चाहिए। इस कारण का

सम्बन्ध पूर्व जन्म से है। तुम्हारी महाराज्ञी यह श्रीकांता पिछले जन्म मे इसी नगर मे उत्पन्न हुई थी। उसके पिता देवांगद बड़े धन सपन्न व्यापारी थे। उनकी पत्नी का नाम श्री था जिसकी कुक्षि से सुनन्दा नाम की रूप लावण्य सम्पन्न पुत्री हुई। वह श्रावक व्रतों का परिपालन करती थी। सुनन्दा ने एक दिन यौवन के प्रारम्भ मे एक गर्भ-भार से पीड़ित महिला को देखा और निदान बाधा कि जन्मान्तर में भी मैं युवावस्था मे इस जैसी न होऊँ। निदान बाँध लेने के बाद उसने आजीवन गृहस्थ धर्म का पालन किया और अन्त मे मरकर सौधम मे देव हुई। वहां से च्युत होकर शेष पुण्य के फल से दुर्योधन की पुत्री और आपकी पत्नी हुई।

(16)

आपकी इस पत्नी ने पूर्वभव के निदान के कारण ही अभी तक का अपना नवयौवन बिना सन्तान के व्यतीत किया है। अब थोड़े दिनो बाद ही निदान-दोष के शान्त होते ही अतुल बलशाली पुत्र होगा। बाद मे उसे तुम राज्याभिषिक्त करके दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर लोगे और मुक्ति प्राप्त करोगे। राजा यह सब सुनकर अत्यन्त प्रसन्न हुआ। फलत उसने अतिचार रहित बारह अणुव्रतो के परिपालन का प्रण लिया, छेदन, बन्धन, घात-प्रतिघात आदि से मुक्त हुआ, असत्यवादन, कूटलेख-क्रिया, न्यासापहरण आदि छोड़ दिया, अचौर्यव्रत का पालनकर राजविरुद्ध कर चोरी तथा हीनाधिक मानोन्मान, तदाहृतादान को त्याग दिया। इसी प्रकार पर-विवाहकरण, अनगक्रीड़ा आदि अतिचारो के साथ परस्त्रीसेवन का वर्जन किया और परिग्रह परमाणुव्रत का पालन किया तथा धन-धा यादि के अतिक्रमण को छोड़ दिया। इस प्रकार पचाणुव्रतो का निरतिचार पूर्वक पालन करने लगा।

(17)

ऊर्ध्व, अधो, तिर्यक् दिशा की सीमा का व्यतिक्रमण सख्याकृत क्षेत्र सीमा का विस्मरण (स्मृत्यन्तर्धान), क्षेत्रवृद्धि ये प्रथम गुणव्रत के अतिचार हैं। रागयुक्त असभ्यवचन बोलना, सचेष्ट क्रियाओ सहित असभ्य वचन बोलना, असबद्ध प्रलाप, बिना विचार के निष्प्रयोजन क्रिया करना (असमीक्ष्याधिकरण), तथा भोग या उपभोग रूप वस्तुओ का जितना प्रमाण किया है उसकी सीमा के भीतर ही, पर आवश्यकता से अधिक सग्रह करना (उपभोगाधिकत्व) ये पाच अतिचार द्वितीय गुणव्रत (अनर्थदण्डव्रत) के हैं। विषयो की इच्छा करना, पूर्वानुभूत विषय भोगो का स्मरण करना, अतिलुब्धता, अतितृष्णा आदि पाच अतिचार भोगोपभोग परिमाण व्रत के हैं। शिक्षाव्रतो मे प्रथम सामायिकव्रत, द्वितीय प्रोषधोपवासव्रत, तृतीय दान-

व्रत और चतुर्थ सल्लेखना व्रतो का भी निरतिचार पूर्वक पालन करने का विधान है। राजा ने इनके परिपालन करने की प्रतिज्ञा की।

(18)

राजा का समय सागरधर्माचरण, जिनाभिषेक, जिनपूजा, दान, धर्मध्यान आदि क्रियाओ में बीतने लगा। इसके बाद नदीश्वर आष्टान्हिक पर्व आया जिसे उसने सोत्साह सपन्न किया। कुछ दिनों बाद रानी गर्भवती हो गई। उसका शरीर सफेद हो गया, स्तनो का अगला भाग काला और शेष भाग सफेद हो गया। इससे उसने चन्द्रमा की शोभा को भी मात कर दिया। जमुहाई चिर सखी की तरह निरन्तर निकटवर्तिनी हो गई। सन्मित्र के समान आलस उसके पास से नही भागता, लज्जा के साथ उदर बढ़ गया उसकी तीन वलियो के साथ स्फूर्ति लुप्त हो गई। दोनों नेत्र सफेद हो गये। मुनिवाणी के समान वह निश्चल हो गई। राजा ने उसका दोहद भी पूरा किया। इस तरह शुभ भावो पूर्वक धर्माराधना सहित उसका गर्भकाल परिपक्व होता गया।

(19)

इसके बाद शुभ दिन और, शुभ ग्रहो मे श्रीकान्ता ने पुत्र को जन्म दिया। पुत्र तेजस्वी था। सारा अन्त पुर रोमाचित हो उठा, सभी तरह के वाद्य बज उठे कारागृह से वदियो नो मुक्त कर दिया, गया, और याचकों को अपने समान धनाढ्य कर दिया गया। इस तरह मागलिक पुत्रोत्सव मनाया गया और फिर दसवें दिन पुत्र का नाम श्री धर्म रखा गया। पुत्र अहर्निश बढने लगा और समस्त शत्रुओ के मनोरथो को भङ्ग करने लगा। उसने सारी कलाएं सीखलो, सारी विद्याए अर्जित कर ली। इसके बाद उसने राजकन्या शीलवती प्रभावती के साथ विवाह किया। तदनन्तर श्रीषेण ने उसे राज्याभिषिक्त कर दिया।

तृतीय संधि

(1)

एक दिन राजा श्रीषेण राज्यसुख का पान करता हुआ राजमहल में बैठा था, कामकेलि मे मस्त था। उसी समय उसने आकाश से गिरती हुई उल्का देखी। उसकी क्षणभगुरता देखकर उसे वैराग्य हो गया। वह सोचने लगा—यह मनुष्य जन्म फेन के समान निस्सार है यदि उसमे धर्म का पालन न किया जाये। बस, शरीर तो फिर मल की उत्पत्ति का कारण है, दुर्गन्ध और दु ख का घर है। यदि ऐसे दु.ख दायी नारियो के शरीर मे मोहित रहा जाय तो अमृत-सुविधा से व्यक्ति वंचित रह जायेगा। इस शरीर को विविध गधो से सेवा फिर भी वह अशुचि दुर्गन्धों का घर बना रहा।

(2)

जिस मुह को चन्द्र की उपमा दी जाती है वह कफ के पिण्ड के अतिरिक्त और क्या है ? जिन्हे कामभल्लि कहा गया है वे नितम्ब दूषित मलद्वार हैं, जिन अधरो को अमृत का घर कहा जाता है वे थूक जैसे मल के निधान हैं, जिन स्तनों को अमृत-कु भ माना जाता है वे मात्र मांस के लोथडे है, जिस दन्त पक्ति में सौभाग्य देखते हैं उसे वस्तुत हाथ से कौन स्पर्श करता है ? सारी पृथ्वी को जीतने की कोशिश की जाती है जबकि चार हाथ जमीन ही सोने के लिए पर्याप्त है, मोह के कारण व्यक्ति इतना अधिक धान्य पैदा करता है जबकि उसे भरण-पोषण के लिए थोड़े से ही अनाज की आवश्यकता होती है यह सब दूसरे के लिए किया जाता है। तब यह पाप स्वयं क्यों किया जाये ? पुत्र-कलत्र आदि भी सभी स्वार्थी तत्व ही हैं। यह सोचकर राजा श्रीषेण को संसार से वैराग्य हो गया और उसने अपना आगे

का मार्ग तय कर लिया। फिर अपने कुल के आभूषण स्वरूप युवराज को बुलाया।

(3)

युवराज ने तुरन्त आकर प्रणाम किया और खड़ा हो गया। श्रीषेण की दृष्टि मे अब मोह नही था। उसने कहा–पुत्र ! आज तुम मेरी बात सुनो। जिस प्रकार आंधी फूस की झकझोर डालती है उसी तरह जब तक मेरे इस शरीर को वृद्धावस्था आकर झकझोर नही देती, जब तक तिमिर-नेत्र रोग मेरी देखने की शक्ति को नष्ट नही कर देते, साधु-श्रवण मे और धर्म कथाओ के श्रवण मे मेरे कान जब तक काल के प्रभाव से बधिर नही होते, तीर्थ यात्रा करने मे प्रवीण मेरे पैर जब तक अपने गमन-सामर्थ्य को नही छोडते, जब तक कार्य अकार्य करने का विवेक समाप्त नही होता तब तक मैं सांसारिक बन्धनो को छोडकर दिगबर दीक्षा ग्रहण करना चाहता हूँ। भोगो की मेरी तृष्णा समाप्त हो गई है, रोगो का आना प्रारम्भ हो गया है, अगो मे कपन आदि भी शुरु हो गया है।

(4)

काम -भोगो की शक्ति समाप्त हो गई है। सूखी हड्डी चबाने मे मग्न जिस प्रकार कुत्ता अपने मुह से निकले खून को पीकर ही सतुष्ट होता है उसी तरह वृद्धावस्था मे विषय भोगो की स्थिति होती है। उपभोग करने की शक्ति बचती नही, पैर थक कर पगु हो जाते है, सिर गजा हो जाने के कारण ताम्र पात्र के समान दिखाई देने लगता है दन्त पक्ति विकीर्ण हो जाती है पद सचालन कम हो जाता है जैसे काल ने वह शक्ति हर ली है, जरा-देवी के आने पर आठो अगों मे कपन प्रारम्भ हो जाता है ऐसा लगने लगता है जैसे कोई अपराध के कारण कप रहा हो, अग गलित हो जाते है, शरीर रोगो से आक्रान्त हो जाता है, व्यक्ति निर्लज्ज और कुरूप बन जाता है।"

(5)

अत' अब मै अपना कार्य शीघ्र सपन्न करता हूँ अर्थात् दीक्षा लेता हूँ। तुम सप्तांग वाले राज्य का परिपालन भलीभाति करना। आत्मीय जनो का कभी अपमान न करना। दुर्जनो को कभी शरण नही देना और सज्जनो के गुणो को कभी छिपाना नहीं। कभी अभिमान नहीं करना। कोई ऐसे काम नही करना जिससे अपयश हो। पापियो द्वारा अर्जित सम्पत्ति की भी कभी अकाक्षा नहीं करना। दान

दिये बिना कभी लक्ष्मी का उपभोग नही करना, सन्मित्र अथवा उपदेष्टा को दूर नही छोडना । शत्रुओ पर विजय-प्राप्ति को कर्म पर नही छोडना अर्थात् पुरुषार्थ पूर्वक उन पर विजय पाना । हृदय घातक वाणी नहीं बोलना । किसी पाप-चरित का आचरण नहीं करना । अनुभवी मन्त्रियो की सलाह लिये बिना कोई काम नही करना । धर्म को त्याग कर सुख का अनुभव नही करना । अर्थ, काम और तृष्णा को कभी सिर नही उठाने देना । प्रजा पर करो का बोझ अधिक नही डालना । इस प्रकार राज्य करते हुए, पृथ्वी पालते हुए, लक्ष्मी का सुख प्राप्त करते हुए कीर्त्ति का अर्जन करो और पुण्य सपादन करो, मुक्ति को प्राप्त करो । यही सकल मनोरथ सिद्धि के लिए कल्पतरु होगा ।

(6)

श्रीषेण ने अपने पुत्र को इस प्रकार शिक्षा देकर उसे राज्य का भ'र सौप दिया और अपने वृद्ध लोगों से अनुमति लेकर श्रीप्रभ मुनिराज के समक्ष जिन दीक्षा ग्रहण कर ली । कालातर में दुर्धर तपस्या कर निर्वाण सुख को प्राप्त किया । इधर राजा श्रीधर्म पिता के वियोग से कुछ समय तो शोक विह्वल रहा बाद मे मन्त्रियो और परिकर जनो से प्रतिबोधित होने पर उसका शोक दूर हुआ । तदन्तर दिग्विजय के लिए प्रस्थान किया । चारो प्रकार की दुर्जेय सेना उसके पास थी । उसने सग्राम भेरी बजवा दी । उसकी आवाज सुनकर शत्रुओ के दिल धडक उठे । प्रस्थान करते समय अनुकूल वायु चल रही थी । ध्वजाएँ लहरा रही थी । उन ध्वजाओ ने सूर्य के साथ ही शत्रुओ के यश को भी आच्छादित कर लिया । चतुरगिणी सेना बल से शत्रु कपित हो उठे और उनका दर्प चूर-चूर हो गया । मार्ग मे रत्नादि से भरे थालो से नागरिको ने भी उसका अभिनन्दन किया ।

(7–8)

शत्रु वर्ग मे श्रीधर्म के दिग्विजय प्रस्थान से एक खलबली मच गई । वे उसी तरह से भयभीत हो उठे जैसे गरुड के आने से सर्प हतप्रभ हो जाते हैं । उनमे कुछ स्तम्भित हो गये, कुछ उपहार आदि लेकर उसके समक्ष आ गये, कुछ जंगल मे भाग गये, कुछ यममुख मे समा गये, कुछ पिता के मरने पर अपने गले मे कुठार लगा कर शरण मे आ पहुचे । कुछ दातो तले अगुलि दबाने लगे, कुछ पुत्र-कलत्र आदि परिवार को छोडकर अपने प्राणों को बचाने की दृष्टि से दुग पर चढ गये, कुछ ने अपनी सम्पदा को ढोकर दग्ध वृक्षों मे रख दी, कुछ ने अपने मुख को गोद मे डाल लिया मानो अपने कलक को छिपा रहे हो, कुछ अपनी आयु को क्षीण मानकर

दुर्धर तपस्या करने निकल पड़े, कुछ ने यह सोचा कि श्रीधर्म सारे राज्यों का अपहरण नहीं करेंगे इसलिए अपने राज्य समर्पित कर दिये। इस प्रकार शत्रुओं की स्थिति देखकर उनके प्रणाम आदि प्रक्रिया से श्रीधर्म सन्तुष्ट हो गया और क्षत्रियोचित धर्म का उनके साथ आचरण किया।

जैसे ही संग्राम मे उसने शत्रुओं का विनाश किया वैसे ही उस राजा का प्रताप और बढ़ गया। इसको देखते ही शत्रुओं की पत्नियां विरहाग्नि में जलने लगती थी। शत्रु कुल देवता की पूजा से भी निराश हो गये। मुख मे तृण दबाकर अपने जीवन की रक्षा करने की आशा करने लगे। उसके अतुल पराक्रम को देखकर कुछ जीवन मुक्त हो गये। कुछ कुहाडक को कधे पर रखकर युद्ध करने का विचार करने लगे। कुछ वर्म के लगने से सतप्त हो गये, कुछ ने पादागुलि को दातो के भीतर डाल ली, कुछ राजा के हाथी के कुभस्थल को देखकर भयभीत हो गये, कुछ उसकी तलवार देखकर इतने अधिक त्रस्त हो गये कि सुरतिकाल मे पत्नी की वेणि को भी देखकर कपित हो गये। कुछ ने उसके धनुष मे इतनी वक्रता देखी कि उस वक्रता का विलास भ्रूलता मे नही था, तीक्ष्णता को स्त्रियो के कटाक्ष मे भी नहीं देखा जा सका। इस प्रकार चारो दिशाओ को जीतकर राजा ने अपने नगर की ओर प्रस्थान किया।

(9)

शत्रुओ से प्राप्त धन को याचको मे वितरित कर दिया गया और सभी राजा गण राजा श्रीधर्म को छोडकर अपने-अपने नगर लौट गये। दिग्विजयकर लौटे हुए अपने राजा को अपने नगर मे पाकर पुरजन अत्यन्त प्रसन्न हुए और वे अर्घ लेकर उसका आदर-सम्मान करने निकल पडे। पौरांगनाओ ने उसे लज्जा रूपी अजुलियो मे ग्रहण किया। नगर की शोभा दर्शनीय थी। जिन प्रतिमा को देखकर वह प्रसन्न हुआ। अपने प्रासाद मे पहुँचकर वह पचेन्द्रिय सुखों का उपभोग करने लगा। इसके बाद उसने एक दिन शरत्कालीन मेघ को देखा जो उत्पन्न होते ही नष्ट हो गया था। उसकी यह अवस्था देखकर राजा का वैराग्य हो गया और श्रीकान्त पुत्र को राज्य सौंपकर स्वय श्रीप्रभ नामक मुनीन्द्र के चरणो मे पहुँच गये। वहा उसने दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर तेरह प्रकार के चारित्र का आचरण कर अन्त मे सौधर्म स्वर्ग मे श्रीधर नाम का देव हुआ। देवागनाएँ उसकी सेवा मे उपस्थित रहती थी। उसकी आयु दो सागर प्रमाण थी। वहा रहते हुए उसने अपार सुख भोगा।

(10)

यहां से श्रीधर्म से सम्बद्ध कथा का प्रारम्भ होता है। धातकी खण्ड नाम का दूसरा द्वीप है। उसकी दक्षिण दिशा मे एक पहाड़ है जो इषुकार नाम से

विख्यात है। उसके शिखरो पर देव लोग विचरण करते हैं। उसके पूर्वभाग मे अलका नाम का देश है। वहा चारो ओर स्थल कमलिनी लगी हुई हैं जिनके मकरन्द से और पके कमलो की सुगन्ध से देश का हर कौना सुवासित हो रहा है। कामुक जन उसका पानकर मानो आसव पान से उन्मत्त हो रहे हैं, उस देश के मध्य में सुन्दर नदियां बहती हैं, जो प्रिय की गोद मे बैठी हुई पत्नी के समान प्रतीत होती हैं। उसका मध्य भाग भवर रूपी नाभि से विशेष अलकृत है, पत्नी जैसे सुन्दर स्तनो से मनोहारिणी लगा करती है उसी तरह नदियों का जल भी मधुर है, कमल मानों उसके नेत्र हैं, विहगावलि उसकी मेखला की शोभा है। उस देश मे कोशला नाम की नगरी है जो सभी तरह के के सुख, सौन्दर्य और गुणो से विशिष्ट है। वहां आगन मे रत्नो के फर्श लगे हुए हैं जिनमे रात्रि के समय गृह-नक्षत्र आदि प्रतिबिंबित होने लगते हैं। उन्हे देखकर नव वधुऍ अपने पतियो के आलिगन को लज्जावश छोड देती हैं। पति उस स्थिति को स्पष्ट करते है और हसकर उसका चुबन ले लेते हैं। वहाँ अभिसारिकाएँ कृष्ण पक्ष की रात्रि मे जब सचरण करती हैं तो उन्हीं का मुख-चन्द्र अपनी मुसकान की चादनी ने तुरन्त दिखाई पड जाता है। वहां के प्रासादो के शिखरो मे लगी जालियो से निकलने वाले कालागरु धूम ले मानो चन्द्रमा मे कालापन आ गया। उसी समय से चन्द्रमा मे यह कलक लगा हुआ है। उस नगरी मे अजितंजय नाम का राजा राज्य करता था ॥10॥

(11)

वह राजा अपने सद्गुणों से प्रसिद्ध था। उन गुणो से ही लोगो को प्रकाश मिला था। "इस ससार मे मेरे प्रताप को कौन जीत सकता है" यह सोचकर सूर्य सुबह बडे गर्व के साथ उदित होता है पर शाम को राजा के प्रताप से लज्जित होकर मानो अस्त हो जाता है और करडुबत् दिखाई देने लगता है। उसके गम्भीरता गुण से लज्जित होकर ही मानो लवण समुद्र काला पड गया और सूर्य अस्त हो गया। मानो उसकी भीषणता सूकर मे पहुँच गइ और उसकी भृकुलदेवी उसकी भुजा मे प्रविष्ट हो गई। उस राजा अजितंजय की अजित सेना नाम की महाराज्ञी थी जो कुल, शील, गुण और सौन्दर्य से समृद्ध थी। उसके रूप से इन्द्राणी का भी रूप हीन पड़ गया था। राजा उसके साथ रति-क्रीडा करता हुआ पचेन्द्रिय सुखो का

उपभोग करता रहा। श्रीधर देव सौधर्म स्वर्ग से चयकर उनके यहाँ पुत्र के रूप में उत्पन्न हुआ ।।11।।

(12)

पुत्र का नाम अजितसेन रखा गया। वह शत्रुओं रूपी चिड़ो के लिए प्रचण्ड घातक था। बाल्यावस्था मे ही उसने गुण रूपी सूर्य के तेज को प्राप्त कर लिया था। बाल्यावस्था मे ही उसने समस्त आगमो का ज्ञान पा लिया था। बाल्यावस्था मे ही उसने वृद्धो के अनुभव को हासिल कर लिया था और नीति विशेषज्ञ बन चुका था। बाल्यावस्था मे ही कुल का भार धारण करने मे धीर हो गया था और शत्रुओं के दलन मे निपुण बन गया था। बाल्यावस्था मे ही धर्म से सुसंस्कारित हो गया था और जनता के लिए शिक्षा देने के योग्य बन गया था। बाद मे राजा ने अपने पुत्र की तरुणाई को देखा और उसके गुणो की ओर विचार किया। सोचने लगा–हम धन्य है कि इतना गुणवान् पुत्र हमने पाया। यह पुत्र चिरकाल तक हमारे कुल की कीर्ति को बढायेगा। गुणवान और रूपवान पुत्र दुर्लभ होता है। वह बड़े पुण्य से मिलता है। गुणवान पुत्र से जो सुख मिलता है वह अमृत के स्नान से भी नही मिल पाता। यह सोचकर अपने वृद्ध मंत्रियो से उसे युवराज पद देने के संदर्भ मे विचार-विमर्श किया। बाद मे बुधजनो, परिजनो और अन्य मंत्रियों की सलाह के अनुसार मांगलिक विधि से उसे युवराज पद पर अभिषिक्त किया ।।12।।

(13)

इस मागलिक अवसर पर पुरजन और परिजन अत्यन्त हर्षित हुए। इसके बाद एक दिन की बात है कि राजा अजितंजय युवराज के साथ रत्नाभूषणो से युक्त सिंहासन पर बैठा था। इसी अवसर पर माण्डलीक राजाओ का मण्डल उत्तमोत्तम उपहार लेकर उससे मिलने के लिए वहां आया कि अचानक चण्डरुचि नामक जो पूर्वजन्म का वैरी था, वहा आया और उसे देखने मात्र से वह क्रोधित हो उठा। तुरन्त उसने सारी सभा को समोहितकर राजकुमार का अपहरण करके ले गया। एक क्षण के लिए उस मोहिनी विद्या के प्रभाव से राजा भी मूर्छित हो गया। उस विद्या की शक्ति जैसे ही कम हुई कि राजा सचेत हो गया। उसने वहा देखा कि सभागार राजकुमार से शून्य है। सभ्रमित होकर चारो ओर उसने गौर से देखा और नि श्वास छोड़कर सोचने

लगा–क्या यह मोह है अथवा इन्द्रजाल, स्वप्नदर्शन है अथवा मतिभ्रम कि पास में बैठे हुए भी पुत्र का नहीं देख पा रहा हूँ। यह सोचता हुआ शोक करने लगा–हा दैव ! मेरा मनोरथ बीच मे ही टूट गया। हे पुत्र ! तुम जहाँ भी हो, तुरन्त आ जाओ। तुम यह वचन दो कि इस तरह कभी अदृश्य नही होओगे। इसे प्रकार विलाप करते हुए, रोते हुए मूछित हो गया। परिजन भी हाहाकार करने लगा ॥13॥

(14)

अजितसेन ने राजा को मूछित होते हुए देखा हरिचंदन आदि केछिडकने से, चामर की हवा से राजा की मूर्छा दूर हुई। फिर वह नि श्वास छोडकर पुनः विलाप करने लगा। हे पुत्र ! तुम्हारे बिना यह जीवन भी क्या ! दैव ने मुझसे मणि छीन लिया और मैं अब बिलकुल भिखारी–सा बन गया हूँ। मुझे अमृत मिला पर अधरो पर लगाते ही पात्र टूट गया। अधे को आँखें मिलीं पर दैव ने तुरन्त उन्हे फोड दिया। इन्द्र ने अपना राज्य दिया पर दैव ने उसे छुडाकर भिखारी बना दिया। रत्नत्रय से पापों से मुक्ति मिलती है पर गुणश्रेणि से प्राणी पतित हो जाता है। मुझे कितना भी सुख मिले, पुत्र के बिना उसका कोई महत्व नहीं। पुत्र के बिना कुल अधेरे मे चला जायेगा। कुल को आगे बढाने वाला राजा कौन होगा ? इस प्रकार राजा बार-बार मूछित होता रहा। वीर हो या कायर हो, दैव इनमे कोई भेद नही करता ॥14॥

(15)

पुरजन और परिजन राजा के साथ शोक मग्न थे ही कि इसी बीच तपोभूषण नामक चारण ऋद्धिधारी मुनि आकाश से उतरते हुए दिखे। वे निर्मल चन्द्रमा के समान दृष्टिगोचर हो रहे थे। सारी सभा गर्दन उठाकर ऊपर देखने लगी। उनका तेज मण्डल आकर्षक था। ऐसा लग रहा था कि कही करुणार्द्र होकर सूर्य का बिम्ब तो नही उतर रहा हो वे। करुणा से शीतल, मेघबाहु, रत्नत्रयधारी, गुणाधिपति थे। जैसे ही मुनिराज ने पृथ्वी पर पैर रखा कि राजा ने उठकर उनकी चरण वन्दना की। अपने हाथ से आसन बिछायी और सन्तोष व्यक्त किया। हर्षित होकर अश्रु मिश्रित जल से उनके पैर धोये जो सभी के तारक हैं। और अपने हाथ से ऊचा आसन दिया जिस पर वे बैठ गये। तब राजा ने कहा–हे नाथ ! आप मेरे घर आयेयह बडे आनन्द की बात है, पर यह समझ मे नही आया कि आप जानबूझकर यहा आये, हैं या मार्ग भूल गये हैं। जो भी हो, जिस तरह दुर्भाग्यवती विरही स्त्रियो को

जनके पति के साथ समागम होने से सुरति सुख मिल जाता है उसी तरह आपके दर्शन से मुझे शिव-सुख मिल गया। हमारे दु:ख को आपने हर लिया ॥15॥

(16)

राजा के इन स्नेहिल वचनो को सुनकर मुनिराज ने आशीर्वाद दिया और हर्षित होकर कहा कि तुम्हे शोक सतप्त जानकर मैं प्रतिबोधन देने आया हूँ। तुम गुणवान हो और गुणियो पर अनुराग करने का मै पक्षधर हूँ। तुम्हारे जैसा शुद्ध भाव वाला व्यक्ति कहां मिलेगा ? यह सब जानते हुए भी शोक क्यो करते हो ? सभी ससारी प्राणियो के इष्ट वियोग और अनिष्ट सयोग समान रूप से लगे हुए हैं। बुद्धिमान व्यक्ति ऐसे प्रसगो मे विषाद से खेद-खिन्न नहीं होता। इसलिए तुम्हें शोक नही करना चाहिए। तुम्हारे पुत्र को असुर हर ले गया। कुछ दिनो मे ही वह चक्रवर्ती बनकर विपुल सपदा के साथ वापिस आ जायेगा। राजा यह सुनकर हर्षित हो गया और पुलकित होकर उसने मुनिराज की वदना की। मुनिराज भी उठकर अपने इष्ट स्थान की ओर प्रस्थान कर गये। मुनिराज के वचनो पर राजा को विश्वास हो गया और विषाद छोड़कर सतोष पूर्वक रहने लगा ॥16॥

चतुर्थ संधि

(1)

इसके बाद चण्डरुचि नामक कोपाविष्ट उस असुर ने राजकुमार अजितसेन को दोनो हाथो से चारो ओर घुमाकर फेक दिया। तब राजकुमार मनोरम नाम के गहन सरोवर मे गिरा। वहां गिरते ही मगर-मच्छ आदि जन्तुओ ने उसके ऊपर आक्रमण कर दिया जिसे उसने अपने शक्तिशाली मुक्कों और पैरों से मार-मारकर निरस्त कर दिया और अपने बाहुओ से तैरकर शैवाल को बिलोरता हुआ किनारे पहुच गया। वहा उसे सामने परुषा नामक अटवी दिखी जिसमे सुई जैसा नुकीला कास लगा हुआ था। सिहों द्वारा विदारित हाथियो के गण्डस्थलो से निर्गत मुक्ताएँ फैली पडी थी जिन पर दृष्टिपात करने से ऐसा लगता था मानो वहा के उन्नत वृक्ष शाखाओ की रगड से आकाश से तारामडल टूटकर बिखरा पडा हो। सघनता के कारण निविड अधकार था मानो चुभने के भय से ही सूर्य अपनी किरण वहां नही फेंक पाता हो। कटक वृक्षो से आच्छादित होने के कारण राजकुमार को प्रारभ मे दिशाभ्रम हो गया, पर थोडी ही देर बाद भीलो का एक मार्ग दिखा और उसी मार्ग से निर्भय होकर चल पडा। सामने ही उसे तुरन्त एक पहाड दिखाई दिया ॥1॥

(2)

पहाड के सम्मुख पहुचते ही उसे मधर शीतल पवन का सुख मिला और वह ऊपर चढ़ गया। उस अजनगिरि पर उसे शिखर के समान एक क्रोधाविष्ट पुरुष दिखाई दिया। वह अत्यन्त बलशाली था, उसके नेत्र आमिष पिण्ड के समान लाल थे, रग मेघ के समान काला था और हाथ मे प्रचण्ड मुद्गर को घुमा रहा था। राजकुमार के सामने आकर उसने कठोर वचन कहे—"तू यहाँ कैसे आ गया ? इस उपवन की रक्षा मैं करता हू। मेरी आज्ञा के बिना यहां देवेन्द्र भी नहीं आ सकता। तू मेरी आज्ञा के बिना आया है। लगता है, तुझे अपने भुजबल का गर्व है। अब मैं तुझ पर अमरासुर का चूरण करने वाले इस मुद्गर से प्रहार कर तुझे शिक्षा देता हू।" इस प्रकार की गर्वीली बातें सुनकर राजकुमार ने भृकुटि चढ़ाकर क्रोध से स्पष्ट शब्दो में उससे कहा ॥2॥

(3)

तुम कौन हो ? यदि तुझ मे कोई पौरुष है तो वचनो से भयभीत क्यो करते हो ? मै सुरो और असुरो को दलन करने वाला योद्धा हू । यदि तुझमे शक्ति हो तो आगे आओ और प्रहार करो । मैं वज्र मुष्टि के प्रहार से तुम्हे यो ही समाप्त कर दू गा । यह सुनकर उस असुर ने बडे क्रोध से मुद्‌गर से प्रहार किया । राजकुमार ने उसे निरस्त कर बाहुओ से दबोच लिया । दोनो एक दूसरे पर हाथो पैरो से प्रहार करते रहे । दोनो मल्लो मे घनघोर युद्ध होता रहा । कोई भी पीछे नही हटा । तब राजकुमार ने अपनी भुजाओ से उठाकर उसे नीचे पटक दिया । असुर ने प्रसन्न होकर अपना दिव्य रूप प्रकट किया और प्रणाम कर बोला ॥3॥

(4)

मैं भवनवासी हिरण्य नाम का देव हू । सुमेरु पर्वत पर जिन मदिरो की वन्दना करने गया था । वहा से यहा क्रीडा करने आ गया । तुम्हे देखकर मैंने कृत्रिम वेश धारण कर तुम्हारी परीक्षा ली है । मैं तुम्हारे साहस से सतुष्ट हू । हे वीर, मुझे यह कहने का साहस नही हो रहा है कि अवसर आने पर तुम मुझे स्मरण कर लेना । जिसने तुम्हारा हरण किया वह तुम्हारा शत्रु है और मैं तुम्हारा चिरकाल से मित्र हू । मैं तुम्हारे पूर्व जन्म का वृत्तान्त सुनाता हू । पिछले तीसरे जन्म मे तुम सुगन्ध नामक देश मे श्रीपुर नगर के राजा थे । उस नगर मे शशि और सूर्य नाम के दो गृहस्थ रहते थे । एक दिन शशि सूर्य के घर गया और उसकी सारी सपत्ति सेंध लगाकर चुरा ली । वास्तविकता जानकर तुमने शशि को पकडकर उससे सूर्य की सपत्ति वापिस करा दी और उसे फासी की सजा दी । वही शशि चण्डरुचि नाम का असुर हुआ और मैं हिरण्य नाम का देव हुआ । यह कहकर हिरण्य अदृश्य हो गया । राजकुमार भी उसके प्रभाव से क्षणभर मे ही अटवी से बाहिर हो गया । इसके पश्चात् वह उस देश मे पहुचा जहा ग्राम, नगर लगातार बसे हुए थे । वहां उसने देखा कि लोग भयभीत अवस्था मे इधर-उधर भाग रहे हैं । सब कुछ नष्ट हो रहा है । यह देखकर उसे आश्चर्य हुआ ॥4॥

(5)

राजकुमार ने एक थके मादे भयभीत पुरुष से पूछा—सभी लोग यहा से क्यो भाग रहे हैं ? राजकुमार के इस प्रश्न को सुनकर वह पुरुष क्रोधित और दुखित होकर बोला—क्या तुम्हे यह वृत्तान्त ज्ञात नहीं है जो तुम बार-बार पूछ रहे हो ? यह अरिजय नामक देश है । इसमे श्री सपन्न विपुल नामक नगर है जिसमे जयवर्मा नाम का राजा राज्य करता है । उसका विवाह जयश्री के साथ हुआ । उनके शशिप्रभा

नाम की पुत्री हुई जो सर्वांग सुन्दरी है। इसके बाद महेन्द्र नामक राजा ने जयवर्मा से उस कन्या के साथ पाणिग्रहण का प्रस्ताव रखा। पर चू कि नैमित्तिकों ने महेन्द्र को अल्पायुवान् बताया इसलिये राजा उसे स्वीकार नही कर सका। महेन्द्र ने अपनी मनोरथ की सिद्धि न होते देख अपने पक्ष के सभी राजाओ से मिलकर जयवर्मा के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी और जयवर्मा को मारकर नगर को घेर लिया। नगर के बहुत से प्रदेश उजाड दिये। इसलिए भयवीत होकर लोग यहा से भाग रहे है। राजकुमार अजितसेन यह सुनकर हसा और प्रसन्न होकर विपुल नगरी की ओर प्रस्थान किया। मार्ग मे महेन्द्र की सेना ने उसे रोका पर वह आगे बढता ही गया ॥5॥

(6)

सेना द्वारा रोके जाने पर भी राजकुमार को बढते देख सैनिको ने उससे अपमानजनक शब्द कहे और कहा कि राजा महेन्द्र आज्ञा का उल्लघन करने वाले अपने पुत्र को भी नही छोडता। तब राजकुमार ने उसकी चतुरगिणी सेना को भी तृणवत् मानकर उनमे से किसी एक के हाथ से धनुष छीन लिया। बस, युद्ध प्रारम्भ हो गया ॥6॥

(7)

दोनो ओर से बाण वर्षा प्रारभ हो गई। कुछ सैनिक क्षणकाल मात्र से गिर गये, कुछ मुष्टिका प्रहार से हत हो गये। वस्तुत सेना रूपी समुद्र के लिए राजकुमार मदराचल था, सैनिक रूपी जहरीले फणिकुलो के लिये गरुण था, नभ मण्डल के लिये सूर्य था, तृण समूह के लिए स्फुलिंग था, कु जरगणो के लिए सिह था। इस तरह सेना को ध्वस्त कर वह राजा महेन्द्र की ओर दौडा। दोनो मे घमासान युद्ध हुआ। अत मे राजकुमार के बाण से उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद राजा जयवर्मा ने जय-दु दुभि बजवाई, कुमार का आलिंगन किया और वहां से सभी बाहर निकल गये ॥7॥

(8)

तुम मेरे अकारणबन्धु हो गये। निर्मल वंश वाले तुमने मेरी सहायता की। भयकर दावानल लग जाने पर जिस तरह मेघ आ जाते है उसी तरह तुमने मेरा दु ख हरण किया। ठीक ही है—पृथ्वी संसार का संमर्दन सहती है, तरुगण अपने फलो का भार सहते हैं। इनके सारे उद्योग परोपकार के लिए होते हैं। बदले मे इन्हे क्या मिलता है ? राजकुमार ने कहा—यह सब पुण्य विपाक है। बाद मे दोनों कुसुम रथ पर चढ़े और राजपथ पर चलते हुए नगर मे प्रवेश किया। नगर खूब

सजाया गया। नगर बन्धुओं की नयन-कमल पंक्तियां लगातार राजकुमार के ऊपर गिरती रहीं, मंगलाचार किये उन्होंने और अपने मन-मंदिर में सहर्ष उसे प्रतिष्ठित किया। राजकुमार जयवर्मा के साथ कुछ दिन वहीं रहा ।।8।।

(9)

एक दिन की बात है, शशिप्रभा की एक सखी जो अंतरंग के भावों को समझने में दक्ष थी, महादेवी के प्रासाद गयी और वहां राजा जयवर्मा से विनम्रता पूर्वक नमस्कार कर कहा—हे राजन्! जब से आपकी पुत्री शशिप्रभा ने महेन्द्र को मारने वाले युवक अजितसेन को देखा तभी से उसके मदन ज्वर के लक्षण दिखाई देने लगे। उसने चन्दन का लेप छोड़ दिया है। मौक्तिक मणिमाला गिर गयी है, भोजन से अरुचि हुई है, अश्रुखण्ड सीने पर गिरकर तत्क्षण खौलने लगते हैं, मुख पर मंडराने वाले भौंरे धुएं से लगने लगे हैं, हिम-पिण्ड भी तप्त लगने लगा है, सारे शीतल उपकरण जलने लगे हैं, "इसने मुख की शोभा से मेरी शोभा चुरा ली है मानो यह सोचकर चन्द्रमा क्रुद्ध हो गया है, कोकिल शब्द भी कष्टकारी हो गये हैं, नीलोत्पल भी दुःखदायी बन गये हैं। सुकुमार राजकुमारी राजकुमार के कारण ही जीवित है। उसी के रूप को चित्राकार करती रहती है। इसलिये इस विषय में यथोचित कार्य कीजिये ।।9।।

(10)

शशिप्रभा की सखी के ये वचन सुनकर राजा जयवर्मा पुलकित हो गया। अजितसेन भी कामाग्नि से दग्ध हो गया। जयवर्मा ने तुरन्त नैमित्तिक को बुलाया और शुभ दिन में वाग्दान (सगाई) कर दिया। अजितसेन भी विवाह के दिन गिनने लगा। इसके बाद एक दूसरी घटना घटी। दक्षिण दिशा में एक विजयार्ध पर्वत है जिस पर रविपुर (आदित्यपुर) नामक एक मनोरम नगर है। उसमें धरणीध्वज नामक राजा राज्य करता था। वह विद्याधरों का स्वामी था। उसने विपक्षी विद्याधर राजाओं को अपने वश में कर लिया था। एक दिन अचानक प्रियधर्म नामक ब्रह्मचारी (क्षुल्लक) गगन मार्ग से आये। वे कोपीन वस्त्रधारी थे, उनका शिर मुण्डित था और दिगम्बर साधु के चिन्हों से चिन्हित थे। राजा ने सिंहासन से उठकर उनका पूरा आदर-सत्कार किया। उस ब्रह्मचारी ने कहा—हे राजन्! मैं व्रतसेवी हूं, घर-परिवार, बंधुजनों को छोड़कर साधु हुआ हूँ। फिर भी न जाने क्यों, मन में तुम से बहुत अधिक स्नेह है, मोह है। इसलिये सुवर्ग नामक मुनि से तुम्हारे विषय में जो कुछ सुना है उसे तुम्हारे हित में कह देना उचित समझता हूं। अरिंजय नामक देश में एक विपुल नाम का नगर है जिसमें जयवर्मा नामका राजा राज्य करता है।

उसकी शशिप्रभा नाम की एक कन्या है, जो लावण्य से परिपूर्ण है। उसका जो भी पति होगा वह तुम्हें मारकर भारत का चक्रवर्ती होगा। इस बात को सुनकर धरणीध्वज सतप्त हो गया। उसने ब्रह्मचारी को विदाकर अपने सामन्तो को बुलाया और विचार-विमर्श कर विपुल नगरी पहुच गया ॥10॥

(11)

सारा गगन मार्ग मणिमेखलाओ से भूषित विमानो से आच्छादित हो गया। विद्याधर पति धरणीध्वज ने तब वचनकला मे निष्णात उद्धत नामक दूत को बुलाया और सब समझाकर उसे जयवर्मा के पास भेजा। जयवर्मा नृपति के पास पहुचकर प्रारम्भ मे सुन्दर शब्दो मे उसकी प्रशसा की और बाद मे अपना मनोभाव व्यक्त किया। उसने कहा—हे राजन्! मैं धरणीध्वज राजा का दूत हू। उनका सन्देश देने आपके पास आया हू। आपने अपनी शशिप्रभा नामकी पुत्री को ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह करने का निश्चय किया है जिसकी जाति और कुल अज्ञात है, परदेशी है। अत अपना हठ त्याग कर उसे विद्याधरपति धरणीध्वज के साथ विवाहित कर दें।" जयवर्मा ने दूत के वचन सुनकर कहा—तुम कुशल दूत हो, दूत का मारना उचित नही। तुम अपने स्वामी अजितसेन से जाकर कह दो कि निर्णय अपरिवर्तनीय है। उसमे यदि हठात् ग्रहण करने की शक्ति है तो शीघ्र चला आये। विचार क्यो कर रहा है? बाद मे यह बात जयवर्मा ने अजितसेन को बता दी ॥11॥

(12)

जयवर्मा को सुनकर दूत अपने स्थान पर चला गया। इधर जयवर्मा ने राजकुमार से कहा कि यह बात तुम्हे अच्छी तरह समझ लेनी चाहिये कि तुम्हारे पास भुजबल है जबकि प्रतिपक्षी विद्याओ से बलिष्ठ है। सग्राम मे उसे जीतना अत्यन्त कष्टसाध्य है। यह सुनकर अजितसेन ने हिरण्य नामक देव का स्मरण किया। स्मरण करते ही वह देव दिव्यास्त्रो से सज्जित रथ लेकर आ पहुचा। राजकुमार उसमे सवार हो गया और हिरण्य सारथी बनकर उसमे बैठ गया। हिरण्य ने कहा—आप चिन्ता न करें। वे भले ही विद्याधर हो पर हम उन्हें समाप्त कर देंगे। राजकुमार रथ लेकर प्रचण्ड बाण वर्षा करता हुआ आगे बढ़ता गया। सारे असख्य विद्याधर बाण, चक्र, भाले आदि अस्त्रो से राजकुमार पर आक्रमण करने लगे। पर राजकुमार की अदृश्य बाण-वर्षा देखकर वे आश्चर्यचकित रह गये ॥12॥

(13–14)

विद्याधर की सेना और राजकुमार अजितसेन के बीच घमासान युद्ध चलता रहा। राजकुमार की तीक्ष्ण बाण वर्षा के सामने कोई टिक नहीं सका। विद्याधर

की सेना लगभग समाप्त हो गई। तब धरणीध्वज कोपाविष्ट होकर युद्ध करने आगे बढ़ा। अपनी सेना को मरते हुए देखकर धरणीध्वज को बडी चिन्ता हुई। उसने दिव्यास्त्रो को समेट कर तामम अस्त्र छोडा जिससे अन्धकार व्याप्त हो जाता है। उसके निवारणार्थ राजकुमार ने सूर्यास्त्र का प्रयोग किया। इसके बाद अजितसेन ने धरणीध्वज द्वारा प्रयुक्त भुजगास्त्र को अपने गरुणास्त्र से, आग्नेयास्त्र को मेघास्त्र से, पर्वतास्त्र को वज्रास्त्र से रोका। इस तरह धरणीध्वज के सभी अस्त्र अजितसेन ने व्यर्थ कर दिये। तब उसे तीव्र क्रोध आया और म्यान मे तलवार निकालकर अजितसेन की ओर झपटा। अजितसेन ने अमोघास्त्र से उसे निरस्त कर राजा की जीवन-लीला समाप्त कर दी। राजा के मरते ही विद्याधर भाग गये। इसके बाद हिरण्य को विदाई देकर वह विपुलपुर वापिस आ गया। नगरी राजकुमार के स्वागत मे खूब सजाई गई, जयध्वनि की गई, चमर ढुलाये गये, मगलाचार किया गया और फिर उसे नगर मे प्रवेश कराया गया। बाद मे जयवर्मा ने बडे धूमधाम के साथ शुभ मुहूर्त मे अपनी कन्या शशिप्रभा के साथ राजकुमार का विवाह कर दिया। कुछ दिन वह वहा रहा और बाद मे अपनी नगरी को प्रस्थान किया ॥14॥

(15–16)

पुत्रागमन के समाचार सुनकर हर्षित-रोमाचित होकर पिता अपने परिजनो के साथ नगर के बाहर अजितसेन स भेट करने आया और उत्सव पूर्वक अपने राज्य पर प्रतिष्ठित किया। इसके बाद पूर्व पुण्य कर्म के प्रभाव से चक्रवर्ती अजितसेन के यहा शत्रुओ को दमन करने वाले चौदहरत्न उत्पन्न हुए। उनमे चक्ररत्न आदि रत्न हजारो यक्षो द्वारा रक्षित था, ज्येष्ठ मास के सूर्य के समान तेजवन्त था। खड्गरत्न शत्रुओ के लिए महाकाल सर्प था। वह तिमिर विनाशक था, असह्य किरणो वाला था, वस्तु प्रकाशक था और अमोघ था। इसके बाद अजितसेन के यहा छत्ररत्न प्रगट हुआ जो बारह योजन तक जलवर्षा को रोकता है। चर्मरत्न पैदा हुआ जो गभीर समुद्र जल के तैरने आदि मे उपयोगी होता है। चूडारत्न पैदा हुआ जो काले और गाढे अन्धकार को दूर करने मे समर्थ होता है। गजरत्न प्रगट हुआ जो सुमेरु जैसा था और जिससे मदजल का प्रवाह बह रहा था। दतरत्न ऐसा था जिससे हसने पर मणि जैसी कान्ति स्फुटित होती थी। अश्वरत्न उत्पन्न हुआ जिसका वायु के समान प्रचण्ड वेग था, तेज था। दण्डरत्न कुलिशवत् था और वज्रशिला को भेदने वाला था। फिर बहु विद्याए उत्पन्न हुई जो सभी तरह के विघ्नो का विनाश करने वाली थीं। सेनापतिरत्न प्रवर पराक्रम और गुणो का परिचायक था। स्त्रीरत्न स्त्री गुणो से भूषित तथा भोगासक्त मनुष्यो को मन भावन था। शिल्पिरत्न प्रासाद निर्माण मे दक्ष था। गृहपतिरत्न आय-व्यय रखने मे तथा घर के कार्यों मे दक्ष था। इस तरह चक्रवर्ती अजितसेन को

चौदह रत्नो की प्राप्ति हुई। इसी तरह उन्हे नव निधिया भी उपलब्ध हुई जो यथेच्छ वस्तु प्रदान करती थी ।।16।।

(17)

इन नौ निधियौ मे पाण्डुक निधि सभी प्रकार के धान्यो की पूर्ति करती थी। पिङ्गल निधि सुन्दर ग्राभूषणो को प्रदान करती थी। काल निधि से छहो ऋतुग्रो मे उत्पन्न होने वाले फल चक्रवर्ती को यथेच्छ मिला करते थे। शख निधि के माध्यम से मृदग, वीणा ग्रादि चारो प्रकार के वाद्य उपलब्ध हो जाते थे। पद्म निधि सभी समयो के ग्रनुकूल सूक्ष्म ग्रौर सु दर वस्त्र प्रदान करती थी। महाकाल निधि मणि, स्वर्ण ग्रादि से निर्मित मनोहर बर्तन देती थी। माणव निधि से शत्रुग्रो का वध करने वाले सभी प्रकार के ग्रस्त्र मिल जाते थे। नैसर्प निधि शयनासन की व्यवस्था करती थी। सर्वरत्न निधि रत्नो ग्रौर मणियो से ग्राकाश मे इन्द्रधनुष की शोभा फैलाया करती थी। इन निधियो से चक्रवर्ती की चिन्ता दूर हो गई। उनकी 96 हजार रानिया थी। 32 हजार कुशल सामन्त थे जिनसे शुक्र भी भयवीत होता था। 360 सूयार, 3 करोड नौकर, 84 लाख हाथी, इससे तिगुने रथ, 18 करोड़ घोडे, तीन करोड गाये ग्रौर 32 हजार मण्डल थे। इतनी सारी सपत्ति होने के बावजूद चक्रवर्ती मे किसी प्रकार का दर्प नही था। वह भलीभाति शासन करता रहा ।।17।।

(18–19)

चक्रवर्ती ग्रजितसेन के पिता ग्रजिनजय ने राजा महाराजाग्रो की उपस्थिति मे ग्रपने चक्रवर्ती पुत्र का पट्टाभिषेक किया। सारी प्रजा ग्रत्यन्त हर्षित हुई। इसके बाद ग्रजितजय पुत्र ग्रजितसेन चक्रवर्ती के साथ बडे हर्ष पूर्वक स्वर्णप्रभ तीर्थंकर की वन्दना करने चल पडे। समवशरण मे तीर्थंकर जिनेन्द्र को देखकर भक्ति पूर्वक वन्दना की, त्रिप्रदक्षिणा की ग्रौर पचाग प्रणाम किया। बाद मे हाथ जोडकर विनय भाव से उसने प्रश्न किया।

हे भगवान्! यह ससारी जीव भीषण भव प्रपच मे पडा हुग्रा है। वह शुद्धावस्था कैसे प्राप्त कर सकता है? जीव कर्म से स्पष्टत बध जाता है। तब उसका सगम भिन्न गुणो के साथ कैसे हो जाता है? बध ग्रवस्था मे उसे सुख कैसे मिल सकता हैं? विशुद्ध स्थिति कैसे पायी जा सकती है? ग्राप परमेष्ठी हैं, सर्वज्ञ हैं। इन सदेहो को कृपया दूर करें। स्वयप्रभ तीर्थंकर ने कहा। बोलते समय उनका ग्रधर स्पन्दन रहित था ग्रौर उनकी वाणी एक योजन पर्यन्त सुनाई पड रही थी। मिथ्यात्व, ग्रवरति, प्रमाद, कषाय, ग्रौर योग ये पाच कर्मबन्ध के कारण है।

आत्मा इनसे जल्दी बंध जाता है। आत्मा मूलत निर्मल है, विशुद्ध है, पर आश्रव के कारण उसका यह स्वभाव आवृत हो जाता है और वह पीड़ा पाता है ॥19॥

(20)

पच्चीस कषायो मे आसक्त यह जीव कर्म से बंध जाता है। चार कषायो (क्रोध, मान, माया, लोभ) तथा पन्द्रह योगो के कारण वह भव भ्रमण करता रहता है। इस प्रकार कर्म से बधा यह शुद्ध जीव खल्व-बिल्व न्याय से बड़ी मुश्किल से नर जन्म पाता है। खल्वाट बेल वृक्ष के नीचे जाय और बेल उसके सिर पर गिरे यह बहुत कम होता है। इसी तरह नर जन्म भी दुर्लभ होता है। उसके भी आर्य खण्ड मे जन्म मिलना और फिर शुभ कुल, जाति पाना और भी कठिन है। इसके मिलने पर भी जीव सासारिक बधनो मे बधा रहता है। काल-लब्धि आने पर, कर्म ग्रन्थि भेदने पर सम्यक्त्व प्राप्त हो जाने पर शुद्ध अवस्था मिल पाती है। सम्यक्त्व कभी कभार ही मिल पाता है ॥ 20 ॥

(21)

जैसे-जैसे कर्मपाश टूटता चला जाता है आत्मा की विशुद्ध अवस्था वापिस आती जाती है। एक समय ऐसा आता है कि जीव कर्मों से पूर्णत मुक्त हो जाता है और केवल ज्ञान प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार जीव ससार के दु खो का नाश कर परम पद प्राप्त करता है। स्वयप्रभ तीर्थंकर का यह उपदेश सुनकर अजितजय राजा ससार मे विरक्त हो गया, पुत्र, कलत्र आदि कामोह छोड दिया, मन निर्वेद को प्राप्त हो गया, और उसे यह समझ मे आ गया कि ससार के दु खो से विमुक्त होने का उपाय है जिनेन्द्र भगवान के चरणो मे पहुच जाना। यह सोचकर अजितजय ने तेरह प्रकार का चरित्र ग्रहण किया बारह व्रतो और तप प्रकारो का पालन किया। इस प्रकार अजितजय ने कर्म बन्धनो से मुक्ति पा ली। इधर अजितसेन ने श्रावक के बारह व्रतो को धारण किया और क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त किया। इसके बाद वे अपने नगर वापिस आ गये ॥ 21 ॥

पंचम संधि

(1–2)

इसके बाद अजितसेन चक्रवर्ती समस्त सेना के साथ दिग्विजय के लिए निकल पड़ा। सर्वप्रथम वह पूर्व दिशा की ओर बढ़ा। दुदुभी के शब्द से सभी भयभीत हो रहे थे। सेना के सबसे आगे चक्ररत्न था। उसके बाद अश्वसेना चल रही थी। बढ़ते-बढ़ते वह समुद्र तट पर पहुचा। वहा प्रभास देव ने उसका आदर-सत्कार किया। वहा से चौबीस योजन पर मागध देव का शासन था। वहाँ चक्रवर्ती ने बारह योजन में अपनी सेना फैला दी और बारह योजन दूर बाण वर्षा प्रारंभ कर दी। मागध ने नामांकित बाण देखकर भयवीत होकर अपने मंत्रियो से परामर्श किया और विचित्र रत्नो का उपहार देकर स्वागत किया। मागध को विनीतकर फिर चक्रवर्ती दक्षिण दिशा मे गया जहा वरतनु देव ने उसकी उपासना की। इसके बाद अजितसेन ने पश्चिम और वायव्य दिशाओ मे भी दिग्विजय प्राप्त की। वहा के विद्याधरो और देवो को वश मे किया। उनकी सेना को प्राप्त कर उसने अपना बल और बढा लिया। सारे आर्य और म्लेच्छ खण्ड को जीत लिया जिसमे उसकी सेना को कोई हानि नहीं उठानी पडी। इसके बाद वह अपने नगर अयोध्या वापिस आ गया ॥1–2॥

(3)

इस तरह पांच म्लेच्छ खण्ड और एक आर्य खण्ड अर्थात् छः खण्ड वाले भरतक्षेत्र को जीतकर अजितसेन ने चक्रवर्ती पद पाया और जयश्री प्राप्त की। इस बीच वसंत ऋतु आ गई जो विरहिणियो के हृदय को विदीर्ण करने वाली थी। हिम दग्ध सकल उपवनो मे हेमन्त ऋतु का प्रभाव भी होने लगा। सर्वत्र मदन के बाणो की वर्षा होने लगी। सरोवर मे सुदर कमल विकसित हो गये, निश्चल हो गये। आम्र मंजरियो को देखकर विरही जन मरणोन्मुख हो गये। कोयल की कूक सुनकर मानिनी दुस्सह काम की शक्ति को समझ गई। सर्वत्र मलयानिल का संचरण हो गया। स्त्री के पाद-प्रहार से अशोक विकसित होता है पर कामिनियों ने सभी को शोक रहित कर दिया और अशोक यों ही विकसित हो गया। बकुल वृक्ष

स्त्री के गण्डूष से पुष्पित होता है पर इस समय उसने भी उस नियम का पालन नही किया। सर्वत्र मधुमास ने विषमी जनो को सतप्त कर दिया । चारो ओर पुष्प प्रफुल्लित हो उठे और भ्रमर गुञ्जित होने लगे ।।3।।

(4–5)

इसके बाद राजा केलिवन मे चला गया। वहा देखा कि कुछ स्त्रियां अपने पदरज से वन को धवलित कर रही हैं, कुछ वनमाला को अपने वक्षस्थल पर डाल रही हैं मानो काम प्रवेश के लिए तोरण द्वार बना रही हो । जैसे ही कामाग्नि से पीडा हुई कि मानियो का मान भग्न शीघ्र होने लगा। कुछ स्त्रिया चपकमाला को शिर पर लगाये हुए थी मानो काम ताप से वह जल गया हो । इस प्रकार वन मे विहार करते हुए केलि करते हुए राजा बडा आनन्दित हुआ। बाद मे वह सरोवर के पास पहुचा जहा मधु मलया-निल बह रही थी। वहा घनसेल के भार से कुछ अवलाजन पथ पर चलते हुए खीझने लगी । कुछ की रसना रास्ते मे चलते हुए बीच मे ही ढीली हो गई जिसे ठीक करने के लिए उन्हे खडा होना पडा। पहले जो अदर नग्नावस्था मे थी उसने दौडकर पति का आलिगन किया। जैसे ही उन्होने वहा पुरुष को देखा कि वे विवर्तिन हो उठी। जल मे उनके स्तन-कुम्भो का विस्तार देख कर चक्र-युगल जल छोड कर बाहर निकल पडे । उनकी सलील गति देखकर हसो ने सरोवर छोड दिया । बहुघनसेल से वह सरोवर सुगधित हो गया। वहा फेन ऐसा दिखा जैसे हास ही बिखेर रहा हो । उन्होने जल से नयनो का अजन धोया जो ऐसा लगा जैसे कमल मानो अपनी काति छोड रहे हो। उनके चलने पर पैर से महावर धरती पर लग गया जो ऐसा लगा जैसे रक्तकमल सौरभ लिए उठ खडा हो। इस तरह नारियो के साथ जल-क्रीडा करते हुए राजा का समूचा दिन निकल गया और सूर्य अस्त हो गया ।।4–5।।

(6)

इसके बाद जल-क्रीडा से निवृत्त होकर राजा प्रासाद मे गया जहाँ उसे कामिनियो ने घेर लिया। प्रतापी सूर्य को भी जब अस्त हो जाना पडता है तो फिर गर्व करना निरी मूर्खता है। रवि-रथ का तुरग प्रस्थान करते ही रात्रि का मुख खुलने लगा। नभ तल पर रुधिर-सा आच्छादित हो गया जिसे सध्या कहा जाता है। सूर्य समुद्र मे छिप गया । तुरन्त नारायण प्रकट हो गये। मानो विविध उपकारो का स्मरण कर दिन सूर्य के साथ ही अस्त हो गया हो । चक्रवाक पक्षियो के जोडे दु खी होने लगे। चन्द्र की धवलता से भयवीत होकर अन्धकार छिप गया। दीपक ने मानो अन्धकार को पीकर अपने हृदय मे छिपा लिया हो और उसे कज्जल के बहाने धीरे-

धीरे छोड रहा हो । अपने प्रिय के विरह से कमलों ने नेत्र बन्द कर लिए । हृदय मे कामाग्नि का संताप बढ़ने से स्वैरिणी अपने प्रिय के घर सुविधा पूर्वक जाने लगी ।।6।।

(7)

पहले जिस नायिका ने अपने प्रिय से गाढालिंगन किया वही बाद मे किसी प्रसग पर कोपाविष्ट होकर आलिंगन मुक्त हो गई। शशि कामियो की ईर्ष्या को जान कर ही मानो नभ-तल से जल में संचरण करने लगा । निर्मल चन्द्र ने नभ का भक्षण कर हृदय मे छिपा लिया जो उसके लाछन के रूप मे अभिव्यक्त हो रहा है । चन्द्र नारियो के मुख से मधु उडेलता है यही सोचकर अन्धकार ने उसे आच्छादित कर लिया । कामाग्नि से संतप्त होने पर नायिका जब अचेत हो गई तो उसकी मूर्छा दूर करने के लिए उसकी पीठ पर चन्दन का लेप लगाया गया । चन्द्रमा ने यह देखकर कुसुम के छल से किरणे बिखेर दी । उद्यान मे भ्रमर भुनभुन आवाज करते हैं । चन्द्र मानो अपने अन्धकार रूपी बन्धु के नष्ट होने पर रुदन कर रहा है । सकल भुवन मे चन्द की धवल किरणे फैली हुई है । लगता है, हर्षित होकर मदन अपना हास बिखेर रहा हो । कटाक्षो से निकले तीखे बाणों को चन्द्र ने मानो अमृत कुम्भ मे भर लिया हो । किरणो के माध्यम से उसका अमृत झर रहा है । स्त्री के मान रूपी पर्वत को चन्द्र ने वज्रानल से चूर्ण-चूर्ण कर दिया । इस प्रकार चन्द्र को विविध आयामो से देखकर आनंदित होकर कामिनियो ने अपने प्रियतम के मन को बेध डाला ।।7।।

(8)

कोई नायिकाए हरिचंदन से अंग लेप कर रही थी मानो अमृत ने प्रवेश कर लिया हो। कोई हारावली को अपने गले मे डाल रही थी लगता था, मुख चन्द्र तारपंक्ति को ग्रहण कर रहा हो । कोई कर्णयुगल मे कुण्डल धारण कर रही थी मानो मंदन के मुखरथ मे चक्र लगा रही हो । कुछ कमर मे मेखला को धारण कर रही थी मानो काम के मंदिर मे तुगसाल लगा रही हो । कुछ स्वच्छ वस्त्र पहने हुए थी जिनसे शरीर सुरभित हो रहा था । कहीं कालागुरु धूप जल रही थी उसके धूम के छल से, लगता था, विरह के दुख से मृत नायिक को शापित किया जा रहा हो । राजा नायिकाओ के इस विलास को देखकर प्रफुल्लित हो गया । बाद मे वह घर गया और शशिप्रभा के साथ सभोग किया । इस तरह सारे समय काम वासनाओ की तृप्ति करते-करते वृद्धावस्था आ गई । बाल पक गये फिर भी पचेन्द्रिय सुखो के उपभोग को उसने नही छोडा। सुरति का आनंद लेते हुए राजा को गहरी नींद आ गई और बाद मे दीपक को कपित करने वाला शिशिरानल प्रवाहित होने लगा ।।8।।

(9)

प्रभात होते ही मागलिक वाद्य बजे और फिर स्तुति पाठको ने शीघ्र ही अन्दर प्रवेश कर राजा को रात्रि समाप्त होने की सूचना इस प्रकार दी । हे राजन् । अपनी प्रिया के बाहुपाश से निकलकर शय्या को छोडो । बाहर झाककर देखो – जो भौंरे रात्रि मे बद हो गये थे, छिप गये थे वे उन कमलो से दु ख त्याग करते हुए बाहर आ रहे है मानो अन्धकार को वेध कर रहे हो । मुर्गे की आवाज सुनकर ऐसा लग रहा है जैसे वह कह रहे है कि चित्त की कलुषता छोडो और कोमलता धारण करो । नल रूपी तस्करको नष्ट कर पूर्वाचल मे सूर्य की किरणें निकलने लगी । वन के विद्रुम ऐसे लग रहे हैं जैसे सूर्य-बिम्ब के पके फलो को ही वे धारण कर रहे हो । रतिघर के गवाक्षो से सूर्य की किरणें प्रवेश करने लगीं मानो सतप्त मदन क्रोधित हो रहा हो । घर का हर भाग सूर्य के प्रकाश से जगमगा उठा । उसी समय मगल वाद्यो से राजा की निद्रा टूटी और वह जाग उठा । दैनिक क्रियाओ से निवृत्त होकर उसने जिन पूजा की और दानमयी सिंहासन पर जा बैठा । तब लोगो को ऐसा लगा जैसे मण्डप मे चन्द्र आ गया हो । उसी समय सामन्तो, मन्त्रियो, आदि ने आकर प्रणाम किया और सुमधुर वचनो से वदनाकर सर्वावसर नामक सभा मण्डप मे बैठ गये ।।9।।

(10)

तदनन्तर अजितसेन ने अपनी सेवा के निमित्त आये एक गजराज को देखा । वह गजराज अत्यन्त बलवान था । राजा ने उससे क्रीडा करने के लिए अपने वीरो को सकेत किया । राजा की आज्ञानुसार एक ने उस गजराज की सू ड पर मुक्के का कठोर प्रहार किया, दूसरे ने दूसरी ओर से आरी चुभा दी, किसी ने लोढा मार दिया । इस तरह ये वीर पुरुष उस गजराज को युद्ध की शिक्षा दे रहे थे । गजराज क्रुद्ध हो उठा था । इसी बीच एक व्यक्ति बीच मे आ गया । हाथी ने आगे सूड फैलाकर उसे पकड लिया और धरती पर पटक दिया । गिरते ही उसके अग प्रत्यग चूर-चूर हो गये, हड्डिया टूट-टूटकर बिखर गई ।।10।।

(11)

उस पुरुष को मृत्यु-मुख मे जाते हुए देखकर राजा सतप्त हो गया और वैराग्यभाव से सोचने लगा—यह ससार-समुद्र बड़ा भीषण है । यहा कोई भी वस्तु शाश्वत नही है । मरण अवश्यम्भावी है । जो उत्पन्न होना है वह मरता अवश्य है और फिर भव-भ्रमण करता है । ससारी व्यक्ति इस क्षण भगुर देह को भी अपना

मानकर उसमे ग्रासक्त रहता है। नारी के रूप-सौन्दर्य को देखकर काम बाण से बिद्ध होता है और उसका सयोग पाकर अपने आपको सुखी मानता है। इसलिए अब मैं ससरण के सभी मूल कारणो को समाप्त करूगा। यह सोचकर विचार करने लगा और कषायो का उपशम करने लगा। इसी बीच द्वारपाल ने सूचना दी ।।11।।

(12)

हे देवाधिदेव ! ख्याति सपन्न गुणप्रभ नामक मुनिराज अपने सघ सहित शिवकर नामक उद्यान मे पधारे हुए हैं। वे पचमहाव्रतो को धारण करने वाले हैं। उन्होने पचेन्द्रिय विषय-द्वारो का सवर किया है। उनके पच ज्ञानो से मानो दिनकर प्रकाशित हो रहा है। पच निर्ग्रन्थो मे वे श्रेष्ठ हैं। पच परमेष्ठियो की ग्राराधना करने मे व्यस्त हैं। पच प्रकार के शरीरों को धारण करने वाले हैं। पाचो भवो के स्वरूप को उन्होने अच्छी तरह जान लिया है। पाँचो मिथ्यात्वो का उन्होने विनाश कर दिया पच स्वाध्यायो का वे परिपोषण कर रहे हैं। पच समितियो का परिपालन कर रहे है। पचास्तिकायो का उन्हे अच्छा ज्ञान है। पाचो जीवसमासो का वे रक्षण करते हैं। पचाश्रवो के स्वरूप को जानकर चिंतन करते हैं। पाचो ग्राचरणो का पालन करते है। पाचो बाणो का सहार करते है। पचमेरुग्रो की वदना करते है। पचम गति को सुख रस कह अनुभव करते हैं। पच अनुत्तर वासियो द्वारा पूजित है। पच मिथ्यात्वो से वर्जित हे। पच स्थावर से जीवो पर दया करते है और पच निद्राग्रो को उन्होने जीत लिया है। राजा ने उसकी इस बात को सुनकर प्रसन्नतापूर्वक वनमाली को सम्मानित किया ।।12।।

(13)

राजा उद्यान मे पहुचा और वहा मुनिवृ द को देखा कि वे राग-द्वेष से मुक्त थे, गुणो से महान थ, अन्तर-बाहर से निर्मल थे, बाह्य अभ्यतर तप से उनका गात्र कृश हो गया था, पुण्य-पाप बधो से मुक्त थे सविपाक-अविपाक निर्जरा से कर्मों की निर्जरा की थी, इन्द्रिय-प्राण सयम के माध्यम से परम धर्म का पालन कर रहे थे, नरक तिर्यञ्च गतियो से मुक्त थे, उच्च-नीचगोत्र कर्म को भी उन्होने नष्ट कर दिया था, स्कन्ध-परमाणु के भेद से पुद्गल के स्वरूप को जानते थे, सकल-निकल सिद्धो की वदना करते थे, साता-असाता वेदनीय कर्मों का उन्होने क्षय कर लिया था, वे आत्म स्वभाव को भलीभाति जानते थे, सम्यक्त्व को भी पहचानते थे, मन-वचन-काय सवर से दृढ थे, स्त्री-पु-नपु सक वेदो से दूर हो गये थे, त्रिगुप्तियो का परिपालन करते थे, त्रिमूढ़ताओ से दूर थे, तीनो गुणव्रतो से युक्त थे, तीनो कालो और लोको का प्रत्याख्यान कर दिया था, रस-ऋद्धि-तप की गौरव छाया से मुक्त थे, तीनो

शल्यो को भी उन्होने छोड दिया था, तीनो दडो से भी वे मुक्त थे और तीनो शुद्धियो से उन्होने आत्मस्वभाव को शुद्ध किया था। इस प्रकार मुनिवर को देखकर उनके गुणो से आकृष्ट होकर राजा ने उनकी चरणवदना की और आत्मस्वभाव का भावन किया, पापो से मुक्त हुआ और गुण-श्रेणी चढ गया ॥13॥

(14)

राजा ने निवेदन किया-हे मुनिवर ! हमारे पापकर्मों का विनाश कीजिए। हमारे नेत्रो को सफल बनाइए और मनोरथ पूर्ण कीजिए। आज हमारे मनुष्य जन्म को सफल बनाइए, हमारे घोर कर्मों का विनाश कीजिए, हमने आज जो चिंतामणि पाया है वह व्यर्थ न चला जाये। इसलिए हे स्वामिन ! इस ससार-सागर के दुखो से मुक्त कीजिए और जिनदीक्षा देकर प्रसन्न होइए। आप करुणा सागर और गुणमहान् हैं। राजा की यह बात सुनकर मुनिवर ने राजा के मन की परीक्षा करने की दृष्टि से पूछा-हे राजन् ! कमल पत्र किसी तरह का कठोर भार नही सह सकता। तुम्हारा शरीर सुकुमाल है। अभी तक तुमने कभी ककड-मिट्टी को नही सहा है। शिरष कुसुम-सा यह तुम्हारा सुकुमाल देह जिनदीक्षा जैसे दुखद और कठोर तप को कैसे सहन कर सकेगा ! जो शरीर हरि चदन का लेप लेता रहा हो वह रज का भार कैसे ग्रहण कर सकेगा ? जो हस-तूल के पलग पर सोया हो उसका चित कठोर तल पर कैसे लगेगा ? अभी तक तुमने सुस्वादु भोजन किया उसी मे सुख माना अब दुखो का घर, देखने मे असुदर जिनदीक्षा को क्या ग्रहण करने की इच्छा कर रहे हो ? ॥14॥

(15)

राजा ने मुनिवर की बातें सुनकर कहा कि हे मुनिवर ! इस जैनेन्द्री कठोर तप का आचरण करने के लिए मै कटिबद्ध हू। मैने अभी तक सकल सुखो का उपभोग किया है पर नरक के दुख भी भोगे है। कभी चदन का लेप किया तो कभी दुर्गंध मे अवगाहन किया, कभी चामर ढुले तो कभी तप्त मुद्गर पड, कभी रत्नासन पर बैठे तो कभी हाथी का सूल देखा, कभी हरिणनेत्रियो का आलिंगन किया तो कभी डायनो से पाला पडा, कभी हाथी पर चढा तो कभी गधे की सवारी की, कभी सुकवियो के प्रशसा वाक्य सुने तो कभी हाहाकार भी सुना, कभी रूप से अनग को जीता तो कभी कुष्ठ रोग से अग सडे-गले। इस प्रकार विविध रूपो से ससार मे भ्रमण किया और कमबधनो से जकडा जाता रहा। इस प्रकार कहकर राजा ने अपने कठ से हार उतारा और राज्य-भार पुत्र को सोपा। केशो का लुचन किया, आभरण और वस्त्र, छोडकर तप और आचरण को स्वीकार किया। इसके बाद मुनिवर द्वारा प्रदत्त शिक्षा को विनय पूर्वक ग्रहण किया ॥15।

(16)

फिर राजा ने बारह प्रकार का दुर्धर तप किया, बारह अविरति से दूर रहा, बारह अनुप्रेक्षाओ का चितन किया, बारह प्रायश्चित्तो का मथन किया, बारह अगो का अध्ययन किया, बारह सिद्धान्तानुपयोग का पठन किया, बारह उपयोगो को मन मे धारण किया, श्रावक के बारह व्रतो को छोड़कर महाव्रतो को अगीकार किया, तेरह प्रकार के निर्मल चरित्र को ग्रहण किया, तेरह कषायो को दूर किया, चौदह पूर्वो और प्रकीर्णको का ज्ञान प्राप्त किया, चौदह प्रकार के परिग्रहो को छोड़ा, पिण्डेषणा को मन मे धारण किया, चौदह मलो का विसर्जन किया और चौदह गुण-श्रेणियो पर क्रमश चढता गया। इस प्रकार बहुत काल तक तपस्या कर अच्युत स्वर्ग मे इन्द्र हुआ। बाईस सागर तक वहा के दिव्य सुख भोगे ॥16॥

षष्ठ संधि

(1)

आयु समाप्त कर तुम अच्युत स्वर्ग से च्युत होकर रत्नसचयपुर मे कनकप्रभ राजा के घर अवतरित हुए और पद्मनाभ राजा के नाम से विश्रुत हुए। इस प्रकार मुनि ने पद्मनाभ के पूर्व भावान्तरो का वर्णन किया जिसे राजा ने अजुलि भाव से ग्रहण किया। उसे सुनकर उसका मन पुलकित हो गया और हर्ष विभोर होकर मुनिराज से कहा—हे मुनिवर! आपने मेरी पूर्वजन्म कथा तो बता दी। अब आप कोई ऐसी विश्वासजनक बात बताये जिससे मेरी सशय बुद्धि दूर हो सके। यह सुन कर मुनिराज ने पुन कहा—आज से ठीक दसवे दिन एक मदोन्मत्त हाथी–वनकेलि अपने झुण्ड को छोडकर तुम्हारे नगर मे आयेगा। उसे देखकर तुम्हे मेरी कही हुई सारी बाते स्पष्ट हो जायेंगी। यह सुनकर राजा को सतोष हुआ और वह मुनिराज को प्रणाम कर अपने नगर वापस आ गया। घर पहुचकर राजा ने सुख-साता पूर्वक काल यापन किया और मुनिराज द्वारा निर्दिष्ट दिनो की गणना करता रहा। ठीक दसवें दिन पुरजन एक हाथी का पीछा करते हुए सुनाई पडे। दूत ने आकर पद्मनाभ से कहा।

(2)

हे राजन! कहीं से एक हाथी आ धमका है मानो वह प्रलयमेघ हो। उसके गण्डस्थल से मदजल बह रहा है, सभी लोगो को वह नष्ट कर रहा है। अपने कर-सीकर से सिंचित सूर्य-चन्द्र भी पल भर मे नीचे आले-से दिख रहे है। प्रत्यक्ष रूप मे आप देखिये वह प्रलय काल ही है। राजा यह सुनकर उठा और तुरन्त गजराज के सामने पहुच गया। गजराज अपनी सू ड उठाकर प्रचण्ड वेग से प्रलय दण्ड सा लेकर राजा की ओर दौडा। राजा ने सामने दौडते हुए उस हाथी के मुख पर हथिनी की पेशाब से सिञ्चित कपडा फेंक दिया। हाथी उस कपडे मे जैसे ही आसक्त हुआ, पद्मनाभ ने उसकी बगल मे जाकर डण्डे का प्रहार किया। उस प्रहार से

जैसे ही वह उस ओर मुड़ा कि राजा दूसरी ओर हो गया। इसी तरह वह उसके चारो ओर घूमता रहा। हाथी जब बिलकुल पस्त पड़ गया तो पद्मनाभ उसके कुम्भस्थल पर चढ़ गया। इस तरह उस अतुल पराक्रम वाले हाथी को राजा पद्मनाभ ने अपने वश मे कर लिया और फिर वह अपने स्थान वापिस आ गया। इसके पश्चात् एक दिन की बात है कि राजा पद्मनाभ जब सभागार मे बैठा हुआ था कि एक दूत पृथ्वीपाल का संदेश लेकर आ पहुंचा।

(3)

हाथ जोड़कर उस दूत ने कहा—हे राजन ! आपका विनय व्यवहार सर्वत्र प्रसिद्ध है। परन्तु मेरे राजा पृथ्वीपाल ने यह कहा है कि आपने उनके प्रति बड़ी अभद्रता, अविनयता का प्रदर्शन किया है। मेरा हाथी वनकेलि आपके नगर मे आया और उसे आपने पकड़कर अपने अधिकार मे कर लिया। यह अविनम्रता, धृष्ठता कौन सह सकेगा ? पृथ्वीपाल का कहना है कि उसे आप शीघ्र ही वापिस कर दें और राजा की भक्ति करें। असत् भी उसकी दासता स्वीकार करते हैं। ग्रहचक्र भी दीर्घश्वास लेकर उसके चारो ओर सक्रमण करते हैं। दुर्निमित्त भी उसके साथ मित्रता किये हुए हैं। जो अवसर को पहचानते हैं वे लोक मे वाञ्छित फल प्राप्त करते हैं। लोक मे जो भी कोई दुष्ट है वे सब उसकी दासता स्वीकार करते हैं: इसलिए आप राजा पृथ्वीपाल का हाथी वापिस कर दें और उसकी चरण बन्दना कर उससे स्वयं मिल लें। यह सुनकर राजा ने युवराज सुवर्णनाभ को बोलने के लिए सकेत किया।

(4)

युवराज स्वर्णनाभ ने कहा—हे दूत ! तुम्हे जीवित रहना है या टुकड़े-टुकड़े होना है। राजा पद्मनाभ के कारण तुम जीवित हो फिर भी तुम्हारा विनय भंग असहनीय है। गजराज जैसी वस्तु पुण्यवान को ही प्राप्त होती है। गजराज स्वयं यहां आया है। उसे बलात् कोई छीन ले, यह कैसे हो सकता है ? यदि वह कृपा पूर्वक हमसे हाथी की याचना करना चाहता है तो वह ले सकता है पर भय दिखाकर नही ? अविनय प्रदर्शन से जीवित रहना भी कठिन होगा। तुम्हारा राजा पृथ्वीपाल जो निष्कटक राज्य भोग रहा है वह राजा पद्मनाभ की कृपा से भोग रहा है। अब तुम यदि अपना भला चाहते हो तो यहां से चले जाओ अन्यथा अपने मुण्ड रूपी कमलो से सग्राम भूमि की अर्चना करनी पड़ेगी। दूत यह सुनकर कुपित हो गया

और पुन कुछ अपमान जनक बातें कही जिन्हें सुनकर राजे दरबार के योद्धा संतप्त हो गये और कोप से कंपित हो गये ।

(5)

राजा पद्मनाभ ने युवराज तथा सारी सभा को समझाया कि दूत से कुपित होना व्यर्थ है । वह तो अपने स्वामी की बात को ही दुहराता है । जो जिसका खायेगा वह उसका भजायेगा ही । फिर दूत स कहा कि तुम ने इसका फल जाने बिना ही यह सब कह डाला । तुम दूत हो इस लिए क्षमा किया जाता है । अब तुम जाओ। इसका निर्णय सग्राम मे ही होगा । राजा की बात सुन कर दूत अपने नगर वापिस आया । इधर पद्मनाभ सभी सभासदो के साथ मन्त्रणा घर मे पहुचा । जो वृद्ध अनुभवी और नीतिकुशल मन्त्री थे, शास्त्रज्ञ और सग्राम के धीर वीर योद्धा थे, विवेकवान थे, उन सभी स विचार-विमर्श किया । युवराज स्वर्णनाभ भी वही था ।

(6)

सभासदो मे ज्येष्ठ मन्त्री पुरुभूति बोला—हे स्वामिन् ! आप विशेष नीतिज्ञ हैं । आपके आगे मैं क्या बोलूँ । फिर भी—साहस कर रहा हू । जो सूर मात्र भाव से सतप्त होते हैं, नीति मार्गज्ञ नही होते जैसे सिंह आदि, वे भी शिकारियो द्वारा समाप्त कर दिये जाते हैं । इसलिये नयहीन पराक्रम सफलतादायक नही होता । पतग के साथ दीपक भी निष्कारण बुझ जाता है उसी तरह क्रोध मे व्यक्ति छिन्न-भिन्न हो जाता है । भस्म (धूलि) भी दण्ड से उस्कोरे जाने पर शिर पर लगती है । जैसे अबोध शिशु जलते हुए काष्ठ को अपनी ओर खीचने पर जल जाता है उसी तरह नीति से अनभिज्ञ व्यक्ति स्वय दुःखी हो जाता है । अतएव साम से ही काम किया जाना चाहिए । वही सुख का स्थान है । साम से ही तिर्यञ्च भी अनुकूल हो जाते हैं । पर यदि उन्हे दण्ड का भय दिखाया जाये तो वे क्रोधित होकर प्राणलेवा बन जाते हैं । हे राजन ! अमृत के समान साम के रस का पान करने वाला देवो द्वारा भी वदनीय होता है । इसके बाद युवराज सुवर्णनाभ जोशीले शब्दों मे बोला ।

(7)

दुष्ट व्यक्ति के साथ साम नीति का पालन कैसे सभव है ? दूसरो की वृद्धि देखकर ईर्ष्या करने वालो के साथ साम कैसा ? साम का प्रयोग उसके योग्य व्यक्ति के साथ ही किया जा सकता है । वज्र से तोडने योग्य पहाड पर लोहे का हथियार काम नही कर सकता । तप्त लोहे पर शीतल जल डाला जायेगा तो वह और उद्दीप्त

हो जायेगा। दुष्ट का भी यही स्वभाव होता है। जिसने सारे गाव को भयकपित कर दिया है। ऐसे सिंह के साथ साम का व्यवहार कैसा ? गुरु व्रती जैसे व्यक्तियो के साथ तो विनय वृत्ति ठीक है पर दुष्ट के साथ उसका प्रयोग विपरीत ही होगा। यह सुनकर पुरुभूति मन्त्री (अन्यत्र भवभूति मन्त्री) पुन बोला— राजन ! यदि युद्ध करना है तो पहले गुप्तचरो के माध्यम से उसकी स्थिति का पता लगा लेना चाहिए। बिना गुप्तचरो से उसकी वास्तविक शक्ति आदि का पता लगाये युद्ध करना उचित नही होगा। पुरुभूति की बात सुनकर पद्मनाभ ने कहा—हाँ, पुरुभूति का का कथन ठीक है। गुप्तचरो से उसके बल का पता लगाया जाय। पश्चात् युद्ध के विषय मे निश्चय किया जाये। इस तरह मन्त्रणाकर गुप्तचरो का उपयोग कर पृथ्वीपाल के बल की स्थिति को समझा और फिर सामन्तो तथा मित्र राजाओ के साथ पृथ्वीपाल से युद्ध करने का निश्चय कर लिया।

(8-9)

राजा ने नगर मे युद्ध भेरी बजवा दी और शुभ दिवस मे युद्ध करने चल पडा, मानो शत्रु के लिए प्रलय-काल ही हो। लोग हाथी पर सवार राजा की वदना करते चले जा रहे थे। उसकी गज, अश्व, रथ और पदाति सेना ने चारों ओर धूम मचा दी। घोडो की टापो से उत्थित धूलि से आकाश आच्छादित हो गया। डिण्डिम की आवाज सुनकर लोग रास्ते से हटते चले जा रहे थे। राजा पद्मनाभ की शोभा देखने के लिए लोग कौतूहलवश अपने घरो से निकल पडे। जिस मार्ग से लोग चल रहे थे उस पर कोलाहल बढ रहा था जिसे सुनकर कुछ लोग भयभीत हो रहे थे। हाथी को देखकर ऊट डर गया और बोझ गिराकर ऐसा भागा कि लोग ठहाका मार कर हसने लगे। हाथी की सूड से निकले 'फू' शब्द को सुनकर बैल डर गये और उनके भागने से गाडिया टूट गई जिनमे रखा हुआ सामान गिर गया। एक ग्वालिन इतनी घबडा गई कि उसके सिर पर रखा दही का घडा गिर गया। कुछ समय वह शोक करती रही, बाद मे लौट कर अपने घर चली गई। 'हटो, रास्ता छोडो' की आवाज से लोग भयभीत-से हो रहे थे। इस तरह राजा ने सेना के साथ नगर से प्रयाण किया और जलवाहिनी नदी के किनारे पहुचा।

(10-11)

इसके बाद राजा पद्मनाभ मणिकूट नामक पवत पर पहुचा और वहाँ सेना को ठहरा दिया। उस पर्वत की गुफाओ मे देवलोग अपनी देवियो के साथ क्रीडा करते थे। मघ उन गुफाओ मे सूर्य-चन्द्र की किरणो को जाने से रोक देते थे पर

विद्युत्प्रभा से उन देवियो की मुख-श्री अंधकार मे भी दिख जाती थी। मेघ पर्वत के चारों ओर सचरण करते थे जिससे वन-विचरण रोमांचक हो रहा था। कहीं साधु भूमितल पर लोट रहे थे, कही प्रकृति की शोभा से पर्वत की शोभा द्विगुणित हो रही थी। इतने सुदर पर्वत पर सामन्तो ने भी डेरा डाल लिया। इस बीच सूर्यस्त हो गया। इसके बाद उनमे रगरेलिया प्रारभ हो गई। जोडे बाहुबद्ध हो गये। किसी ने सप्तकर्णी पुष्प को तोडकर उसे प्रिया का कुण्डल बना दिया, किसी ने मदजल से प्रिया को शीतल किया। इस तरह विविध कामकेलियां करते हुए रात बीत गई ॥10–11॥

(12)

प्रात काल हुआ और सूर्य ने अपना प्रकाश फैलाया। सैनिको ने अपने बाहुदण्ड पसारे। युद्ध की तैयारी प्रारभ हो गई। युद्ध के उत्साह मे किसी का शरीर रोमाचित हो गया और फलत दूसरा कवच फैल गया। किसी ने शिर मे वीरपट बाधा वह ऐसा लगा मानो शत्रु के शिर मे रक्तघट बांध रहा हो। किसी के नेत्र शत्रुओ के प्रति क्रोध से लाल हो रहे थे जिससे उसका कवच भी लाल दिखने लगा। कोई सग्राम मे पृथ्वीपाल के प्राण हरण की प्रतिज्ञा कर रहा था। इस तरह योद्धा सग्राम मे जाने की तैयारी करने लगे। उस समय ऐसा लग रहा था जैसे शत्रु पृथ्वीपाल का मृत्यु-काल आ गया है ॥12॥

(13)

राजा पद्मनाभ रणभेरी बजवाकर युद्ध के लिए चल पडा मानो समुद्र के लिए क्षुब्ध कर दिया हो। काक, खर, उलूक आदि पक्षी वायें होकर मधुरवाणी का उच्चारण करने लगे। हाथी मदोन्मत्त हो गये। सारग, नकुल दायीं ओर से चलने लगे। वायु का प्रवाह अनुकूल हो गया। राजा की दायी भुजा फडकने लगी। पद्मनाभ के लिए ये शत्रु शकुन थे। पद्मनाभ की यह तैयारी सुनकर पृथ्वीपाल भी युद्ध के लिए निकल पडा। उसके निकलते ही साप रास्ता काट गया, हाथ से तलवार गिर पडी, वाया हाथ फड़क उठा, बार-बार छींकें आने लगी, आग लग गई। पृथ्वीपाल के क्रोध ने इन अपशकुनो की अवमानना कर सेना को आगे बढने के आदेश दिये और वह पद्मनाभ की छावनी के पास अपनी सेना के साथ पहुच गया। तूर बज उठे। योद्धा इधर-उधर दौड पडे। ऐसा लगा जैसे प्रलय आ गया हो और दो समुद्र भिड गये हों ॥13॥

(14–15)

धूलि से सारा गगन आच्छादित हो गया मानो काल-रात्रि आ गई हो और सूर्य नष्ट हो गया हो। धनुष की टंकार से युद्ध का पता चलता था। घोड़े हिनहिना रहे थे, हाथी चिंघाड़ रहे थे, रथचक्र चित्कार रहे थे, योद्धा एक दूसरे के बल को तौल रहे थे, आकाश बाणों से अच्छादित हो गया, सूर्य का प्रकाश मन्द पड़ गया, योद्धा परस्पर वचन-युद्ध कर रहे थे, कोई अपने कृपाण से शत्रु का शिर काट रहा था, किसी का शिर कृपाण से कट जाने पर ऊपर उछलता जिसे धरती पर गिरने के पूर्व ही पक्षी कुतर डालते थे। कोई स्वामी का कार्य मानकर दाया हाथ कट जाने पर बाये हाथ से शत्रु के शिर को काट रहा था। योद्धा अस्त्रो के समाप्त हो जाने पर हाथो-पैरो से युद्ध करते थे। इस प्रकार दोनो सेनाएँ युद्ध मे जुटी-हुई थी ।।14–15।।

(16)

दुर्धर बाण वर्षा जब योद्धा मरने लगे तो पृथ्वीपाल विषधर के समान आगे बढ़ा। वह प्रतिपक्षी योद्धाओ को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ था। यह देख पद्मनाभ भी अपने हाथी पर सवार होकर उसकी ओर बढ़ा। दोनो मे घमासान युद्ध प्रारम्भ हो गया। पृथ्वीपाल कोपाविष्ट होकर निश्वास छोड़कर पद्मनाभ से कहता है कि मैं अभी अपने बाणो से तुम्हारा दर्प चूर-चूर किये देता हूं। पद्मनाभ ने कहा-क्यो व्यर्थ मे प्रलाप कर रहे हो। तुम्हारी सेना तो पहले ही बहुत कुछ समाप्त हो गई। अब तुम क्या करोगे मैं अभी तुम्हे मृत्यु लोक मे पहुचाता हू। यह सुनकर पृथ्वीपाल राजा प्रलयकाल जैसा युद्ध मे जुट गया। परन्तु पद्मनाभ ने उसकी बाण वर्षा को निष्फल कर दिया। दोनो योद्धा गिरिवर के समान थे। उनका अपरिमाण बल था। दोनो समुद्र के समान गभीर थे, योद्धा था। दोनो के लिए विजयश्री मानो कुछ अन्तर से खड़ी हुई थे। तब पद्मनाभ ने धनुष को सम्हाला और क्रोधानल से दग्ध होते हुए पृथ्वीपाल की ओर बढ़ा। पृथ्वीपाल के बाण लक्ष्य तक पहुचने के पहले ही पद्मनाभ उन्हे बीच मे ही अर्ध चन्द्राकार बाणो से काट डालता था ।।16।।

(17)

पद्मनाभ ने बाणवर्षा से पृथ्वीपाल को अधिक समय तक नही टिकने दिया पृथ्वीपाल ने बाद मे चक्र, शक्ति और परशु का भी उपयोग किया जिन्हें पद्मनाभ ने क्रमश: मुद्गर, गदा तथा वज्रमुष्टि का प्रयोग कर उसे निरस्त्र कर दिया। बाद मे पद्मनाभ ने अपने चक्र से पृथ्वीपाल का शिर काट दिया। फलत. विजयश्री पद्मनाभ के हाथ लगी। पृथ्वीपाल का पतन देखकर उसकी सेना भाग खड़ी हुई। जय दुन्दुभी बज उठी। मृत योद्धाओं का दाह संस्कार किया गया। बाद मे किसी सेवक ने पृथ्वीपाल का कटा शिर पद्मनाभ के सामने रख दिया जिसे देखकर उसके मन मे वैराग्य पैदा हो गया।

वह सोचने लगा कि मोह कितना प्रबल रहता है। यह शरीर मल-मूत्र जैसे अशुचि तत्वो का घर है फिर भी व्यक्ति उसमे आसक्त रहता है। बाणो की वर्षा से प्रतिपक्षी का मस्तक काट देता है। जो हाथी पर सवार होकर युद्ध करने निकलते हैं वे रणस्थल मे ही मार दिये जाते हैं ॥17॥

(18)

आज जिसे मैंने क्रोध से मार डाला अगले जन्म मे वह मुझे मारेगा। इन चर्मचक्षुओ के विषयो से कौन बधना चाहेगा जो जन्म-जन्मान्तर तक नरक के दु खो का कारण बने। कोप से ही हमने पापकर्म संचित किये और कोप से ही सारा धर्म नष्ट किया। कोप के कारण ही हमने गुण नष्ट किये। कोप से ही चारो वर्गो का क्षय हुआ, कोप से ही चिरकाल मे किया गया तप समाप्त हो गया। कोप से ही लोग अपनी कीर्ति ध्वस्त कर देते है, नारी के समान धैर्य खो देते है, विवेक विलीन हो जाता है, आसन मे पतन हो जाताहै , स्नेह-बन्धन टूट जाता है, सपत्ति नष्ट हो जाती है, कोप हर तरह की निन्दा का कारण बनता है, कोप से ही गुण धूल मे मिल जाते है, व्यक्ति आत्मघात कर लेता है, निगोद मे जन्म ग्रहण करता है, कोप के समान और कोई दूसरा भीषण शत्रु नही है। कोपाग्नि से प्रदीप्त व्यक्ति शम, दम मे दूर हटकर कृष्णलेश्या के रग मे रग जाता है, स्वय दु'ख भोगता है, कभी सुख नही पाता और विषय कषायो मे बधा रहता है ॥18॥

(19)

मान कषाय एक पिशाच है जो कही नमता नहीं भले ही शूल पर चढना पसन्द कर लेगा। मानी व्यक्ति स्वय निर्गुण रहते हुए भी गुणवानो की निन्दा करेगा, स्वय पापी रहते हुए भी महान लोगो के पापो को खोजता रहेगा। उन पर रोष व्यक्त कर स्वय को गुणवन्त मानेगा। यानी किसी से भी शिक्षा ग्रहण नही कर सकता। वह वस्तुत लोक मे उपहास का पात्र बन जाता है। मानियो के गुण नष्ट हो जाते है और मित्र भी शत्रु बन जाते है अथवा घर भी नरक बन जाता है, सभी के अनादर का कारण बनते है। मान पाप की वेल है, क्रोध का कारण है, सभी के हृदय का सूल है, मिथ्यात्व का बीज है, माया सर्पिणी है, दभ का कारण है, जिसके हृदय मे वह रहेगी उसे नष्ट कर देगी और उसके धर्म का शुभ फल भी समाप्त हो जायेगा ॥19॥

(20)

माया शीलव्रत का पाश है, दुष्कृत कर्मों का घर है, दु ख जनक है, गुण रूपी पर्वत के लिये वज्राघात है, संसार समुद्र रूपी सर्प का अमृतग्रास है, दुष्कीर्ति का जनक है, तिर्यञ्च गति का मार्ग है, यश-बल्ली के लिए कृपाण स्वरूप है, शुभ गति के लिए किवाड है। मानी प्रथमत स्वय की वञ्चना करता है। बाद मे बाधव, प्रियजनो व माता-पिता की वचना करता है। वह दोषो का पिण्ड है, अशुचि का घर है गूढ स्वभावी होता है, नीरस होता है, सुधर्म को छोडने वाला होता है। इसी तरह लोभ भी मोह का विस्तारक है, हम जैसे लोगो को ससार बाधने वाला है, ससार-सागर मे गिराने वाला है, बहु दु ख देने वाला है ॥20॥

(21)

लोभ सकल कुकर्मों का निधान है, पापो की उत्पत्ति का कारण है, सभी दोषो का घर है, अविरति रूपी पहाडी नदी के लिए मेघ है, कुमुदो के लिए सूर्य है, दुर्भाग्य का जनक है, अपाप का कारण है, लज्जा और चातुर्य का विनाशक है, माया का स्थान है, भोगेच्छाओ का वर्धक है, नरक का मार्ग है। इस प्रकार इन मूल कषायो से प्रमाद उत्पन्न हुआ जिससे हम चतुर्गतियो मे भ्रमण करते रहे। इसलिए अब सासारिक सुखो को छोडकर जिनेन्द्र द्वारा प्रोक्त तप और आचरण का पालन करना चाहिए ॥21॥

(22)

इस प्रकार राजा पद्मनाभ ने ससार की दुर्दशा पर विचार कर युवराज **सुवर्णनाभ** को बुलाया और उसे राज्याभिषिक्त कर दिया। साथ ही पृथ्वीपाल के शोकाकुल पुत्र धर्मपाल को उसी के राज्य पर प्रतिष्ठित कर यह कहा कि अब तुम सुवर्णनाभ की आज्ञा का पालन करते रहो। चरणो मे झुके हुए शोकाकुल सामन्तो को भी घर जाने की अनुमति दी और स्वय जहा श्रीधर मुनिराज थे वहा पहुचे। तपोतेज से उनका शरीर दीप्त था, कर्म रूपी सुभट के निर्दलन मे अद्भुत वीर थे, ससार-समुद्र के लिए मानो अगस्त्य ऋषि थे, गुण-श्रेणी पर आरूढ थे, निर्मल शील के आवास रूप थे, भोगो को अनिष्टकारी मानकर उन्होने उन्हे छोड दिया था, सुर मदिर के मूलदेव थे, क्षान्ति सपन्न थे, मोह-शत्रु को नष्ट करने मे जुटे हुए थे, मिथ्यात्व रूपी भयकर वन को पार करने वाले थे, प्रत्यक्ष रूप मे शुद्ध ज्ञानी थे। ऐसे उन ज्ञानी-ध्यानी श्रीधर महाराज के चरणो मे प्रणाम कर नतमस्तक होकर राजा पद्मनाभ ने कहा–हे मुनिवर। मेरे कर्म-मल का विनाश कीजिए ॥22॥

(23)

आप प्राणियो को शिव-सुख प्रदाता है, दु ख रूपी दावानल के विनाशक है, ससार से भयभीत रहने वाले लोगो के लिए अकारण बधु हैं, पाप-लिप्त लोगो के लिए निर्मल सागर हैं, चिंतामणियो मे चिंतामणि हैं, कामधेनुओ मे कामधेनु हैं, कल्पवृक्षो मे कल्पवृक्ष हैं, मनोरथो का फल देने वाले हैं, ससार रूप कानन मे अमृत कुण्ड है, गुणरत्नो के रत्नाकर हैं, चिंता-तृण के लिए प्रलयाग्नि हैं, ज्ञान-लक्ष्मी सपन्न हैं, आशा-कील को निकाल फेकने वाले है, मान विरहित है, इच्छा रहित है। लोगो को आपका पादमूल मिला है पर आप जगल मे रहते है। आप करुणाद्र हैं। इसलिए आप कृपया मुझे जिनदीक्षा प्रदान कीजिए। इस प्रकार कहकर रहस्य को प्रकाशित कर राजा ने केश लुञ्चन किया और जिनदीक्षा ले ली ॥23॥

(24)

वस्त्रालकरण उतार कर जिनदीक्षा ग्रहण करते ही पद्मनाभ को तीर्थंकर नामकर्म का बध हो गया। उन्होने सोलह कारण भावनाएँ भाना प्रारभ किया–(1) शका आदि पच्चीस दोषो से विरहित सम्यक्त्व की विशुद्धि दर्शन विशुद्धि है। (2) गुरु, तप, परमागम के विषय मे विनय रखना विनयसम्पन्नता है, (3) अहिंसा आदि व्रतो और क्रोध आदि परित्याग रूप शीलो को निरतिचार पूर्वक पालन करना शीलव्रतानतिचार है। (4) निरन्तर ज्ञानाभ्यास करना अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग है। (5) ससार के घनघोर दु खो से भयभीत होना सवेग है। (6) अभयदान आदि प्रमुख दानो का यथाशक्ति दान करना शक्तितस्त्याग है। (7) यथाशक्ति बारह व्रतो का तप करना, जीवो की रक्षा करना शक्तितस्तप है। (8) रत्नमय की रक्षा करना साधु समाधि है।(9) गुणी पुरुषो की सेवा-सुषश्रूा करना वैयावृत्य है, (10–13) अरिहतो, आचार्यों, बहुश्रुत विद्वानो अर्थात उपाध्याय परमेष्ठियो तथा श्रुत-प्रवचन के विषय मे वात्सरय रखना, अहृद्‌भक्ति, आचार्यभक्ति, बहुश्रुत भक्ति और प्रवचन भक्ति है। (14) अप्रमादी होकर षडावश्यक क्रियाओ का पालन करना आवश्यका-परिहाणि है। (15) ज्ञान और तप आदि विविध गुणो के कारणो से सन्मार्ग की प्रभावना करना मार्गप्रभावना है। (16) सधर्मा से स्नेह रखना प्रवचन वात्सल्य है। इस प्रकार सोलह कारण भावनाओ को भाते हुए पद्मनाभ ने तीर्थंकर प्रकृति कर्म का बध कर लिया ॥24॥

(25–26)

इस प्रकार पद्मनाभ ने दुर्धर तप किया, इन्द्रियबल से कर्म निर्जरा की, हृदय से शल्य को निकाल फेका, मोह रूपी महाभट को जीता, क्रोधादि कषायो का विनाश

किया, आर्त-रौद्रध्यान से मुक्त होकर शुक्लध्यान को मन मे स्थिर किया, कठोर परिषहो को सहा, अपने सघ से क्षमापना की, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और तप की आराधना की, गुरु द्वारा प्रदत्त शिक्षा को मन मे धारण किया, सासारिक दुःखो से उन्मुक्त हुआ, अपनी अन्तरग-शिला पर अर्हन्त अक्षरो को उकेरा, शुद्ध स्वरूप का आचरण किया, कल्पश्रुत का भावन किया, शुद्धात्म रसायन को प्रसृत किया, शिव सुख की छाया रूप फल को धारण किया और निश्चल पण्डित मरण से मरण प्राप्त किया। इस प्रकार राजा शुभयोग प्राप्त कर, पापो से मुक्त होकर अनुत्तर वैजयन्त नामक स्वर्ग चले गये। सोलह स्वर्ग, नवग्रैवेयक और नव अनुदिशो के ऊपर पाच अनुत्तर विमान है। वैजयन्त उन्ही मे से एक है जिसे पद्मनाभ ने प्राप्त किया। वहा पद्मनाभ ने निरुपम तेजस्विता को प्राप्त किया, निरुपम देवावधि को प्राप्त किया, निरुपम सांसारिक सुखो को पूर्ण किया, निरुपम शुक्ल-लेश्या को प्राप्त किया, और उपशान्तभाव पाया ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया, और अहमिन्द्र हुआ। उसकी आयु तेतीस सागर प्रमाण थी। पुण्य कर्मों के प्रताप मे दिव्य भोगों को भोगने लगा और सतोषामृत रस मे मज्जन करने लगा ॥25–26॥

सप्तम संधि

(1-2)

चद्रप्रभ स्वामी के पूर्वभव का वर्णन करने के बाद अब उनके गर्भादिक कल्याणको का निरूपण किया जावेगा। भरत क्षेत्र जहा गगा, सिन्धु जैसी पवित्र जलवाली नदियां है, मे एक सर्वोत्तम पूर्वदेश है। वहा धान्य और इक्षु के खेतो मे समीर सुरभित हो रहा है, जिसके पर्वतो के नीचे सुन्दर खेत लहलहा रहे है, गोपाल बालक गीत गा रहे हैं, स्वर्ग के समान वह शोभा से आपूर है, सुन्दर ग्रामों और नगरो से भरपूर है, सुखो का घर है, जहा दुःखो का उपशमन हो गया है, जहा के भव्य जीव समवशरण मे पहुचते है, दुखदायी कर्मों का उपशमन करने के लिए जिनोक्त चर्चा का आचरण करते हैं, जिनराज के चरणो मे जाते है, जो ससार रूपी बल्ली के लिए कठोर किवाड है, जहां धर्म रूपी पुरुष के लिए सुरभित वसन खिला है, रोग, शोकादि के विनाश के उपक्रम चलते- रहते है, सभी प्रकार के सुख विद्यमान है उस देश मे चन्दपुरी नामक मनोहर नगरी है ।।1-2।।

(3-4)

वहां के खेतो मे धान्य की मनोहारी फसल होती है, समुद्र के बहाने परिखा विद्यमान है, जो पद्मराज मणियो का घर है, जहा के उच्च प्रासादो मे सूर्य भी अपना मार्ग खोजता है, जहा के रत्नो से बने घरो के शिखरो से नभ-मण्डल आच्छादित हो गया है, जहा चन्द्रकान्त मणियो के कारण घरो मे रात्रि मे पूर आ जाता है, जहा नीलमणियो के शिखरो से निकलने वाली किरणो के कारण गगा नदी का जल भी नीला दिखाई देने लगा है, जहां के रत्नगेहो के दीर्घ शिखरो से स्वर्ग भी उद्भासित हो गया है, जो भोग-भूमि के सुखो से व्याप्त ह, धर्म-अर्थ-काम का निधान है, अनुपम भवसुखों का स्थान है, हेमगिरि को भी लज्जित करने वाला है, जिसके गर्भ मे अमृत कुण्ड भरे पडे हैं, जो कल्पवृक्षो का घर है, चन्द्र-सूर्य की शोभा को भी

तिरस्कृत करने वाला है ऐसे उस मनोहर चन्द्रपुरी नगरी मे महासेन नामक राजा राज्य करता था ।।3–4।।

(5–6)

वह प्रतापी और यशस्वी था । जयश्री उसके बाहुदण्ड मे निवास करती थी, राजा उसके चरणो मे नतमस्तक था, कृपाण नीलोत्पल का मानो खण्ड था, विविध आभूषणो से उसका शरीर सुसज्जित था, प्रतिपक्षी निर्बल हो चुके थे, शरीर की कान्ति लावण्यभरी थी, दैत्य भी उससे दूर रहा करते थे, मंगल भी उसकी सेवा करता था, महिमा भी उसकी छाया मे रहकर अपने को कृतकृत्य मानती थी, कल्याण भी उसकी सगति मे रहने की इच्छा करता था, सुख भी उसके मन के रग की इच्छा करता था, आशीर्वाद भी उसकी सेवा की अभिलाषा करता था, वरदान भी उसे 'देवदेव' कहकर पुकारता था, सुदास भी दासता को प्राप्त करता था, गुणगौरव भी चेटभक्त बन गया था, लक्ष्मी भी उसकी लक्ष्मी से शोभित होती थी, श्रुतदेवी भी उससे शिक्षा लेती थी, विवेक, सत्य, उदारता, सिद्धि, बुद्धि, ज्ञान, ध्यान, शक्ति आदि गुणो ने उसी के आश्रय से वास्तविकता पाई थी । रूप, बल और शील मे भी वह राजा बेजोड था ।।5–6.।

(7—8)

राजा महासेन की लक्ष्मणा नाम की पट्टरानी थी जो गुण, शील और रूप मे अनुपम थी । जैसे धनुष की सुषमा श्रेष्ठ बास से होती है वैसे ही वह श्रेष्ठ वश मे उत्पन्न हुई थी, उसके गुणो मे कभी वक्रता नही थी, मुनि की वाणी के समान उसकी वाणी सुन्दर वर्णो से युक्त थी, सुन्दर वर्ण-रग से युक्त थी, बहु गुणो की लीला मदिर थी, कदर्प का दर्प भी वहा बध गया था, लावण्य का समुद्र था, तारुण्य ने वहा परम सिद्धि पाई थी, रूप ने वहा परम रिद्धि प्राप्त की थी, अनुराग ने पट्टबंध बाधा था, । उसमे मलय का सौरभ और चन्द्र का अमृत था, हेम की किरणो से वह उज्ज्वल थी, लावण्य मे वह चन्द्र और कमल से भी आगे थी, गभीरता मे सागर जैसी थी, हस जैसी अलस चाल थी, मुनिनाथ जैसा निर्मल शील था, करि कु भ के समान पृथुल स्तन थे, कदर्प के वाणो के लिए सु दर आयास रूप था, सारे रसो का सार थी । ब्रह्मा ने इतना अच्छा रूप बनाया कि सारे उपमान अपना स्वरूप छोड चुके थे । उसका रूप अनुपम था ।।7–8।।

(9–10)

दोनो, महासेन और लक्ष्मणा स्नेहसिक्त होकर धर्म, अर्थ काम का उपयोग करते रहे । पुण्य के प्रताप से इन्द्र की प्रेरणा से उनके घर कुबेर ने छह माह तक

प्रतिदिन बारह करोड निर्मल रत्नो की । वर्षा की पुण्य के प्रभाव से क्या नहीं होता ? रत्नाकर भी जलविरहित-सा दिखने लगा । महासेन को बडा आश्चर्य हुआ । इसी बीच आकाश से एक दिव्य तेज पृथ्वी पर गिरता हुआ दिखाई दिया । राजा के मन मे अनेक वितर्क उठे । क्या कोई पुष्पयन्त्र तो नही आ गया, सूर्य से कुछ गिरा तो नही, दिन मे तारा तो नही स्फुटित हुआ, कोई विद्युतपात तो नही हुआ ? इस प्रकार से राजा के मन मे विविध सशय उठ खडे हुए । धीरे धीरे यह स्पष्ट होने लगा । अप्सराए आयी । उनके स्थूल स्तनो का भार कम था । मुह की सुगन्ध से आकृष्ट होकर भ्रमर दौडने लगे । मदारमाला मकरन्द से लिप्त हो गई । हरि चदन से दशो दिशाए सुरभित हो गई । सारा नगर दिव्य कुसुमो की गध से सुवासित हो गया । नूपुर बजने लगे । श्री, काति, कीर्ति, धृति, बुद्धि, आदि लक्ष्मिया प्रगट हुईं, अपने अपने बाहनो से देव लोग आये, शक्र आया और राजा की जय जयकार की । इन्द्र की आज्ञा से आठों दिक्कुमारियाँ महासेन नरेश के अन्त पुर मे पहुची । राजा ने पूछा-तुम लोगो ने स्वर्ग से धरा पर क्यो अवतरण किया ? ॥9–10॥

(11)

उत्तर मे उन्होने कहा-हे राजन् ! आप धन्य हैं । आपके घर अष्टम तीर्थंकर चन्द्रप्रभ जन्म ले रहे है । इसीलिए छह माह से रत्नो की वर्षा हो रही है । यहा रहकर हम लोग महारानी की सेवा करेंगे और गर्भ की सुरक्षा रखेंगे । फिर वे महारानी के पास पहुची । वहा देखा कि बहुत-सी राजमहिषी उनकी शुश्रूषा कर रही है । महारानी लक्ष्मणा का रूप देखकर उन्होने अपना रूपमद छोड दिया । इतना सौन्दर्य उन्होने कभी देखा नही था । महारानी के सौन्दर्य को देखकर इन्द्राणी भी दासी हो जायेगी । उसके सामने चन्द्रबिम्ब, अमृतकुण्ड, मदनदर्प, कमल खण्ड आदि की कोई गणना नही । रति विलास, चदन, कुसुमबास, स्वर्ग सुख आदि का भी कोई महत्व नही ॥11॥

(12–13)

अपने आगमन का कारण बताकर दिक्कुमारिया महारानी की प्रारम्भिक सेवा मे जुट गईं । कोई क्षीरोदधि से जल लाकर स्नान कराने लगी, कोई सुर चन्दन लगाने लगी और सुगधित तेल से मालिस करने लगी । किसी ने अगलेप किया, किसी ने पारिजात मदारमाला को शिर मे बाधा, किसी ने हार पहनाया, किसी ने किरीट लगाया, किसी ने केयूर पहनाया, और किसी ने कुण्डल पहनाये, किसी ने नूपुर और मुद्रिका पहनाई, किसी ने अन्य आभरण पहनाये, किसी ने वस्त्र पहनाये, किसी ने

अगरु धूप दी, कोई भोजन व्यंजन ले आया, कोई दण्ड लेकर प्रतिहारी बनी, किसी ने महारानी के शिर पर धवल छत्र लगाया, किसी ने चमर डुराये, किसी ने उपानह पहनाये, कोई अंगरक्षक बनी, कोई नाचने-गाने लगी, किसी ने चाटुकारिता की, किसी ने मंडल रास किया, किसी ने छह भाषाओं में काव्य किया, किसी ने इन्द्रजाल दिखाया, किसी ने देवी के शरीर का संवाहन किया। इस प्रकार अनेक रूप से देवियों ने जिनमाता की सेवा की और गर्भ-शोधन किया ।।12-13।।

(14)

इसके बाद लक्ष्मणा देवी निश्चित होकर सो गई। रात्रि के पिछले भाग में उसने सोलह स्वप्न देखे–(1) उन्नत शुभ्र ऐरावत हाथी, (2) गर्जना करता हुआ श्रेष्ठ बैल, (3) गजराजों के झुण्ड को भगाता हुआ सिंह, (4) हाथ में लीला कमल लिए लक्ष्मी, (4) दो मंदार मालाएँ जिनके आसपास भौंरें गूँजार रहे थे, (6) सघन ज्योत्सना से युक्त पूर्णमासी का चन्द्रमा, (7) अपने प्रकाश से सारी दिशाओं को प्रकाशित करता हुआ सूर्य, (8) एक दूसरे से किलोल करता हुआ मीना युगल, (9) कमलों से ढके हुए और जल से भरे हुए दो मंगल कलश, (10) जल में लहलहाते हुए सफेद कमलों से अलंकृत सरोवर, (11) आकाश को छूने वाली उत्ताल तरंगों से युक्त समुद्र, (12) सिंहों पर आश्रित सिंहासन, (13) देवों से सेवित दिव्य विमान, (14) नाग कन्याओं से सुन्दर नागभवन, (15) फैलते हुए तेजोमण्डल से युक्त रत्नराशि, और (16) धूमरहित होने से उज्ज्वल अग्नि। इन सोलह स्वप्नों को देखने के बाद जाग जाने पर उसने इन स्वप्नों का फल जानना चाहा ।।14।।

(15)

इसके बाद प्रभातकालीन नित्यकर्म करके और अन्य साधु धर्म संपादित करके शीघ्र ही अपने पतिदेव महासेन के पास पहुंची और स्वप्न बताये। राजा ने उन्हें सुनकर उनका फल बताया। हे देवी! ऐरावत हाथी तेरे पुत्र को तीनों लोकों में मुख्य बतला रहा है, बैल उसे गम्भीर, सिंह जैसा महान् पराक्रमी निर्भय और तेज सपन्न, और लक्ष्मी-इन्द्रों द्वारा अभिषेक करने योग्य सूचित कर रहा है, दो मालाओं को देखने से वह अनन्त कीर्ति वाला होगा, चन्द्रमा देखने से प्रजा की तृप्तिका हेतु, सूर्य देखने से मोह रूप अंधकार को मिटाने वाला और मत्स्य युगल को देखने से वह सभी प्रकार के शोक से मुक्त होगा अर्थात् मुक्ति पायेगा, कलश देखने से उसके दिव्य देह में शुभलक्षण होंगे, सरोवर देखने से तृष्णा रूपी अग्नि को शान्त करने वाला होगा समुद्र देखने से विमल ज्ञान धारी होगा, अर्थात् केवली होगा। और स्वर्ण सिंहासन

देखने से मुक्ति पाने वाला होगा, देवो का विमान देखनेसे वह स्वर्ग से अवतरित होगा, नाग भवन देखने से धर्म तीर्थ का प्रवर्तक होगा, रत्नो की राशि देखने से समस्त गुणो का क्रीडापर्वत होगा और अग्नि देखने से उग्र कर्मों के जगल को जलाने वाला होगा। तुम्हारे पुण्य के प्रताप से शक्र भी दास हो जायेगा। लक्ष्मणा स्वप्नो के फल को सुनकर रोमाचित हो गई ॥15॥

(16)

इसके पश्चात् आयु के समाप्त होते ही उस अहमिन्द्र ने वैजयन्त नामक अनुत्तर विमान से अवतरित होकर चैत्र मास के कृष्ण पक्ष के पचमी दिन को लक्ष्मणा के गर्भ मे प्रवेश किया। ऐसा लगा जैसे चन्द्र ने जल मे प्रवेश किया हो या जल-बिन्दु ने सीप मे प्रवेश किया हो, चन्द्र सरोवर मे प्रतिबिम्बित हो रहा हो, कमल दल तल पर खडा हो, सिद्ध-बुद्ध होकर मोक्ष मे प्रवेश किया हो, परमात्मा को अपने अन्तरात्मा मे छिपाया हो, सिद्धत्व को आत्मा मे सजोया हो, जिनागम मे द्रव्यज्ञान रखा हो, सम्यक् चारित्र मे परम धर्मोदय हुआ हो, मुणिगणो के मुख मे सत्य वचन निहित हो, व्यक्ति मे सज्जनता प्रतिपन्न हुई हो, धर्मात्मा मे सुख प्रतिष्ठित हुआ हो, गुणी-दानी मे कीर्ति का प्रसार हुआ हो। भगवान सुख पूर्वक यथासमय तक गर्भ मे रहे। देवो ने दुन्दुभि बजाई, सारे त्रिभुवन मे उसकी आवाज पहुची, देवगण हर्षित हुए और अपने अपने परिवार के साथ नगर की ओर उन्होने प्रस्थान किया ॥16॥

(17)

कल्पामर के चौबीस इन्द्र, व्यतरो के बतीस स्वामी, भवनवासी देवो के चालीस इन्द्र, ज्योतिषी देवो के रवि-चन्द्र, ये सभी अपने-अपने वाहनो से भगवान के दर्शन करने हर्ष विभोर होते हुए आये। कोडाकोडी अप्सराएँ अपनी ऋद्धि सहित आयी, वैक्रियक देव आये, बारह करोड तूरो के शब्द फैले, गधोदक और पुष्पो की वृद्धि हुई सभी देवो ने आकर तीन प्रदक्षिणा की, लक्ष्मणा देवी की चरण वदना की, रत्नो से पूजा की, सस्तुति की। महासेन की भी हाथ जोडकर स्तुति की। और कहा कि आप दानो ही त्रिलोक के शोकापहारी हैं, अपने ही ससारियो के लिए नरक का द्वार बद कर दिया है। इत्यादि प्रकार से उनकी स्तुति कर गर्भस्थित जिन की स्तुति की और हर्षित होते, नाचते, पुलकित होते हुए सुरलोक को वापिस चले गये ॥17॥

अष्टम संधि

(1–2)

जैसे-जैसे भगवान का देह परिपूर्ण होता गया वैसे-वैसे नयी किरणो ने घर मे प्रवेश किया । देवी लक्ष्मणा फलो से घटित होती रही, निर्मल पुण्य कार्यों से परिचारित रही, गर्भ की धवल किरणो से कलित हुई । उसके उदर की त्रिवलियां भग्न हो गई । कर्म के साथ उसके स्तन-युगल भी कृश हो गये, मोह के साथ उद्यम मन्द हो गया, क्रोध के साथ चरण कंपित होने लगे अर्थात् भारी हो गये, मान के साथ स्वर क्षीण हो गया, ससार के साथ भोजन की मात्रा भी कम हो गई, कर्म के साथ व्यसन नष्ट हो गया निद्रा के साथ त्रिजग का पुण्य आ गया, धर्म के साथ स्तनभाग ऊचे हो गये, लोक के साथ अग निर्मल हो गये, अग के साथ सारा ससार निर्मल हो गया । इस प्रकार वह लक्ष्मणा गर्भालस लिए जिन पद की पूजा करती रही और शक्ति धर्म पालन करती रही । उसे दोहद भाव उत्पन्न हुआ । क्षीरोदधि के जल से उसे देवियो ने नहलाया, देवो ने प्रणाम किया । त्रिभुवन को उज्ज्वलित करने की उसकी अभिलाषा हुई । उसे लगा जैसे उसने कर्मभार को कम कर दिया हो, कामबाण को छोड दिया हो और पच ज्ञानो मे अवगाहन किया हो । लक्ष्मणा ने जो भी मनोरथ किया, सुरपति ने उसकी पूर्ति की । वह भी जिनभक्ति पूर्वक समय यापन करने लगी ॥1–2॥

(3–4)

नव माह व्यतीत होने के बाद पौष-कृष्णा एकादशी के दिन देवी लक्ष्मणा ने शुभ लक्षण सपन्न धवल वर्ण वाले बालक को जन्म दिया । वह बालक समचतुरस्र सस्थान से युक्त था, प्रथम सहनन से उसका शरीर युक्त था । शरीर से निर्गत सौरभ फैल रही थी, उसका शोणित दुग्ध जैसा धवल था, मल से वह वर्जित था, अतुल पराक्रम सपन्न था, रूपवान् था, ससारियो के लिए उसकी वाणी प्रिय और हितकारी थी, उससे सूर्य प्रकाशित हो रहा था । और फिर तत्काल सारा ससार भी उल्लसित

हो गया । ऐसा लगा मानो बाल सूर्य का उदय हुआ हो, अरणि से अग्नि-स्फुलिंग निकल रहा हो, धर्म का शुभ फल हो । वह प्राणियो के लिए परमदानी था, ज्ञान से कर्मों का उपशमन करने वाला था, शिव-सुख का दायक था, निज रस के स्वभाव से आपूरित था, । त्रिभुवन उसके समागम से प्रसन्न था, देव गरण हर्ष से विभोर होकर नृत्य कर रहे थे । पृथ्वी से मरिण ऊपर निकल पडे, छहो ऋतुओ के पुष्प पुष्पित हो उठे, शीतल मलय पवन चलने लगी, गधोदक की वृष्टि होने लगी, गगन मार्ग निर्मल हो गया दसो दिशाए धवल हो गई, दिव्य पुष्पो की वर्षा होने लगी, इन्द्र का सिहासन कम्पित हो उठा, कल्पवासी देवो की सभा मे घण्टिया बिना हाथ लगाये ही बजने लगी, ज्योतिषी देवो के घरो मे सिहनाद होने लगा, व्यतर देवो के घरो मे बिना बजाये ही दुन्दुभी बजने लगे और उनकी प्रतिध्वनि गूज उठी, भवनवासी देवो के घरो मे गभीर शख समूहो की ध्वनि सुनाई पडने लगी । पुण्य प्रताप से क्या-क्या नही होता ? ॥3–4॥

(5–6)

इन सब कारणो से सभी देवो को जिन भगवान के उत्पन्न होने का ज्ञान हो गया । फलत सुरपति आदि सभी देव भक्ति सिक्त हो गये । अपने-अपने आसनो से उठकर मरिण जटित आभूषणो से युक्त होकर उस दिशा मे प्रस्थान किया जिस दिशा मे भगवान का जन्म हुआ था । उस दिशा के भूतल को प्रणाम किया, दुन्दुभी बजवायी, देवियाँ निश्चल मन से आ गई । सौधर्म स्वर्ग के इन्द्र ने मन मे ही भक्ति की और मेरु पर्वत पर भगवान को अभिषेक के लिये ले जाने का निश्चय किया । मेरु पर्वत एक लाख योजन ऊचा है । उसपर स्थित सरोवरो और कमलवृन्दो ने उसकी शोभा मे चार चाद लगा दिये । वह मेरु पर्वत सभी पर्वतो मे प्रधान है उसका कोई उपमान नही । एरावत हाथी पर सवार होकर वह सपरिकर चल पडा ॥5–6॥

(7–8)

परिकर की सख्या अपार थी । सभी हर्ष और भक्ति से आपूर थे, सभी कल्पवासी देव जिन भगवान की सेवा मे चल पडे, ज्योतिषी देवो ने भी प्रस्थान किया । व्यतरगरण दर्पहीन होकर निकल पडे, भवनवासी देवो ने भी उसी समय प्रयारण किया । विद्याधर भी दौड पडे । सभी वेग से आगे बढ रहे थे । कभी कभी उनके रथ परस्पर सघर्षित हो जाते थे । कभी कभी हाथी अपना मार्ग छोड देते थे । सभी देवो आदि के हाथो मे पूजा पात्र और मगल द्रव्य थे जिसे वे भक्तिवश भगवान के पास ले जा रहे थे । सारा आकाश छत्रो के कारण धवल वर्ण लगने लगा था

ऐसा लगता था मानो वह कोटा-कोटि चन्द्रमाओ के द्वारा आच्छादित हो। ध्वज-पताकाएँ मांगलिकता सर्वत्र बिखेर रही थी, नीलोत्पलो का समूह उत्पन्न हो गया था, इन्द्राणी का क्रीडा-स्थल बन गया था, स्वर्ण कुम्भो से सूर्य समूह को संकट उत्पन्न हो गया था, मरकत मणियों से यमुना नदी को संकट उत्पन्न हो गया था, चन्द्रकान्त मणियो से चन्द्र क्षेत्र को तथा वैडूर्य मणियो से हरितगुप्त को तिरस्कृत किया था, विद्रुम मणियो का समूह सध्याकाल का भ्रम पैदा कर रहा था, मालाओ से नभ मण्डल आच्छादित हो गया था, दिव्य कुसुम मालाओ तथा उनकी सुरभि से सारा क्षेत्र सुसज्जित तथा सुरभित हो रहा था, दुन्दुभी के शब्दो की पृथुल स्थिरता से गीति की लहरें उठ रही थी, सभी लोग हर्ष विभोर होकर नृत्य कर रहे थे, चारो निकायो के देव एकत्रित हो गये थे, वाहनदेवो के द्वारा मानो सूर्य का मार्ग अवरुद्ध हो गया था ।।7–8।।

(9–10)

कोई कह रहा था-शीघ्र ही मार्ग दो, मेरे सिंह से अपने हाथी को दूर हटाओ, कोई कह रहा था अपने सिंह को हटाओ अन्यथा वह अष्टापदो द्वारा मार दिया जायेगा, कोई कह रहा था अपने हरिण को मेरे पास मत आने दो, मेरा दुष्ट बाघ उसे नष्ट कर देगा, कोई कह रहा था हाथी को दूर रखो, अष्टापद उसे समाप्त कर देगा, कोई कह रहा था बैल को चित्रक से दूर रखो, सर्प को नेवले से दूर रखो, गरुड से दूर रखो, हस को मार्जार और मयूर को कुत्तो से अलग रखो। इस तरह से कहते हुए सुर-असुर अपने-अपने वाहनो से जिन भगवान के दर्शन करने दौड रहे थे। जैसे ही चन्द्रपुरी नगरी आई कि उन्होने अपने वाहनो की गति धीमी की तथा गन्धोदक, पुष्प और रत्नो की वृष्टि की, दुन्दुभी बजाई, तूर वाद्य बजाया। बाद मे इन्द्राणी ने स्वय उतरकर अपने करणीय कार्य को ध्यान मे रखा। उसने प्रसूतिगृह मे बडे भक्ति भाव से प्रवेश किया, अपने हाथ से मगल किया और देखा कि लक्ष्मणा देवी अपने पुत्र के साथ लेटी हुई है। परमेश्वर त्रिभुवननाथ के दर्शन किये। उनका वर्ण कर्पूर के समान धवल था। उमका सारा शरीर रोमाञ्चित हो गया। हृदय हर्ष से इतना पुलकित हो गया कि नेत्रो से आसू बह उठे। उसे इस बात का खेद हुआ कि काश उसके यदि हजार नेत्र होते तो वह भगवान के रूप को अधिक अच्छी तरह से देख पाती। इन्द्राणी ने फिर जिन माता की प्रशसा की और मायोत्पन्न एक बालक को जो आकार-प्रकार मे जिन भगवान के समान था उसकी गोद में रखकर जिन भगवान को उठा लाई ।।9–10।।

(11)

सब देवो ने मिलकर भगवान की स्तुति की, जय-जयकार किया, हाथ जोडकर तीर्थंकर की वन्दना की । ससार मे जिन दर्शन दुर्लभ होता है । देवो ने इन्द्र से कहा आपका सौभाग्य है कि आप अपने हजार नेत्रो से भगवान के दर्शन कर रहे है, धरणेन्द्र ने भी खूब जिनदर्शन किये फिर भी उसकी तृप्ति नही हुई । शक्र भगवान के लक्षणो को अनिमेष नेत्रो से देखते-देखते पूरी तरह थक गये । उन्होने भगवान के गात्र को कोमल वस्त्रो से ढका, ईसाण ने धवल छत्र लगाया, सानत्कुमार-माहेन्द्र ने चमर ढुराये, और जो अन्य छोटे-मोटे देवता थे वे हाथ जोडे भगवान की सेवा मे खडे थे । इसके बाद इन्द्र ने भगवान को ऐरावत हाथी पर बैठाकर आकाश मार्ग से मेरु की ओर प्रस्थान किया ॥11॥

(12)

नभ पथ से देवो के चलने पर भूमण्डल ढक गया । गगन भी दिखाई नही दे रहा था । पृथ्वीतल स 180 योजन ऊपर तारागो के विमान है, उनसे दस योजन ऊपर सूर्य का, उससे 80 योजन ऊपर चन्द्रमा का, उससे तीन योजन ऊपर नक्षत्रो का विमान, उससे भी तीन योजन ऊपर बुध का विमान, उससे तीन याजन ऊपर शुक्र का विमान, उससे तीन योजन ऊपर बृहस्पति का विमान, उससे भी चार योजन ऊपर मगल का विमान और उससे भी चार योजन ऊपर शनि का विमान है । इस प्रकार सम्पूर्ण ज्योतिर्गण की ऊँचाई एक सौ दस योजन है । उसके आगे शुद्ध गगन प्रदेश है । इस गगन प्रदेश का विचरण करते हुए देवगण ने उसे पार किया और उसके बाद उन्हे मेरु पर्वत के दर्शन हुए ॥12॥

(13–14)

यह मेरु पर्वत माणिक्य दीप्ति से दीप्त था । मणि शिलाओ के सिंहासन उसके पाय थे, चमरी पूछ से चमर डुलाती थी, वृक्ष वायु से आदोलित हो रहे थे मानो इसी बहाने वे झुक रहे हो, स्थल कमल नीचे सुशोभित थे, हाथी के द्वारा भग्न चदन के रस से वह सिञ्चित था, कल्पद्रुम वृक्षो को चीर के रूप मे धारण किये हुए था, मदन वृक्षो की सुगन्ध से सुवासित था, कायल की मधुर आवाज से गुजित था, वायु की आवाज बासो मे पूरित होकर शब्द करती थी, दुन्दुभी की प्रतिध्वनि करके मेरु मानो प्रतिहार का काम करता था । मेरु को देखकर सभी देव रोमाञ्चित हो गये । वह ऐसा लगता था जैसे पजरी का मध्यवर्ती प्रदेश हो जहा भ्रमर रुककर सतोष का अनुभव करते हैं भवन का शोभावर्धक कनक कु भ हो, आकाश गगा का पूजापट्ट हो,

धर्म रूपी हाथी का स्वर्ण स्तभ हो, जहा रवि और शशि निर्व्याज अथवा निर्मद होकर चमर ढो रहे हो, मानो कह रहे हो कि हमे मोक्षमार्ग दो अथवा स्वर्गारोहण के लिए सोपान हो, क्योकि गोरोचन पिण्ड के समान इसकी मध्यवर्ती त्रसनाली देख ली है, आकाश और पृथ्वी के पंजर मे यह सुमेरु चक्रवाक के समान लगता है, अथवा कील के समान प्रतीत होता है, जिन भगवान के स्नान का सुवर्णपीठ अथवा स्वर्णपीठ है जो विविध मुक्तामणियो के रगो से युक्त है, कटिसूत्र का कनक खेल हो जहा तारागण के रूप मे रत्न जडे हुए हैं अथवा दस-दिशाओ मे पिगल वर्णवाली गेंद है। इत्यादि प्रकार से देवो ने उस सुमेरू को देखकर उसके विषय मे कल्पनाएँ की। इसके बाद वे जिन भगवान के स्नान के लिये सुगन्धित जल ले आये ॥13–14॥

(15–16)

सुमेरू पर्वत के ऊपर पांच सौ योजन विशाल एक पाण्डुकवन है जिसकी चारी दिशाओ मे चार शिलाएँ है। उनमे पाण्डुक शिला ईशान मे है जो अर्ध चन्द्र के समान पीत वर्ण वाली है, सौ योजन लम्बी और पचास योजन चौडी है। उस पर जिन भगवान का मणिमय सिहासन लगाया गया जो पाच पांच धनुष लम्बा चौडा था। उस पर जिनेन्द्र देव को विस्तारा गया, सभी देवो ने स्तुति की, दुन्दुभी बजायी और पूर्व जिनाभिषेक विधि से अभिषेक करने की योजना बनाई। वायुकुमार आदि सभी सपरिवार एकत्रित हो गये और हर्षित होकर अभिषेक की तैयारी मे जुट गये। मेघकुमार ने गधोदक की वृष्टि की, भक्ति से कुकुम रस का लेप किया, वनदेवी ने पुष्प खिला दिये और उनमे रगावलियां भर दी। इसके बाद इन्द्र ने ऐरावत हाथी से जिनेन्द्र देव को उतारा मानो अकलक चन्द्र ही हो, सूक्ष्म वस्त्र को अलग किया, सिहासन के दायी ओर इन्द्र खडे हुए, बायी ओर ईशान इन्द्र खडे हुए, कल्पवासी आदि अन्य देवो ने भगवान के ऊपर, छत्र, चमर आदि धारण किये वीणादिक वाद्य तथा विविध सगीत प्रारम्भ किया, भगवान के चरण-कमलो के पास बैठकर। कोई-दिग्पालो ने प्रतिहार का काम किया, हाथ मे स्वर्णदण्ड लेकर खडे रहे, देवागनाओ ने मगल गीत गाये जो चारो दिशाओ मे प्रस्फुटित हो गये। अगुरु धूप के धुएँ से सारा क्षेत्र व्याप्त हो गया। और जो अन्य देवता थे वे पक्तिबद्ध खडे रहे। फिर उन्होने सुमेरु पर्वत से लेकर क्षीर सागर तक दो पक्तिया खडी करके क्षीर सागर का जल मगाया। इस प्रकार इन्द्रो ने मिलकर बडे आनन्द और भक्तिभाव से जिनाभिषेक की तैयारी की ॥15–16॥

(17)

इसके बाद देवो ने स्वर्णकुभ हाथ मे लिए और हाथो हाथ क्षीरोदधि जल से भगवज्जिनेन्द्र का अभिषेक किया। दायी श्रेणी मे सौधर्म इन्द्र खडे हुए थे और बायी श्रेणी मे ईशान इन्द्र। दोनो कल्पेश्वरो ने बडे भक्ति भाव से अपने हाथ से एक लाख कलश से जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक किया। क्षीरोदधि का जल क्षीर के समान था। उसमे जिनेन्द्र की कान्ति मिल जाने पर और तेजमय हो गया। उससे कैलाश पर्वत जैसा वह मेरु धवलवर्ण हो गया। ऐसा लगा कि सारा हिमाचल पर्वत मिलकर हिमवान् हो गया हो अथवा सारे ससार के मुक्ताफल एकत्रित हो गये हो। अथवा कर्पूर इकट्ठा हो गया हो अथवा चन्द्रकान्त मणियो से जड दिया गया हो अथवा पारे से स्वर्ण-पिण्ड लिप्त हो गया हो अथवा यश के खण्ड एकत्रित हो गये हो। सारा पर्वत निर्मल चन्द्र की ज्योत्सना से आवृत-रत्न हो गया और दीप्तिमय जिनपाद पुण्य से वह परियकित हो गया हो ॥17॥

(18)

देवो ने जय-जयकार किया और शुभ मन से गधोदक लगाया जो सकल ससार-ताप को नष्ट करने वाला है, चिर-काल के जन्म-जन्मान्तर से लगे आये पाप-मैल को धोने वाला है, सचित रज-पटल को समाप्त करने वाला है सारे ससार का राज्य अभिषेक बराबर है, महासुख को देने वाला है, सकल लावण्य का कारण है, सकल विजय स्थान का केतु रूप है, धर्म रूपी लता को पल्लवित करने के लिए मेघ है, निर्मल गुण समूह का केलिगृह है, स्वर्ग-लक्ष्मी के उपभोग का रत्नघन है, सकल धर्मों का दयास्थल है, सभी प्राणियो के साथ दयाभाव रखने के लिए विवेक स्वरूप है, सकल विवेक का जनक है, मिथ्यात्व विनाशक है, सुदृढ कर्मों का छेदक है, कर्मों की ग्रन्थि का भेदक है। ग्रन्थि भेद से काललब्धि होती है और काललब्धि से द्रव्यशुद्धि, है द्रव्यशुद्धि से भावशुद्धि और भावशुद्धि से आत्मशुद्धि होती है। इस तरह देवगण ने सुमेरु पर्वत पर जिनाभिषेक किया और गन्धोदक लगाकर कर्मनिर्जरा की। सभी आनन्दित हुए। उस समय अनेक अतिशय भी हुए ॥18॥

(19-20)

इसके बाद इन्द्र ने वज्रसूची से जिन भगवान के दोनो कानो का छेदन किया। उनमे मणिमय कुण्डल पहनाये इससे ऐसा लगा मानो शशि और रवि दोनो स्वय अवगुढित हो गये हो। शिर पर रत्न जटित मुकुट बांधा मानो त्रिभुवन की समृद्धि

एक ही स्थान पर समेट दी हो। वक्षस्थल पर मणिमाला पहनाई मानो यज्ञोपवीत ही प्रतिबिम्बित हो रहा हो, । करधनी मे मणि किंकिडिया लगादी मानो मदिर मे ग्रहपक्ति खडी हो गई हो । बाहु युगल मे बाजूबन्द बाध दिया, अगुलियो मे अगूठी पहना दी, पैरो मे नूपुर बाध दिये । इन आभूषणो से जिनेन्द्र की शोभा अपूर्व हो गई । दिव्य वस्त्रो और पुष्पो से भी भगवान को विभूषित किया । इस तरह देवो ने जिनेन्द्र देव की विविध प्रकार से अर्चा की । ठीक ही है, भूषण भूषणो से ही भूषित होता है, सौरभ सौरभो से ही सुरभित होता है, छत्र छत्र से ही धारण किया जाता है । इसी तरह इन आभूषणो आदि से भगवान विभूषित हुए। देवो ने उनकी सस्तुति की ।।19–20।।

(21)

हे परमेश्वर सिद्ध, बुद्ध, आपकी जय हो, आप परमात्मा हैं, परम शुद्ध है, स्वभाव को प्राप्त कर लिया है, निर्मल स्वभाव को जान लिया है, आप अप्रमेय हैं, सप्तभगियो के ज्ञाता है, परम बोधरूप हैं, समरस हैं, निजरसज्ञाता है, अमल हैं, अकलक देहवाले है, सकल कलाविद् हैं, अजय है, अजर हैं, अमर हैं, परम कला विशेषज्ञ है, अभय है, अभावरूप है, अभेद रूप हैं, द्रव्यस्थित स्वरूपज्ञ है, निरजन है, योगीनाथ है, ससार के दुखो को जलाने वाले है । हे परमब्रह्म ! आपकी जय हो, आप ब्रह्मो के ब्रह्म हैं, मोहविजयी हैं, परम नित्य है, जीवाजीव तत्व को प्रगट करने वाले है, विश्वरूपज्ञ हैं, शुद्धाचार के ज्ञाता है, कारणातीतज्ञ है, रत्नत्रय के निधान है, परमतेजस्वी है, मिथ्यात्व भेदक हैं, परम ध्यानी हैं, मुक्तिदर्शक हैं, करुणा सागर है, महान् गुणवान् हैं, ससार के स्वामी हैं, और सहज सत है। इस प्रकार देवो ने जिनेन्द्र भगवान की स्तुति की ।।21।।

(22–24)

सौधर्मेन्द्र ने भगवान को अपने ऐरावत पर बैठाया । हर्षित होकर सभी देव देवेन्द्र नृत्य कर रहे थे । परस्पर एक दूसरे के हाथ पकडे हुए चले जा रहे थे । इन्द्र बीच मे था और सभी नृत्य करने वाले देव उसके चारो ओर । चन्द्रपुरी जाते समय उन्होने इस तरह दिशाओ का लघन किया । दिग्गज वगैरह ने भी विविध प्रकार से हर्ष व्यक्त किया । क्षीरोदधि निर्जल हो गया, मलयाचल पर्वत सेवा करने लगा, नदनवन डालशेष हो गया, अगुरुवन का क्षय हो गया, कर्पूर की भी यही गति हुई । ये सभी नामशेष रह गये । यह देखकर देवो को अत्यन्त आश्चर्य हुआ । उनका मन

हर्षित हो गया। हर्ष कम और भक्तिभाव अधिक था। भक्तिभाव से विभ्रम हुआ। विभ्रम कम था और जिन गुण अनन्त थे जिसके लिए वे तृष्णालु हो गये। इस तरह हर्ष विभोर होते हुए उन्होने चन्द्रपुरी नगरी मे प्रवेश किया। बाद मे सौधर्मेन्द्र ने भगवान को ऐरावन हाथी से उतारकर उनके माता-पिता को सौंपा और अपने-अपने स्थान पर उत्सव मनाकर वापिस हो गये। भगवान चन्द्रमा के समान कान्ति से युक्त है इसलिए उनका नाम इन्द्रो ने चन्द्रप्रभ रखा। भगवान चन्द्रप्रभ अहर्निश वृद्धिगत होते गये। वे अपने हाथ की अगुलियो को मुख से चूसा करते थे जिनमे इन्द्रो ने अमृत का लेप कर दिया था। अतएव उन्हे अपनी मा के दूध की क्या आवश्यकता थी ? सुरेन्द्र दास जैसे रहकर उनकी सेवा कर रहे थे। निष्कलक प्रतिपत चन्द्र के समान वे बढ रहे थे। ज्ञान कमल भी विकसित हो रहा था। इस प्रकार जिनन्द्र चन्द्रप्रभ ने त्रिभुवन को अपने गुणो से मुग्ध कर दिया ॥22-24॥

नवम संधि

(1)

अनेक देवकुमार शिशु चन्द्रप्रभ के पास आकर उन्हे गेंद आदि से विविध मनोरजक खेल खिलाया करते थे। धीरे-धीरे उन्होने चलना प्रारम्भ किया। कभी-कभी कपकर गिर जाते थे। जिससे पृथ्वी कप-सी जाती थी। उससे ऐसा लगता था कि अति भार से शेषनाग कपित हो रहा है या धरणेन्द्र को कोई शका हो रही है। कभी लीला पूर्वक गेद खेलते थे। कभी हाथी घोड़ों की सवारी करते थे। कभी जल-क्रीड़ा करते थे और अपनी छाया का अनुसरण करते थे। इस तरह वे दिव्य भोगो को भोगते हुए कभी थके नही। धीरे-धीरे जिनेन्द्र की वाल्यावस्था व्यतीत हुई और विद्यार्जन काल आया। सभी ने यह अनुभव किया जैसे ओकारादि अक्षर सभी शब्दागमो से वे परिचित हो। पथमानुयोगादि चारो अनुयोग ग्रन्थो मे वे पारगत थे। इस प्रकार वे तरुणावस्था मे पहुचे ॥ 1 ॥

(2)

जिनेन्द्र देव का रूप अद्भुत था। उनके कु तल केशो ने मानो अज्ञान रूपी अधभार को बाध लिया था। उनका ललाट चित्त के समान विस्तृत था, नेत्र सिद्ध के समान निर्मल थे, नासिका बुद्धि के समान सरल-सीधी थी, मुख सौरभ से युक्त था, भ्रूवल्ली ने मानो माया की वक्रता को जीत लिया था, दन्तपक्ति निर्मल बुद्धि के समान थी अथवा चन्द्रकिरणो के समान थी, विद्याधरो की ऐसी शोभा थी जिससे लगता था कि हृदय से दीनभाव निकल गया हो। बाहुदण्ड मानो धर्मदण्ड थे अथवा नरक-द्वार के लिए परिघ थे, वक्षस्थल केवलज्ञान के समान विस्तृत था अथवा आत्मा के समान था, अगाध नाभि ऐसी लगती थी जैसे ससार उसमे क्षीण हो गया हो, पृथुल नितम्ब ऐसे लगते थे जैसे उनमे उनका यश भर गया हो, ऊरु ऐसे लगते थे जैसे वे उनके कोमल परिणाम के प्रतीक हो। चरण कमलश्री को लिए हुए थे। उसकी काति से शोभा ही मद हो गई। इस तरह भगवान के रूप लावण्य की महिमा थी ॥ 2 ॥

(3)

राजा ने अपने पुत्र के निरुपम लावण्य को देखकर कमलप्रभा नाम की सुन्दर राजकन्या के साथ विवाह सबध कर दिया। ऐसा लगता था, मानो चन्द्र ने अपनी काति उन्हें छोड दी हो, काम ने अपनी बाण पक्ति अर्पित कर दी हो, आगम से क्षान्ति गुण आ गया हो, ज्ञान से निर्मल शान्ति आ गई हो, धर्म से जीवन रक्षा का भाव आया हो, विनय से उत्तम शिक्षा मिली हो, तर्क से युक्ति आई हो। सूर्य से निर्मल बुद्धि प्राप्त की हो और सिद्ध से अचल अथवा शरीर रहित सिद्धि (मुक्ति) की भावना आई हो। इसके बाद पिता महासेन ने सभी राजाओ के सामने सहर्ष चन्द्रप्रभ का सिंहासन पर बैठा कर उनका पट्टबध करने का उपक्रम किया। ॥ 3 ॥

(4)

राजा स्वय ही हर्ष विभार होकर पट्टबध उत्सव मे सम्मिलित हुए। स्वर्ण-कुम्भ से स्नान कराया गया, मगल वाद्य बजाये गये, गगन से गधोदक तथा पुष्पवृष्टि हुई, आकाश निमल हो गया, चारो प्रकार के वाद्यो के शब्दो से राजागण गुञ्जित हो गया, राजाओ ने स्वय कनकदण्ड लेकर गर्वशून्य होकर प्रणाम किया, कुल मत्रियो ने चमरछत्र लगाए, इस प्रकार सभी राज सेवको ने राजकुमार की सेवा की। और भी जो दूसरे थे उन सभीने हाथ जोडकर अभिवादन किया। अन्य नागरिको ने अपने हाथो से लाजाञ्जलि छोडी, सधवा स्त्रियो ने गायन और नृत्य किये ॥ 4 ॥

(5)

इसके बाद चन्द्रप्रभ के शासनकाल मे पृथ्वी पर होने वाले सारे दोष समाप्त हो गये सभी सुखी रहे और सतुष्ट हुए, मेघ की अमृत वर्षा हुई, वायु ने अत्यन्त मन्द गति से सचार किया, सूर्य ने अपनी मन्द किरणो की प्रखरता को कम कर दिया, चन्द्र ने भी अपनी किरणे चारो ओर फैला दी, हिमकाल ने किसी को कष्ट नही दिया, सभी को सुख का अनुभव होता रहा, राज्य मे कही अकालमरण नही हुआ, दुष्काल नही पडा, रोग नही फैला अनेक आश्चर्य हुए, प्रजा ने तृष्णा नही की विषाद नही था, विषयचाह नही थी, धर्म के प्रति अभिरुचि थी, पाप का भाव नही था, शोक गलित हो गया था, लोग दरिद्रता, दुख और चिंता से मुक्त हो गये थे। तथा जिनेन्द्र के गुणो से अनुरजित थे ॥ 6 ॥

(6)

इस प्रकार परमेश्वर चन्द्रप्रभ अपनी पृथ्वी का पालन करने लगे। इसके बाद सौधर्मेन्द्र ने मन मे सोचा—जिनेन्द्रदेव न इतने पूर्व लक्ष काल तक कुमार काल

बिताया, राज्य सुख भोगा, फिर भी अभी उन्हें वैराग्य जाग्रत नही हुआ । अब उन्हे वैराग्य का कारण प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिससे वे तप और प्रचरण की ओर अपना चित्त लगा सकें । यह सोचकर शशिरुचि नामक देव को बुलाया और अपना भाव व्यक्त किया । शशिरुचि ने भी जिनेन्द्र को तदनुसार प्रतिबुद्ध करने का सकल्प किया ।। 6 ।।

(7)

इसके बाद शशिरुचि राज द्वार मे पहुँचा और भेष बदलकर अति वृद्ध का भेष धारण किया । उसके हाथ मे लाठी थी, वस्त्र जीर्ण शीर्ण थे । धीरे-धीरे वह चन्द्रप्रभ की सभा मे पहुचा और जोर-जोर से पुकारने लगा— हे स्वामी ! मेरी रक्षा कीजिए रक्षा कीजिए, आज रात्रि मे मुझे मृत्यु अपना भक्षण बना लेगी । राजा ने उसकी आवाज सुनकर कहा - आप आइए यहाँ, कहिए क्या कहना चाहते हैं ? दुःख है बताए । आकर समीप मे उसने पुन कहा— आप ससार के दृष्टा हैं जरा ने मेरे अगो को शिथल कर दिया है, अनेक रोग रूपी चोरो के द्वारा वे अग पीडित हैं , यम रूपी व्याघ्र अब प्राण-हरण करने आ रहा है, आप यदि जग रक्षक है तो मुझे बचाइए । यह कहकर वह अदृश्य हो गया । उसकी बात सुनकर राजा विचारने लगा, मृत्यु से कौन बचा सकता है ? वृद्धावस्था आने पर अगो से रोग कैसे दूर किये जा सकते है ? जग मे कोई किसी की रक्षा करने वाला नही है । काल सभी को लेकर जायेगा ही । एक-एक कर वह बारह अनुप्रेक्षाओ का चितन करने लगा ।। 7 ।।

(8)

चराचर जगत मे जो भी वस्तु रूप है वह सब क्षण भगुर है । धन, यौवन, जीवन, तनु आदि सारा प्रपच है और वह जल बुद्बुद् के समान क्षण भगुर तथा अनित्य है । दिन मे जिसके सिर पर राजपट्ट बधा है, रात मे उसी के सिर पर मरण घट रखा जाता है, दिन मे जिसे मगल-गीत सुनाया जाता है, रात मे वही स्त्रियो द्वारा आरोपित होता है, दिन मे जो गजपर पर बैठता है रात मे वही चोरो द्वारा बाध दिया जाता है । दिन मे जो धनिक लगता है, रात मे वह क्षीण दिखाई देता है, दिन मे जो स्नेह सिक्त दिखता है, तुरन्त ही वही शत्रु के समान हन्ता का रूप लिए खड़ा हो जाता है, जो पुद्गल चिरकाल से सुख-भाव देने आये हैं वे तत्क्षण दु खदायी बन जाते हैं, जिन परमाणुओ से पिण्ड बनता है उसी पिण्ड से परमाणु खण्ड-खण्ड होने लगते हैं । यह मनुष्य-जन्म फेन के समान निस्सार है । क्षण भर मे नष्ट होने वाला है । क्षण भर मे धर्म भाव पैदा होता है,

क्षण भर मे क्षय होता है, क्षण भर मे स्नेह होता है तो क्षण भर में वैर हो जाता है। प्रिय पुत्र, सुत, जननी, जनक, मित्र आदि हैं वे सभी अनित्य हैं। जल बुद-बुद के समान उनका जीवन अनित्य है। सभी विनष्ट होने वाले हैं, यह वचन पूर्णत सत्य है। तीनो भुवनो मे कोई शरण दिखाई नही देती, मृत्यु सभी के लिए समान है, उससे कोई किसी की रक्षा नही कर सकता। यह **अनित्यानुप्रेक्षा** है ॥ 8 ॥

(9)

कोई भी स्त्री-पुरुष ऐसा नही जो मृत्यु को लाघ सका हो। मृत्यु के आने पर इन्द्र भी हाहाकार करता है, दिक्पाल की भी वही गति होती है और जो कोई भी शक्ति सपन्न होते है, वे सभी नि शरण होकर प्राण छोड देते है। नर और कीटो की तो बात छोडिये, शक्र भी यम के रूठ जाने पर बच नही पाता। ये मूढ अज्ञानी जीव मृत्यु के समीप पहुँच जाने पर भी अपने आपको मृत्यु मुख मे क्षिप्त नही मानते। यदि कोई न कोई उसकी सूचना दे भी देता है तो वह मोह ग्रस्त हो जाता है। जो दिन मे जन्म लेता है वह रात मे मर जाता है। जब यम की आवाज सुनाई नही देती तो उससे बचने के लिए मणि मन्त्र आदि का उपयोग होने लगता है। यम को दूर मानकर लोग अपना मनोरथ सिद्ध करने मे लग जाते है, श्वासोच्छ्वास के छल से जीवन चलता है क्षण-क्षण मे वह क्षीण होता चला जाता है मूढ उसे समझ नही पाता। एक दिन जजरित होकर वह मृत्यु मुख मे समा जाता हैं। ससार सागर मे और भी अनेक दु ख है जिन्हे यह जीव भोगता है पर दु ख के कारणो की ओर विचार नही करता। यह **अशरणानुप्रेक्षा** है ॥ 9 ॥

(10)

भवजलधि के बीच चारो भीषण गतियो मे यह जीव परिभ्रमण करता है और दु ख भोगता रहता है। यहा शक्र भी मरकर मल का कीडा होता है और मल का कीडा भी शक्र हो जाता है, ब्राह्मण भी चाण्डाल जाति मे पैदा होता है और चाण्डाल भी ब्राह्मण हो जाता है, मित्र भी शत्रु हो जाता है और शत्रु भी अचल मित्र बन जाता है, माता भी कान्ता बन जाती है और कान्ता भी माता-पिता हो जाती है, पिता पुत्र और पुत्र पिता हो जाता है। यह भवजाली बडी विशाल है। जहा जीव अनतकाल से घूम रहा है। मनुष्य योनि मिलने पर भी वह भोग विलास मे ही लगा रहता है। बालाभ्यास से तरुणी स्त्री सूनो का स्पर्श करती है। पदार्थ विचार पाच प्रकार से होता है—द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और भव। ये सभी ज्ञेय है। अतीत काल मे अनन्त काल से इन्हे भोगते आए है और महान दु ख सहते आये हैं।

यह सब अकेले किया है। अकेले ही कर्मफल को भोगा है और अकेले ही चतुर्गतियो मे भ्रमण किया है। यह ससारानुप्रेक्षा है ॥ 10 ॥

(11)

यह जीवन अकेला ही विविध कर्म बाधता है, अकेला ही परमसुख का भोग करता है, अकेला ही वैतरिणी का जल पीता है और अकेले ही देवलोक के सुखो का उपभोग करता है, अकेले ही तिर्यञ्च गति के दु खों को सहता है और अकेले ही पृथ्वी के राज्य सुख को भोगता है, अकेले ही परदत्त पीडा को झेलता है और अकेले ही रमणीय रसो को पान करता है, परिवार के कारण पापो का बध करता है और अकेले ही उसका स्वाद लेता हैं, अकेला ही जन्म लेता है, अकेला ही मरता है, अकेला ही भवसागर मे समरण करता है, इहलोक मे अकेले ही सुख-दु ख भोगता है और परलोक मे भी अकेले ही सुख-दु ख भोगेगा। जिस प्रकार रात्रि मे पक्षी एक वृक्ष के नीचे मिल जाते हैं उसी प्रकार परिवार के लोग भी कुछ समय के लिए एक हो जाते हैं फिर भी यह मूढ जीव आत्मचिंतन नही करता। पर को अपना मानना है। निज परम भाव ही तो स्वभाव है। यह जीवन अकेले ही कर्मपाश काटता है और अकेले ही शिव सुख पाता है। इस प्रकार देह और जीव भिन्न-भिन्न हैं। जीव का शुद्ध स्वरूप स्पष्ट है। फिर भी वह जीव द्रव्य को अपना मानकर स्वय का हनन करता है। यह **एकत्वानुप्रेक्षा** है ॥ 11 ॥

(12)

जीव और देह पृथक्-पृथक् है। आत्मा अचल, अमूर्त और अनिन्द्रिय है जबकि देह समूर्त सचल और इन्द्रियवान् है। जिस प्रकार जल और जलत्व मे अनन्य भाव है उसी प्रकार जीव और देह मे पर स्वभाव है, अन्य स्वभाव है। जब देह और जीव अलग है तो उनमे एकात्मता कैसे हो सकती है ? जन्म जन्मान्तर से यह जीव पुत्र मित्र आदि से मोह करता चला आया है जबकि वे बिल्कुल अलग हैं प्रियजनो के वियोग से पहले भी वह सतप्त हुआ है। इस जन्म मे भी सतप्त हो रहा है। चिरभवो की यह बात अज्ञानी जीव भूल गया है और इस जन्म मे मोह करने लगा है। यह जीव ससार रूपी घोर अटवी मे भ्रमण करता फिरता है इसी अज्ञानता के कारण यह देह अशुचि और दुर्गन्ध का घर है। नव द्वारो से इसमे मल झरता है। फिर भी जीव इसमे विमोहित हो जाता है। यहां उसे जीव और देह की भिन्नता पर विचार करना चाहिए। यह **अन्यत्वानुप्रेक्षा** है ॥ 12 ॥

(13)

यह मानव देह मल का बीज है। गर्भाशय मल का घर है। यह देह सभी मलो और दुर्गन्धो का योनि-स्थल है। देह से अधिक घिनोना और कोई दूसरा पदार्थ नही है। कुकुम, कस्तूरी आदि द्रव्य उसे सुगन्धित बनाने के लिए लगाते हैं पर वस्तुत वे स्वय मलिन द्रव्य हैं। यदि यह देह चर्म से ढका हुआ न हो तो उसे कौन अपनाता है। यह सभी रोगो का घर है और इसके नव द्वारो से मल प्रवाहित होता रहता है। सारे पाप इसी देह से होते हैं, देह के कारण होते हैं। चिंतन करने पर यह समझ मे आता है कि देह का यह स्वभाव है। नारी का शरीर सौन्दर्य का घर मान लिया जाता है पर उसमे जितनी अपवित्रता है, वह अन्यत्र नही दिखाई देगी। परन्तु मिथ्या बुद्धि के कारण यह जीव उसमे रमण करता है। ऐसा चिंतन करना **अशुचित्वानुप्रेक्षा** है ।। 13 ।।

(14)

कर्मों के आने के मार्ग को आश्रव कहते हैं जैसे नाव मे छेद से पानी आ जाता है। इसी आश्रव के कारण जीव ससार मे जन्म लेता है। उसके दो भेद है—शुभ योग और अशुभयोग। शुभ कर्मों से शुभोपयोग होता है। इससे हेयोपादेय ज्ञान रूप विवेक प्रगट होता है। इससे उपशम और वैराग्य भाव की प्राप्ति होती है। इसके विपरीत अशुभयोग योग है जो मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग से उत्पन्न होता है इन अभावो के कारणों पर चिंतन करना आश्रवानुप्रेक्षा है और इन आश्रवो को कैसे दूर किया जाय। यह सवरानुप्रेक्षा से स्पष्ट होगा ।। 14 ।।

(15)

आश्रव के निरोध को सवर कहते है। उसके दो भेद हैं—द्रव्य संवर और भावसवर। दान आदि से कर्म पुद्गलो का जो सवर होता है वह द्रव्यसवर है और सुख का कारण है। जो भव के कारणों को दूर करता है वह भावसवर है। जो सयमधारी होते हैं उनके ऊपर आश्रव के बाण निष्फल हो जाते हैं। जिसका जो शस्त्र होता है वह उसी से मरता है। सवर के कुछ शस्त्र हैं जिनसे आश्रव का निरोध किया जाता है। उदाहरणत क्षमा से क्रोध का, मार्दव से मान का, ऋजुता से माया का, धीरता से मन की चपलता का, परिग्रह के त्याग से लोभ का, जिन प्रोक्त धर्मध्यान से मोह का, सम भाव से राग-द्वेष का, निर्ममता से स्नेह का, सम्यग्दर्शन से मिथ्यात्व का, मुक्ति चिंतन से भवभाव का, तत्वचिंतन से मदन का, नरकचिंतन से परीषह का, निरोध किया जाता है। इसी तरह के और भी जो विपरीत भाव है उनका निरोध सवरानुप्रेक्षा से होता है। और इसी से मे फिर निर्जरानुप्रेक्षा का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

(16)

आत्मा के साथ लगे हुए पौद्गलिक कर्मों के आंशिक क्षय को निर्जरा कहते हैं। इसके दो भेद होते हैं—अकामनिर्जरा या अबुद्धिपूर्वक निर्जरा और सकाम निर्जरा अथवा कुशल मूलनिर्जरा। आत्मा के साथ बंधे हुए कर्म अपनी स्थिति को पूर्ण करके आत्मा से सबंध स्वय ही छोड़ देते हैं। इसके लिए कोई विशेष प्रयत्न नही करना पड़ता। यह अकामनिर्जरा है। दूसरी जो सकाम निर्जरा है उसमे दुर्धर तप आदि करने पडते हैं। तप करने और परीषहो के जीतने से कर्मों की स्थिति पूर्ण होने के पहले ही निर्जरा हो जाती है। अतएव इसके निमित्त से जीव मोक्ष के मार्ग मे अग्रसर हो जाता है। अकामनिर्जरा से चतुर्गतियो मे दुःख भोगना पडते हैं क्योंकि कर्म विपाक होने पर ही वे फल दे पाते हैं। मुनिगण सकामनिर्जरा किया करते हैं। बारह महाव्रतो का पालन भलीभांति कर बाईस परीषहो को सहन कर और उत्तर-गुणो को पालकर कर्मों की निर्जरा कर डालते हैं इससे आत्मा की पवित्रता प्रगट हो जाती है। यही निर्जरानुप्रेक्षा है। इसी से फिर लोकानुप्रेक्षा पर चिंतन किया जाता है ॥ 16 ॥

(17)

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, और आकाश ये पाच अस्तिकाय जिसमे रहते हैं वह लोक है। उसकी कुल ऊंचाई चौदह राजू मानी जाती है। उसका आकार उसी प्रकार का है जिस प्रकार कमर पर दोनो हाथ रखकर पैर फैलाये पुरुष का आकार होता है। अधो लोक सात राजू प्रमाण नीचे है, एक राजू पृथ्वी का विस्तार, पाच राजू प्रमाण स्वर्ग स्थान और एक राजू प्रमाण उसके ऊपर का भाग है। अधोलोक मे सात नारकीय भूमियां अवस्थित हैं। यह समूची पृथ्वी घनोदधि, घनवात और तनु वातवलय के आधार पर टिकी हुई है। मध्य लोक मे असख्यात द्वीप-समुद्र हैं। उनके बीच जम्बू द्वीप है फिर धातकी खण्ड और पुष्करार्ध द्वीप। इसी को अढ़ाई द्वीप कहते हैं। मनुष्य यही तक पहुच सकता है। जन्म-मरण भी यही होता है। जम्बू द्वीप के बीच मे मेरु पर्वत है जिसके ऊपर ऊर्ध्वलोक है जिसमे 16 स्वर्ग हैं जिनमे रहने वाले देव कल्पोपपन्न कहे जाते हैं। उनके ऊपर 9 कल्पातीत विमान (ग्रैवेयक) होते हैं और फिर 5 अनुत्तर विमान (सर्वार्थ सिद्धि) होते हैं। उनके ऊपर सिद्धशिला है जहां मुक्तात्माएँ अनन्त काल तक रहती हैं। जिसके बाद अलोकाकाश आरम्भ हो जाता है। इसका चिन्तन करना लोकानुप्रेक्षा है इससे बोधिदुर्लभ भावना की भूमिका बन जाती है ॥ 17 ॥

(18)

धर्म के उत्तम क्षमा मार्दव आदि दस लक्षण बताये गये है जिनका पालन कर जीव भव-सागर के पार पहुँच जाता है। जिन धर्म वस्तुत कल्पवृक्ष है। वह यथार्थ सुख देने वाला है, सकल दुखो का विनाशक है, रक्षण करने में समर्थ है, अमृत सदृश है, मेघ वर्षा भी धर्म से होती है और धर्म से ही घर मे संपत्ति आती है और रत्नवृष्टि होती है, स्वर्ग प्राप्त होता है, तीर्थंकरपद मिलता है, इन्द्रपद मिलता है, अतिशय गुण उत्पन्न होते है, सर्वत्र विजय होती है, सकल कार्य सिद्धि होती है, और अनुपम मोक्ष प्राप्ति होती है इस प्रकार धर्म से प्राप्त होने वाले लाभो का चिन्तन करते हुए निर्मल बोधिरत्न प्राप्त कर जीवन सफल बनाना चाहिए। यही **बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा** है ॥ 18 ॥

(19)

अनेक बार यह जीव स्थावर हुआ भव-सागर मे भ्रमण किया, लाखो योनियो मे भटका, पचेन्द्रिय विषय भोगो का उपभोग किया। अत्यन्त दुर्लभता पूर्वक मनुज जन्म पाया, उसमे भी जिनधर्म पालने का अवसर मिला। बोधि प्राप्ति मे भी बहुत विघ्न होते हैं। सुभट रूपी कर्मों ने सपराय किया मनुज जन्म मे यदि लम्बी आयु मिल भी गई तो धर्म का मिलना कठिन होता है, फिर निरोगता की प्राप्ति और कठिन होती है, उससे भी कठिन होता है जिनधर्म की प्राप्ति। जिनधर्म की प्राप्ति हो भी गई तो चित्त का शात होना कठिन होता है, उसमे भी मुनि के प्रति भक्ति और कठिन होती है। भक्ति होने पर वैराग्य हो और वह भी चिरकाल तक रहे यह और भी कठिन होता है। कभी बोधि मिल भी जाती है। पर वह छूट भी जाती है, मोक्ष मे प्रवेश कर निकल भी जाती है, दुख इस बात का है कि समुद्र से प्राप्त यह चिन्तामणि समुद्र मे ही फेंक दिया जाता है। ऐसे जीव अमृत से वस्त्र धोते हैं। हा ! प्राप्त बोधि हाथ से चली जाती है। इसकी किससे उपमा दी जाये। इस तरह से बहुत से अविनीत पाखण्डी जग मे भ्रमण करते रहते है। वे परमात्मा का चिन्तन नही करते, दुर्लभ बोधि धर्म को प्राप्त नही करते ॥ 19 ॥

(20)

इस प्रकार बारह भावनाओ को भाते हुए चन्द्रप्रभ ने अपने पुत्र को राज्य देकर दुर्धर तप करने का निश्चय किया। इतने मे लौकान्तिक देव आये और उन्होने भक्ति पूर्वक निवेदन किया कि हे त्रिजगदीप ! इन भव्य जीवो का उद्धार कीजिए। ये भव समुद्र मे पडे हुए हैं, अपार दुःख भोग रहे हैं, मोहान्धकार से ग्रसित हैं सम्यग्दर्शन के प्रति रुचि नष्ट हो गई है। हे ज्ञान दिवाकर ! कर्म की अवधारणा को स्पष्ट

कीजिए। आप ही इस जग का उद्धार कर सकते हैं। शिव नगर के द्वारों को उद्घाटित कीजिए, तीर्थरत्न को प्रस्फुटित कीजिए, सकल लोक मे धर्मामृत की वर्षा कीजिए। इस तरह ब्रह्म देव ने बडे विनय भाव से अर्चना की और दुन्दुभी बजाई। दसो दिशाओ मे उसकी आवाज फैल गयी। फलत हर्षित होकर देवगण वहा एकत्रित हो गये ॥ 20 ॥

(21–22)

इसके उपरान्त इन्द्र वहा आया और बडी भक्ति पूर्वक स्तुति कर 'विमला' नाम की शिविका (पालकी) मे बैठाकर भगवान को सकलतु नामक वन मे ले गये। उस शिविका मे सौधर्मेन्द्र ने अपना कधा दिया। शिविका के आगे चन्द्रसूर्य थे। सभी देवगण पालकी के चारो ओर नाच रहे थे। दिव्य पुष्प वृष्टि हो रही थी, गीत गा रहे थे, सुर कीणा बज रही थी, दिव्य वस्त्र ला रहे थे, मगल मालाएँ लिए देवांगनाएँ हाथी पर सवार थी। इस तरह भक्ति भावपूर्वक सभी सकलतु वन पहुँचे। वहा के समय असमय के सारे पुष्प और फल पुष्पित-फलित हो गये। किंशुक, करवीर, ककोल, कास, कपास, खजूर, चपक, चंदन, अभ्र, जूही, ताम्रालि, दाडिम, णारग, लवण आदि सभी वृक्ष खिल उठे ॥ 21–22 ॥

(23–24)

सकलतु वन पहुँचने पर भगवान को शिविका से उतारा और निर्मल शिलाताल पर बैठाया। वहा वरचन्द्र नामक अपने पुत्र को राज्य देकर सिद्ध परमेष्ठी को नमनकर पौष कृष्णा एकादशी के दिन अपने संसार का अन्त करने के उद्देश्य से पच मुष्टियो से केशो का लुञ्चन किया। इन्द्र ने उन केशों को भक्ति भाव पूर्वक मणि-पात्र मे रखकर क्षीर समुद्र मे प्रवाहित कर दिया। फिर रत्नदीप्त कुण्डल उतारा मानो काम रथ का चक्र छोड दिया हो, कठ से मणिहार उतारा मानों मोहपाश काटा हो, केयूर उतारा मानो कर मुद्रा छोडी हो, कटि सूत्र तोडा मानों काम धनुष की प्रत्यचा सूत्र हो। इसी तरह नूपुर, सूक्ष्म वस्त्र आदि अन्य आभरण भी त्यागे जो भवबधन के परिचायक थे और इस तरह जैनेन्द्र दीक्षा ग्रहण की। सभी देव गण हर्षित और पुलकित हुए। परिवार के लोग भी यद्यपि सतप्त थे पर उन्हें भी प्रसन्नता हुई। अन्त पुर वियोग से तप्त हो गया, शोकमग्न हो गया, पुत्र भी शोक सतप्त हो गया। सभी ने उन्हे सान्त्वना दी बाद मे देवो ने भगवान की पूजा भक्ति की, स्तुति की और अपने-अपने स्थान चले गये ॥ 23–24 ॥

दशम संधि

(1)

चन्द्रप्रभ ने पच महाव्रत और पच समितियो का परिपालन किया, पंचेन्द्रिय द्वारो का सवर किया, षडावश्यको का पालन करते हुए परीषहो को सहा, अचेलकता से मन चपल नही हुआ, अस्नान और दतधावन को छोड दिया, खडे होकर भोजन करने लगे, मूल गुणो और उत्तर गुणो की भावना की, बारह प्रकार का तप किया। इस प्रकार उनका निर्मल और निश्चल चरित्र था। शत्रु और मित्र के प्रति समता भाव था, शक्र और रक तथा सुख और दुख के प्रति समभाव था, पाप और पुण्य, रज्जु और चरण, भिखारी और धनी, ससारी और मुक्त सभी उनकी दृष्टि मे बराबर थे। इस प्रकार भावन करते हुए दो उपवासो का नियम ले लिया ॥1॥

(2-4)

जिनवर ने एषणा शुद्धि का विचार किया, सयम परिपालन मे बुद्धि लगाई, चौदह मल दोषो और बत्तीस अतराय दोषो (कुल 46 दोषो) से मुक्त आहार किया। पाणिपात्र मे आहार लेते थे रसनेन्द्रिय लोलुपी नही थे। इनके अतिरिक्त और भी जो नियम पूर्वाचार्यों ने चर्या के सदर्भ मे बनाये थे उन सबका भलीभाति पालन करते हुए मुनिवर ने दुर्धर तप किया। बाद मे उन्होने वह वन प्रदेश छोड दिया। बिहार करते हुए नलिनपुर नगर आये। आहार चर्या के लिए वे घर-घर घूमते रहे। उनके आगे-पीछे लोग भी घूमते रहे। बाद मे वे राजगृह पहुँचे जहा राजा सोमदत्त ने बडे भक्तिभाव से पडगाकर उन्हे आहार देने का सकल्प व्यक्त किया। उसने प्रासुक जल से सिंहासन आदि को धोया। भगवान ने यथोचित आहार व्यवस्था देखकर पारणा ली। आकाश मे दुन्दुभी बज उठी, सर्वत्र साधुवाद की आवाज गूज उठी, गगन से रत्नवृष्टि, गधोदक वृष्टि और पुष्प वृष्टि होने लगी। त्रिभुवन पुलकित हो गया। भोजन कर भगवान ने जल-ग्रहण किया। भगवान का आहार देखकर लोगो को आहारविधि समझ मे आई। राजा सोमदत्त ने भगवान की पूजा की, अष्टागविधि

से भक्ति की, गंधोदक लगाया, अक्षत चढ़ाये, पुष्प-पूजा की, नैवेद्य चढ़ाया, दीपक से आरती की, अज्ञान रूप तम का विनाश हो यह मानकर धूप खेई, पुष्पाञ्जलि की। इस प्रकार भगवान की चरणपूजा और भक्ति कर राजा ने अपना कर्मक्षय किया ।।2–4।।

(5)

हे भगवान् ! आप त्रिजगपति हैं, परोपकार के लिए आपने शरीर धारण किया है, तीनो लोको को प्रवृत्त किया है, धन्य किया है, विशेषत मैं शोक-दुःख से मुक्त हो गया हू। आपने सप्ततत्वो को समझा दिया है, भव्यो के कर्म-पक को धो दिया है, दोषो को दूर करने वाला नय-रथ प्रदान किया है, आपकी जो साधना भूमि है उसमे लोग अपने पापो को छोड देते हैं इसलिए उसे तीर्थ कहा जाता है। उसमे अवगाहन करने से साधको को स्वर्ग और मोक्ष की उपलब्धि होती हैं। आप परमात्मा हैं, निर्मल हैं, कल्पवृक्ष हैं, सुखदाता हैं, दु खभजक हैं। आपके गुणों की स्तुति कौन कर सकता है ? इन्द्र भी इसमे समर्थ नही हैं। इस प्रकार राजा ने स्तुति की ।।5।।

(6)

बाद मे जिनेन्द्र वहां से धीरे-धीरे आगे बढे और निरालस होकर ईर्यासमिति का पालन करते रहे। बिहार करते हुए वे उसी सकलतुं वन मे पहुँचे जहाँ उन्होने दीक्षा ली थी। बाईस परीषहो को सहन करते हुए और बारह तपो का आचरण करते हुए वे एक वृक्ष के नीचे आसन लगाकर बैठ गये। घनघोर वर्षा होने लगी रात का सान्द्र अन्धकार चारो ओर फैल गया, डांस-मच्छरो ने शरीर को नोच डाला, कानो के परदो को फाडने वाली मेघ गर्जना होने लगी, बिजली चमकने लगी, शरीर को कपित करने वाली घनवात चलने लगी, कठोर हिमवात बहने लगी जिससे वृक्ष भी प्रभावित होने लगे। ग्रीष्मकाल आने पर सूर्य की प्रखर किरणें प्रलय काल का दृश्य उपस्थित करने लगी, दावानल मे जगल जलने लगे, गिरि तटो पर आतापन दु खदायी हो गया। ऐसी विषमावस्था मे जिनेन्द्र देव आत्मध्यान मे लीन रहे, शुभ रस का पान करते रहे। उन्हे किञ्चित् भी दु.ख की वेदना नहीं हुई और वे वैराग्य मे लीन रहे। इस तरह तप का आचरण करते हुए शुभ ध्यान में लीन रहे ।।6।।

(7)

इसके बाद वे नागवृक्ष के नीचे वज्रासन लगाकर शिलातल पर बैठ गये और शुक्ल ध्यान मे लीन हो गये जो मोह-महातम के लिए प्रलय भानु है, वज्र-वृषभनाराच-

सहनन रूप है पूर्वधरो के लिए सिद्धि-दायक रहा है, मोह को शीघ्र ही नष्ट करने वाला और शुक्ल ध्यान को शीघ्र ही प्रस्फुटित करने वाला है। उस शुक्ल ध्यान के चार भेद हैं—पृथक्त्ववितर्क, एकत्ववितर्क, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रिया-निर्वृत्ति। जिन जीवो के मन-वचन-काय मे तीनो योग रहते हैं उनके पहला शुक्ल-ध्यान पृथक्त्व वितर्क हो सकता है और जिन जीवो के इन तीनो मे से एक ही योग पाया जाता है उनके दूसरा शुक्लध्यान एकत्ववितर्क हो सकता है। जो तीनो मे से केवल काययोग को ही धारण करने वाले हैं उनके तीसरा शुक्लध्यान होता है और जो तीनो ही योगो से रहित है उनके चौथा शुक्लध्यान हुआ करता है। पहला और दूसरा ध्यान सवितर्क होता है। पहला ध्यान विचार सहित भी होता है। दूसरा ध्यान वितर्क सहित पर विचार रहित होता है। ये दोनो ध्यान श्रुतकेवली के ही हुआ करते हैं। शेष दोनो अतिम ध्यान केवली के होते है। यहा सभी की साधना मे भगवान ने प्रथम दो ध्यान पा लिये ॥7॥

(8)

इसके बाद उन्हे केवलज्ञान प्राप्त हुआ जिसमे वस्तुतत्व हस्तामलकवत् दिखाई देने लगता है। यह ज्ञान निष्कलक है, निष्कारण है, महान है, नित्य और निरजन है अनत गुणवान् है, सर्वज्ञेय प्रकाशक है, छेद विवर्जक है, परम सुखदाता है, परमात्म भाव से प्राप्त होने वाला है, भवभाव का विनाशक है। रत्नत्रय के परिणामो का प्रसारक है, युगपत् सर्व पदार्थों का अवभासक है, तीनो कालो तक उसकी पहुच है, त्रिकालवर्ती पदार्थों के गुण-पर्यायो को एक साथ प्रत्यक्ष रूप से जानने वाला है ॥8॥

(9)

इसके बाद इन्द्र का आसन कपित हुआ, घटो से आवाज निकली जिसे सुनकर सुरगण आश्चर्यान्वित हो गये। ज्योतिषी देवो के घर सिंहनाद हुआ। दिग्गजो ने कहा—आदेश दीजिए। व्यतर देवो के घरो मे पटहनाद हुआ जिससे वे स्वय विस्मित हो गये। भवनवासी देवो के घरो मे असख्य वाद्य बजे जिससे वे भी आश्चर्यचकित हो गये। इसके बाद सौधर्म इन्द्र (कुबेर) को ज्ञान हुआ कि चन्द्रप्रभ जिनेन्द्र को केवलज्ञान प्राप्त हो गया है। वह अत्यन्त हर्षित होकर तुरन्त हाथ जोडकर शक्र के पास-पहुचा और आदेश की याचना की। शक्र ने कहा—धर्मकार्य करो और जैनधर्म का उद्योतन करो। भगवान को केवलज्ञान उत्पन्न हो गया है। उनके पास जाकर उनके समवशरण की रचना करो। कुबेर ने तुरन्त ही विनम्रतापूर्वक आदेश को स्वीकार किया और सपरिकर भगवान की सेवा मे पहुच गया ॥9॥

(10)

इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने सपरिकर आकर समवशरण की रचना की। वह समवशरण साढे आठ योजन प्रमाण विस्तृत था। उसमे पच वर्णों के मणि लगे थे, तल भाग नीले रग का था। समवशरण के चारो ओर वलयाकार गोल धूलीसाल (पाचरगो के रत्नो की धूलिसे बना हुआ प्राकार था। उसमे कही मरकतमणि, कही पद्मराजमणि, कही चन्द्रकांत मणि और कही कर्कराग लगे हुए थे। इस प्रकार धूलिसाल (चहारदीवारी) की शोभा मनोहारी थी। उसमे चार द्वार थे जो मणिमय तोरणो से सजे हुए थे। उनके बाहर मणि निर्मित बावडी थी जो निर्मल जल से आपूर थी। दिशाओ मे चार ऊचे मान स्तभ थे जो त्रिभुवन के मान दलन करने के प्रतीक थे। उनमे चारो दिशाओ मे जिन प्रतिमा रखी हुई थी। उनके आगे पुष्पो से आच्छादित निर्मल जल से भरी परिखा थी ।।10।।

(11-13)

परिखा के तट पर अनेक प्रकार के फूलो से अलंकृत विशाल फुलवाडी थी, उसका चार दरवाजो से युक्त अत्यन्त ऊचा शोभा सम्पन्न प्राकार था। उसके आगे एक बडा उपवन था जो विविध वृक्षो से भरा हुआ था, उसके आगे रतनसार वेदी फिर प्राकार उसके आगे देववृक्ष, फिर शाल वृक्ष, फिर रत्नसार और उनके ऊपर अशोक वृक्ष बनाये गये। उनके नीचे मणि जटित सिहासन, गध कुटि और अनेक प्रकार की मालाओ से उनको शोभित किया गया। उनके बाद अनेक प्रकार के सभा मण्डप थे। उनमे पाच वेदियाँ और उनमे मण्डित मणि-रचित समवशरण था। इस मण्डप का हर पोल मणि तोरण से सज्जित था। चारो दिशाओ मे बीस हजार सोपान थे। प्रथम पोल व्यन्तरो द्वारा और द्वितीय पोल नाग सुरेश्वर द्वारा रक्षित था। वही मणिदीप्त नवनिधान मगल द्रव्यनिधिया आदि थी। प्राकार के भीतर दोनो भागो मे दो-दो नृत्य शालाए थी जिनके आगे देवो से व्याप्त चार वन थे। उन वनो मे जिनबिम्बो से विराजित जिनप्रतिमा सहित चार चैत्य वृक्ष थे, मणिनिर्मित तटो से युक्त तीन-तीन वापिकाए थी अनेक प्रकार के सभा मण्डप थे जो अनेक क्रीडा पर्वतो से विभूषित थे। ये क्रीड़ा पर्वत जल की धारा बहाने वाले यन्त्रो तथा भौरो से व्याप्त लतामण्डपो से विभूषित थे। प्राकारो के भीतर विशाल बारह कोठे थे जिनके आगे मणि रचित चार तोरणो से विभूषित धवलावर्ण की वेदी थी। उसके आगे तीन पीठ थे जो अनेक प्रकार के रत्नो से विभूषित थे। प्रथम पीठ पर श्री धर्मचक्र था जो एक हजार आरो से युक्त था, द्वितीय पीठ पर श्री अष्टकेतु और तृतीय पीठ पर श्री देवश्रेष्ठ विराजित थे। उसके बाद रत्नजटित सिहासन और उसके ऊपर तीन छत्र शोभित थे। उसके नीचे निरवलम्ब परमेश्वर थे। वही भवनवासी 20, व्यतर 16, कल्पवासी 24, सूर्य और चन्द्र इस तरह 64 देव चमर

ढुला रहे थे। सिंहासन के बाहर गधगेह (गधकुटी) थे जो अनेक प्रकार के पुष्पो से सज्जित थे वहां सारी पृथ्वी चदन से सिञ्चित थी, सुवासित थी, सर्वत्र कुसुम वृष्टि हो रही थी, रगावलिया छोडी जा रही थी। और भी इसी तरह की अन्य वस्तुए लाने मे यक्ष जुटे हुए थे। इसके बाद दुन्दुभी बजाई गई, चारो निकायो के देव जय जयकार करते हुए चल पडे।

(14)

सुरेन्द्र ऐरावत पर आरूढ था, दिग्पाल भी सपरिवार चल रहे थे। आकाश मे दुन्दुभी का शब्द गर्जित हुआ जिससे समुद्र की लहरो जैसी तेज आवाज आई। धवल वर्णो के विमान समुद्र के फेन जैसे लग रहे थे जिसमे सुरवाहन जलचर का सदेह पैदा कर रहे थे। वही छत्र, कमल, विद्रुम, मुक्ता फल, धूम मण्डल की भी अनुपम शोभा थी। वहीं शख श्वेत पक्ष जैसे लग रहे थे। वाडवाग्नि ऐरावत जैसी प्रतीत हो रही थी। अनेक प्रकार के बाजे बज रहे थे। इस प्रकार बडी धूमधाम से नृत्य करते हुए देवगण केवली भगवान के पास पहुचे।

(15)

सिंहासन के बीच भगवान चन्द्र के समान विराजमान थे। वे चार घातिया कर्मो के क्षय होने के कारण अतिशय और प्रातिहार्यों से युक्त थे। जहा-जहां वे विहार करते थे वहा-वहा सौ-सौ योजन तक दुर्भिक्ष नही रहता था। गगन विहारी जीव निर्भय होकर बिहार करते थे। किसी का कोई उपसर्ग नही होता था। भगवान का चतुर्मुखी रूप छाया विहीन था, लोचन निष्पद था, सकल विद्याए मानो सनाथ हो गई केशवृद्धि रुक गई। इत्यादि दस अतिशय हुए ससार मे उनका तीर्थरथ चला सर्वत्र जीवो मे मैत्री जागृत हुई, वृक्ष, पुष्पो और फलो से आच्छादित हो गये, पृथ्वी निर्मल दर्पण के समान निर्दोष दिखी, शीतल समीर प्रवाहित होने लगा। गगन मण्डल निर्मल हो गया, आठ मगल और धर्मचक्र प्रगट हुए। मागधी भाषा मे दिव्यध्वनि खिरी, देवो ने स्तुति की। इस तरह दिव्य अतिशयो और निधियो से युक्त केवली भगवान चन्द्रप्रभ की आराधना करते हुए देवगण समवशरण मे यथा स्थान बैठ गये।

(16)

देवो ने बडी भक्ति और विनम्रता पूर्वक हाथ जोडकर भगवान से प्रार्थना की कि हे भगवान ! हमारे चतुर्गतियो के ससारभ्रमण को नष्ट कीजिए। हे परमेश्वर ! आप आत्मरूप हो, रत्नत्रय स्वरूप हो, आपने आत्म स्वरूप को प्राप्त कर लिया है

अत: अब पर द्रव्यों से हमारे भावो को मुक्त कीजिए। आपने ज्ञानामृत स्वभाव को पा लिया है, अत अब ससार मे जन्म-मरण कराने वाली कषायो को छुडाइए। आप परमात्मा हैं, आप समस्त पदार्थों के द्रष्टा हैं, एक रूप हैं, रूपनिर्मुक्त है, शीतल हैं, शिवप्राप्ति मे सहायक हैं, कर्ता, कर्म, क्रिया आदि कारको से आपका चित्त उन्मुक्त है, अब और कौनसा परिग्रह हैं जो आपको छोडता है। जो पर्यायमुक्त द्रव्य समूह है उसे आपने अपने निर्मल आत्मज्ञान से जान लिया है। जो त्रिभुवन के भव्य जीव आपके सपर्क से शुद्ध हुए हैं। आपकी जितनी भी स्तुति की जाये, थोडी है। अगुलि पर गणनीय है। जो मन-वचन से आपकी स्तुति करता है वह केवलज्ञान को प्राप्त कर लेता है। आपको जो थोडा भी जान लेता है उसके दुःख दूर हो जाते हैं। इस प्रकार सुरेश्वर द्वारा स्तुति करने के बाद सभी देवगण उपशम भाव से अपने-अपने कोठे मे बैठ गये।

(17)

प्रथम कोठे मे मुनिराज, दूसरे मे कल्पवासिनी देवियाँ, तीसरे में आर्यिकाएँ, चौथे मे ज्योतिषी देवियां, पांचवें मे व्यतर देवियाँ, छठे मे भवनवासिनी देविया, सातवे मे भवनवासी देव, आठवें मे व्यतर देव, नौवें मे ज्योतिष्क देव, दसवें मे कल्पवासी देव, ग्यारहवें मे सुशील मनुष्य और बारहवें मे अतामस तिर्यञ्च बैठे। अपने चिरकालीन वैरभाव को छोडकर प्राणी समता भाव को प्राप्त हुए। व्याघ्र शावक गाय का स्तन-पान करने लगा, मूषक मार्जार के बच्चे के साथ खेलने लगा, नेवला सर्प का मुह चुबन करने लगा। सिंह और हाथी अपना दर्प छोडकर मिलने लगे। उस समय न किसी का जन्म-मरण हुआ, न कोई भूख और तृष्णा से पीडित हुआ और न किसी ने क्रूरकर्म किये। किसी को निद्रा, रोग, कदर्पमान, पीडा, भय, दुष्ट भाव आदि भी नहीं हुए।

इस प्रकार भव्यजन निर्मल मन होकर बारहो कोठो मे यथास्थान बैठ गये और बाद मे हाथ जोडकर धर्मोपदेश के लिए प्रार्थना की।

यहां मैंने (अनुवादक ने) विषय का यथावश्यक विस्तार कर दिया है।

ग्यारहवीं संधि

(1)

इसके बाद अमृतस्वभावी दिव्यध्वनि खिरी। जिसे मागधवाणी कहा गया है। उसे सभी ससारी जीवो ने अपनी-अपनी भाषा मे समझ लिया। गणधर ने उसका विस्तार किया। परमेश्वर ने सप्त तत्वों का व्याख्यान किया। उन्होने कहा–प्रत्येक द्रव्य में तीन तत्त्व रहते हैं–उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य। तत्त्व सात हैं–जीव, अजीव, आश्रव, बध, सवर, निर्जरा और मोक्ष। इन सप्त तत्वों की विशद व्याख्या लोगो के सदेहों को दूर करने वाली होती है। जीव द्रव्य के दो भेद हैं–ससारी और सिद्ध। संसारी जीव के भी दो भेद हैं–त्रस और स्थावर। त्रस जीवो के चार और स्थावर जीवों के पाच भेद होते हैं। पुन स्थावर के दो भेद हैं–सूक्ष्म और बादर। त्रस-स्थावर के भी दो भेद हैं–पर्याप्तक और अपर्याप्तक ॥1॥

(2)

त्रस जीव चार प्रकार के हैं–द्विइन्द्रिय, त्रिइन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय। दो इन्द्रिय जीवो के स्पर्शन और रसना इन्द्रिय होती हैं। तीन इन्द्रिय जीवो के स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रिया होती है। चतुरिन्द्रिय जीवो के स्पर्श, न रसना, घ्राण और चक्षु इन्द्रिया होती हैं तथा पचेन्द्रिय जीवो के स्पर्शन रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिया होती हैं। इनमे कुछ सज्ञी भी होते हैं। एकेन्द्रिय जीव की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण कुछ अधिक एक हजार योजन है। डीन्द्रिय जीव के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण बारह योजन है। त्रीन्द्रिय जीवो के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण तीन कोश है और चतुरिन्द्रिय जीव के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण एक योजन है। पचेन्द्रिय जीवो के शरीर की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण एक हजार योजन है। एकेन्द्रिय से लेकर चतुरिन्द्रिय पर्यन्त सभी जीवो का जन्म समूर्छन ही हुआ करता है। पशु-पक्षियो और मनुष्यो का जन्म गर्भ से होता

है। देव और नारकियो का जन्म औपपादिक होता है। देवो और नारकियो के अचित्त योनि होती है। गर्भ जन्म वालो की मिश्र–सचित्ताचित्त योनि होती है और शेष जीवों के तीनों तरह की योनि होती है–सचित्त, अचित्त और सचित्ताचित्त। गर्भ जन्म वाले तथा देवगति के जीवों के मिश्र रूप शीतोष्ण योनि होती है, तेजस्कायिक जीवो के उष्ण योनि होती हैं शेष जीवो के तीनों ही प्रकार की योनि हुआ करती है–शीत, उष्ण और शीतोष्ण। नरक गति तथा एकेन्द्रिय जीवो के और देवो के संवृत योनि ही हुआ करती है। गर्भ जन्म वालों के मिश्र–सुसवृतविवृत, किन्तु शेष जीवो के तीनों ही–सवृत, विवृत, और सवृतविवृत योनि हुआ करती हैं। पृथिवी कायिकजीवों की उत्कृष्ट आयु बाईस हजार वर्ष, जल कायिक की सात हजार, वायु कायिक की तीन हजार, वनस्पति कायिक की दस हजार और तेजस्कायिक जीवो की उत्कृष्ट आयु केवल तीन दिन की है, द्वीन्द्रिय जीवो की उत्कृष्ट आयु बारह वर्ष की, त्रिन्द्रिय जीवो की उत्कृष्ट आयु एक कम पचास दिन की, चतुरिन्द्रिय जीवों की उत्कृष्ट आयु छह मास की और पचेन्द्रिय जीवो की उत्कृष्ट आयु एक पूर्व कोटि की है ॥2॥

(3)

इन्द्रियो का आकार स्पर्शनेन्द्रिय के सिवाय चार का नियत है और स्पर्श-नेन्द्रिय का अनियत है, श्रोत्रेन्द्रिय का आकार यवनाली के सदृश, चक्षुरिन्द्रिय का आकार मसूर अन्न विशेष के समान, घ्राणेन्द्रिय का आकार अतिमुक्तक पुष्प विशेष के तुल्य और रसना इन्द्रिय का आकार क्षुरप्र (खुरपा) सदृश हुआ करता है। स्पर्शनेन्द्रिय का आकार शरीर के अनुसार नाना प्रकार का होता है। सज्ञी के स्पर्शन, रसना, घ्राण का क्षेत्र नौ–नौ योजन, क्षेत्र और चक्षु का सैंतालीस हजार दो सौ त्रेसठ से कुछ अधिक है। मन के दो भेद हैं–द्रव्यमन और भाव। द्रव्य हृदय मे अष्टावर्त वर्त कमल के समान है और भावमन आत्मा रूप है। इसके बाद सक्षेप मे त्रिभुवन का वर्णन किया जायेगा ॥2॥

(4–5)

तीन वलयो से वेष्टित रत्नप्रभा आदि सात नरक पृथ्वियां सात राजू प्रमाण नीचे अधिष्ठित है। प्रथम रत्नप्रभा पृथ्वी एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी है। जिसके तृतीय भाग अब्बहुल के मध्य भाग में नरक बिल हैं। वे इन्द्रक श्रेणि और पुष्प प्रकीर्णक के रूप मे तीन विभागो मे विभाजित हैं। इसके 13 नरक प्रस्तार हैं और उनमे सीमान्तक निरय रौरव आदि 13 ही इन्द्रक हैं। शर्कराप्रभा में 11 नरक

प्रस्तार और 11 इन्द्रक हैं। बालुकाप्रभा में 9 नरक प्रस्तार और 9 इन्द्रक हैं। पकप्रभा मे 7 नरक प्रस्तार और 7 इन्द्रक हैं। धूमप्रभा मे 5 नरक प्रस्तार और 5 इन्द्रक हैं। तमःप्रभा मे तीन नरक प्रस्तार और तीन ही इन्द्रक हैं। और महातमःप्रभा मे एक ही इन्द्रक नरक है। सीमान्तक इन्द्रक नरक की चारो दिशाओ और विदिशाओ मे क्रमबद्ध नरक हैं तथा मध्य मे प्रकीर्णक दिशाओ की श्रेणी मे 49-49 नरक हैं, तथा विदिशाओ की श्रेणी मे 48-48। निरय आदि शेष इन्द्रको मे दिशा और विदिशा के श्रेणीबद्ध नरको की सख्या कम से कम होती गई है। सातवें की विदिशाओ मे नरक नही है। इन सातो पृथ्वियो मे कुछ नरक सख्यात योजन विस्तार वाले और कुछ असख्यात लाख योजन विस्तार वाले हैं। पाचवे भाग तो मे सख्यात योजन विस्तार वाले हैं और चार भाग असख्यात योजन विस्तार वाले हैं। इन्द्रक बिलो की गहराई प्रथम नरक मे एक कोश और आगे क्रमश. आधा-आधा कोश बढती हुई सातवें मे चार कोश हो जाती है। श्रेणीबद्ध की गहराई अपने इन्द्रक की गहराई से तिहाई और अधिक है। प्रकीर्णको की गहराई, श्रेणी और इन्द्रक दोनो की मिली हुई गहराई के बराबर है।

इन नरको मे नारकी जीव तीव्र अशुभ कर्मों के उदय से तथा विभगावधि से पूर्वकृत वैर के कारणो को जानकर निरन्तर एक दूसरे को तीव्र दुःख उत्पन्न करते रहते है। आपस मे मारना, काटना, छेदना, धानी मे पेलना आदि भयकर दुःख कारणो को जुटाते रहते हैं। यहा तीव्रतम उष्णवेदना और शीतवेदना रहती है। इन सातो पृथ्वियो मे नारकियो की आयु क्रमश एक, तीन, सात, दस, सत्रह, बाईस, और तेतीस सागर प्रमाण है। प्रथम पृथ्वी मे नारकियो की जघन्य आयु दस हजार वर्ष है, दूसरी पृथ्वी मे जघन्य आयु वही है जो प्रथम पृथ्वी मे उत्कृष्ट आयु है। उसी क्रम से सातवी पृथ्वी तक के नारकीय की जघन्य आयु समझी जा सकती है। अर्थात् पूर्व पृथ्वी के नारकियो की जो उत्कृष्ट आयु है वही उससे अगली पृथ्वी के नारकियो की जघन्य आयु जाननी चाहिए। पहली पृथ्वी मे तीस लाख नरक (नारकीयो के बिल) दूसरी मे पच्चीस लाख, तीसरी मे पन्द्रह लाख, चौथी मे दस लाख, पाचवी मे तीन लाख, छठी मे पाच कम एक लाख और सातवी मे केवल पाच ही हैं ॥4–5॥

(6-7)

प्रथम नरक मे शरीर की ऊँचाई सप्तधनुष तीन हाथ और छ अगुल है। उससे आगे की शर्कराप्रभा आदिक पृथ्वियो मे क्रमश उसका प्रमाण दुगना होता है। इस तरह सातवें नरक मे 5000 धनुष हो जाता है। असज्ञी प्रथम पृथ्वी तक,

सरीसृप द्वितीय तक, पक्षी तीसरी तक, सर्प चौथी तक, सिंह पांचवी तक, स्त्रियां छठवी तक और मत्स्य तथा मनुष्य सातवी पृथ्वी तक उत्पन्न होते हैं। नारकी न देवो मे उत्पन्न हो सकते हैं और न विकलत्रय मे हो सकते हैं। नारक जीव मरने के बाद नरक से निकलकर तिर्यग्योनि अथवा मनुष्य गति मे ही जन्म ग्रहण कर सकता है, अन्यत्र नहीं। नरक से निकलकर जो जीव मनुष्य पर्याय को धारण किया करते हैं, उनमे से कोई-कोई जीव तीर्थंकर भी हो सकते हैं। परन्तु आदि की चार भूमियो से निकले हुए जीव मनुष्य होकर मोक्ष को भी जा सकते हैं, पर बलदेव, वासुदेव चक्रवर्ती नही होते। आदि की पाच भूमियो के जीव मरने के अनन्तर मनुष्य होकर सयम को धारण कर सकते हैं। छह भूमियो के निकले हुए जीव मनुष्य होकर सयमासयम-देशव्रत को धारण कर सकते है, और सातवी भूमि तक निकले हुए जीव सम्यग्दर्शन को धारण कर सकते हैं। प्रथम भूमि मे चौबीस मुहूर्त तक नारको की उत्पत्ति नहीं होती, दूसरे मे सात दिन तक नही होती इसी तरह आगे क्रमश एक पक्ष, एक माह, दो माह, चार माह और छह माह का विधान है। सभी नारकी नपु सक होते हैं और अत्यन्त पीडा पाते हैं। ससार मे पाप के कारण यह दुर्गति होती है। उनके शरीर के खण्ड-खण्ड होते हैं, और उनके कोई सहनन नही होता ।।6–7।।

(8)

आदि के चार नरको मे उष्णवेदना है। पाचवे के दो लाख बिलो मे उष्णवेदना तथा शेष मे शीतवेदना है। छठवे और सातवें मे शीतवेदना ही है। अर्थात् 82 लाख नरक उष्ण हैं और दो लाख नरक शीत। उनके शरीर अशुभ नाम कर्म के उदय से हुंडक सस्थान वाले वीभत्स होते हैं। यद्यपि उनका शरीर वैक्रियक है फिर भी उसमे मल, मूत्र, पीब आदि सभी बीभत्स सामग्री रहती है। प्रथम और द्वितीय नरक मे कापोत लेश्या, तृतीय नरक मे ऊपर कापोत तथा नीचे नील, चौथे मे नील, पांचवें में ऊपर नील और नीचे कृष्ण और सातवें में परमकृष्ण द्रव्यलेश्या होती है। भावलेश्या तो छहो होती हैं और वे अन्तर्मुहूर्त में बदलती रहती हैं। क्षेत्र के कारण वहाँ के स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और परिणमन अत्यन्त दुःख के कारण होते हैं। मुर्मु र (उपलो की अग्नि) के समान अंगारवाली वहां की भूमि तपे लोहे के समान स्पर्श-युक्त पाषाणों एव छुरा के समान तीक्ष्ण बालु से सयुक्त तथा सुई के समान नुकीले

नवीन तृणों से व्याप्त है अत्यन्त दुर्गन्धित कीड़ो के समूह से व्याप्त तालाब हैं। सर्वत्र क्रूर प्राणी हैं जो परस्पर मारण क्रिया करते रहते हैं। जो खाते हैं वह विष समान हो जाता है। जो सूघते है वह नासिका को फोड़ देता है, जो भी स्पर्श करते हैं दु.ख का कारण बन जाता है, जो भी देखते हैं, वह चक्षु विनाशक हो जाता है। जो भी होता है,सभी दु ख का कारण बन जाता है। यह सक्षेप मे नारकियो के दु खो का वर्णन है ।।8।।

(9–10)

इस प्रकार नारकीय जीवो को अवर्णनीय शारीरिक वेदना होती है, घोर, ताम्र, भयानक दारुण दु:ख प्राप्त होता है, तरह-तरह की व्याधिया होती हैं। शक्ति, तलवार आदि अस्त्रो से शरीर के खण्ड-खण्ड कर दिये जाते हैं, वे पुन पुन पिण्ड बन जाते हैं। एक क्षण के लिए भी उन्हे सुख नही मिलता। कुअवधिज्ञान के कारण, स्वभाव से तथा विक्रिया से भी ये यातनाए उन्हे प्राप्त होती हैं। मैं राजा, चक्रवर्ती रहा हू, मैंने बड़े-बड़े राजाओ को पराजित किया है आदि प्रकार से मानसिक दु खो से ग्रसित रहते हैं, पूर्वभव के वैर के कारण परस्पर सग्राम करते हैं, अग्नि मे डाल देते हैं। इस तरह भयकर छेदन-भेदन होने पर भी नारकियो की अकाल मृत्यु नही होती। वे एक-दूसरे के शरीर को चूर्ण-चूर्ण कर देते हैं, तप्त तेल की कढाई मे डाल दते हैं, तीव्र क्षार जल के कुण्ड मे फेक देते है, तपे हुए लोहे को पिलाते है, पर कलत्र से सपर्क करने के फलस्वरूप जलते हुए लोहस्तम्भ से चिपका देते है। शीत और उष्ण वेदनाओ से भी वे सतप्त रहते हैं। इस प्रकार नारकी जीव आयु पर्यन्त हर क्षण तीव्रतम दु ख भोगते रहते हैं। इसका विशेष चिंतनकर धर्म की ओर मन लगाना चाहिए ।।9–10

(11-12)

इस प्रकार सक्षेप मे नारकियो का वर्णन किया। अब भवनवासी देवो की चर्चा करते है। वे भवनवासी देव दस प्रकार के होते हैं-असुर, नाग, विद्युत, सुपर्ण, अग्नि, वात, स्तनित, उदधि, द्वीप और दिक्कुमार। ये तालाब, पर्वत और वृक्षो के आश्रित होकर रहते हैं। इन सभी को 'कुमार' सज्ञा प्राप्त है इसलिए कि वे कुमारो के समान रूप, सौन्दर्य, परिधान आदि से सपन्न होते हैं। असुर कुमारों की एक सागर, नाग कुमारो की तीन पल्य, सुपर्ण कुमारो की ढाई पल्य।

द्वीप कुमारो की दो पल्य तथा शेष छह कुमारो की डेढ पल्य उत्कृष्ट स्थिति है। और दस हजार वर्ष जघन्य स्थिति है। उनमे असुर कुमारो की शरीर की ऊचाई पच्चीस धनुष है और शेष नौ के शरीर की ऊचाई दस धनुष। इन देवो के विभिन्न प्रकार की विक्रियाएँ हुआ करती हैं। वे भवप्रत्यय हैं। असुर कुमार घन शरीर के धारक सपूर्ण अगोपागो द्वारा सुन्दर कृष्ण वर्ण महाकाय और रत्नो से उत्कट मुकुट के द्वारा देदीप्यमान हुआ करते हैं। इनका चिन्ह चूडामणिरत्न है। नागकुमार शिर और मुखक भागों मे अत्यधिक श्याम वर्ण वाले और मृदु तथा ललित गति वाले हुआ करते है। इनके शिर पर सर्प का चिन्ह हुआ करता है। विद्युत्कुमार स्निग्ध प्रकाशशील उज्ज्वल शुक्लवर्ण के धारण करने वाले होते हैं। इनका चिन्ह वज्र है। सुवर्णकुमार ग्रीवा और वक्षस्थल मे अति सुन्दर श्याम किन्तु उज्ज्वल वर्ण के धारक हुआ करते हैं। इनका चिन्ह गरुड है अग्निकुमार और वातकुमार का वर्ण शुद्ध है, स्तनितकुमार और उदधिकुमार का वर्ण कृष्ण श्याम है, द्वीपकुमार उज्ज्वल वर्णी है तथा दिक्कुमार का वर्ण श्याम है। नागकुमारो के 84 लाख भवन हैं। सुवर्णकुमारो के 72 लाख भवन है। विभव धरणेन्द्र के समान हैं। विद्युत्कुमार अग्निकुमार स्तनित कुमार, उदधिकुमार द्वीपकुमार और दिक्कुमार प्रत्येक के 76 लाख भवन हैं। वातकुमारो के 96 लाख भवन हैं। उत्तराधिपति प्रभञ्जन के 96 लाख भवन है। इस तरह कुल मिलाकर सात करोड 72 लाख भवन है। इन प्रत्येक भवनो मे जिनबिंब प्रतिष्ठित है। यह भवन वासी देवो का सक्षिप्त वर्णन है।

(13)

व्यतर देवो के आठ भेद है— किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच। इनके भी भेद-प्रभेद होते है। इस जबूद्वीप से तिरछे असख्य द्वीप-समुद्रो के बाद नीचे खर पृथिवी भाग मे दक्षिणाधिपति किन्नरेन्द्र के असख्यात लाख नगर हैं। इसके चार हजार सामानिक, तीन परिषद्, सात अनीक, चार अग्रमहिषी, और सोलह हजार आत्मरक्ष हैं। ये अजनीक द्वीप में रहते हैं। किन्नरेन्द्र किंपुरुष का भी इतना ही परिवार है। ये वज्रधातकी द्वीप मे रहते हैं। महोरग सुवर्ण द्वीप मे, गधर्व मनुष्य लोक मे, यक्ष वज्र मे, राक्षस रजत द्वीप में, भूत हिंगुलक मे और पिशाच हरिदाल मे निवास करते हैं। व्यतरो के सामानिक आदि विभव परिवार एक जैसा है। भूमितल मे भी व्यन्तर रहते हैं द्वीप, पर्वत, समुद्र, देश, ग्राम, नगर तिगड्डा चौराहा, घर, गली जलाशय उद्यान, देवमन्दिर आदि मे सर्वत्र इनकी अवस्थिति है।

(14–15)

ज्योतिष्क देव पाँच प्रकार के हैं—सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, और प्रकीर्णक तारागण। उनमे से जबूद्वीप मे दो सूर्य, लवणसमुद्र मे चार सूर्य, घातकीखण्ड मे बारह सूर्य, कालोदधि समुद्र मे ब्यालीस और पुष्कर द्वीप के मनुष्य क्षेत्र सम्बन्धी अर्ध भाग मे बहत्तर सूर्य हैं। इस प्रकार मनुष्य लोक मे कुल मिलाकर 132 सूर्य होते है। चन्द्रमाओ का विघान भी सूर्यविधि के समान ही समझना चाहिए। प्रत्येक चन्द्रमा का परिग्रह इस प्रकार है–28 नक्षत्र, 88 ग्रह और 66975 कोडाकोडी तारे। इनका अस्तित्व सभी द्वीप समुद्रो मे है। नक्षत्र विमानो का उत्कृष्ट विस्तार एक कोश है। और तारा विमानो का उत्कृष्ट विस्तार ½ गव्यूत है। राहु के विमान रजतमय शुक्र हैं एक गव्यूति लम्बे चौडे है। बृहस्पति के विमान सुवर्ण तथा मोती के समान कान्ति वाले और कुछ कम गव्यूति प्रमाण लम्बे चोडे हैं। बुध के विमान पीले और शनैश्चर के विमान लाल रग के हैं। मगल के विमान तप्त स्वर्ण के समान। बुध आदि के विमान आधे गव्यूत लम्बे चौड़े हैं। शुक्र आदि के विमान राहू के विमान बराबर लम्बे चौडे है। ज्योतिषियो की उत्कृष्ट स्थिति कुछ अधिक एक पल्य है और जघन्य स्थिति पल्य के आठवे भाग प्रमाण है। चन्द्र की उत्कृष्ट स्थिति एक लाख वर्ष अधिक एक पल्य, सूर्य की एक-एक हजार वर्ष अधिक एक पल्य, शुक्र की एक सौ वर्ष अधिक एक पल्य तथा वृहस्पति की पूर्ण एक पल्य है। शेष बुध आदि ग्रहो की और नक्षत्रो की आधे पल्य प्रमाण स्थिति है। तारागण की उत्कृष्ट स्थिति पल्य का चौथा भाग है। तारा और नक्षत्रो की जघन्य स्थिति पल्य के आठवें भाग है। सूर्य आदि की जघन्य स्थिति पल्य के चौथाई भाग प्रमाण है। ये ज्योतिषी देव मनुष्य लोक मे मेरु की प्रदक्षिणा करके नित्य भ्रमण करते रहते हैं।

(16)

सौधर्म, ऐशान आदि स्वर्ग, नवग्रैवेयक, विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थ सिद्धि मे कल्पोपपन्न और कल्पातीत विमानवासियो का निवास है। सौधर्म, ऐशान, सानत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मलोक, लातव, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत ये बारह कल्प हैं। इन सौधर्म आदि कल्पो के विमानो मे वैमानिक देव रहते हैं। अच्युत कल्प के ऊपर नव ग्रैवेयक हैं जो कि ऊपर ऊपर अवस्थित हैं। ग्रैवेयको के ऊपर पांच महाविमान है जिनको अनुत्तर कहते हैं। उनके नाम हैं—विजय, वैजयत, जयत, अपराजित और सर्वार्थ सिद्धि। ग्रैवेयको के ऊपर और सर्वार्थ सिद्धि के नीचे नौ अनुदिश है। सौधर्म कल्प से लेकर सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त सभी का अवस्थान क्रम से ऊपर ऊपर है। सौधर्म कल्प मे विमानो की सख्या 32 लाख है। ऐशान कल्प मे 28 लाख, सानत्कुमारकल्प मे 12 लाख, माहेन्द्र कल्प मे

8 लाख, ब्रह्मलोक मे 4 लाख लांतवकल्प मे 50 हजार, महाशुक्र मे 40 हजार सहस्रार मे 6 हजार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्प मे 700, अधोग्रैवेयक मे 111, मध्यम ग्रैवेयक मे 107 और उपरिम ग्रैवेयक मे 100 विमान हैं। विजयादिक अनुत्तर विमान 5 ही हैं। इस तरह उर्ध्वलोक में वैमानिक देवो की समस्त विमानो की संख्या 8497023 है। सोलह स्वर्गों मे एक-एक इन्द्र है पर मध्य के आठ स्वर्गों में चार इन्द्र हैं। इसके बाद विमानों की ऊंचाई का क्रम निर्दिष्ट है। इनकी अवधिज्ञान की भी सीमा निर्दिष्ट है।

ग्रैवेयको मे से अधस्तन ग्रैवेयक मे असख्यात विस्तार वाले विमान 108 तथा सख्यात विस्तार वाले 3 (=111) हैं, मध्यम ग्रैवेयको मे 89 विमान असख्यात विस्तार वाले तथा 18 विमान सख्यात विस्तार वाले (= 107) हैं, उपरिम ग्रैवेयक मे 74 असख्यात विस्तार वाले और 17 संख्यात विस्तार वाले (=91) विमान कहे गये है। अनुदिशो मे 8 असख्यात विस्तार वाले विमान तथा 1 सख्यात विस्तार वाला (=9) हैं। उसी प्रकार से अनुत्तरो मे भी सख्यात विस्तार वाला 1 तथा असख्यात विस्तार वाले 4 (=5) विमान है। इस तरह 1699380 विमान सख्यात विस्तार वाले तथा 6797643 विमान असख्यात विस्तारवाले हैं। पूर्व दो कल्पो मे स्थित प्रासाद 600 योजन और आगे दो कल्पो मे 500 योजन ऊंचे है। ये प्रासाद ब्रह्म-ब्रह्मोतर मे 450, लान्तव कापिष्ठ मे 400, शुक्र-महाशुक्र मे 350, शतार-सहस्रार मे 300, आनतादि शेष चार मे 250, अधोग्रैवेयक मे 200, मध्यम ग्रैवेयक मे 150 और उपरिम ग्रैवेयक मे 100 योजन ऊचे हैं। यहां अनुदिशो मे स्थित वे प्रासाद 50 योजन और अनुत्तरो मे 25 योजन मात्र ऊचे हैं।

(17–18)

ऊपर-ऊपर के देवो का अवधिज्ञान अधिकाधिक है। सौधर्म और ईशान कल्प के देव अवधिज्ञान के विषय की अपेक्षा रत्नप्रभा पृथिवी तक को देख सकते हैं। तिर्यक्-पूर्वादि दिशाओ की तरफ असंख्यात लक्ष योजन तक देख सकते हैं। ऊपर ऊर्ध्व दिशा मे अपने विमान पर्यन्त ही देख सकते हैं। सनत्कुमार और महेन्द्र स्वर्ग के देव शर्करा पृथ्वी तक देख सकते हैं। विक्रिया ऋद्धि से सप्तम पृथ्वी तक की भी सीमा हो सकती है। ब्रह्मलोक और लान्तव विमान वाले देव बालुका प्रभा पर्यन्तशुक्र सहस्रार वाले पङ्कप्रभा पर्यन्त आनत प्राणत और आरण-अच्युत वाले धूम प्रभा पर्यन्त, अधस्तन ग्रैवेयक और मध्यम ग्रैवेयक वाले तम प्रभा पर्यन्त और उपरिम ग्रैवेयक वाले महातम प्रभा पर्यन्त तथा पांच अनुत्तर और नौ अनुदिश विमानो के देव समस्त लोक नाड़ी को देख सकते हैं।

अर्थात् प्रथम दो कल्पो के देव घर्मा पृथिवी तक, आगे के दो कल्पो के देव दूसरी पृथिवी तक, आगे के चार कल्पो के देव तीसरी पृथ्वी तक, शुक्र आदि चार कल्पो के देव चौथी पृथ्वी तक, आनत आदि चार कल्पो के देव पाचवी पृथ्वी तक, ग्रैवेयकवासी देव छठी पृथ्वी तक तथा आगे अनुदिश व अनुत्तरो मे रहने वाले देव सातवी पृथ्वी तक विक्रिया करते हैं। उक्त देवो के दर्शन व अवधिज्ञान का विषय प्रमाण विक्रिया के समान ही माना जाता है। अनुत्तर विमानवासी देव मूर्तिक कर्मों के अनतवे भाग को, कर्मयुक्त जीवो को तथा समस्त लोकनाली को भी देखते है। सौधर्म ऐशान कल्प तक 7 दिन, सानत्कुमार और माहेन्द्र एक पक्ष (15 दिन), ब्रह्म से कापिष्ठ तक एक मास, शुक्र से लेकर सहस्रार तक दो मास, आनत से अच्युत कल्प तक चार मास तथा ग्रैवेयक आदि शेष विमानो मे आगमो के अनुसार छह मास अन्तर जन्म का और उतना ही मरण का भी अन्तर जानना चाहिए। इसके विषय मे मतान्तर भी है जिसे लोकविभाग (10, 298-302) मे देखा जा सकता है। प्रथम दो कल्पो के देव सात हाथ ऊचे आगे के दो कल्पो के देव छह हाथ ऊचे, ब्रह्मा और लातव कल्पो के देव पाच हाथ ऊचे, शुक्र और महस्रार कल्पो के देव चार हाथ ऊचे, शेप आनतादि चार कल्पो के देव तीन हाथ ऊचे, ग्रैवेयको के दो हाथ ऊचे, अनुत्तर व अनुदिशो के देव डेढ हाथ ऊचे, तथा सर्वार्थसिद्धि के देव एक हाथ प्रमाण ऊचे होते है।

असुर कुमारो की 1 सागर, नाग कुमारो की 3 पल्य, सुपर्ण कुमारो की $2\frac{1}{2}$ पल्य, द्वीप कुमारो की 2 पल्य तथा शेष छह कुमारो की $1\frac{1}{2}$ पल्य उत्कृष्ट स्थिति है। सौधर्म ऐशान स्वर्ग मे कुछ अधिक 2 सागर, सानत्कुमार-माहेन्द्र मे 7 सागर, ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर मे 10 सागर लातव-कापिष्ठ मे 14 सागर, शुक्र-महाशुक्र मे 16 सागर, शतार-सहस्रार मे 18 सागर आनत-प्राणत मे 20 सागर, आरण-अच्युत मे 22 सागर उत्कृष्ट स्थिति है। अधो ग्रैवेयको मे क्रमश 23,24,25, मध्यम ग्रैवेयको मे क्रमश 26,27,28 और उपरि ग्रैवेयको मे 29,30 और 31 सागर उत्कृष्ट स्थिति है। अनुदिश विमानो मे 32 तथा विजयादि और सर्वार्थ सिद्धि मे 33 सागर हैं। सौधर्म और ईशान स्वर्ग की जघन्य स्थिति एक पल्य है। इन दो स्वर्गों तथा आगे के स्वर्गों की जो उत्कृष्ट स्थिति है वही उनके आगे के स्वर्गों की जघन्य स्थिति हो जाती है। ईशान स्वर्ग तक के देव सक्लिष्ट कर्म वाले होने से मनुष्यो की तरह कायप्रविचारी (शरीर से मैथुन करने वाले) होते है। सानत्कुमार- माहेन्द्र मे परस्पर अगस्पर्श करने से, चतुर्थ से आठवें स्वर्ग तक सुदर रूप देखकर, नौ से 12 वे स्वर्ग तक मधुर सगीत श्रवण, मृदु हास्य, भूषणो की झकार आदि के शब्दो को सुनने से तथा तेरहवे से सोलहवें स्वर्ग तक के देव-देविया

मन से प्रविचार करते हैं। कल्पातीत-ग्रैवेयकादि वासी देव प्रविचार से रहित हैं। उनके कामवेदना होती ही नहीं है।

(19)

स्वयंभूरमण पर्यन्त असख्यात द्वीप समुद्र तिर्यक्, समभूमि पर निरछे व्यवस्थित हैं। अत इनको तिर्यक्लोक कहते हैं। अति विशाल महान् जम्बू वृक्ष का आधार होने से यह द्वीप जबूद्वीप कहलाता है। वह एक लाख योजन विस्तृत है और सभी द्वीप के बीच स्थित है।इसके बीच नाभि की तरह गोलाकार सुमेरु पर्वत है। इसके दक्षिण मे भरत क्षेत्र और उत्तर मे ऐरावत क्षेत्र अवस्थित है। भरत क्षेत्र का विस्तार $526\frac{6}{19}$ योजन है। इसके बाद विदेह क्षेत्र पर्यन्त के पर्वत और क्षेत्र क्रमश दूने-दूने विस्तार वाले हैं। अर्थात् हिमवान् का विस्तार $1052\frac{12}{19}$ योजन, हैमवत का $2005\frac{5}{19}$ योजन, महाहिमवान् का $4010\frac{10}{19}$ याजन, हरिवर्षका $8421\frac{1}{19}$ योजन, निषध का $1684\frac{2}{19}$ योजन और विदेह का $33684\frac{4}{19}$ योजन है। ऐरावत आदि नील पर्वत पर्यन्त क्षेत्र-पर्वत भरत आदि के समान विस्तार वाले हैं। पूर्व और पश्चिम लवण समुद्र तक लम्बे हिमवन्, महाहिमवन् निषध, नील, और शिखरी ये छ पर्वत हैं। इन पर्वतो के कारण भरत, आदि क्षेत्रो का विभाग होता है अत ये वर्षधर पर्वत कहे जाते हैं ॥19॥

(20)

हिमगिरि आदि पर्वतो पर पद्म, महापद्म आदि छह सरोवर हैं। प्रथम सरोवर पूर्व-पश्चिम एक हजार योजन लम्बा और उत्तर-दक्षिण पाच सौ योजन चौडा है। उसकी गहराई दस योजन है। इसके मध्य मे एक योजन का कमल है। इसके पत्ते एक-एक कोस के और कर्णिका दो-दो कोस विस्तृत है। आगे के सरोवरो और कमलो का विस्तार दूना-दूना है। इनमे श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी नामक देवियां सामानिक और पारिषत्क जाति के देवो के साथ रहती हैं। इनकी आयु एक पल्य की है। हिमवान् हेममय चीन पट्ट वर्ण का है। महाहिमवान् अर्जुनमय शुक्ल वर्ण है, निषध तपनीयमय मध्यान्ह के सूर्य के समान वर्णवाला है। नील वैडूर्यमयी मोर के कठ के समान वर्ण का है। रुक्मी रजतमय शुक्ल वर्ण वाला है। शिखरी हेममय चीन पट्ट वर्ण का है। उपर्युक्त क्षेत्रो के मध्य मे गगा, सिन्धु आदि चौदह नदियां हैं। इसके पूर्व विदेह और अपर विदेह मे सोलह-सोलह क्षेत्र हैं। भरत क्षेत्र का विस्तार $526\frac{6}{19}$ योजन हैं। धातकी खण्ड मे दो मेरु पर्वत हैं। पुष्करार्ध मे भी दो मेरु हैं। इस तरह मनुष्योत्तर के पहले चौंतीस क्षेत्र हैं। पांच मेरु है ढाई द्वीप हैं। यहा सदैव भोगभूमि रहा करती है।

(21)

जम्बूद्वीप की अपेक्षा दुगना विस्तार वाला लवण समुद्र इस द्वीप को घेर कर चक्र मे नेमि के समान स्थित है। उस समुद्र के मध्य भाग मे पूर्व दिशाओ के क्रम से चार पाताल, विदिशाओ के क्रम से चार मध्यम पाताल और दोनो के मध्य आठ अन्तर दिशाओ मे एक हजार जघन्य पाताल स्थित हैं। म्लेच्छ दो प्रकार के हैं— अन्तरद्वीपज और कर्मभूमिज। लवण समुद्र और कालोदधि समुद्र के मिलाकर 96 अन्तरद्वीप माने हैं। अन्यत्र लवण समुद्र की आठो दिशाओ मे आठ और उनके अन्तराल मे आठ, हिमवान् और शिखरी तथा दोनो विजयार्धों के अन्तराल मे आठ, इस तरह चौबीस अन्तरद्वीप हैं। पूर्व दिशा मे एक जाघ वाले, पश्चिम मे पूंछ वाले उत्तर मे गूंगे, दक्षिण मे सीग वाले प्राणी हैं। विदिशाओ मे खरगोश के कान सरीखे कान वाले, पुडी के समान कान वाले, बहुत चौडे कान वाले और लम्बकर्ण मनुष्य हैं। अन्तराल मे अश्व, सिह, कुत्ता, सूअर, व्याघ्र, उल्लू और बन्दर के मुख जैसे मुख वाले प्राणी हैं। ये सब प्राणी अन्तर्द्वीपज म्लेच्छ हैं और पल्योपम आयु वाले हैं।

सामान्यत काल दो प्रकार के है—एक अपसर्पिणी और दूसरा उत्सर्पिणी। इन दोनो को कल्पकाल कहा जाता है। दोनो कालो के छह-छह विभाग हैं। जिनका अलग-अलग प्रमाण है। प्रथम काल के मनुष्यो का वर्ण सूर्य के समान, द्वितीय काल के मनुष्यो का वर्ण चन्द्र के समान तथा तृतीय काल के मनुष्यो का वर्ण प्रियगु पुष्प के समान होता है। इन कालो मे मनुष्यो की आयु का प्रमाण यथाक्रम से तीन पल्य, दो पल्य और एक पल्य होता है। भरत और ऐरावत के सिवाय दूसरे क्षेत्रो में काल की प्रवृति अवस्थित है। यथा—कुरुक्षेत्र मे (देवकुरु और उत्तरकुरु मे) सदा सुषमा-सुषमा काल ही अवस्थित रहता है। यह उत्तम भोग भूमि है। हरि और रम्यक क्षेत्र मे सुषमा काल की परिस्थिति हमेशा रहा करती है। यह मध्यम भोगभूमि है। हैमवत और हैरण्यवत क्षेत्र मे सदा सुषम-दुषमा काल की प्रवृति रहती है। यह जघन्य भोगभूमि है। यहा मनुष्य पुण्य के प्रभाव से ही उत्पन्न होते हैं। उक्त तीनो कालो मे युगल रूप से ही उत्पन्न होकर कल्पवृक्षो से आजीविका करते हैं अर्थात् उन्हे समस्त भोगोपभोग की सामग्री कल्पवृक्षो से ही प्राप्त होती है। इन तीनों कालों मे दश प्रकार के कल्प वृक्ष होते हैं पानाग, तुर्यांग, भूषणांग, वस्त्राग, भोजनांग, आलयाग, दीपाग, भाजनाग, मालाग और ज्योतिरग। धीरे-धीरे यह भोगभूमि

अवस्था समाप्त हुई और कर्मभूमि का प्रारम्भ हुआ। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ने समुचित व्यवस्था दी। त्रेसठ शलाका पुरुष कर्मभूमियों मे ही उत्पन्न हुए। चतुर्थ काल के प्रारभ मे शरीर की ऊचाई पाच सौ धनुष प्रमाण होती है। प्रजाजन धर्मात्मा और पापिष्ठ दोनो प्रकार के होते हैं। क्रमश बुद्धि व आयु आदि गुणो के हीयमान होने पर चतुर्थ काल मे बाद पचम काल उपस्थित होता है। उसके प्रारभ मे शरीर की ऊचाई सात हाथ और आयु 120 वर्ष प्रमाण होती है। लोग प्राय: पापिष्ठ होते हैं। पचम काल के अन्त मे तथा छठे काल के आदि मे आयु बीस वर्ष से अधिक तथा मनुष्यो के शरीर दो हाथ ऊचे एव धूम के समान श्याम वर्ण होकर कुरूप होते हैं। घनघोर मिथ्यात्वी होते हैं। चतुर्थ, पचम और षष्ठ कालो का प्रमाण एक कोडा-कोडी सागरोपम है।

(23)

स्थावर जीव पाच प्रकार के होते हैं—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और वनस्पति कायिक। पृथ्वी कायिक जीव सर्वत्र पाये जाते हैं। कृष्ण, पीत, हरित, श्वेत और रक्त ये पाच वर्ण भेद कायिक जीवो के हैं। इनका आकार मसूर के समान होता है और उत्कृष्ट आयु बाईस हजार वर्ष प्रमाण है। पृथ्वी, शर्करा, बालुका, मृत्तिका और उपल आदि के भेद से भी अनेक प्रकार के हैं। जलकायिक जीव दर्भाकार के होते हैं। वे हिम, अवश्याय आदि के भेद से अनेक प्रकार के हैं। उनकी उत्कृष्ट आयु सात हजार वर्ष की है। अग्निकायिक जीव सूचिकाग्राकार होते हैं। वे कुलिश, अग्नि, विद्युत, सूर्य, सूर्यकान्तमणि, अगार, स्फुलिंग पक्ति जैसे प्रमुख भेद वाले होते हैं। उनका तेज विस्फुरायमान होता है। इनकी उत्कृष्ट आयु केवल तीन दिन की होती है। वायुकायिक जीव ध्वजाकार होते हैं। वात वलय के आधार पर वे रहते है। घनवात, तनुवात, उत्कलिका, मडलि इत्यादि भेद वायुकायिक जीवो के माने गये हैं। इनके प्रतिघात से शब्द ध्वनित होता है। दिशा भेद से भी ये अनेक प्रकार के होते है। इनकी उत्कृष्ट आयु तीन हजार वर्ष की है। वनस्पतिकायिक जीव शैवल, मलक, आद्रक, पणक, वृक्ष, गुच्छ, गुल्म, लता आदि के भेद से अनेक प्रकार के हैं। इनकी उत्कृष्ट आयु दश हजार वर्ष की है। इन्हे चार और पाच (वृक्ष, विटपि, गुल्म, बल्ली और तृण) भागो मे भी विभाजित किया जाता है। इनकी उत्कृष्ट आयु दश हजार वर्ष की है। इन एकेन्द्रिय जीवो की उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण कुछ अधिक हजार योजन है ॥23॥

(24)

यह स्थावर जीवो का वर्णन हुआ । अजीव द्रव्य पांच प्रकार का है—धर्म, अधर्म, आकाश, काल और पुद्गल । धम द्रव्य अमूर्तिक नित्य है, अखड है । यह जीवो और पुद्गलो के चलने मे सहायक है । यह सारे लोकाकाश मे व्याप्त है । असख्य प्रदेशी है । पुद्गल आदि द्रव्यो की स्थिति मे जो कारण है वह अधर्म द्रव्य है । वह सारे लोकाकाश मे व्याप्त है । अमूर्तिक है, नित्य है, असख्यप्रदेशी है । पुद्गल के परिणमन मे जो कारण है वह काल है । परिणमन कराना उसका उपकार है जिसके निमित्त मे दूसरो के परिणमन कराने मे प्रवृत्त होता है । व्यवहारत वह तीन प्रकार का है । पर निश्चयत वह निश्चल और अभेद्य है । पुद्गल और जीव द्रव्यो को अवगाह देना आकाश का उपकार है । यह अनन्तप्रदेशी है । जिसमे रूप, रस, गध और स्पर्श हो उसे पुद्गल कहते हैं । वह अणु और स्कन्ध के भेद से दो प्रकार का है । स्थूल और सूक्ष्म आदि भेदो की दृष्टि से वह पुद्गल पृथ्वी आदि के रूप मे या छाया आतप आदि के रूप मे नाना प्रकार से विभक्त हो जाता है । शरीर इन्द्रिय और श्वासोच्छवास आदि के रूप मे यह पुद्गल सभी प्राणियो के उपकार मे लगा हुआ है । अरण नेत्रेन्द्रिय को छोडकर शेष चार इन्द्रियो का विषय है । पुद्गल द्रव्य सख्यात, असख्यात और अनन्त प्रदेश वाला है । परमाणु अप्रदेशी है । उसमे आदि-मध्य भाग नही होता है । ये सब पुद्गल अपने गुणो से निश्चल है ।

(25)

कर्मों के प्रवेश द्वार को आश्रव कहते है । उसके दो भेद पुण्यास्रव और पापास्रव । मन, वचन, कायकी चचलता (योग) से आश्रव होता है । शुभयोग पुण्याश्रव का तथा अशुभ योग पापाश्रव का कारण है । सकषाय जीवो के सापरायिक और अकषाय जीवो के ईर्यापथ आश्रव होते हैं । इसी तरह के और भी भेद हैं । सकषाय होने के कारण जीव का कर्म योग्य पुद्गलो से जो सम्बध होता है उसे बन्ध कहते हैं । यह बन्ध चार प्रकार का है- प्रकृतिबध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध है । आश्रव के निरोध को संवर कहते हैं । आने वाले कर्मों का जिसके द्वारा निरोध हो उसे सवर कहते है । पहले बधे हुए कर्मों का अशत: क्षरण होना निर्जरा का लक्षण है । सकल कर्मों का क्षय हो जाना मोक्ष है जो परिणामी नित्य भव्य जीव के ही सभव है । ऐसा केवलज्ञानी ने कहा है । सर्वज्ञ चन्द्रप्रभ ने इस

प्रकार भव्य जीवो के प्रतिबोधित किया और उनके अज्ञान अधकार को नष्ट किया। उनकी सभा मे तेरानवें गणधर थे जिन्होने त्रिभुवन के सदेहो को दूर किया। दो हजार तीक्ष्ण बुद्धिवाले पूर्वधारी थे। दो लाख चार सौ उपाध्याय और आठ हजार तीव्र बुद्धिवाले अवधिज्ञानी थे। दस हजार निर्मल आत्मा वाले केवली तथा चौदह हजार विक्रिया ऋद्धि धारी साधु थे आठ हजार तेजस्वी मन पर्ययज्ञानी थे और सात हजार छह सौ वादी थे। एक लाख अस्सी हजार वरुणा आदि आर्यिकाएँ थी तीन लाख सम्यग्दृष्टि और पांच लाख व्रत आदि से पवित्र श्राविकाएँ थी। असख चारो प्रकार के देवता थे। इस प्रकार चतुर्विध सघ के साथ बिहार करते हुए ससारी जीवो के पाप मलो को धोया और ज्ञान किरणों का विकास किया।

(26)

आयुच्छेद जानकर चन्द्रप्रभ भगवान ने एक मास पर्यन्त बिहार का त्याग किया और और सम्मेदाचल (शिखर जी) के शिखर पर मुनिसघ के साथ प्रतिमायोग धारण किया। फिर भाद्रपद शुकला सप्तमी को शुक्लध्यान के द्वारा समस्त पापो को नष्ट कर सारी बाधाओ से रहित, दश लाख पूर्व प्रमाण आयु के समाप्त होते ही अष्टकर्मों का विध्वसकर मुक्ति प्राप्त की। उन्होने तीर्थ की स्थापना कर अपार जन कल्याण किया।

तीर्थंकर चन्द्रप्रभ एक ही समय मे सकल पदार्थों को जानते थे, उनकी द्रव्य-पर्यायो को सूक्ष्मता पूर्वक जानते-देखते थे। देखने, सुनने, स्वाद लेने, स्पर्श करने, सू घने आदि जैसी कियाए नेत्र, श्रोत्र, रसना स्पर्श, घ्राण जैसी इन्द्रियो के बिना ही करते थे। भूख, प्यास, निद्रा पलकक्रिया आदि से मुक्त थे, रति, अरति आदि भावो से दूर थे दर्शन और ज्ञान-चरित्र से युक्त थे। ज्ञान ही उनका देह था, ज्ञान ही चेतना थी ज्ञान ही ज्ञेय था, ज्ञान ही भोजन था, ज्ञान ही स्वभाव था, ज्ञान ही आत्मा थी, ज्ञान ही सब कुछ था। ज्ञान मे ही सकल द्रव्य स्वभावत झलकते थे। वे दश अतिशय आदि से सुशोभित थे।

(28)

तीर्थंकर चन्द्रप्रभ का मोक्ष हो जाने पर हर्ष और शोक से युक्त होकर लोगो ने सपरिवार विस्मित रसासिक्त होकर उनकी पूजा की। तदनन्तर अगुरुचन्दन, घनसार (कपूर) आदि इकट्ठा किया। जलध कुमार ने प्रणाम किया, सुरति गधो से आकाश सुगन्धित हो गया, सुरगण नृत्य गायन करते हुए शोकमग्न हो गये। चतुर्विध सघ ने

मिलकर तीर्थंकर के निर्वाण की प्रक्रिया पूरी की जय जयकार किया, अनाथ हो जाने का उन्हे आभास हुआ। परमेश्वर शिव सुख—परमधाम पाकर ससार के बधन से सदैव के लिए मुक्त हो गये अत. वे परम मगलकारी हैं और वन्दनीय हैं इत्यादि प्रकार से सुरो ने जिनस्तुति की पचम कल्याण (मोक्ष कल्याण) मनाया और अगरू चन्दन से अतिम सस्कार कर अपने-अपने स्थान चले गये।

(29)

ग्रन्थ शुद्ध अशुद्ध सार असार अनेक प्रकार होते है। जिनवाणी उन सभी को स्वीकार कर लेती है। मेरा ग्रन्थ भी ऐसा ही है। इस ग्रन्थ पर मुझे कोई अभिमान नही हैं। परमेश्वर सर्वज्ञ हैं। सारवाली बात तो उन्ही के साथ जुड सकती है। कषाय को छोडने वाले ही मुनि और पण्डित होते है। गुर्जर देश मे एक उम्मत्त नामक ग्राम है जहा दोण नामक एक जिनधर्मी भव्य बधु रहता है उसका ज्येष्ठ पुत्र बहुदेव, बहुदेव का लघुपुत्र श्रीकुमार श्रीकुमार का पुत्र सिहपाल था जो जिनपूजा, दानादि गुणो से मण्डित था। उसी सिद्धपाल के अनुरोध से इस ग्रन्थ की रचना हुई है। जब तक चद्र और सूर्य है, सागर, कुलपर्वत और भूवलय हैं तब तक यह ग्रन्थ प्रकाशित रहेगा।

महत्वपूर्ण शब्द-सूची

अ–अं

अकलक, 1, 1
अच्छ=निर्मल, 6-8, 3-2
अच्छरिय=आश्चर्य, 9-3
अज्जखड=*आर्यखण्ड*, 4-20
अजितजउ=अजितजय, 3-10
अजियसेण=अजितसेन, 3-11, 4-10
अज्जु=आज, 5-14
अणिच्च भावना=अनित्य भावना, 9-9
अणगु = अनग, 4-10
अद्धु=आधा, 10-7
अमिय=अमृत, 1-11, 3-1
अरिंजय=देश का नाम, 4-5
अलका=नगरी का नाम, 3-10
असरणु=अशरण भावना, 9-8
असुइ=अशुचिभावना, 9-12
अहिणव=अभिनव, 8-11
आलसु=आलस्य, 2-8
आसव = मद्य 3-10; आश्रव 9-13
आसीविसु=सर्प, 6-16
इक्कु=एकत्व भावना, 9-11
उअरहु = सर्प, 8-9
उग्गिण्ण=*उद्गीर्ण*, 9-2
उत्तरगुण=उत्तरगुण, 9 16
उद्धउ=उद्धत नामक दूत, 4-11
उप्परि=ऊपर, 1-7
उप्पाडि=उखाडकर, 5-15
उम्मत्तगाम=उन्मत्तग्राम, 11-29
उववण=उपवन, 5-3
एरावउ=एरावत, 10-14
एरिसु=इस प्रकार, 3-1
एयारह=ग्यारह, 10-17
अगुट्ठ = अगूठा, 8-23
अजणगिरि = पर्वत नाम, 4-2, 5-10
अतेउरु=अन्त पुर, 2-1, 2-19, 5-4
अवय=आम्र, 2-14

क

कइरव=कुमुद, 5-7
कच्छवि=कोई, 6-1
कच्छूरी=कस्तूरी, 9-13
कज्जल=काजल, 2-11, 5-11
कद्दम=कर्दम, 1-12
कणयकु भ = कनककुभ, 9-4
कणयमाल=कनकमाला, 1-10
कणयरयण=स्वर्ण रत्न, 5-10

कप्परुक्ख=कल्पवृक्ष, 2-3, 7-5
कम्मपासु=कर्मपाश, 2-3, 4-21
कम्मगठि=कर्मग्रन्थि, 9-15
कल्लाण=कल्याण, 7-6
कलत्त=कलत्र, 1-14, 3-2
कसाय=कषाय, 4-20
कालायरु=कालागरु, 1-8, 11-27
कालिंदी=यमुना, 7-3
काहल=कोयल, 5-9
कहिवि=किसी तरह, 2-12
कित्ति=कीर्ति, 3-12
किण्हलेस=कृष्णलेश्या, 6-18
किवाण=कृपाण, 4-6
किसाणु=कृश, 6-21
कुक्खि=कुक्षि, 2-18
कुम्मपुट्ठ=कर्मपृष्ठ, 5-10
कुवि=कोई भी, 5-4
केयारपालि=खेत का रक्षक, 1-5
केवलणाण=केवल ज्ञान, 10-7, 11-23
कूटलेख=कूटलेख, 2-16
कोवीण=कोपीन, 4-10
कोसल=कौशल प्रदेश, 3-10
कोइल=कोयल, 2-14
कोव=कोप, 6-18
कचुअ=कचुक, 1-10
कत=काता, 1-10
कुदकुद = आचार्यनाम, 1-1

ख

खणि=क्षणभर, 1-13
खत्तिधम्म=क्षत्रियधर्म, 3-7
खयरोय=क्षयरोग, 2-5
खल्ली=टाटि, 3-4
खाइय=खाई, 2-8
खिज्जइ=खीभता है, 6-18
खीरोवहि = क्षीरोदधि, 7-12, 8-23
खुहियउ=क्षुब्ध, 6-13
खोणी = पृथ्वी, 6-21
खभ = खभा, 1-15

ग

गब्भभर=गर्भभार, 1-10
गहवइ=गृहपति, 1-5
गउण=गगन, 1-8
गणहर=गणधर, 1-1, 11-1, 11-25
गयणयल=गगनतल, 5-7
गल्ल=गला, 2-11
गहचक्कु=ग्रहचक्र, 6-3
गुज्जरदेश=गुर्जरदेश, 11-29
गुत्तकम्म=गुप्तकर्म, 5-13
गुत्तभेउ=गुप्तभेद, 5-4
गुणपहु=गुणप्रभ, 5-12
गुणव्वय=गुणव्रत, 2-17
गुणसेढि=गुणश्रेणी, 3-14; 5-13
गधोवय = गधोदक, 8-10; 9-4; 10-4

घ

घर=गृह, 3-1
घाइकम्म=घातिकर्म, 4-21

च

चउगइ=चतुर्गति, 4-20
चउदहरयण=14 रत्न, 4-16
चउरगु सेण्णु=चतुरगिणी सेना, 4-6
चक्कवट्टि=चक्रवर्ती, 3-16, 11-9
चक्कवाउ=चक्रवात, 8-14
चक्काउह=चक्रायुध, 4-15
चम्मचक्खु=चर्मचक्षु, 1-14
चडिया=चिडिया, 4-7

चित्त=चैत्यवृक्ष, 10-12
चोईय=चोई, 5-5
चोरकम्मु=चौर्यकर्म, 2-4
चदउरी=चन्दपुरी नगरी, 7-2
चदकति=चन्द्रकान्ति, 1-6
चदप्पहसामि=चन्द्रप्रभस्वामी, 1-1
चदरोइ=चडरुचि, 1-13
चडु = गेंद, 6-2

छेयालीसदोस=46 दोष, 10-2

छ-ज

जइ=यदि,
जयकु जरु=हाथी का नाम, 5-10
जयवम्मा=जयवर्मा, 4-5
जयसिरि=जयश्री, 6-17
जयसिरिकता=जयश्रीकाता, 4-5
जयसेणु=जयसेन, 4-10
जलवुव्व=जलवुद्वुद, 9-8
जसकित्ति = यश कीर्ति, 1-1
जलकेलि = जलक्रीडा, 5-6
जलहि=जलधि, 5-11
जसनिहाणु=यशनिधान, 1-13
जहि तहि=जहाँ-तहाँ, 1-14
जारिस=जिस प्रकार, 4-17
जिट्ठमास=ज्येष्ठ मास, 4-15

जिणचरिउ=जिण चरित, 1-13
जिणभत्ति=जिन भक्ति, 1-3
जिणसेण=जिनसेन आचार्य, 1-1
जीउ=जीव, 4-20, 11-1
जीवरक्ख=जीवरक्षा, 2-4
जीवसमास=जीवसमास, 5-12
जुण्हसरिस=ज्योत्स्ना सदृश, 6-8
जुवराय=युवराज, 2-19; 3-12, 6-3
जोग पण्णारस=पन्द्रह योग, 4-20
जोयण=योजन, 8-17
जगम=सजीव, 4-15
जभाइ=जभाई, 2-18
जबुदीउ=जबुद्वीप, 1-4

ड

डिंभ=बालक, 2-12

ण

ण्हाणु=स्नान, 7-12
णउरि=अनन्तर, ,25
णरय भूमि=नरक भूमि, 11-4
णरवइ, णहवइ=नरपति, 1-2; 1-12

णवकोडि=नवकोटि, 102
णहपहु=नभपथ, 8-11
णायरजण=नागरजन, 2-2
णायवेलि=नागवल्लि, 2-7

णिक्कटउ = निष्कटक, 6-4
णिज्जरु = निर्जरा, 9-15
णिच्चल = निश्चल, 5-3
णिट्ठीवण = थूक, 3-2
णिरु = नितराम, 32
णिरजण = निरजन, 8-21

तवभूसणु = मुनि नाम, 3-15
तस = त्रस, 11-2
ताण = शिविका, 9-23
तारादेवी = नाम, 1-1

थक्कु = थकना, 4-5
थण = स्तन, 1-11

दगडय = पत्थर, 6-19
दप्पगठि = दर्पग्रथि, 7-7
दालिद्द = दारिद्रय, 9-5
दिणयरु = दिनकर 6-12
दिसिपाल = दिक्पाल, 10-16
दुज्जणु = दुर्जन, 1-3
दुद्धरु = दुर्धर, 3-7

धम्म = धर्म, 1-11, 9-17-18
धम्मचक्क = धर्मचक्र, 10-13-15
धम्मझाण = धर्म ध्यान, 1,2-3, 2-18
धम्मदेस = धर्मदर्शना, 2-3

पउमनाभ = पद्मनाभ, 1-11, 1-15
पक्खाल = प्रक्षाल, 5-5
पच्चक्खुणाण = प्रत्यक्ष ज्ञान, 2-7
पडिचद = प्रतिचन्द, 1-7
पडिबोहणु = प्रतिबोधन, 8-2
परक्कमु = पराक्रम, 3-8, 4-16

णिहाणु = निधान, 2-13
णीलुप्पल = नीलोत्पल, 4-9
णेउर = नूपुर, 8-19
णेसप्पु = ,4-17
णदण = पुत्र, 2-13, वन 8-23
णदीसरि = नन्दीश्वरद्वीप, 2-18

त

तित्थयर = तीर्थंकर, 9-18
तिल्लु = लोहा, 6-7
तेरहविहुचरित्त = तेरह प्रकार का चरित्र, 3-9

थ

थेरी = वृद्धा, 3-11
थोडइ = थाडा, 8-23

द

दुल्लहु = दुर्लभ, 8-11
दुह = दु ख, 1-15
देउकुमरसिंह = देवकुमारसिंह, 1-1
देवणदि = देवनन्दि आचार्य, 1-1
दोहल, दोहलय = दोहद, 2-18, 8-2
दढाउह = दढायुध, 4-27
दतधवणु = दतधावन, 10-1

ध

धम्मलद्धि = धर्मलब्धि, 9-4
धरणीधरउ = धरणीधर, 4-10
धादय = धातृ खण्ड द्वीप, 3-10
धीवरि = ढीमर, 5-5

प

परमप्पय = परमात्मपद, 8-21
परदारगमणु = परदारगमन, 2-5
परवाइ = परवादी, 1-1
परमिट्ठी, परमेष्ठि = परमेष्ठी, 4-19, 5-12
परमेसरु = परमेश्वर, 9-6, 11, 9-6

परियणु = परिजन, 3-11
परीसह = परीषह, 10-6
पिंगलु = पिंगल वर्ण,
परुसा = परुषा नामक अटवी, 4-1
पल्लक = पलग, 5-14
पलयमेहु = प्रलयमेघ, 6-2
पविचारउ = प्रविचार, 11-18
पाइयकव्व = प्राकृत काव्य, 1-1
पाणायाम = प्राणायाम, 11-11
पायच्छित्त = प्रायश्चित्त, 5-16
परिगहपमाणु = परिग्रह परिमाण, 2-5
पियधम्मु = ब्रह्मचारी का नाम, 4-10
पिसुणजणु = चुगलखोर, 1-3
पिहुत्थणु = पीनस्तन, 7-8
पुक्खरद्ध = पुष्करार्ध, 2-7
पुट्ठ = पृष्ठ, 3-1
पुप्फयत = पुष्पदत, 1-1, 7-10
पुखरि = पुष्कर, 2-9
पुव्वदेसु = पूर्व देश, 7-1
पुव्वभवतर = पूर्व भवान्तर, 2-7, 6-1
पुव्वविदेह = पूर्व विदेह, 11-20
पुहवी = पृथ्वी, 2-13
पुहवीपालु = पृथ्वीपाल, 6-13
पुच्छि = पूछ, 6-2
पोमराय = पद्मराज, 7-3, 10-9
पोमह = पुष्पनाली, 11-3
पोसहु = प्रोषध, 2-6
पोरगण = पौरांगण, 3-9
पचमहव्वय = पच महाव्रत, 5-12, 5-12, 10-1
पचयठाण = पचम स्थान, 5-12
पचाचार = पाचविध, आचार 5-12
पचाणुव्वय = पचाणुव्रत, 5-12
पचिंदियसुह = पचेन्द्रियसुख, 1-11
पडुयवण = पाण्डुकवन, 8-15

फ

फुडु, फुट्टी = स्फुट, 6-7, 3-4
फेणु = जल फेन, 9-8

ब

बारहवय = बारह व्रत, 2-16
बारह भावना, 9 6-12

भ

भरह = भारतवर्ष,
भल्ल = भाला
भुवगु = भुजगु, 6-9
भोयोपभोय = भोगोपभोग, 2-6

म

मज्जारु = मार्जार, 3-9
मणिभित्ति = मणि दीवाल, 1-7
मणुय = मनुज, 5-11
मणोरह = मनोरथ, 2-19, 3 13, 6-8
मउणबाण = मदनबाण, 5-4
मसिलिपण = स्याही का लेप, 1-6
महासेउ = महसेन राजा, 7-4
महुपाण = मधुपान, 2-2
महिंद = महेन्द्र, 4-5
मागहवाणि = प्राकृत भाषा, 11-1
माण = मान, 6-19
माणखभ = मानस्तम्भ, 10-10
माया = माया, 6-20
मासूलि = नकुल, 8-5
मिच्छह = मिथ्यात्व, 5-12, 9-14, 8-21

मिसि=वहाना, 5-5
मुक्कु=मुक्का, 4-3
मुक्खु=मोक्ष, 1-15
मुग्गार=मुद्‌गर, 4-2
मुच्छा=मूर्छा, 3-13
मुत्ताहलु=मुक्ताफल, 1-2, 6-11
मुणिंदु = मुनीन्द्र, 2-4
मुहचंद=मुखचंद्र, 2-8
मु डु=शिर, 6-15
मूलगुण=मूलगुण, 2-6
मेयणि, मेइणि=मेदिनी, 1-16, 4-8
मेरु=सुमेरु पर्वत, 8-22
मोक्ख मग्गु=मोक्ष मार्ग, 2-3
मगलवइ = मगलावती देश, 1-5

र

रक्खवालु=रक्षपाल, 9-7
रज्ज=राज्य, 1-15
रत्तुप्पलु=रक्तोत्पल, 2-11
रयपडलुम्र=रजयटल, 8-15
रयण = रत्न, 1-15
रवि=सूर्य नामक कृषक, 4-4
रविपुर=नगर नाम, 4-10
रायकण्ण=राजकर्ण, 2-19
रिउ=रिपु, 1-10
रुद्दकोडि=रूद्रकोटि, 1-1
रुहिर=रुधिर, 5-10

ल

लक्खण=लक्षण, 1 11
लक्खणादेवी=लक्ष्मणा देवी, 7-7
लोयणु = लोचन, 5-10
लोयत्तउ = त्रिलोक, 5-13
लोहु=रक्त, 6-21

व

वइयाविच्च=वैय्यावृत्ति, 6-24
वग्घ=व्याघ्र, 8-6
वणमाला=वनमाला, 5-4
वणवालु=वनपाल, 2-1
वय= व्रत, 1-5
वसहु=वृषभ, 8-9
वसतमासु = वसतकाल, 2-16, 5-3
वायलु=सर्प, 4-15
विउलपुरु=विपुलपुर, 4-5
विच्छर=विस्तर, 3-1
विजयजत्त = विजय यात्रा,
विज्जाहर = विद्याधर, 4-12, 8-7
विज्जुलरयणु=विद्युत् रत्न, 4-16
वित्थरेण = विस्तार से, 8-15
वितर = व्यतरदेव, 11-13
विम्यिह, विम्हिउ=विस्मित, 4-4
विभियरस = विस्मयरस, 11-28
विसूरियउ=विषाद किया, 8-10
वेउव्वण=वैक्रियक देव, 7-17
वेरग्ग = वैराग्य, 3-1, 1-14

स

सग्गु=स्वर्ग, 9-6
सज्झाय=स्वाध्याय, 5-12
सत्तगरज्जु=सप्तागराज्य, 9-6
सत्ततत्त=सप्त तत्त्व, 11-1
सत्तभगि=सप्तभगि, 8-21
सच्छ=स्वच्छ, 5-12
सावयवय=श्रावक व्रत, 5-16
सिक्खावय=शिक्षा व्रत, 2-17, 2-6
सिद्धपाल=राजा का नाम, 1-1
सिद्धसेण = आचार्य का नाम, 1-1

सम्मत्त दोस=सम्यक्त्व दोष, 2-6
सद्दागम=शब्दागम, 9-1
समचउरसु सठाण=समचतुष्क सस्थान, 8-3
समवसरणि=समवशरण, 4-18, 10-9-10, 11-26
समिदि=समिति, 10-6
सर=अष्टापद, 8-9
सरपति=बाण पक्ति, 4-13
सरिच्छ=सदृश, 4-19, 4-12
सल्लेहण=सल्लेखना, 2-6
ससि=शशि नामक कृषक, 4-4
ससिरुइ=शशिरुचिदेव, 9-6
ससिपह=शशिप्रभ, 4-5
सहाउ = स्वभाव, 5-13
सज्जणगुण=सज्जनगुण, 1-2
समतभद्द=आचार्य नाम, 1-1
सरसइ, सरस्सई=सरस्वती, 1-1, 2-1, 1-9
सत्तगुरज्ज=राज्य के सात अग, 1-6
सद्द सण मेरु=सुदर्शन मेरु, 1-4
सायारधम्म = सागारधर्म, 2-8, 2-4, 2-18, 2-16
सरिसु=सदृश, 1-7
साधुधम्मु=साधुधर्म, 7-15
साणु=श्वान (कुत्ता), 3-4
सामि=स्वामी, 6-4
सीवर=सीकर, 5-6
सूयार=सुप्पर 4-15
सेसवि=सहस्राक्षि इन्द्र, 8-11
सोमदत्तु=सोमदत्त, 10-4
सोय=थोक,

हउ = मैं, 3-5
हक्कमित्ति=हकाल मात्र से,

सिरिकुक्खि=श्री कुक्षि ,2-15
सिरिकत=श्रीकात, 2-16, 2-10
सिरिधम्मु=श्रीधर्म, 2-19
सिरिदेवी=श्रीदेवी, 7-11
सिरियह=श्रीप्रभ, 3-6
सिरिपुर=श्रीपुर, 4-4
सिरिधम्मराउ – श्रीधर्म, 3-6
सिरिहरु = श्रीधर मुनि, 2-1, 1-16, 6-22
सिरि सिरिपुर=श्री श्रीपुर, 2-8
सिरिसेण=श्रीषेण, 3-1, 2-9
सिसिराणिला=शिशिरानल, 5-8
सिरिफल=श्रीफल, 1-10
सिवपिण्डि=शिव पिण्डि, 1-1
सिवरस=शिवरस, 11-27
सिगारु=शृ गार, 1-14
सुरवइ=सरस्वती,
सुअधि=सुगन्धि देश, 2-7
सुक्कलेस=शुक्ललेश्या, 6-26
सुक्खु=शुक्ल,
सुधम्म मुणिणा=सुधर्म मुनि,
सुण=श्वान कुत्ता,
सुणदा=सुनदा, 2-15
सुरडियवण=सुरभित, वन 2-1
सुवण्णणाह=स्वर्णनाभ, 6-22
सुहड=सुभट, 6-15
सुहकित्ति=शुभकीर्ति, 3-15
सोहग्ग=सौभाग्य,
सगर=युद्ध, 4-5
सजमबारह = सयम बाहर,
सठवियउ=आच्छादित, 8-11
ससार=लोक 1-13-14, 9-10

ह

हिरण्णु=हिरण्य देव, 4-4
हुवडकुल=कुल नाम, 1-1

प्रस्तावनागत शब्द-सूची

अपभ्रंश विशेषताएँ, 37-48
अलकार, 34
आल्हादपुर, 11
उम्मत्तगाम, 13
कथा भाग की तुलना, 28
कथावस्तु, 14
कारक रूप, 43-44
क्रियारूप, 45
कृदन्त, 45
ग्रन्थकार परिचय, 12
चद्रप्रभ चरित पर निर्मित साहित्य, 2
छन्दयोजना, 35
जैन चरित काव्य परम्परा एव
    विशेषताएँ, 1
तद्धित प्रत्यय, 45
दक्षिणी अपभ्रंश की सामान्य
    विशेषताए, 45
धार्मिक-सामाजिक सदर्भ, 36

प्रति परिचय, 3
पश्चिमी अपभ्रंश की सामान्य
    विशेषताएँ, 46
पाठ सपादन पद्धति, 11
पूर्ववर्ती और समकालीन कवि, 14
पूर्वी अपभ्रंश की सामान्य विशेषताए,
    46
भाषा और व्याकरण, 36-48
महाकाव्यत्व, 32
यश कीर्ति, 12
रस, 35
राणा सग्राम, 6
रामचन्द्र, 6
विशेषण और अव्यय, 44
वोहीथ, 9
स्वर-व्यजन, 32-43
सर्वनाम, 44
सिद्धपाल, 5
सूर्यमल, 9
सूरीताण, 9
सप्तभव, 34
सख्यावाचक शब्द, 44